

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

रायपुर, बुधवार, 2 जुलाई 2025 । वर्ष – 67 । अंक –77 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु

प्रेस पंजीयन- 06072/59



कलाकारों को प्रतिमाह मिलेगी तीन हजार रुपए पेंशन — पृष्ठ 2

■ कांग्रेस को 'फिदायीन हमलावरों' से कैसे बचाएंगे राहुल?
■ बिहार में नये मतदाता मानदंड लागू करना एनआरसी लाने का संकेत — पृष्ठ 6

■ इजरायल की सुरक्षा एजेंसी शिन बेट के प्रमुख की नियुक्ति पर बवाल
■ ट्रंप ने सीरिया से हटाए प्रतिबंध, कार्यकारी आदेश पर किया हस्ताक्षर — पृष्ठ 7

वैभव सूर्यवंशी की तेज पारी भारत के काम न आई — पृष्ठ 8

### राहुल गांधी ने जीएसटी पर सरकार को घेरा

# आर्थिक अन्याय का हथियार बना जीएसटी

## पीएम मोदी के कुछ अरबपति मित्रों को लाभ पहुंचाना मकसद, 18 लाख से अधिक उद्यम हो गए बंद

**नई दिल्ली**, 1 जुलाई (एजेंसियां) ।कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के लागू होने के आठ साल पूरा होने के मौके पर मंगलवार को आरोप लगाया कि यह आर्थिक अन्याय का एक हथियर बन गया है और इसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुछ अरबपति मित्रों को लाभ पहुंचाने के लिए डिजाइन किया गया ।लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने मौजूदा जीएसटी प्रणाली में संशोधन की मांग करते हुए कहा कि भारत एक ऐसी कर प्रणाली का हकदार है, जो केवल विशेषाधिकार प्राप्त कुछ लोगों के लिए नहीं, बल्कि सभी के लिए काम करे ।जीएसटी को एक जुलाई, 2017 को लागू किया गया था।

■ अच्छे और सरल कर का वादा किया गया था
■ एक जुलाई, 2017 को लागू किया गया था

राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'आठ साल बाद, मोदी सरकार का जीएसटी कोई कर सुधार नहीं है। यह आर्थिक अन्याय और कॉरपोरेट भाईचारे का एक बर्बर हथियार है। इसे गरीबों को दंडित करने, एमएसएमई को कुचलने, राज्यों को कमजोर करने और प्रधानमंत्री के कुछ अरबपति दोस्तों को लाभ पहुंचाने के लिए डिज़ाइन किया गया था।'

**900 से अधिक बार संशोधित किया गया** –राहुल गांधी ने दावा किया कि अच्छे और सरल कर का वादा किया गया था, लेकिन भारत को पांच अलग-अलग दर वाली कर व्यवस्था मिली, जिसे 900 से अधिक बार संशोधित किया गया है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि यहां तक कि पॉपकॉर्न और क्रीम बन भी इसके दायरे में आ गए।कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि जीएसटी पोर्टल दैनिक उत्पीड़न का स्रोत बना हुआ है।उन्होंने



"मोदी सरकार का जीएसटी कोई कर सुधार नहीं है। यह आर्थिक अन्याय और कॉरपोरेट भाईचारे का एक बर्बर हथियार है: **राहुल गांधी**"

कहा, 'भारत के सबसे बड़े रोजगार सृजनकर्ता एमएसएमई क्षेत्र को सबसे अधिक नुकसान हुआ है।आठ साल पहले जीएसटी लागू होने के बाद से 18 लाख से अधिक उद्यम बंद हो गए हैं। नागरिक अब चाय से लेकर स्वास्थ्य बीमा तक हर चीज पर जीएसटी ➢➢ शेष पृष्ठ 7 पर ➢

## कांग्रेस ने पीएम की विदेश यात्रा पर साधा निशाना
## आंदोलित करने वाले मुद्दों से भाग रहे प्रधानमंत्री मोदी

कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विदेश दौरे को लेकर आरोप लगाया कि वह मणिपुर हिंसा समेत देश को आंदोलित करने वाले प्रमुख मुद्दों से भाग रहे हैं।पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री की पांच देशों की विदेश यात्रा शुरू होने से पहले उन पर निशाना साधा।जराम रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, जब हालात कठिन हो जाते हैं, तो स्व-घोषित कठिनाइयां भी बढ़ जाती हैं।सुपर प्रीमियम फ्रीक्वेंट फ्लायर' प्रधानमंत्री पांच देशों की आठ दिवसीय यात्रा पर हैं।उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री देश को आंदोलित करने वाले कम से कम चार मुद्दों से भाग रहे हैं।कांग्रेस नेता ने कहा, मणिपुर में डबल इंजन के पटरी से उतरने और सामान्य जनजीवन पूरी तरह से तबाह होने के बाद से (प्रधानमंत्री ने) कभी वहां का दौरा ➢➢ शेष पृष्ठ 7 पर ➢

**प्रधानमंत्री आज से 5 देशों की यात्रा पर जाएंगे**

प्रधानमंत्री मोदी ब्राजील में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने और 'ग्लोबल साउथ' के कई प्रमुख देशों के साथ भारत के संबंधों को प्रगाढ़ करने के लिए दो जुलाई से पांच देशों की यात्रा करेंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार, इस आठ दिवसीय यात्रा के दौरान मोदी ब्राजील के अलावा घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया भी जाएंगे।

# 7 से 9 जुलाई तक मैनपाट में होगा मंत्री, सांसद-विधायकों का प्रशिक्षण शिविर



■ जिला प्रभारी मंत्री ओपी चौधरी ने कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण
■ मंत्री ने सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य तैयारियों के संबंध में दिए दिशा-निर्देश

**रायपुर**, 1 जुलाई (देशबन्धु)। सरगुजा जिले में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम को लेकर आज वित्त एवं जिला प्रभारी मंत्री ओपी चौधरी ने मैनपाट के कर्मा रिसोर्ट में प्रशानिक अधिकारियों की बैठकर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया।

वित्त मंत्री चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि 7, 8 और 9 जुलाई को तीन दिवसीय प्रशिक्षण सत्र आयोजित होने जा रहा है जिसमें मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, कैबिनेट मंत्री, सांसद, विधायक गण प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण स्थल कार्यक्रम की तैयारी, सड़कों की मरम्मत, चिकित्सा व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, ठहरने की व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, हैलिपैड व्यवस्था, बिजली व्यवस्था, मजिस्ट्रेट ड्यूटी, पार्किंग व्यवस्था, पानी व्यवस्था, पास व्यवस्था, ट्रांसपोर्टिंग, डोम पंडाल, साफ-सफाई सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही प्रभारी मंत्री चौधरी ने कार्यक्रम स्थल का जायजा लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्टर विलास भोसकर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम स्थल पर तड़ित चालक (लाइटनिंग अरेंस्टर) की अनिवार्य व्यवस्था की जाए। साथ ही सुरक्षा को लेकर पर्याप्त पुलिस बल एवं मजिस्ट्रियल ड्यूटी तैनात करने के निर्देश दिए। इस दौरान सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो, अम्बिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल, लूण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंह देव, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती निरूपा सिंह, पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल, डीएफओ अभिषेक जोगावत सहित प्रशासनिक अधिकारी एवं जन गण उपस्थित थे।

### सार संक्षेप

**तेलंगाना फैक्ट्री धमाके में मरने वालों की संख्या 36 हुई**

**हैदराबाद।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने मंगलवार को पाशमैलारम स्थित फार्मास्यूटिकल इकाई का दौरा किया, जहां सोमवार को हुए विस्फोट में 36 श्रमिकों की मौत हो गई है। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने सिगाची इंडस्ट्रीज की फार्मा फैक्ट्री का दौरा किया, जहां 24 घंटे से अधिक समय बाद भी बचाव कार्य जारी है। रेड्डी ने सांगारेड्डी जिले के पाशमैलारम औद्योगिक क्षेत्र में स्थित यूनिट को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों से विस्फोट और उसके बाद लगी आग के बारे में बात की।

**हिमाचल में बादल फटने से चार लोगों की मौत**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में मानसून की बारिश जमकर कहर बरपा रही है। आसमान से बरसी आफत से मंडी जिला में 10 और किन्नौर में 1 जगह बादल फटने से जान व माल दोनों का बड़ा नुकसान हुआ। मंडी जिले में गोहर, करसोग व धर्मपुर क्षेत्र बादल फटने से चार लोगों की मौत हो गई है। करसोग के पुराना बाजार में 1, धर्मपुर में 1 और गोहर में 2 व्यक्तियों की मौत हो चुकी है। मंडी के अलग-अलग क्षेत्रों में अभी भी 16 लोग लापता हैं। इनकी तलाश में सर्च एवं रेस्क्यू जारी है। मंडी के अलग-अलग क्षेत्रों में 15 से ज्यादा गाड़ियां भी फ्लैश फ्लड में बह गईं।

**दलाई लामा को दिल्ली विधानसभा में आने का निमंत्रण**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा को दिल्ली विधानसभा में आने का निमंत्रण दिया है। यहां जारी मंगलवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार श्री गुप्ता ने हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में दलाई लामा से मुलाकात करके ये निमंत्रण दिया।

**चुनाव आयोग से मिला तृणमूल कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल**

**नई दिल्ली।** बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले वहां की मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर मचे विवाद के बीच अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस के पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को यहां चुनाव आयोग से मुलाकात की। पार्टी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि उसके प्रतिनिधिमंडल ने देश में लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सुरक्षित और मजबूत बनाने के लिए आयोग को कई सुझाव प्रस्तुत किए।

### प्रधानमंत्री के पास अमेरिका से फोन आया था: जयशंकर

## अमेरिकी से बातचीत में ट्रेड डील का जिक्र नहीं था



**नई दिल्ली**, 1 जुलाई (एजेंसियां)। भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को आर्थिक हमला बताया है।उन्होंने कहा कि इस हमले का मकसद कश्मीर में टूरिज्म को नुकसान पहुंचाना था।जयशंकर ने साफ कहा कि भारत पर अगर परमाणु हमले की धमकी भी दी जाए तो भी पाकिस्तान से आने वाले आतंकवाद पर कार्रवाई रुकेगी नहीं।

न्यूयॉर्क में एक बातचीत के दौरान एस. जयशंकर ने बताया कि यह हमला सिर्फ लोगों को डराने के लिए नहीं, बल्कि कश्मीर की कमाई के सबसे बड़े जरिए टूरिज्म को खत्म करने के इरादे से किया गया. विदेश मंत्री ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस बयान को गलत बताया जिसमें उन्होंने कहा था कि अमेरिका ने भारत और पाकिस्तान पर ट्रेड डील का दबाव ➢➢ शेष पृष्ठ 7 पर ➢

## प्रदेश में निवेश को बढ़ावा देने विदेश दौरे पर जाएंगे मुख्यमंत्री

**रायपुर**, 1 जुलाई (देशबन्धु)।प्रदेश में निवेश लाने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जल्द विदेश दौरा करेंगे और निवेशकों से मुलाकात करेंगे उनके साथ उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन और अधिकारी भी विदेश जाएंगे. इस दौरान श्री साय उद्योगपतियों को छत्तीसगढ़ सरकार की नई उद्योग नीति के फायदे बताएंगे।

सीएम बनने के बाद विष्णुदेव साय का यह पहला विदेश दौरा होगा।इसी महीने में मुख्यमंत्री 2 देशों की यात्रा कर सकते हैं। जानकारी के अनुसार, सीएम साय ऐसे निवेशक जो छत्तीसगढ़ी में उद्योग लगाना चाहते हैं उन सभी उद्योगपतियों से मुलाकात करेंगे जल्द ही यात्रा की तारीख तय की जाएगी।

■ उद्योगपतियों से मुलाकात कर नई उद्योग नीति के बताएंगे फायदे



**अब तक मिल चुके हैं 1 लाख 23 हजार करोड़ के प्रस्ताव**– विकसित और समृद्ध छत्तीसगढ़ को समर्पित नई उद्योग नीति लागू होने से अब तक राज्य सरकार को 1 लाख 23 हजार करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिल चुके हैं। राज्य सरकार न्यूनतम प्रशासन-अधिकतम प्रोत्साहन, उद्यमियों को निवेश अनुकूल माहौल और हर संभव सहयोग ➢➢ शेष पृष्ठ 7 पर ➢

## बस और हाइवा में टक्कर, 3 की मौत, 6 की हालत गंभीर





**नवापारा राजिम**, 1 जुलाई (देशबन्धु)।अभनपुर के समीप तेज रफ्तार बस और हाइवा के बीच भीषण सड़क हादसा हुआ है।इस हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 10 से ज्यादा लोग घायल हो गए। जिसमें 6 की हालत गंभीर बताई जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार, मंगलवार की सुबह करीब 4 बजे अभनपुर-रायपुर मार्ग पर ग्राम केंद्री के धान मंडी के सामने जगदलपुर से रायपुर आ रही रॉयल ट्रैवल्स की बस ने एक हाइवा को पीछे से टक्कर मार दी। बस में करीब 20 लोग सवार थे।घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। लोग चीख-पुकार करने लगे।हादसा इतना भयानक था कि बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त होकर हाइवा के पिछले हिस्से से चिपक गया।

तीन लोग बस में बुरी तरह फंस गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंच गया।नवा रायपुर सीएसपी, अभनपुर एसडीएम, अभनपुर थाना प्रभारी भी मौके पर पहुंचे।पुलिस ने घायलों को बस से निकालकर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने तीन लोगों को मृत ➢➢ शेष पृष्ठ 7 पर ➢

### बोलेरो-कार में भिड़ंत एक की मौत, 8 घायल



**राजिम।** समीपस्थ ग्राम सिंधोरी के पास एक कार और बोलेरो के मध्य भीषण टक्कर हो गई।हादसे के बाद बोलेरो पलट गई। इस हादसे में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 9 लोग घायल हो गए।2 की हालत गंभीर बताई जा रही है।उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद रायपुर रेफर किया गया। मिली जानकारी के अनुसार राजिम गरियाबंद मार्ग पर सिंधौरी के पहले राइस मिल के ➢➢ शेष पृष्ठ 7 पर ➢

■ पूर्व विधायक धनेंद्र साहू ने पहुंचाया घायलों को अस्पताल

## सुकमा जिला कार्यालय अटैच होने के बाद कांग्रेस में खलबली

**रायपुर**, 1 जुलाई (देशबन्धु)।प्रदेश में बहुचर्चित शराब घोटाले मामले में पूर्व मंत्री एवं विधायक कवासी लखमा की गिरफ्तारी और सुकमा के जिला कांग्रेस भवन अटैच होने के बाद अब अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के परिसंपत्ति प्रभारी छत्तीसगढ़ दौरे आने वाले हैं।



प्रभारी नितिन कुम्बलकार का ये दौरा कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लीकार्जुन खड़गे के दौरे के बाद 11 जुलाई से 15 जुलाई तक प्रस्तावित है। जिसमें वे प्रदेश के लगभग सभी जिलों का दौरा कर कांग्रेस की संपत्ति का ब्योरा लेने वाले हैं।प्रभारी कुम्बलकार 11 जुलाई से कवर्धा ज़िला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष के साथ संपत्ति को लेकर अहम बैठक से शुरुआत करेंगे। 15 जुलाई को रायपुर जिला कांग्रेस कमिटी के साथ उनकी अंतिम बैठक होगी।

■ कांग्रेस की सभी संपत्तियों का ब्योरा लेने आ रहे हैं परिसंपत्ति प्रभारी नितिन कुम्बलकार

शराब घोटाले मामले में ई डी द्वारा सुकमा कांग्रेस भवन अटैच करने के बाद प्रदेश कांग्रेस में खलबली मच गई थी।जिसके बाद पार्टी कार्यकर्ताओं की मेहनत और पसीने की कमाई से भवन निर्माण करने का लगातार बड़े नेता बयान देते हुए नज़र आए और अब कांग्रेस की संपत्ति जांचने दिल्ली से नेता छत्तीसगढ़ पहुंच रहे हैं।

## राज्य के अधिकारी-कर्मचारी नहीं कर पाएंगे शेयर मार्केट में ट्रेडिंग

**रायपुर**, 1 जुलाई (देशबन्धु)। राज्य के अधिकारी और कर्मचारी अब शेयर मार्केट में ट्रेडिंग नहीं कर पाएंगे। क्रिप्टोकरेंसी की खरीदी और फ्यूचर में ट्रेडिंग को सरकार ने अवचार के तौर पर माना है ।इससे छत्तीसगढ़ के अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए इनका लेन-देन प्रतिबंधित हो गया है इसकी अधिसूचना राज्य सरकार ने जारी कर दी है। छत्तीसगढ़ राजपत्र में किए गए प्रकाशन में छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 नियम 19 में, उप-नियम (5) के खण्ड (1) के उप खण्ड जोड़ा गया है। इसके साथ शेयरों, प्रतिभूतियों या अन्य निवेशों की बार-बार खरीद एवं बिक्री को अवचार (कदाचार) माना जाएगा। ➢➢ शेष पृष्ठ 7 पर ➢

■ अधिसूचना जारी

## मुख्यमंत्री से केंद्रीय राज्यमंत्री अठावले ने की मुलाकात

**रायपुर**, 1 जुलाई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से आज मंत्रालय महानदी भवन में केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से आज मंत्रालय महानदी भवन में केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले ने सौजन्य मुलाकात की।मुख्यमंत्री साय ने शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया। मुख्यमंत्री साय ने इस अवसर पर राज्य शासन द्वारा सामाजिक एवं शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों, वृद्धजनों तथा दिव्यांगजनों के ➢➢ शेष पृष्ठ 7 पर ➢



## थाईलैंड की प्रधानमंत्री पैटोंगटार्न शिनावात्रा निलंबित



**बैंकॉक**, 1 जुलाई (एजेंसियां)। थाईलैंड की संवैधानिक अदालत ने मंगलवार को प्रधानमंत्री पैटोंगटार्न शिनावात्रा को निलंबित कर दिया। यह फैसला उस याचिका को स्वीकार करने के बाद आया है, जिसमें एक लीक हुई फोन कॉल के चलते उन्हें पद से हटाने की मांग की गई थी।यह कॉल कम्बोडिया के सीमा मुद्दों को लेकर थी। न्यायाधीशों की एक पीठ ने सर्वसम्मति से याचिका को स्वीकार किया और कहा कि अंतिम निर्णय आने तक प्रधानमंत्री पैटोंगटार्न को तत्काल प्रभाव से अपने कर्तव्यों का निर्वहन रोकना होगा।अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री को राष्ट्रीय सुरक्षा, विदेश मामलों और वित्त से संबंधित सभी कार्यों और शक्तियों के उपयोग से तब तक रोक दिया गया है जब तक अंतिम फैसला नहीं आ जाता।

## अरब सागर में नौसेना ने 14 लोगों की जान बचाई

**नई दिल्ली**, 1 जुलाई (एजेहंसियां)। भारतीय नौसेना ने एक बार फिर अपनी तेज प्रतिक्रिया और समुद्री सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता का परिचय देते हुए समुद्री जहाज पर लगी आग पर काबू पाया है।यह आग उत्तरी अरब सागर में पलाउ-ध्वजवाहक टैंकर एमटी यी चेंग 6 पर लगी थी। इस बड़े अग्निकांड के दौरान नौसेना ने जोखिम भरे अग्निशमन और बचाव अभियान को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। नौसेना ने इस ऑपरेशन में समुद्री टैंकर पर मौजूद सभी 14 भारतीय क्रू सदस्यों को सुरक्षित बचा लिया।नौसेना के मुताबिक 29 जून की सुबह, मिशन-आधारित तैनाती पर मौजूद आईएनएस तबर को एमटी यी चेंग 6 से 'मेडे' (आपातकालीन) कॉल प्राप्त हुआ। जहाज ने अपने इंजन कक्ष में भीषण आग लगने की सूचना दी। यह घटना फुजैरा, संयुक्त अरब अमीरात के पूर्व में लगभग 80 नॉटिकल मील की दूरी पर हुई।

**विदेशी टैंकर में लगी आग बुझाई**

## भारत पाकिस्तान में कैदियों की सूची का आदान-प्रदान

**नई दिल्ली**, 1 जुलाई (एजेंसियां)। भारत और पाकिस्तान ने मंगलवार को राजनयिक चैनलों के माध्यम से एक-दूसरे की हिरासत में बंद नागरिक कैदियों और मछुआरों की सूचियों का आदान-प्रदान किया है। साल 2008 में कांसुलर एक्सेस पर द्विपक्षीय समझौते के प्रावधानों के तहत, ऐसी सूचियों का आदान-प्रदान प्रत्येक साल 1 जनवरी और 1 जुलाई को किया जाता है। भारत ने अपनी हिरासत में बंद 382 कैदियों और 81 मछुआरों के नाम शेयर किए हैं। ये वो नाम हैं, जो पाकिस्तानी माने जाते हैं।ठीक इसी प्रकार से पाकिस्तान ने अपनी हिरासत में बंद 53 कैदियों और 193 मछुआरों के नाम साझा किए हैं जो पाकिस्तान के मुताबिक भारतीय माने जाते हैं।

### नवाचार | सामाजिक सुरक्षा को बढ़ाने के लिए मंत्रिमंडल की मंजूरी

# 1 लाख करोड़ की रोजगार प्रोत्साहन योजना को हरी झंडी

■ 3.5 करोड़ नौकरियों के अवसर पैदा होंगे

**नई दिल्ली, 1 जुलाई (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंगलवार को मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर पर विशेष ध्यान देते हुए सभी क्षेत्रों में रोजगार सृजन, रोजगार क्षमता और सामाजिक सुरक्षा को बढ़ाने के लिए रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (ईएलआई) को मंजूरी दे दी है।**

*ईएलआई योजना की घोषणा केंद्रीय बजट 2024-25 में प्रधानमंत्री की पांच योजनाओं के पैकेज के हिस्से के रूप में की गई थी, जिसका कुल बजट परिव्यय 2 लाख करोड़ रुपए है। इस योजना के तहत पहली बार नौकरी करने वाले कर्मचारियों को एक महीने तक का वेतन 15,000 रुपए तक मिलेगा, वहीं नियोक्ताओं को अतिरिक्त रोजगार पैदा करने के लिए दो वर्ष की अवधि के लिए प्रोत्साहन दिया जाएगा। इसके साथ ही मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को दो वर्ष के लिए विस्तारित लाभ दिया जाएगा। ईएलआई योजना का 99,446 करोड़ रुपए के परिव्यय के साथ लक्ष्य दो वर्षों की अवधि में देश में 3.5 करोड़ से अधिक नौकरियों के सृजन को प्रोत्साहित करना है। इनमें से 1.92 करोड़ लाभार्थी पहली बार वर्कफोर्स में प्रवेश करने वाले होंगे। इस योजना का लाभ 1 अगस्त 2025 से 31 जुलाई, 2027 के बीच सृजित नौकरियों पर लागू होगा। यह योजना दो भागों में लाई जा रही है, जिसमें पहला भाग पहली बार आवेदन करने वालों पर केंद्रित है और दूसरा भाग नियोक्ताओं पर केंद्रित है।*

*पहले भाग के तहत, ईपीएफओ के साथ पंजीकृत पहली बार काम करने वाले कर्मचारियों को ध्यान में रखते हुए एक महीने का ईपीएफ वेतन 15,000 रुपए तक दो किस्तों में दिया जाएगा। 1 लाख रुपए तक के वेतन वाले कर्मचारी पात्र होंगे। पहली किस्त 6 महीने की सेवा के बाद और दूसरी* ➢➢ शेष पृष्ठ 7 पर ➢

# देश

उवाच



बिहार में अपनी निश्चित हार से बौखलाई मोदी-नीतीश सरकार अब चुनाव आयोग के जरिए गरीबों-वंचितों को वोट के अधिकार से वंचित करने की साजिश कर रही है। यह वोटबंदी ठीक उसी तरह की साजिश है जैसे 2016 की नोटबंदी थी।

-दीपंकर भट्टाचार्य, भाकपा माले महासचिव

| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 35.0 | 26.0 |
| मुंबई | 31.0 | 26.0 |
| कोलकाता | 30.0 | 27.0 |
| चेन्नई | 35.0 | 28.0 |

# आयुष प्रणालियां विश्व समुदाय को भारत का अनमोल उपहार : मुर्मु

■ गोरखपुर में महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय का किया उद्घाटन



सार्वजनिक जीवन में लोगों की मदद करने के लिए व्यक्ति को अपनी सुख-सुविधाओं को त्यागना पड़ता है : द्रौपदी मुर्मु

**लखनऊ/गोरखपुर,** 1 जुलाई (देशबन्धु)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय हमारी समृद्ध प्राचीन परंपराओं का एक प्रभावशाली आधुनिक केंद्र है। इसका उद्घाटन न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि पूरे देश में चिकित्सा शिक्षा और चिकित्सा सेवाओं के विकास में एक उपलब्धि है। उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि विश्वविद्यालय में विकसित उन्नत सुविधाएं अब बड़ी संख्या में लोगों को उपलब्ध हैं। इस विश्वविद्यालय से संबद्ध लगभग 100 आयुष कॉलेज भी इसकी उत्कृष्टता का लाभ उठा रहे हैं। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि सार्वजनिक जीवन में लोगों की मदद करने के लिए व्यक्ति को अपनी सुख-सुविधाओं को त्यागना पड़ता है।

### मुर्मु ने की मुख्यमंत्री योगी की सराहना

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जन कल्याण के प्रति समर्पण के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना की। उन्होंने कहा कि उनके अथक प्रयासों के परिणामस्वरूप क्षेत्र में स्वास्थ्य, शिक्षा और कृषि संबंधी बुनियादी ढांचे का विकास हुआ है। उन्होंने प्रशासकों, डॉक्टरों और नर्सों से जनप्रतिनिधियों द्वारा शुरू किए गए कल्याणकारी उपायों को आगे बढ़ाने का आग्रह किया। उन्होंने सभी को सलाह दी कि वे किसी भी पेशे में प्रवेश करते समय खुद से किए गए वादे पर आत्मनिरीक्षण करें। राष्ट्रपति ने कहा कि एक कहावत है, 'स्वास्थ्य ही धन है।' उन्होंने लोगों से खुद को स्वस्थ बनाए रखने के लिए हर कदम उठाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि यह 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। योग उन लोगों के लिए बहुत फायदेमंद है जो शारीरिक परिश्रम कम करते हैं और बैठे रहते हैं। उन्होंने लोगों को नियमित रूप से योग करने की सलाह दी। राष्ट्रपति ने कहा कि आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा और सिद्ध जैसी प्राचीन भारतीय प्रणालियां समग्र और सार्थक जीवन जीने के वैज्ञानिक तरीकों का वर्णन करती हैं। आयुर्वेद पर आधारित हमारी प्राचीन जीवनशैली में हम संतुलित आहार, जीवनशैली और विचारों पर बहुत ध्यान देते हैं। आयुर्वेद हमारी धरती से जुड़ा हुआ है। हमारे खेत और जंगल औषधीय पौधों और जड़ी-बूटियों का खजाना हैं।

## राष्ट्रपति ने गोरखपुर में किया वन महोत्सव का शुभारंभ

**गोरखपुर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को यहां वन महोत्सव का शुभारंभ किया। महोत्सव मंगलवार से शुरू होकर सात जुलाई तक चलेगा। उन्होंने महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय के लोकार्पण समारोह में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत रुद्राक्ष का पौधा लगाया। राष्ट्रपति ने पौधों के संरक्षण पर भी जोर दिया। राष्ट्रपति ने यहां जनप्रतिनिधियों से परिचय प्राप्त किया, फिर प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। इस दौरान राज्यपाल आनंदी बेन पटेल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे।

## बालटाल में व्यक्ति को किया गिरफ्तार

**जम्मू,** 1 जुलाई (देशबन्धु)। हालांकि पुलिस इसे अमरनाथ यात्रा के लिए कोई खतरा नहीं बता रही है पर वह इसे लेकर चिंतित है कि अमरनाथ यात्रा में फर्जी यात्रा कार्ड लेकर पकड़े गए शख्स के इरादे क्या थे। फिलहाल वह इसके प्रति जानकारी जुटाने में लगी हुई है। पुलिस ने बताया कि अमरनाथ यात्रा की पवित्रता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बालटाल में एक व्यक्ति को सुरक्षा चौकियों से धोखे से प्रवेश पाने के लिए फर्जी यात्रा पंजीकरण कार्ड का इस्तेमाल करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान शिवम मित्तल पुत्र कृष्ण मित्तल, निवासी द्वारका पुरी, जगाधरी, जिला यमुनानगर, हरियाणा के रूप में हुई है। व्यक्ति ने धोखाधड़ी के माध्यम से जाली यात्रा कार्ड प्राप्त किया था और सुरक्षा कर्मियों को गुमराह करने का प्रयास किया था, जिससे अनिवार्य सुरक्षा सत्यापन प्रक्रिया को अवैध रूप से दरकिनार किया गया था। पुलिस स्टेशन सोनमर्ग में कानून की संबंधित धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई है और गहन जांच शुरू की गई है। जम्मू-कश्मीर पुलिस यात्रा की अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। ऐसे गैरकानूनी कामों में लिप्त पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने अनुरोध किया है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि या नकली या अमान्य यात्रा पंजीकरण दस्तावेजों का उपयोग करने का प्रयास करने वाले व्यक्तियों की रिपोर्ट करें।



■ फर्जी यात्रा कार्ड का इस्तेमाल करने का आरोप

## सिद्दारमैया करेंगे अपना पांच वर्ष का कार्यकाल पूर्ण : राया रेड्डी



■ विधायक इकबाल हुसैन के दावों को बताया भ्रामक

**बेंगलुरु,** 1 जुलाई (एजेंसियां)। कर्नाटक कांग्रेस में नेतृत्व परिवर्तन अटकलों के बीच पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं विधायक बसवराज राया रेड्डी ने मंगलवार को मुख्यमंत्री सिद्दारमैया का समर्थन करते हुए स्पष्ट किया है कि पार्टी ने उन्हें सरकार की अगुवाई करने के लिए पांच वर्ष के लिए चुना है। रायारेड्डी ने कहा कि मैं यह स्पष्ट कर दूं हमने पांच साल के लिए सरकार का नेतृत्व करने के लिए सिद्दारमैया को चुना है। गौरतलब है कि उनका यह बयान रामनगर विधायक इकबाल हुसैन के उन कथित दावों के बीच आया है जिसमें कहा गया है कि करीब 100 विधायक नेतृत्व परिवर्तन के पक्ष में हैं और शीर्ष पद के लिए उपमुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार का समर्थन कर रहे हैं।

इस बीच राया रेड्डी ने पत्रकारों के सवाल और इस तरह की बातों को अटकलबाजी और भ्रामक बताते हुए कहा हमारी पार्टी में भ्रम या संघर्ष का कोई माहौल नहीं है। यह आपके सवाल का स्पष्ट जवाब है। उन्होंने हुसैन की टिप्पणियों पर कहा अगर कोई विधायक कह रहा है कि मुख्यमंत्री को बदला जाएगा तो यह बिल्कुल गलत है। अगर कभी ऐसा निर्णय लेना पड़ा तो यह पूरी तरह से कांग्रेस आलाकमान और अंततः पार्टी के निर्वाचित विधायकों के हाथ में होगा। अचानक यह कहना कि मुख्यमंत्री को बदला जाएगा, गलत है,भले ही इस बात को कोई कह रहा हो। रायारेड्डी ने कहा कि मीडिया में कई नाम अक्सर चर्चा में रहते हैं लेकिन उन्हें आंतरिक कलह के संकेत के रूप में नहीं लिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कुछ समर्थक कह सकते हैं कि शिवकुमार को मुख्यमंत्री बनना चाहिए। अन्य लोग कह सकते हैं कि डॉ. जी. परमेश्वर, दर्शनपुर या यहां तक कि मुझे भी मुख्यमंत्री होना चाहिए। महत्वाकांक्षा रखने में कुछ भी गलत नहीं है। हर नागरिक को ऐसी आकांक्षाए रखने का अधिकार है। मीडिया में बिना किसी आधार के बयान या तो मनोरंजन या सरकार को थोड़ा परेशान करने के उद्देश्य से दिए जाते हैं। रायारेड्डी ने कहा कि लोगों ने हमें स्पष्ट बहुमत दिया। उसके आधार पर राज्यपाल ने कांग्रेस को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किया।

### बिहार विधानसभा चुनाव से पहले नीतीश की बड़ी सौगात

# कलाकारों को प्रतिमाह मिलेगी तीन हजार रुपए पेंशन

■ मंत्रिमंडल की हुई बैठक में कुल 24 प्रस्तावों को मिली मंजूरी



**पटना,** 1 जुलाई (देशबन्धु)। बिहार के वरिष्ठ और आर्थिक रूप से कमजोर कलाकारों को अब सरकार प्रतिमाह पेंशन देगी। मुख्यमंत्री कलाकार पेंशन योजना के तहत ऐसे कलाकारों को 3000 रुपए प्रतिमाह पेंशन दी जाएगी। बिहार मंत्रिमंडल की मंगलवार को हुई बैठक में इस योजना के लिए एक करोड़ रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति दे दी गई है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की हुई बैठक में कुल 24 प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की गई है। बैठक के बाद मीडियाकर्मियों को विस्तृत जानकारी देते हुए मंत्रिमंडल के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने बताया कि इस बैठक में मां जानकी की जन्मस्थली सीतामढ़ी के पुनौरा धाम को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या की तर्ज पर समग्र विकास के लिए 882 करोड़ 87 लाख रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है। बैठक में मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना पर भी मुहर लगाई गई है। इसके तहत बिहार के युवाओं को उन्नत कौशल, बेहतर रोजगार क्षमता, नेतृत्व विकास, सशक्त नेटवर्किंग और करियर संवर्धन के नए अवसर प्रदान किए जाएंगे।

यह योजना न केवल युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में कार्य अनुभव प्राप्त कराने में सहायक होगी, बल्कि उन्हें भविष्य में उच्च गुणवत्ता वाले रोजगार प्राप्त करने के लिए भी सक्षम बनाएगी। बैठक में पंचायती राज संस्थाओं और ग्राम कचहरी के जनप्रतिनिधियों को इलाज के लिए मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता कोष से अनुदान मिलेगा। इसके अलावा प्रदेश में मुख्यमंत्री गुरु शिष्य परंपरा योजना शुरू करने का भी निर्णय लिया गया है। कला, संस्कृति के संरक्षण, संवर्धन एवं विकास के लिए बिहार राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, दुर्लभ और विलुप्तप्राय कला रूपों को संरक्षित करने के लिए मुख्यमंत्री गुरु-शिष्य परंपरा योजना प्रारंभ करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है।

## पुनौराधाम में मां सीता मंदिर के निर्माण को मंजूरी

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को कहा कि राज्य सरकार ने सीतामढ़ी जिले के पुनौराधाम में भव्य मां सीता मंदिर के निर्माण के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। कुमार ने मंगलवार को राज्य मंत्रिमंडल के फैसले की जानकारी देते हुए अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर एक पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने बताया कि मां सीता मंदिर के निर्माण के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। मंदिर के निर्माण पर 882.87 करोड़ रुपए का अनुमानित खर्च आएगा। उन्होंने कहा कि जगत जननी मां जानकी की जन्मस्थली पुनौराधाम, सीतामढ़ी को समग्र रूप से विकसित किए जाने के लिये भव्य मंदिर सहित अन्य संरचनाओं के निर्माण की योजना को भी मंगलवार को मंत्रिमंडल ने मंजूरी दी है। इस योजना का जल्द ही कार्यारंभ कर दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने अधिकारियों को यह निर्देश दिया है कि प्रस्तावित मंदिर का शिलान्यास अगस्त महीने में ही कर दिया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार पुनौराधाम, सीतामढ़ी में भव्य मंदिर निर्माण शीघ्र पूरा कराने के लिए कृतसंकल्पित हैं।

## आरएसएस से बैन हटाना गलती थी : प्रियांक खड़गे



■ कांग्रेस नेता ने अपने बयान पर तोड़ी चुप्पी

**बेंगलुरु,** 1 जुलाई (एजेंसियां)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बेटे और कर्नाटक सरकार में मंत्री प्रियांक खड़गे ने 'आरएसएस' पर बैन लगाने के अपने बयान पर चुप्पी तोड़ी। उन्होंने एक बार फिर दोहराया कि आरएसएस से बैन हटाना गलती थी।

कर्नाटक में मंत्री प्रियांक खड़गे ने मंगलवार को मीडिया से बात करते हुए कहा कि पहले भाजपा का संविधान देखना चाहिए, जिसमें धर्मनिरपेक्षता का जिक्र है। पहले उससे धर्मनिरपेक्षता को हटाना चाहिए और उसके बाद संविधान के बारे में बात होनी चाहिए। कर्नाटक सरकार में मंत्री प्रियांक खड़गे ने आगे कहा कि आरएसएस का हमेशा से एक राष्ट्र, एक धर्म का एजेंडा रहा है। प्रियांक खड़गे ने आगे कहा कि संविधान में अगर कोई संशोधन आएगा भी तो वह सिर्फ आर्थिक होगा। सामाजिक सशक्तीकरण की बात होगी, न कि देश को बांटने के लिए कोई संशोधन किया जाएगा। क्या हम एक सोशलिस्ट देश नहीं हैं? क्या हम एक सेक्युलर देश नहीं हैं, तो वो इसके खिलाफ क्यों हैं? क्योंकि ये आरएसएस का एजेंडा है, वन नेशन वन रिलीजन। आरएसएस पहले भी बैन हुआ था, ये प्रतिबंध हटाना हमारी गलती थी। खड़गे ने आरएसएस पर निशाना साधा। कर्नाटक में कांग्रेस घमासान पर उन्होंने कहा कि जब सीएम, डिप्टी सीएम और कांग्रेस अध्यक्ष ने बता दिया कि राज्य में कोई बदलाव नहीं होगा, तो नहीं होगा। प्रियांक खड़गे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा था।

## केरल में नए पुलिस महानिदेशक ने पदभार संभाला

**तिरुवनंतपुरम,** 1 जुलाई (एजेंसियां)। केरल में आर.ए.चंद्रशेखर ने राज्य के नए पुलिस महानिदेशक के रूप में मंगलवार को पदभार ग्रहण कर लिया। वह केरल काडर के 1991 बैच के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारी हैं। खुफिया ब्यूरो के विशेष निदेशक चंद्रशेखर को 30 जून को सेवानिवृत्त हुए डॉ. शेख दरवेश के स्थान पर नियुक्त किया गया है। उन्होंने मंगलवार सुबह पुलिस मुख्यालय में आयोजित एक समारोह में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एच वेंकटेश से पदभार संभाला जो अस्थायी रूप से यह प्रभार संभाल रहे थे। आधिकारिक दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने के बाद वेंकटेश ने नए पुलिस प्रमुख को अधिकार सौंप दिए। समारोह में एडीजीपी (मुख्यालय) एस श्रीजीत, बटालियन एडीजीपी एमआर अजित कुमार, मुख्यालय और तिरुवनंतपुरम जिले के अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी शामिल हुए।


**छत्तीसगढ़ शासन, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग**

**धमतरी वनमंडल धमतरी काष्ठागार नगरी का ई-ऑक्सन का संक्षिप्त विज्ञापन**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है, कि धमतरी वनमंडल धमतरी के अन्तर्गत नगरी काष्ठागार में संग्रहित ईमारती काष्ठ, जलाऊ एवं बल्ली का ई-ऑक्सन द्वारा निर्वतन निम्नानुसार किया जावेगा। इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है, कि वे ई-ऑक्सन में भाग लेवें। ई-ऑक्सन की शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमंडल कार्यालय/वन काष्ठागार नगरी से प्राप्त की जा सकती है।

नीलाम दिनाक 11 जुलाई 2025
नीलाम समय प्रात: 9.00 बजे से

| प्रजाति | नया वनोपज | | अविक्रित वनोपज | | योग वनोपज | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | ईमारती (घ.मी.) | बल्ली डेंगरी (नग) | ईमारती (घ.मी.) | बल्ली डेंगरी (नग) | ईमारती (घ.मी.) | बल्ली डेंगरी (नग) |
| सागौन | 260.435 | 3664 | 198.310 | 2500 | 458.745 | 6164 |
| साल | 59.324 | – | 364.038 | 412 | 423.362 | 412 |
| साजा | 252.407 | – | 60.763 | 310 | 313.170 | 310 |
| बीजा | 147.575 | – | 5.021 | – | 152.596 | – |
| तिन्सा | 15.732 | – | 1.333 | – | 17.065 | – |
| हल्दू/मुण्डी/खम्हार | 17.737 | – | 67.388 | – | 85.125 | – |
| धावड़ा | 108.115 | – | 34.388 | 48 | 142.503 | 48 |
| नीलगिरी | – | – | 128.713 | – | 128.713 | – |
| कर्रा/ सेन्हा/अन्य | 310.185 | – | – | 931 | 310.185 | 931 |
| योग:- | 1171.510 | 3664 | 859.954 307 | 4201 | 2031.464 | 7865 |
| साल जलाऊ चट्टा | – | Chatta | 307 | Chatta | 307 | Chatta |
| योग:- | – | Chatta | 307 | Chatta | 307 | Chatta |

**नीलाम में प्रस्तावित वनोपज की अनुमानित मात्रा**

टीप:-
(1) क्रेताओं को ई-ऑक्सन के पूर्व एम.एस.टी.सी. ई- कार्मस पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य हैं।
(2) क्रेताओं को ई-ऑक्सन के पूर्व क्रय लॉटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट
में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई.एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है।
(3) लॉट की थप्पी सूची एवं फोटो एम.एस.टी.सी. ई- कार्मस पोर्टल में अपने आईडी से लॉगइन करके देख सकते है।
4) ई-ऑक्सन में लॉट क्रय के पश्चात् प्रथम क्रेता को 40 सेंकड का समय प्राप्त होगा उसी लॉट मे अन्य क्रेताओ द्वारा 40 सेकंड के पूर्व क्रय करने पर 30 सेकंड का समय प्राप्त होगा।

फोन - 07722-238371
फैक्स 07722-236137
जी-252601900

वनमंडलाधिकारी
प्रभारी वनमंडल धमतरी



**कार्यालय नगरपालिका परिषद कवर्धा, जिला-कबीरधाम ( छ.ग. )**

क्रमांक /360/राज.वि./न.पा./2025-26 कवर्धा, दिनांक 30.06 2025

**चतुर्थ नीलामी सूचना**

कार्यालय नगर पालिका परिषद कवर्धा क्षेत्रांतर्गत निर्मित नवीन बाजार काम्प्लेक्स एवं सरदार वल्लभ भाई शांपिग काम्प्लेक्सों में भूतल एवं प्रथम तल का आबंटन राइट ऑफ आक्यूपेशन हक पर देने के लिए इच्छुक व्यक्ति आवेदन कार्यालयीन समय में कक्ष क. 10 से प्राप्त कर बंद लिफाफे लिफाफे में रजिस्टई डाक से दिनांक 16.07.2025 को कार्यालयीन समय सायं 5.00 बजे तक स्वीकार किया जावेगा। निविदा स्पीड पोस्ट / रजिस्ट डाक से प्राप्त किया जावेगा। निविदा सीधे कार्यालय में नहीं लिया जावेगा। निविदा दिनांक 21.07.2025 को दोपहर 3.00 बजे खोली जावेगी।

**नवीन बाजार काम्प्लेक्स भूतल दुकान की संख्या 01**

| क्रं. | स्थान | दुकान का आरक्षण | दुकान | निर्मित कार्पेट एरिया (व.भी.गे) | आफसेट मूल्य | अमानत राशि | वार्षिक किराया रु. (2%) | निविदा प्रपत्र मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नवीन बाजार | भूतपूर्व सैनिक | 38 | 22.80 | 1041656.00 | 104166.00 | 20833.00 | 200/- |

**सरदार वल्लभ भाई शांपिग काम्प्लेक्स ( गू-तल/प्रथम तल ) दुकान की संख्या 05**

| क्रं. | स्थान | दुकान का आरक्षण | दुकान | निर्मित कार्पेट एरिया (व.भी.गे) | आफसेट मूल्य | अमानत राशि | वार्षिक किराया रु. (2%) | निविदा प्रपत्र मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सरदार वल्लभभाई शांपिग काम्प्लेक्स (भू-तल/प्रथम तल) | अनु जन. जाति | 11,13, 15 (भू-तल) | 15.60 | 75300.00 | 752554.00 | 15251.00 | 200/- |
| 2 | | स्वतंत्रता सं.से. | 45 (प्रथम तल) | 15.60 | 329950.00 | 33000.00 | 6599.00 | 200/- |
| 3 | | थर्ड जेंडर (तृतीय लींग) | 61 (प्रथम तल) | 15.60 | 329950.00 | 33000.00 | 6599.00 | 200/- |

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् कवर्धा.



**ICICI Bank** शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, सतपाल चैंबर्स, ढांड कॉम्प्लेक्स, राजभवन के पीछे, गौरव पथ, रायपुर, छत्तीसगढ़- 492001

**सार्वजनिक सूचना - प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-ई-नीलामी**

[ नियम 8 (6) का प्रावधान देखें ]

**अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना**

अचल संपत्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय की सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुन: निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहपठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 की धारा 8(6) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है। सर्वजन तथा व्यक्तिगत रूप से कर्ज़दार(रों) एवं ज़मानतदार(रों) को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शाई गई अचल संपत्ति संरक्षित ऋणदाता केपास बंधक/ अधिभारित है। उनका भौतिक अधिग्रहण आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी के रूप में कर लिया गया है एवं दर्शाए विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहाँ है जैसी है", "जैसी है वैसी है" एवं "जिस भी स्थिति में है" के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए जा रहे हैं :-

| क्र. सं. | कर्ज़दार(रों)/ सह-कर्ज़दार(रों)/ ज़मानतदार(रों) के नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्तियों का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई है | बकाया राशि (रु. में) | सुरक्षित मूल्य (रु. में) / धरोहर राशि जमा (रु. में) | संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | ई-नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | श्री प्रवीण कुमार भट्टाचार्य (कर्ज़दार), अनिंदिता भट्टाचार्य (सह-कर्ज़दार), LBBLI00006749648, TBBLI00006714977. | खसरा नंबर 25/ 199, वार्ड नं. 50, बोरसी (पूर्व) वार्ड, पी.एच. नंबर 39, आर.एन.एम., कसारीडीह, मौजा बोरसी, तहसील और जिला दुर्ग, छत्तीसगढ़। क्षेत्रफल 0.0220 हेक्टेयर = 2400 वर्ग फीट = 223.04 वर्ग मीटर | रु. 47,45, 334.34/- मई 20, 2025 तक | रु. 29,00, 000/- / रु. 2,90, 000/- | जुलाई 07, 2025 को सु. 11:00 बजे से दो. 01:00 बजे तक | जुलाई 24, 2025 को सु. 10:30 बजे से |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी संस्था **मेसर्स नेक्सझेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** की वेबसाइट **(URL Link-https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी। बंधककर्ताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को **जुलाई 23, 2025** को **शाम 05:00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर इस/इन संरक्षित संपत्ति(यों) की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बोलीकर्ता(ओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (कॉलम ई देखें) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, सतपाल चैंबर्स, ढांड कॉम्प्लेक्स, राजभवन के पीछे, गौरव पथ, रायपुर, छत्तीसगढ़- 492001** में **जुलाई 23, 2025** तक **शाम 05:00** बजे से पूर्व जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावती की स्कैन इमेज (छायाप्रति) **जुलाई 23, 2025** तक **शाम 05:00** बजे से पूर्व जमा करें। यदि संभावित बोलीकर्ता(ओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहते हैं, तो वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, सतपाल चैंबर्स, ढांड कॉम्प्लेक्स, राजभवन के पीछे, गौरव पथ, रायपुर, छत्तीसगढ़- 492001** में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को **जुलाई 23, 2025** को **शाम 05:00 बजे** से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट/ पे ऑर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैड्यूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** की **रायपुर** शाखा के पक्ष में भुगतान हेतु होना चाहिए।

संपत्ति निरीक्षण, ई-नीलामी के नियम एवं शर्तों तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक** कर्मचारी के फोन नंबर **9324948920** पर संपर्क करें।

कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसी **वैल्यूट्रस्ट कैपिटल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड** इस संपत्ति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न है।

प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाए किसी एक अथवा अधिक निविदा व बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते है।

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करें।

तिथि : जुलाई 02, 2025
स्थान : रायपुर

प्राधिकृत अधिकारी,
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड



**सार्वजनिक सूचना**

**ICICI Bank** शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, बीपी-4, टेक्नोपोलिस बिल्डिंग, चतुर्थ तल, सेक्टर-5, साल्ट लेक सिटी, कोलकाता, पश्चिम बंगाल -700091
सीआईएन : L65190GJ1994PLC021012, www.icicibank.com

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा आईसीआईसीआई बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधा(ओं) के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है। ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, जोकि तामील नहीं की जा सकी और इसलिए उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रवर्तित की जाने वाली प्रत्याभूत आस्ति का वर्णन | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | वी हेमलता/वी रूपेश कुमार/वी. हेमलता 33, मारुति एन्क्लेव डूमर तालाब निकट एम्स हॉस्पिटल टाटीबंध 0 छत्तीसगढ़ रायपुर- 492001/एलबीआरपी00001590848 | अपार्टमेंट नंबर 110, प्रथम तल, मारुति होम्स, कोटा, मोहबा बाजार, वार्ड नंबर 12, केएच नंबर 145/60, मनमोहन सिंह बख्शी वार्ड, रायपुर, छत्तीसगढ़, क्षेत्रफल परिमाप 760 वर्ग फीट + 330 वर्ग फीट (टैरेस) सुपर बिल्ट अप एरिया, कुल भूमि में अविभाजित यथानुपात हिस्सा 326 वर्ग फीट सहित | 27-05-2025 रू. 9,14,463.99/- | 11-01-2025 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक उपाय किए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदारों/तथा/अथवा उनके गारंटरों (जहां कहीं लागू है) को बकाया राशि का भुगतान धारा इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, जिसमें विफल रहने की स्थिति में, आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 02-07-2025,
स्थान : रायपुर

भवदीय, प्राधिकृत अधिकारी
प्रतिभूत लेनदार



**सार्वजनिक सूचना**

**ICICI Bank** शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, बीपी-4, टेक्नोपोलिस बिल्डिंग, चतुर्थ तल, सेक्टर-5, साल्ट लेक सिटी, कोलकाता, पश्चिम बंगाल -700091
सीआईएन : L65190GJ1994PLC021012, www.icicibank.com

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा आईसीआईसीआई बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधा(ओं) के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है। ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, जोकि तामील नहीं की जा सकी और इसलिए उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रवर्तित की जाने वाली प्रत्याभूत आस्ति का वर्णन | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | विशाल सचदेव/ओम प्रकाश सचदेव/मकान नंबर 986, धारूवार पारारानी रोड, वार्ड नंबर 4, छत्तीसगढ़ कोर्बा-495677/एलबीकेबीए00005433747 | प्लॉट नंबर 05, ब्लॉक-जे, मल्टी स्पोर्ट्स सिटी, खसरा नंबर 473/1 पार्ट, पीएच नंबर 60/4/58, आरएनएम-भिल्लाई, तहसील पाटन, मौजा मगरघाटा, जिला दुर्ग, छत्तीसगढ़ क्षेत्रफल परिमाप 1291 वर्ग फीट/120 वर्ग मीटर | 21-05-2025 रू. 8,77,299/- | 06-03-2025 |
| 2. | अमित कुमार पांडे/शांता पांडे सह-आवेदक/अमित कुमार पांडे बंधकदाता/2873, औद्योगिक क्षेत्र, कालीबाड़ी, छत्तीसगढ़, भिलाई-490026/018605007640 | खसरा नंबर 5193, मौजा कोहका, वार्ड नंबर 10, शांति नगर वार्ड (चन्द्र नगर इंटीरियर पार्ट), पीएच नंबर 14/9, आरएनएम दुर्ग 1, नगर पालिका निगम भिलाई, तहसील एवं जिला दुर्ग (छत्तीसगढ़) क्षेत्रफल परिमाप 1200 वर्ग फीट | 03-06-2025 रू. 32,76,438.99/- | 02-02-2024 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक उपाय किए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जहां कहीं लागू है) को बकाया राशि का भुगतान धारा इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, जिसमें विफल रहने की स्थिति में, आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 02-07-2025,
स्थान : रायपुर

भवदीय, प्राधिकृत अधिकारी
प्रतिभूत लेनदार



**भौतिक कब्ज़े की सूचना**

**ICICI Bank** शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, बीपी-4, टेक्नोपोलिस बिल्डिंग, चौथी मंजिल, सेक्टर V, साल्ट लेक सिटी, कोलकाता पश्चिम बंगाल- 700091
CIN No: L65190GJ1994PLC021012, www.icicibank.com

आईसीआईसीआई बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रतिभूतिकरण, वित्तीय आस्तियों का पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 एवं प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 सहित पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित कर्ज़दार(रों) को माँग सूचना निर्गमित की गई थी, उक्त सूचना में कहा गया था कि वे सूचना प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर सूचना में उल्लिखित राशि का भुगतान करें।

कर्जदार राशि चुकाने में विफल रहे हैं, अतएव कर्ज़दार और जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त अधिनियम 8 सहित पठित धारा 13(4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित तिथियों पर नीचे वर्णित संपत्ति का अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा भौतिक कब्ज़ा ले लिया गया है। विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने हेतु सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ भौतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कर्ज़दार- मंगल कमर्शियल प्राइवेट लिमिटेड, जमानतदार बबीता अग्रवाल, प्रदीप कुमार अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल, पंकज अग्रवाल और सुमन अग्रवाल और (बंधककर्ता) प्रमोद अग्रवाल, पंकज अग्रवाल और प्रदीप कुमार अग्रवाल और बबीता अग्रवाल, मेसर्स मंगल कमर्शियल प्राइवेट लिमिटेड/ कार्यालय क्रमांक 401, चौथी मंजिल, ब्लॉक 4 बेबीलोन टॉवर वीआईपी स्क्वायर, पार्क होटल के पास जी ई रोड, छत्तीसगढ़, रायपुर-492001/ 016151000059/ 016155000050/ 016155000049 | कार्यालय क्रमांक 209, ऋषभ चेम्बर्स में द्वितीय तल पर, एम.जी. रोड, खसरा क्रमांक 431 भाग, जवाहर नगर वार्ड, वार्ड क्रमांक 37, मौजा- रायपुर खास, पीएच नं. 106 ए, आर.एन.एम, रायपुर- 1, तहसील और जिला- रायपुर सी.जी. (क्षेत्रफल 208 वर्ग फीट) चतुर्सीमा-उत्तर में अन्य की संपत्ति, दक्षिण में गलियारा, पूर्व में कार्यालय क्रमांक- 210, पश्चिम में गलियारा और अन्य की संपत्ति/ भौतिक कब्ज़े की तिथि: 26/06/2025 | 03/01/2023 रु. 9,43,93,736.52/- | रायपुर और बिलासपुर |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार(रों)/सह-कर्ज़दार(रों) एवं ज़मानतदार(रों) को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् कब्जे की संपत्ति(याँ) नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : जुलाई 02, 2025
स्थान : रायपुर और बिलासपुर

भवदीय, प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के लिए






## इंडस्ट्री में काम को लेकर बनी रहती है अनिश्चितता : राहुल शर्मा

**मुंबई।** स्टार प्लस के लोकप्रिय शो 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में 'अंशुमन' की भूमिका निभाने वाले अभिनेता राहुल शर्मा ने टेलीविजन इंडस्ट्री में मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी चुनौतियों पर बात की। उन्होंने अपने निजी अनुभव साझा करते हुए बताया कि इस इंडस्ट्री में काम को लेकर अनिश्चितता बनी रहती है। अभिनेता राहुल ने कहा कि लोग अक्सर अभिनय के संघर्ष की बात करते हैं, लेकिन मेरे लिए असली चुनौती काम की अनिश्चितता है। मुझे अभिनय से प्यार है, लेकिन कभी काम की भरमार होती है तो कभी लंबे समय तक खालीपन या काम न मिलने की समस्या। इस अनिश्चितता को संभालना और मानसिक संतुलन बनाए रखना सबसे बड़ी चुनौती है।

## टीवी इंडस्ट्री में बदल रही महिलाओं की स्थिति सराहनीय : नायरा बनर्जी



**मुंबई,** 1 जुलाई (एजेंसियां)। टेलीविजन अभिनेत्री नायरा बनर्जी ने छोटे पर्दे पर जेंडर भेदभाव से परे भूमिकाओं के बदलते स्वरूप पर बात की। उन्होंने महिला-केंद्रित शो की बढ़ती लोकप्रियता की सराहना की। हालांकि, अभिनेत्री का मानना है कि वास्तविक रूप से जिंदगी के गाड़ी के ये दोनों पहिए जरूरी हैं। नायरा ने कहा कि सच्ची कहानियां दोनों जेंडर की भावनाओं को दिखाती हैं, क्योंकि परिवार और अच्छी कहानियां साझा अनुभवों पर बनती हैं।

उन्होंने बताया कि पहले फिल्मों में महिलाएं सिर्फ सजावटी किरदार थीं। अब टीवी पर स्थिति उलट है, महिलाएं मुख्य भूमिकाओं में हैं और पुरुष पृष्ठभूमि में। मुझे लगता है कि दोनों को बराबर महत्व मिलना चाहिए। परिवार जोड़ों से बनते हैं और दोनों की भावनाएं मायने रखती हैं। टीवी भले ही महिलाओं को ज्यादा तवज्जो देता हो, लेकिन वास्तविक कहानियों में दोनों का योगदान जरूरी है।

नायरा ने अपने नए म्यूजिक वीडियो 'मैं तेरी हूं' के बारे में भी बताया। इस गाने को अहान ने गाया और लिखा है। नायरा ने कहा कि इस गाने के बोल 'मैं तेरी हूं' ने मुझे बहुत प्रभावित किया। छह महीने पहले मैंने इसे सुना और तुरंत पसंद कर लिया, लेकिन व्यस्तता के कारण शूटिंग नहीं कर पाई। बाद में जब यह गाना फिर से मेरे पास आया, मैंने तुरंत हामी भर दी।

'दिव्या दृष्टि' फेम अभिनेत्री ने सच्चे प्यार की परिभाषा पर भी बात की। उन्होंने कहा कि आज के भावनात्मक रूप से नाजुक दौर में आत्म-प्रेम सबसे जरूरी है। मानसिक और शारीरिक शांति बनाए रखना महत्वपूर्ण है। मुझे प्यार और शादी का विचार पसंद है। दो लोग मिलकर जिंदगी बनाएं और दोस्तों की तरह एक साथ बूढ़े हों। मुझे उम्मीद है कि ऐसा प्यार आज भी मौजूद है।

### आईआईटी बॉम्बे ने की नई खोज

## शरीर में मौजूद कॉलेजन प्रोटीन से बढ़ रहा मधुमेह का खतरा

- दुनिया भर में 500 करोड़ से ज्यादा लोग प्रभावित
- ऐमिलिन हार्मोन जमा होकर पहुंचाता है बीटा-कोशिकाओं को नुकसान




**नई दिल्ली,** 1 जुलाई (एजेंसियां)। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) बॉम्बे के वैज्ञानिकों ने हाल ही में डायबिटीज से जुड़ी एक नई खोज की। उन्होंने शरीर में सबसे ज्यादा पाए जाने वाले प्रोटीन 'कॉलेजन' में एक खास तरह के बदलाव की पहचान की, जो शरीर में डायबिटीज को बढ़ावा दे सकता है। जर्नल ऑफ द अमेरिकन केमिकल सोसाइटी में प्रकाशित रिसर्च में पता चला कि कॉलेजन पैंक्रियास यानी अग्न्याशय में हॉर्मोन्स को तेजी से जमा करता है, जिससे वह ठीक से काम नहीं कर पाता और डायबिटीज बढ़ने का खतरा बना रहता है।

टाइप 2 डायबिटीज एक ऐसी बीमारी है जो दुनिया भर में 500 करोड़ से ज्यादा लोगों को प्रभावित करती है। हमारे शरीर में इंसुलिन नाम का एक हार्मोन होता है, जो खून में शुगर का स्तर सही बनाए रखने में मदद करता है। टाइप 2 डायबिटीज में या तो इंसुलिन ठीक से नहीं बन पाता या फिर हमारे शरीर की कोशिकाएं इंसुलिन को सही से महसूस नहीं कर पातीं। ऐसे में शरीर का ब्लड शुगर लेवल बढ़ जाता है।

जब हमारे शरीर में ब्लड शुगर ज्यादा होता है, तो शरीर और ज्यादा इंसुलिन बनाने की कोशिश करता है, ताकि शुगर को कंट्रोल कर सके। लेकिन इसी के साथ शरीर एक और हार्मोन बनाता है, जिसका नाम है ऐमिलिन। यह भी ब्लड शुगर को कंट्रोल करने में मदद करता है, खासकर खाना खाने के बाद। वैज्ञानिकों की टीम ने पाया है कि हमारे शरीर में एक प्रोटीन होता है, जिसका नाम है- 'फाइब्रिलर कॉलेजन 1', यह प्रोटीन हमारे शरीर की कोशिकाओं के बाहर होता है।

आईआईटी बॉम्बे के बायोसाइंसेज और बायोइंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर शमिक सेन के नेतृत्व में शोधकर्ताओं ने बताया कि जब ऐमिलिन हार्मोन सही तरीके से नहीं बन पाते, तो एक-दूसरे से चिपककर गुच्छे बन जाते हैं, जो हमारे शरीर की कोशिकाओं के लिए खतरनाक हैं।

डायबिटीज में, हमारे पैंक्रियास की जो टिशू होती है, उसमें कॉलेजन-1 नाम का प्रोटीन बहुत ज्यादा बढ़ जाता है, जो बीमारी को और बिगाड़ सकता है। जब ऐमिलिन हार्मोन जमा होकर बीटा-कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाता है, तो शरीर की इंसुलिन बनाने की ताकत कम हो जाती है, जिससे ब्लड शुगर बढ़ता है और डायबिटीज होने का खतरा बढ़ जाता है।

## सावन में दूध से बने उत्पादों के सेवन से करें परहेज

**नई दिल्ली,** 1 जुलाई (एजेंसियां)। भोलेनाथ का प्रिय मास श्रावण माना जाता है। इस वर्ष 11 जुलाई से शुरू हो रहा है। बड़े बुजुर्ग अक्सर कहते हैं कि इस मास में कुछ चीजें वर्जित हैं। उसका धार्मिक ही नहीं वैज्ञानिक कारण भी होता है। इन दिनों कई लोग अपने दैनिक जीवन में बदलाव करते हैं। इसमें लोग रहन-सहन से लेकर अपने खाने-पीने के तरीकों में भी बदलाव करते हैं।



भारत के गांवों में, विशेषकर हिंदी पट्टी में, एक लोकोक्ति बहुत मशहूर है जो बड़े सहज भाव से बताती है कि किस मौसम में क्या खाएं और किस चीज से परहेज करें। इसी लोक कहावत में 'सावन साग न भादो दही' का जिक्र है।

सावन में दूध से बने उत्पादों का सेवन करने से इसलिए बचना चाहिए क्योंकि इन दिनों जमीन में दबे अधिकांश कीड़े ऊपर आ जाते हैं और घास या हरी चीजों को संक्रमित कर देते हैं। घास गाय या भैंस उसी को खाते हैं, जिसका दूध हमारे घरों में आता है, जो कि सेहत के लिए हानिकारक हो सकता है। दही इसलिए नहीं खानी चाहिए क्योंकि इन दिनों वातावरण में नमी और कीटाणुओं की वृद्धि होती है, जिससे हानिकारक बैक्टीरिया पनपते हैं। इसके अलावा, दही की तासीर ठंडी होती है, जिससे सर्दी-जुकाम होने का डर भी रहता है।

आयुर्वेद का मत है कि बारिश के कारण लोगों की पाचन शक्ति कमजोर होती है, वहीं, लहसुन और प्याज की तासीर गरम होती है, जिसे खाने से पेट फूलना, गैस और अपच होने की संभावना रहती है।

चरक संहिता में सावन के महीने में बैंगन न खाने की सलाह दी गई है, जिसका मुख्य कारण इसकी प्रकृति और पाचन पर पड़ने वाला प्रभाव है। बैंगन को 'गंदगी में उगने वाली सब्जी' माना जाता है, और सावन में नमी के कारण इसमें कीड़े लगने की संभावना अधिक होती है, जिससे संक्रमण का खतरा बढ़ सकता है।

- बारिश के कारण लोगों की पाचन शक्ति होती है कमजोर
- सावन में हरी पत्तेदार सब्जियों को खाने से बचे

सुश्रुत संहिता में सावन में हरी पत्तेदार सब्जियों को खाने से इसलिए वर्जित माना जाता है क्योंकि इस मौसम में जमीन में दबे अधिकांश कीड़े ऊपर आ जाते हैं और हरी पत्तेदार सब्जियों को संक्रमित कर देते हैं, जिससे वायरल इंफेक्शन का खतरा बढ़ने का डर बना रहता है।

## 'लिपिया अल्बा' स्वास्थ्य समस्याओं के उपचार में कारगर

**नई दिल्ली,** 1 जुलाई (एजेंसियां)। लिपिया अल्बा, जिसे स्थानीय भाषा में 'बुश मिंट' या 'सांता मारिया' के नाम से जाना जाता है, एक औषधीय पौधा है, जो भारत के साथ ही दक्षिण अमेरिका, मध्य अमेरिका में भी पाया जाता है। अपनी सुगंध और औषधीय गुणों के लिए मशहूर इस पौधे का आयुर्वेद में खासा स्थान है। इसके पत्ते, तने और फूल कई स्वास्थ्य समस्याओं के उपचार में कारगर हैं।

लिपिया अल्बा पर हुए शोध के अनुसार, एंटीमाइक्रोबियल, सूजन-रोधी और तनाव कम करने में सहायक हैं। नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसीन साइंस में छपी एक रिपोर्ट के अनुसार, लिपिया अल्बा का उपयोग चिकित्सा क्षेत्र में हो रहा है। यह पौधा आसानी से उगाया जा सकता है और इसके लाभ



सस्ते और प्राकृतिक उपचार के रूप में उपलब्ध हैं। अपने औषधीय गुणों और रासायनिक यौगिकों के कारण दवा, कृषि और खाद्य उद्योग में महत्वपूर्ण है। इसके सरल उपयोग और प्रभावी गुण इसे स्वास्थ्य और कल्याण के लिए एक प्राकृतिक खजाना बनाते हैं।

अध्ययनों में इसके गैस्ट्रोप्रोटेक्टिव और न्यूरोप्रोटेक्टिव प्रभाव देखे गए हैं। विशेष रूप से इसके तेल को स्टैफिलोकोकस और डेंगू मच्छरों के खिलाफ प्रभावी पाया गया है।

पौधा लिपिया अल्बा का काढ़ा अपच, गैस, दस्त और पेट की ऐंठन में राहत देता है। इसमें मौजूद सिट्रल और लिमोनेन जैसे यौगिक पाचन को बेहतर बनाते हैं। यह चिंता और अनिद्रा को कम करता है। पत्तियों की चाय या आवश्यक तेल अरोमाथेरेपी में भी उपयोगी हैं। इसके साथ ही खांसी, जुकाम और अस्थमा में इसके पत्तों की भाप या काढ़ा फायदेमंद हो सकता है। यह बुखार कम करने और जोड़ों के दर्द में राहत देता है। पत्तियों का लेप सूजन को कम करता है। इसके एंटीमाइक्रोबियल गुण त्वचा के संक्रमण को ठीक करते हैं और तेल मच्छरों को भगाने में प्रभावी हैं।

यही नहीं, लिपिया अल्बा महिलाओं के लिए भी काफी फायदेमंद है। यह मासिक धर्म की ऐंठन और अनियमितता को दूर करने में मदद करता है। हेल्थ एक्सपर्ट के अनुसार, लिपिया अल्बा की चाय, इसका तेल त्वचा पर लगाया जा सकता है या भाप के रूप में उपयोग किया जा सकता है। हालांकि, डॉक्टर या विशेषज्ञ की सलाह के बिना इसका इस्तेमाल नहीं करना चाहिए।

## पुरी जगन्नाथ की फिल्म में विजय सेतुपति के साथ दिखेंगी संयुक्ता



**चेन्नई,** 1 जुलाई (एजेंसियां)। निर्देशक पुरी जगन्नाथ की बहुप्रतीक्षित अपकमिंग फिल्म की शूटिंग अब जुलाई के पहले सप्ताह से शुरू होगी। फिल्म में अभिनेता विजय सेतुपति मुख्य भूमिका में हैं।

पुरी जगन्नाथ की इस महत्वाकांक्षी फिल्म को लेकर प्रशंसकों और सिने प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह है। पहले यह शूटिंग जून के आखिरी सप्ताह में शुरू होने वाली थी, लेकिन अब इसे जुलाई के पहले सप्ताह में शुरू करने का फैसला लिया गया है। फिल्म की शूटिंग के पहले शेड्यूल में विजय सेतुपति के साथ अन्य एक्टर्स भी नजर आएंगे। यह फिल्म पुरी जगन्नाथ के प्रोडक्शन हाउस 'पुरी कनेक्ट्स' के बैनर तले बन रही है, जिसे चार्मी कौर प्रस्तुत कर रही हैं। इसके साथ ही जेबी मोशन पिक्चर्स और जेबी नारायण राव कोंड्रोल्ला के सहयोग से फिल्म की भव्यता को और बढ़ाया जाएगा। फिल्म में अभिनेत्री संयुक्ता, विजय सेतुपति के साथ मुख्य भूमिका में दिखेंगी, जबकि तब्बू और विजय कुमार महत्वपूर्ण किरदारों में नजर आएंगे। सूत्रों के अनुसार, संयुक्ता का किरदार कहानी में महत्वपूर्ण होगा। वह शानदार अंदाज में फिल्म में दिखेंगी। संयुक्ता इस कहानी और अपने किरदार को लेकर बेहद उत्साहित हैं। पहले शेड्यूल के लिए हैदराबाद और चेन्नई में लोकेशन की खोज पूरी हो चुकी है। यह पैन-इंडिया फिल्म हिंदी के साथ तेलुगू, तमिल, कन्नड़ और मलयालम भाषा में रिलीज होगी। पुरी जगन्नाथ अपनी शानदार कहानी कहने की शैली के लिए जाने जाते हैं। इस फिल्म में वह विजय सेतुपति की प्रभावशाली स्क्रीन प्रेजेंस के साथ अपने खास अंदाज को पेश करेंगे। यह फिल्म एक कमर्शियल एंटरटेनर फिल्म होगी, जिसमें अनूठी कहानी और पुरी के खास निर्देशन का मिश्रण होगा। सभी प्री-प्रोडक्शन तैयारियां पूरी हो चुकी हैं।

## हाथियों को दी जा रही 31 दिवसीय चिकित्सा थेरेपी

**गुरुवायुर,** 1 जुलाई (एजेंसियां)। गुरुवायुर देवासम द्वारा संचालित श्री कृष्ण मंदिर के तहत हाथियों के लिए 31 दिवसीय कायाकल्प चिकित्सा (रिजूविनेशन थेरेपी) मंगलवार सुबह शुरू हुई। इस अवसर पर स्थानीय विधायक के. राजन मौजूद रहे, जो इसी जिले से आते हैं और राजस्व मंत्री भी हैं।

इस अवसर पर गुरुवायुर देवासम के अध्यक्ष वीके विजयन ने कहा कि गुरुवायुर पुन्नथुरकोट्टा के अंतर्गत 36 हाथी हैं और इस बार 22 हाथियों को चिकित्सा दी जा रही है। पुन्नथुरकोट्टा, जो मंदिर से तीन किलोमीटर दूर है, अपनी स्वर्ण जयंती मना रहा है। 50 साल पहले इस खास हाथी परिसर को खोला गया था। विजयन ने कहा कि एक महीने तक चलने वाले इस आयोजन पर गुरुवायुर देवसोम पर 12.5 लाख रुपए खर्च होंगे। विजयन ने कहा कि हर दिन सुबह सभी हाथियों को तेल से नहलाने के साथ दिन की शुरुआत होती है। उनके खाने का सख्त नियम है। हम उन्हें चावल, रागी, दाल, चवन्नप्राश और डॉक्टरों द्वारा बताए गए खनिज देते हैं। विजयन ने कहा कि यह महीने भर का इलाज कई मायनों में मानसून के दौरान इंसानों के कायाकल्प उपचार जैसा है।



यह हाथी शिविर 11.5 एकड़ भूमि पर स्थित है। यह शिविर प्रसिद्ध श्री कृष्ण मंदिर के स्वामित्व में है, जिसे वैष्णव परंपरा के 108 अभिमान क्षेत्रों में वर्गीकृत किया गया है।

मंदिर का मुख्य चित्र चार भुजाओं वाला विष्णु है, जो पंचजन्य शंख, सुदर्शन चक्र, कौमोदकी गदा और तुलसी की माला के साथ कमल धारण किए हुए हैं। यह भगवान विष्णु के उस रूप को दर्शाता है, जो कृष्ण के जन्म के समय उनके माता-पिता वासुदेव और देवकी को दिखाई दिया था। इस मंदिर में गैर-हिंदुओं का प्रवेश वर्जित है।

## ओटीटी और थिएटर में अंतर नहीं, कहानियां दर्शकों को पसंद आनी चाहिए : रोहित सराफ

**मुंबई,** 1 जुलाई (एजेंसियां)। एक्टर रोहित सराफ ने अपनी सादगी और शानदार अभिनय से दर्शकों का दिल जीता है। 'डियर जिंदगी' और 'द स्काई इज पिंक' जैसी फिल्मों में काम करने वाले रोहित को स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स की सीरीज 'मिसमैच्ड' में काफी पसंद किया गया। लिहाजा, फैंस ने उन्हें 'नेशनल क्रश' का खिताब भी दिया। ओटीटी और थिएटर दोनों का हिस्सा रहे अभिनेता का मानना है कि दोनों में कोई अंतर नहीं है, बस कहानियां दर्शकों को पसंद आएंगी। रोहित के लिए साल 2024 और 2025 का सफर काफी रोमांचक रहा। निपुण धर्माधिकारी की फिल्म 'इश्क विश्क रिबाउंड' में लीड रोल प्ले करने वाले एक्टर के लिए यह पहली बड़ी थिएटर फिल्म थी। इस साल वह धर्मा प्रोडक्शंस की फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' में अहम भूमिका में नजर आएंगे।

ओटीटी और थिएटर दोनों का हिस्सा रहे अभिनेता का ओटीटी और थिएटर को लेकर नजरिया स्पष्ट है। उनके लिए दोनों माध्यम बस अभिनेता और इंसान के रूप में बढ़ने का जरिया हैं। रोहित कहते हैं, मैं बहुत लकी हूं। ओटीटी ने मुझे दर्शकों से जोड़ा और पहचान दी। वहीं, फिल्में मुझे नई चुनौतियों और बड़े मंच का मौका दे रही हैं। लेकिन, मेरे लिए यह ओटीटी बनाम थिएटर नहीं है। यह हमेशा उन कहानियों के बारे में है जो लोगों के दिल को छू जाएं, चाहे वे कहीं भी हों। मेरा मानना है कि ओटीटी और थिएटर में कोई अंतर नहीं होता है, बस कहानी दर्शकों को पसंद आनी चाहिए।

रोहित का मानना है कि उनकी खासियत सादगी और बदलाव को अपनाने की क्षमता में है। वह स्टारडम की चकाचौंध के पीछे नहीं भागते बल्कि ऐसी कहानियां चुनने में यकीन रखते हैं, जो प्रभावशाली हों। वह 'बॉय-नेक्स्ट-डोर' की छवि से निकलकर एक मजबूत लीडिंग मैन की भूमिका में ढल रहे हैं। रोहित की अपकमिंग फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी है, जिसमें वह एक्टर वरुण धवन, सान्या मल्होत्रा और मनीष पॉल के साथ अहम भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन शशांक खेतान कर रहे हैं।

## मां का प्यार और जिम्मेदारी असल जीवन और टीवी पर एक जैसा : पद्मिनी कोल्हापुरी

**मुंबई,** 1 जुलाई (एजेंसियां)। दिग्गज अभिनेत्री पद्मिनी कोल्हापुरी ने मातृत्व की अहमियत के बारे में बात की। उन्होंने अपनी असली जिंदगी में मां होने के अनुभव को टीवी शो 'चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान' में राजमाता के किरदार से जोड़ा। उन्होंने बताया कि मां का प्यार और जिम्मेदारी असली जीवन और टीवी के किरदार दोनों में एक जैसा है।

पद्मिनी ने अपने बेटे प्रियांक के साथ रिश्ते के बारे में बात करते हुए बताया कि भले ही उनका बेटा अब बड़ा हो गया है, लेकिन मां होने का प्यार और भावनाएं पहले की तरह ही गहरी और मजबूत हैं।

उन्होंने कहा कि राजमाता का किरदार निभाना भावनात्मक और खास अनुभव रहा। मेरे किरदार को राजसत्ता की जिम्मेदारी और अपने बच्चे की ममता दोनों को साथ-साथ निभाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि जब मैं स्क्रीन पर राजमाता का किरदार निभाती हूं, तो मुझे असली जीवन में मां होने का अनुभव याद आता है। अपनी संतान की रक्षा करना, प्यार करना, त्याग करना, ये सभी भावनाएं मां के लिए बेहद खास होती हैं। भले ही उनका बेटा अब बड़ा हो गया है, लेकिन ये भावनाएं खत्म नहीं होतीं, बल्कि और बढ़ती जाती हैं। यह किरदार मेरे बेटे के बचपन की याद दिलाता है, जब मैं उसकी देखभाल करती थी, उसे समझाती थी। इस किरदार ने मुझे अपने मां बनने के सफर से और भी करीब जोड़ दिया



है। राजमाता की ताकत प्यार और कोमलता में है, और यही हर मां की पहचान होती है।

बता दें कि पद्मिनी कोल्हापुरे 'चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान' के जरिए 11 साल बाद टीवी पर बड़ी वापसी कर रही हैं। अपनी वापसी को लेकर उन्होंने अपने बयान में कहा था कि टीवी पर लौटकर वह बेहद खुश हैं और राजमाता के किरदार को निभाने के लिए उत्सुक हैं। पद्मिनी कोल्हापुरे ने कहा कि चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान की दुनिया में कदम रखना मेरे लिए बहुत खास है। सिर्फ इसलिए नहीं कि मैं एक मजबूत और महत्वपूर्ण किरदार निभा रही हूं, बल्कि इसलिए भी, क्योंकि यह मेरे लिए लगभग 11 साल बाद टीवी पर वापसी का मौका है। मेरा सफर सोनी एंटरटेनमेंट टीवी से शुरू हुआ था, और अब इतने सालों बाद मैं फिर उसी चैनल पर आ रही हूं, जो मेरे लिए चुनौतीपूर्ण और संतोषजनक दोनों है।

## औषधीय गुणों से संपन्न भीमसेनी कपूर

- त्वचा में होने वाली जलन, खुजली और फटे पैरों के उपचार में मदद

**नई दिल्ली,** 1 जुलाई (एजेंसियां)। 'भीमसेनी कपूर', जिसे बासर भी कहते हैं औषधीय गुणों से संपन्न माना जाता है। इसकी तासीर गर्म होती है और आकृत्ति नुकीली होती है। ये वात, पित्त, और कफ जैसे दोषों को संतुलित करने में मदद करता है।

धार्मिक दृष्टि से भी कपूर अहम है। इसका इस्तेमाल पूजा-हवन में किया जाता है। कोरोना का दौर लोग भूले नहीं हैं। उस समय कई लोग लौंग और कपूर की पोटली अपने पास रखते थे। लेकिन क्या आप जानते हैं कि आमतौर पर मिलने वाला कपूर नकली और सिंथेटिक होता है? लेकिन भीमसेनी ही है जो खालिस कपूर के तौर पर अपना दबदबा बनाए हुए है। भीमसेनी कपूर एक प्राकृतिक कपूर है, जो पेड़ से प्राप्त होता है। यह बड़े टुकड़ों में, अनियमित आकार का और थोड़ा भूरा या पीलापन होता है। इसकी सुगंध



थोड़ी तीखी लेकिन बहुत शुद्ध होती है और जलाने पर यह पूरी तरह जल जाता है, कोई अवशेष नहीं छोड़ता। आयुर्वेदिक दवाओं में इसी प्राकृतिक कपूर का उपयोग किया जाता है। सुश्रुत संहिता में भीमसेनी कपूर को चक्षुष्य (नेत्रों के लिए सुखदायक) बताया गया है, जिसका उपयोग आंखों में शीतलता लाने या आंखों को आकर्षित बनाने के लिए किया जाता है। इसमें एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-फंगल गुण होते हैं, जो त्वचा में होने वाली जलन, खुजली और फटे पैरों के उपचार में मदद करते हैं।

चरक संहिता में बताया गया है कि भीमसेनी कपूर पाचन क्रिया को बेहतर बनाने में मदद करता है, साथ ही यह भूख बढ़ाता है और पाचन से जुड़ी समस्या में भी उपयोगी है। यह कपूर सांस लेने में होने वाली तकलीफों को कम करने में मदद करता है और फेफड़ों के संक्रमण को ठीक करने में भी सहायक है।

भीमसेनी कपूर को डिफ्यूजर या कपूरदानी में जलाकर कमरे में सुगंध फैलाएं। इसी के साथ ही नारियल तेल में कपूर मिलाकर सिर की मालिश भी कर सकते हैं। कपूर की सुगंध कीड़े-मकोड़ों (मच्छर, कॉकरोच) को भगाने और हवा को शुद्ध करने में प्रभावी है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, इसे जलाने से घर में खुशियां आती हैं और भाग्य तेज होता है। साथ ही, इसकी सुगंध मन को शांत करने और तनाव को कम करने में मदद करती है।

## तनाव कम करने और सुकून देने वाला आसान योग है बालासन

**नई दिल्ली,** 1 जुलाई (एजेंसियां)। योग आज के व्यस्त जीवन में शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए वरदान साबित हो रहा है। ऐसे में बात तनाव या शारीरिक थकान से निजात की बात हो तो बालासन बेहद कारगर है। बालासन, जिसे 'चाइल्ड पोज' भी कहा जाता है, एक सरल योग आसन है। ये तनाव कम करने और शरीर की फ्लेक्सिबिलिटी बढ़ाने में मदद करता है। बालासन एक संस्कृत शब्द है, जिसका अर्थ है 'बच्चे की मुद्रा'। एक्सपर्ट बताते हैं कि यह मुद्रा कैसे बनानी चाहिए। इस आसन में शरीर बच्चे की तरह आराम की अवस्था में होता है। इसे करने के लिए सबसे पहले जमीन पर घुटनों के बल बैठें। अपने नितंबों को एड़ियों पर टिकाएं और धीरे-धीरे शरीर को आगे की ओर झुकाएं। माथे को जमीन पर स्पर्श कराएं और दोनों हाथों को सामने की ओर फैलाएं या शरीर के साथ रखें। इस दौरान गहरी सांस लें और कुछ देर इस मुद्रा में रहें।

सांस लेते हुए 30 सेकंड से 1 मिनट तक इस मुद्रा में रहना चाहिए। इसके बाद धीरे-धीरे वापस सामान्य स्थिति में आना चाहिए। भारत सरकार का आयुष मंत्रालय, बालासन के फायदों को गिनाता है, जिसके अनुसार, बालासन का नियमित अभ्यास दिमाग को शांत करता है। यह तंत्रिका तंत्र को आराम देता है और तनाव, चिंता के साथ थकान को भी कम करने में सहायक है।

यही नहीं, बालासन पाचन तंत्र के लिए भी फायदेमंद है, जिससे अपच, वात और कब्ज जैसी समस्याओं में राहत मिलती है। ऑफिस में काम करने वाले लोगों के लिए यह आसन बेहद फायदेमंद है। बालासन रीढ़ की हड्डी को खींचता है और पीठ दर्द में राहत देने के साथ ही लचीलापन भी देता है।



देशबन्धु

रायपुर, बुधवार 2 जुलाई 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## कोल्हापुरी चप्पल की अंतरराष्ट्रीय चोरी

भारत में धार्मिक आयोजनों में या धार्मिक स्थलों के बाहर चप्पल चोरी तो इतनी आम बात हो चुकी है कि अब उसे मजाक की तरह लिया जाता है। लेकिन भारत की खास पहचान कोल्हापुरी चप्पलों की अब अंतरराष्ट्रीय बाजार में चोरी के रास्ते खोले गए हैं, जिस पर सरकार को फौरन सख्ती बरतने की जरूरत है। दरअसल महाराष्ट्र और कर्नाटक के कारीगरों की बनाई खास कोल्हापुरी चप्पलों जैसी ही डिजाइन की सैंडिल को हाल में इटली के मशहूर फैशन ब्रांड प्राडा ने एक लाख रुपये से ज्यादा में बेचा है। इस खबर के बाहर आते ही सवाल खड़े हो गए कि क्या वैश्विक बाजार में अब भारत की चप्पलें भी सुरक्षित नहीं हैं, क्या उनकी भी चोरी हो रही है। क्योंकि जिस खास कोल्हापुरी चप्पल को ज्यादा से ज्यादा हजार रूपए में बेचा जाता है और उस पर भी कारीगरों के हाथ में कुछ नहीं आता, वहीं वैश्विक कंपनियों को इस तरह नकल से मुनाफा कमाने दिया जा सकता है, इस पर चिंता खड़ी हो गई है। इस बारे में कर्नाटक कांग्रेस विधायक प्रियांक खड़गे ने एक पोस्ट में बताया कि कोल्हापुरी चप्पल बनाने वाले बड़ी संख्या में कारीगर कर्नाटक के अठानी, निपानी, चिकोड़ी, रायबाग और बेलगावी, बागलकोट और धारवाड़ के विभिन्न इलाकों में रहते हैं। वे पीढ़ियों से कोल्हापुरी चप्पलें बना रहे हैं और उन्हें नजदीकी शहरों में बेच रहे हैं, खासकर कोल्हापुर में, जो समय के साथ इनका ब्रांड और बाजार बन गया। महाराष्ट्र के कोल्हापुर शहर, सांगली, सतारा और सोलापुर के आसपास के जिलों में भी इसके कारीगर हैं। अगर मशहूर फैशन ब्रांड्स इन कारीगरों के उत्पादों को बेचते हैं तो कारीगरों के हुनर और उनकी विरासत को पहचान मिलनी चाहिए।

बता दें कि 2019 में कारीगरों ने लंबी लड़ाई के बाद कोल्हापुरी चप्पलों के लिए जीआई टैग हासिल किया था, फिर भी प्राडा ने इसकी बेधड़क नकल की है। जिस पर अब यह मांग उठी है कि भारत सरकार जीआई टैग वाली चीज़ों को बचाने के लिए मज़बूत नियम बनाए। यह भी कहा गया कि बड़े ब्रांड कारीगरों के साथ मिलकर काम करें और उन्हें सही पैसे दें। कोल्हापुरी चप्पल बनाने वालों का कहना है कि अगर विवाद नहीं सुलझा तो वह इस मुद्दे को कोर्ट में ले जाएंगे।

वहीं प्राडा के कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी के प्रमुख लोरेंजो बर्टेली ने 'महाराष्ट्र चैंबर ऑफ कॉमर्स, इंडस्ट्री एंड एग्रीकल्चर' के एक पत्र के जवाब में कहा कि हम जिम्मेदार डिजाइन तौर तरीकों, सांस्कृतिक जुड़ाव को बढ़ावा देने और स्थानीय भारतीय कारीगर समुदायों के साथ सार्थक आदान-प्रदान के लिए बातचीत शुरू करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जैसा कि हमने अतीत में अन्य उत्पादों में किया है ताकि उनके शिल्प की सही पहचान सुनिश्चित हो सके।

भारतीय शिल्प को सही पहचान देने की बात एक मशहूर अंतरराष्ट्रीय ब्रांड करे तब भी इस मामले के बाद निश्चिंत होकर बैठना सही नहीं होगा। क्योंकि इतिहास गवाह है कि किस तरह हमारे उत्पाद, हस्तशिल्प, फसलों, प्राकृतिक संसाधनों इन सबका दोहन करके लंबी गुलामी की तरफ देश को धकेला गया। आजादी के बाद भी बहुराष्ट्रीय कंपनियों की निगाहें भारतीय बाजार पर गड़ी हुई हैं। भूमंडलीकरण ने लूट के नए दरवाजे खोले हैं। बाजार की चकाचौंध और मार्केटिंग के नए तरीकों की आड़ में उपभोक्ता और कारीगरों दोनों को चूना लगाया जाता है और अक्सर इनके मुनाफे का बड़ा हिस्सा राजनैतिक चंदे की शक्ल में सत्ताधीशों को मिलता है, तो वे इस लूट पर बेफिक्र दिखाई देते हैं।

कांग्रेस सांसद और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कई बार इस मुद्दे को अलग-अलग तरीके से उठाया है कि भारत के हुनर को मुनाफा कमाने के अवसरों से वंचित रखा जा रहा है। किसान, मोची, नाई, कुम्हार, राजमिस्त्री, पाक कला शास्त्री, बुनकर, हस्तशिल्प कारीगर ऐसे अनेक लोगों या समूहों से राहुल गांधी ने मुलाकात कर उनके काम को समझा है और उनके लिए अवसरों की नयी संभावनाओं को टटोला है। लेकिन विपक्ष में होने के कारण वे एक सीमा तक ही इस मुद्दे को उठा सकते हैं, अपने सुझाव दे सकते हैं या किसी की मदद कर सकते हैं। इस मामले में असली जिम्मेदारी मोदी सरकार को निभानी है। इसमें केवल जीआई का टैग लगा देना ही पर्याप्त नहीं होगा।

गौरतलब है कि जीआई यानी जियोग्राफिकल इंडिकेशन या भौगोलिक संकेतक का इस्तेमाल ऐसे उत्पादों के लिए किया जाता है, जिनका एक विशिष्ट भौगोलिक मूल क्षेत्र होता है। किसी उत्पाद को इस खास भौगोलिक पहचान के मिल जाने से उस के उत्पादकों को उसकी अच्छी कीमत मिलती है। 2003 में संसद में जीआई कानून पास हुआ था। भारत की विरासत और पहचान को बचाना और उसे दुनियाभर में प्रसिद्ध करने की कानूनी कवायद इसका खास मकसद है। क्योंकि भारत के मशहूर उत्पादों की नकल कर वैसा ही सामान वैश्विक बाजार में खूब बेचा जा रहा था। इससे देश की धरोहर और विरासत को खतरा महसूस हुआ, जिसके बाद असली उत्पाद की गरिमा को बनाए रखने के लिए जीआई टैग का कानून लाया गया। जीआई टैग वाणिज्य मंत्रालय के तहत आने वाले डिपार्टमेंट ऑफ इंडस्ट्री प्रमोशन एंड इंटरनल ट्रेड की तरफ से दिया जाता है। इसका पंजीकरण 10 साल के लिए मान्य होता है। साल 2004 में देश में सबसे पहले दार्जिलिंग की चाय को जीआई टैग मिला था। इसके बाद कम से कम 3 सौ उत्पादों पर जीआई टैग लग चुका है। अल्फांसो आम, बासमती चावल, नागपुर संतरा, कांगड़ा चाय, अलीगढ़ का ताला, मदुराई मल्ली. बनारसी साड़ी, कांचीपुरम सिल्क, चंदेरी साड़ी, मधुबनी पेंटिंग, तिरुपति लड्डू, मैसूर पाक, बीकानेरी भुजिया, हैदराबादी हलीम, मिर्जापुरी दरी, लखनऊ की चिकनकारी, कपडगंडा शॉल, लांजिया सौरा पेंटिंग, कोरापुट काला जीरा चावल, सिमिलिपाल काई चटनी, नयागढ़ कांटेईमुंडी बैंगन, ओडिशा खजुरी गुड़, ढेंकनाल माजी, वांचो लकड़ी शिल्प, आदि केकिर, तंगेल साड़ी, गारद साड़ी, कोरियल साड़ी, कालो नुनिया चावल, सुंदरबन शहद, कच्ची खारेक जैसे कई उत्पादों को खास पहचान सुरक्षित रखने का उपक्रम किया गया है। 2019 में तो ओडिशा और प.बंगाल के बीच रसगुल्ले पर जीआई टैग को लेकर रोचक विवाद भी खड़ा हुआ, जिसमें दोनों प्रांतों ने अपना-अपना दावा इस रसीली मिठाई पर किया।

जीआई टैग लगे इन उत्पादों की सूची भारत की सांस्कृतिक समृद्धि की परिचायक है। इसे हर हाल में संरक्षित करना होगा। देश का विकास बड़े-बड़े फ्लाईओवर, हवाई अड्डे जैसी संरचनाओं से ही नहीं होता है, बल्कि इसमें कोल्हापुरी चप्पल जैसी साधारण लगने वाली चीजों का भी बड़ा योगदान होता है। सरकार इस पर ध्यान दे।

# कांग्रेस को 'फिदायीन हमलावरों' से कैसे बचाएंगे राहुल?

कांग्रेस के शीर्ष नेता राहुल गांधी ने कुछ समय पहले गुजरात में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा था कि कांग्रेस में ऐसे कई लोग हैं जो गुप्त रूप से भाजपा के लिए काम करते हैं। उन्होंने कहा था कि ऐसे नेताओं को पहचानने और बाहर निकालने की जरूरत है। बाद में यही बात राहुल ने बिहार और मध्य प्रदेश में भी कही। लगभग ऐसी ही बात चालीस साल पहले राहुल के पिता राजीव गांधी ने प्रधानमंत्री और कांग्रेस अध्यक्ष की हैसियत से कही थी।

दिसंबर 1985 में कांग्रेस पार्टी की स्थापना के 100 साल पूरे होने पर बंबई (अब मुंबई) में आयोजित शताब्दी अधिवेशन में तत्कालीन प्रधानमंत्री और कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गांधी ने कहा था कि कांग्रेस को सत्ता के दलालों से मुक्त कराया जाएगा। राजीव पांच साल तक प्रधानमंत्री और अपनी हत्या होने तक करीब साढ़े छह साल तक कांग्रेस के अध्यक्ष रहे लेकिन सत्ता के किसी भी दलाल को कांग्रेस से बाहर नहीं कर सके। अलबत्ता अरुण नेहरू जैसे सत्ता के दुर्दांत दलाल जरूर उनके विश्वासपात्र सलाहकार बनकर उनसे उलटे-सीधे फैसले करवाते रहे।

शाहबानो मामले में मुस्लिम कट्टरपंथियों के आगे झुकते हुए सुप्रीम कोर्ट के फैसले को संसद के जरिये पलटने और फिर हिंदू कट्टरपंथियों को संतुष्ट करने के लिए अयोध्या में ताला खुलवाने जैसे विवादास्पद फैसले अरुण नेहरू की ही देन थे, जिनका खामियाजा कांग्रेस ने 1989 के चुनाव में भी भुगता और आज तक भुगत रही है। बाद में अरुण नेहरू जनता दल और विश्वनाथ प्रताप सिंह की सरकार में भी मंत्री रहे और उस सरकार के गिरने के बाद भाजपा में शामिल होकर अखबारों में कॉलम लिखने लगे थे, जिसमें वे कांग्रेस के खिलाफ खूब जहर उगलते थे।

अरुण नेहरू के अलावा दूसरे तमाम सत्ता के दलाल पार्टी में जमे रहे- राजीव गांधी के जीवनकाल में और उनके बाद भी। उनका कांग्रेस से बाहर निकलने का सिलसिला 2013 से शुरू हुआ, जब उन्हें लग गया कि अब कांग्रेस सत्ता से बाहर होने वाली है। तब से लेकर अब तक सत्ता के दलालों का कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल होने का सिलसिला बना हुआ है।

पिछले बारह वर्षों के दौरान करीब एक दर्जन पूर्व मुख्यमंत्री, दो दर्जन से ज्यादा पूर्व केंद्रीय मंत्री, असंख्य पूर्व सांसद-विधायक और अन्य छोटे-बड़े नेता कांग्रेस छोड़ कर भाजपा में शामिल हुए हैं, जिनमें से ज्यादातर गले में भगवा पट्टा डाले हुए सत्ता सुख भोग रहे हैं। इसे उनकी 'घर वापसी' भी कह सकते हैं। इसके अलावा भी कई नेता ऐसे हैं जो अभी कांग्रेस में बने हुए हैं लेकिन काम भाजपा के लिए कर रहे हैं। ऐसे ही लोगों की ओर राहुल गांधी ने गुजरात, बिहार और मध्य प्रदेश में इशारा किया था।

सवाल है कि क्या राहुल ऐसे लोगों की पहचान कर उन्हें कांग्रेस से बाहर का रास्ता दिखाने का साहस कर पाएंगे? राजीव गांधी ने जब सत्ता के दलालों को पार्टी से बाहर करने की बात कही थी तब तो कांग्रेस अभूतपूर्व बहुमत के साथ सत्ता में थी। देश के तीन चौथाई से ज्यादा राज्यों में भी उसकी सरकारें थीं। राजीव गांधी प्रधानमंत्री होने के साथ ही पार्टी के भी अध्यक्ष थे और पार्टी पर उनका पूरी तरह नियंत्रण था। इसके बावजूद वे किसी भी नेता की सत्ता के दलाल के तौर पर शिनाख्त कर उसे पार्टी से बाहर नहीं कर पाए थे।



अनिल जैन

**जैसे ही राहुल गांधी ने भाजपा के दलालों को पहचानने और उन्हें कांग्रेस से बाहर करने की बात कही, वैसे ही पार्टी के कुछ बुद्धिजीवीनुमा लोगों ने उत्तर प्रदेश और बिहार में इंडिया गठबंधन को तोड़ने और भाजपा की राह आसान करने के लिए एक अभियान शुरू कर दिया है। इस अभियान के तहत पचास साल पुराने आपातकाल का औचित्य साबित करने की कोशिश की जा रही है।**

अब तो हालात बिल्कुल अलग हैं। चूंकि पार्टी पिछले एक दशक से केंद्र सहित ज्यादातर राज्यों में सत्ता से तो बाहर है, इसलिए शीर्ष नेतृत्व की पार्टी संगठन पर पकड़ भी बेहद कमजोर है। नेतृत्व की इसी कमजोरी का फायदा उठाते हुए पार्टी में कई लोग हैं जो अलग-अलग स्तरों पर विभिन्न तरीकों से पार्टी की जड़ें खोदने का काम खुल कर करते हैं और मौका आने पर पार्टी नेतृत्व को आंखें भी दिखाते हैं। इस समय पार्टी का एक समूह ऐसा ही कर रहा है।

जैसे ही राहुल गांधी ने भाजपा के दलालों को पहचानने और उन्हें कांग्रेस से बाहर करने की बात कही, वैसे ही पार्टी के कुछ बुद्धिजीवीनुमा लोगों ने उत्तर प्रदेश और बिहार में इंडिया गठबंधन को तोड़ने और भाजपा की राह आसान करने के लिए एक अभियान शुरू कर दिया है। इस अभियान के तहत पचास साल पुराने आपातकाल का औचित्य साबित करने की कोशिश की जा रही है। सब जानते हैं कि आपातकाल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा के इको सिस्टम का प्रिय मुद्दा है, जिसके सहारे वे मौके-बेमौके कांग्रेस पर हमला करते रहते हैं। ऐसे में समझा जा सकता है कि आपातकाल का औचित्य साबित करने का जो अभियान शुरू हुआ है, उससे किसे फायदा होगा!

पिछले दस सालों के दौरान 'आरएसएस एंड संस' के तत्वावधान में गांधी और नेहरू का पर्याप्त रूप से चरित्र हनन हो चुका है और वामपंथियों को तो वे पहले ही देश का शत्रु घोषित कर चुके हैं। अब बचे हैं समाजवादी आंदोलन के प्रतीक पुरुष जयप्रकाश नारायण (जेपी) तथा डॉक्टर राममनोहर लोहिया, जिनका चरित्र हनन वह खुद नहीं करना चाहते, इसलिए उनके रणनीतिकारों ने यह जिम्मा भी आपातकाल के इन नवजात कांग्रेसी आशिकों को सौंपा है। इस जिम्मेदारी को भी कांग्रेस से जुड़ी यह मंडली पूरे उत्साह से निभाने में जुटी है। दलीय राजनीति से दूर जो समाजवादी कार्यकर्ता, लेखक और पत्रकार मौजूदा सरकार के तानाशाहीपूर्ण कृत्यों के विरोध में कांग्रेस का प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष सहयोग कर रहे हैं, उन्हें चिढ़ाने और उकसाने के लिए जेपी-लोहिया जैसे भारत छोड़ो आंदोलन के महानायकों और भारतीय समाजवादी आंदोलन के शिखर पुरुषों को बिना किसी सबूत के सीआईए का एजेंट, देशद्रोही और इजरायल का समर्थक बताया जा रहा है।

लोकतंत्र में कोई भी व्यक्ति आलोचना से परे नहीं हो सकता। किसी बात के लिए महात्मा गांधी की भी आलोचना हो सकती है और नेहरू-पटेल व जेपी-लोहिया की भी, लेकिन उसका कोई तार्किक आधार तो होना चाहिए। मगर आपातकाल के इन नवजात आशिकों को इससे कोई मतलब नहीं। इन्हें किसी ने रटा दिया है कि 1967 में लोहिया ने और 1974 में जेपी ने आरएसएस और जनसंघ की मदद लेकर इन्हें राजनीतिक वैधता प्रदान की जिससे ये ताकतवर हो गए और आज देश भर में सत्ता पर काबिज हैं। इन लोगों के पास इस बात का कोई जवाब नहीं है कि 1984 में दो सीटों पर सिमटने के बाद भाजपा को मिली ताकत के लिए कौन जिम्मेदार है? शाहबानो मामले में मुस्लिम कट्टरपंथियों के आगे घुटने टेकने, हिंदू कट्टरपंथियों को खुश करने के लिए अयोध्या का ताला खुलवाने और मंडल आयोग की सिफारिशों का विरोध करने जैसे आत्मघाती फैसलों के लिए कांग्रेस पर दबाव बनाने के लिए क्या जेपी और लोहिया आए थे?

अपनी सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ 1974 में शुरू हुए आंदोलन को कुचलने के लिए देश पर आपातकाल थोपने वाली इंदिरा गांधी ने 1980 में सत्ता में वापसी करने के बाद आपातकाल लागू करने को अपनी गलती मान लिया था। आपातकाल के दौरान हुईं ज्यादतियों के लिए भी उन्होंने खेद जताया था। उनके बाद हुए कांग्रेस के तीन अन्य प्रधानमंत्रियों और 22 साल तक कांग्रेस अध्यक्ष रहीं सोनिया गांधी ने भी आपातकाल को गलत माना, लेकिन कांग्रेस के भीतर रातों-रात पैदा हुए आपातकाल के नवप्रसूत आशिक पूरी बेशर्मी के साथ आपातकाल के महिमामंडन में जुटे हैं।

इन लोगों के बारे में एक तथ्य यह है कि ये लोग मौजूदा अघोषित आंदोलन के बारे में कभी मुंह नहीं खोलते बल्कि पुराने आपातकाल का औचित्य साबित कर प्रकारांतर से मौजूदा अघोषित आपातकाल को भी सही मानते हैं। राहुल गांधी पिछले लंबे समय से कांग्रेस का खोया हुआ जनाधार हासिल करने के लिए सामाजिक न्याय के मुद्दे को शिद्दत से उठा रहे हैं। वे सांप्रदायिक ताकतों और सरकार की मदद से देश के संसाधनों को लूट रहे बेईमान उद्योग घरानों को सीधे-सीधे ललकार रहे हैं। मगर इन मुद्दों में कांग्रेस के इन आपातकाल प्रेमियों की कोई रूचि नहीं है। वजह साफ है कि ये कहीं और से निर्देशित होते हुए आपातकाल की जय-जयकार और जेपी-लोहिया के लिए धिक्कार मंत्र का जाप कर रहे हैं।

इन लोगों का यह अभियान सीधे-सीधे राहुल गांधी को चुनौती है। अब राहुल को तय करना होगा कि वे कांग्रेस में घुसे इन नागपुरी फिदायीन हमलावरों की चुनौती से कैसे निबटते हैं।

**(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं)**

# बिहार में नये मतदाता मानदंड लागू करना एनआरसी लाने का संकेत

■ **डॉ. ज्ञान पाठक**

बिहार में चुनाव 22 नवंबर, 2025 को विधानसभा की अवधि समाप्त होने से पहले होने हैं। सभी राजनीतिक दल इस महाचुनावी लड़ाई की जोरदार तैयारी कर रहे हैं। बिहार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण चुनावी लड़ाई रही है। खबरों में बताया गया है कि पार्टी ने बिहार में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 200 या उससे अधिक चुनावी रैलियां कराने की योजना बनायी है। इसलिए भारत के चुनाव आयोग के पास पिछले एक दशक में किसी भी अन्य चुनाव की तुलना में बिहार चुनाव को अधिक गंभीरता से लेने के अलावा कोई विकल्प नहीं है।

इसी सामान्य संदर्भ में भारत के चुनाव आयोग ने मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) करने का निर्देश दिया है, जो 1 जुलाई, 2025 से शुरू होगा। पिछला गहन पुनरीक्षण1 जनवरी, 2003 की निर्धारित तिथि को आधार मानकर किया गया था। इसका मतलब है कि मतदाता सूची नये सिरे से तैयार की जायेगी और मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने के लिए, एक नागरिक, खासकर वे लोग जिनका नाम 2003 की मतदाता सूची में नहीं था, उन्हें अपनी नागरिकता साबित करनी होगी।

**ईसीआई ने कहा है कि सभी मतदाताओं को एक गणना फॉर्म जमा करना होगा और 2003 के बाद पंजीकृत लोगों को आयोग द्वारा निर्दिष्ट दिशा-निर्देशों और कार्यक्रम के अनुसार अपनी नागरिकता साबित करने वाले दस्तावेज भी देने होंगे। एक नया घोषणा पत्र जोड़ा जायेगा जिसमें नागरिकता के प्रमाण की आवश्यकता होगी। इससे पहले, ईसीआई के फॉर्म 6 में आवेदक द्वारा यह घोषणा करना पर्याप्त था कि वे नागरिक हैं।**

ईसीआई ने कहा है कि सभी मतदाताओं को एक गणना फॉर्म जमा करना होगा और 2003 के बाद पंजीकृत लोगों को आयोग द्वारा निर्दिष्ट दिशा-निर्देशों और कार्यक्रम के अनुसार अपनी नागरिकता साबित करने वाले दस्तावेज भी देने होंगे। एक नया घोषणा पत्र जोड़ा जायेगा जिसमें नागरिकता के प्रमाण की आवश्यकता होगी। इससे पहले, ईसीआई के फॉर्म 6 में आवेदक द्वारा यह घोषणा करना पर्याप्त था कि वे नागरिक हैं। आयोग ने यह भी कहा है कि रोल का 'विशेष गहन पुनरीक्षण' या एसआईआर, अंतत: सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को कवर करेगा। बिहार में अंतिम संशोधित मतदाता सूची 30 सितंबर, 2025 को प्रकाशित की जायेगी।

यह चुनाव आयोग के निर्णय को सबसे विवादास्पद बनाता है, क्योंकि हम असम में पहले ही देख चुके हैं कि न केवल बांग्लादेशी घुसपैठियों के लिए, बल्कि वास्तविक भारतीय नागरिकों के लिए भी नागरिकता साबित करना कितना मुश्किल था। राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) के प्रारंभिक मसौदे में 40 लाख लोगों को बाहर रखा गया था, और अंतिम सूची में 19 लाख लोगों को बाहर रखा गया, क्योंकि वे अपनी नागरिकता साबित नहीं कर सके, हालांकि 1971 कटऑफ वर्ष था। 2018 में पहली सूची आने और 2019 में अंतिम सूची प्रकाशित होने के बाद भी यह मुद्दा हल नहीं हुआ है।

यह स्पष्ट रूप से इस तथ्य की याद दिलाता है कि बिहार की 2025 की संशोधित मतदाता सूची से लाखों लोगों को हटा दिया जायेगा, जिसे बस कुछ महीनों के भीतर तैयार किया जाना है। चुनाव आयोग मतदाता को अपनी नागरिकता साबित करने के लिए सीमित समय देगा, जो वह नहीं कर सकता, जैसा कि असम के अनुभव ने पहले ही दिखा दिया है।

इसके अलावा, यह भी ध्यान देने वाली बात है कि बिहार में 2003 के बाद पैदा हुए सभी लोगों के पास जन्म प्रमाण पत्र तक नहीं है। जनसंख्या अनुसंधान केंद्र की रिपोर्ट के अनुसार, बिहार में जन्म पंजीकरण दर 2018 में केवल 80.3 प्रतिशत तक पहुंच पाई थी। इसका मतलब है कि लाखों लोग अपना जन्म प्रमाण पत्र भी नहीं दे पायेंगे, और इसलिए संशोधित मतदाता सूची से बाहर हो सकते हैं।

ईसीआई स्पष्ट रूप से पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार से प्रभावित है, जो एनआरसी की राजनीति कर रही है। संशोधित मतदाता सूची में शामिल होने की अनुमति देने के लिए 'नागरिकता साबित करना' शर्त के रूप में, मतदाता सूची के विशेष संशोधन के नाम पर एनआरसी का अप्रत्यक्ष कार्यान्वयन है। चूंकि नागरिकता साबित करना एक विवादास्पद मामला है, इसलिए ईसीआई को इसे शर्त के रूप में नहीं रखना चाहिए था, जब तक कि यह मुद्दा हल न हो जाये।

मोदी सरकार की ओर से नागरिकता के मुद्दे को लेकर ईसीआई का कदम न केवल यह दर्शाता है कि ईसीआई से समझौता किया गया है, बल्कि यह भी संकेत देता है कि पूरे भारत के लिए एनआरसी का निर्माण और रखरखाव मोदी सरकार के कार्ड पर है। इस संदर्भ में टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी का बयान ध्यान देने योग्य है। उन्होंने कहा कि संशोधन के कारण ग्रामीण लोग बाहर रह जायेंगे। उन्होंने कहा,'और फिर आप सूची बढ़ाने के लिए 'उधार लिए गए मतदाताओं' के नाम शामिल करेंगे। ऐसा इसलिए है क्योंकि आप हार रहे हैं। सिर्फ इसलिए कि आप हार रहे हैं, आप दूसरे राज्यों के नाम जोड़ देंगे। यह एनआरसी से भी ज़्यादा ख़तरनाक है।'

ध्यान रहे कि पश्चिम बंगाल में अगले साल चुनाव होने वाले हैं। ममता ने भाजपा और चुनाव आयोग पर मिलकर काम करने और 'नए मतदाता सूची सत्यापन प्रक्रिया की आड़ में बंगाल और उसके लोगों', ख़ास तौर पर बंगाल के युवाओं को निशाना बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, 'यह बहुत चिंताजनक है। उन्होंने मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने के लिए एक घोषणा पत्र पेश किया है। 1 जुलाई 1987 और 2 दिसंबर 2004 के बीच जन्मे लोगों के लिए मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने के लिए माता-पिता के जन्म प्रमाण पत्र के साथ एक नया घोषणा पत्र जमा करना होगा। ईसीआई का कहना है कि माता-पिता के जन्म प्रमाण पत्र जमा करने होंगे। पूर्ण गणना के नाम पर क्या चल रहा है? यह ईसीआई का एक दस्तावेज और घोषणा पत्र है। इसमें कई अनियमितताएं हैं।'

यहां 'मतदाता सूची में हेराफेरी' के आरोप का उल्लेख किया जा सकता है जो प्रथम दृष्टया संभव प्रतीत होते हैं, और यह भाजपा और एनडीए के पक्ष में जा सकता है, जैसा कि विपक्षी कांग्रेस के नेता राहुल गांधी द्वारा महाराष्ट्र में कथित तौर पर ऐसा करने का आरोप लगाया गया है।

कांग्रेस ने भी चुनाव आयोग के नये कदम का विरोध करते हुए कहा है कि इससे राज्य मशीनरी का इस्तेमाल करके मतदाताओं को जानबूझ कर बाहर किये जाने का जोखिम है, और उसने इसे 'धूर्ततापूर्ण' करार दिया।

चूंकि चुनाव आयोग ने पहले ही कहा है कि बिहार से शुरू करके पूरे देश में मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण किया जायेगा, इसलिए हम यह मान सकते हैं कि ऐसी सभी कवायदों में नागरिकता के प्रमाण की शर्त होगी। मतदाता सूची के पुनरीक्षण में यह एक नयी बात है, जिसके लिए चुनाव आयोग ने नये नियम और दिशा-निर्देश बनाये हैं, लेकिन मतदाताओं को उनका पालन करने के लिए पर्याप्त समय नहीं दिया है। यह चुनाव आयोग का पूरी तरह से अलोकतांत्रिक रवैया है।

इस मुद्दे ने पहले ही बिहार में राजनीतिक तूफान खड़ा कर दिया है, और इसका असर अन्य राज्यों पर भी पड़ने की संभावना है। बुधवार को पटना में बिहार के मुख्य चुनाव अधिकारी के साथ राजनीतिक दलों की बैठक में राजद, कांग्रेस, सीपीआई (एमएल) लिबरेशन, सीपीआई और सीपीआई (एम) सहित इंडिया ब्लॉक के प्रतिनिधियों ने सर्वसम्मति से एसआईआर को खारिज कर दिया, तथा इसे गरीब, ग्रामीण और अल्पसंख्यक मतदाताओं को बाहर करने की चाल बताया।

## आपके पत्र

### अज्ञानता को एक श्राप मानकर छुटकारा पा लेना चाहिये

विकास के मानक क्या हो? इस विषय में सर्वदा मतभेद रहे हैं। सामन्यतया दैनिक आवश्यकताओं की व्यवस्थित संपूर्ति को विकास मान लिया जाता है। साफ सुधरी सड़के, भवन, बांध नहरें, लहराते खेतों को विकास का पर्याय स्वीकार किया जाता है किन्तु क्या यह सब होकर भी कोई व्यक्ति वस्तुत: पूर्ण विकसित हो गया है? यदि उस में जीवन विज्ञान नहीं है सच्चरित्र और दुष्चरित्र की व्याख्याएं उसे उपलब्ध नहीं है। पशु की तरह मात्र उपभोक्ता बन कर जीता रहे तो क्या हम उसे पूर्ण विकसित मानव कह सकते हैं? स्पष्ट है कि यह इतना सब कुछ मौलिक वैभव पाकर भी जब तक उसे आत्मज्ञान नहीं है यह एक अन्धकार में है। अज्ञानता अन्धकार ही है। इस अन्धकार का निराकरण ज्ञान साधना से ही संभव है। अन संपत्ति और भौतिक उपादान उस अज्ञानता को तनिक भी कम नहीं कर सकते। अज्ञान दशा में भौतिक समृद्धि और अधिक अहंकार का साधन बन कर मानव को विकृत कर देती है। वस्तुत: अज्ञानता एक अपराध है। किन्तु अज्ञात दशा में जीने वले को यह समझ में नहीं आएगा। उसे यह समझ देनी होगी। प्रत्येक ज्ञानवान व्यक्ति सद्‌गुरु और सरकार सभी ऐसा प्रयत्न करे कि अज्ञानी को अज्ञान उपाय प्रतीत हो। सरकार को भी चाहिये कि वह जैसे अन्य अपराधों को समाप्त करने का प्रयास करती है वैसे ही अज्ञानता को अपराध मानकर एक पाप मानकर राष्ट्र को उससे मुक्ति दिला ने का प्रयत्न करें।

देश में अज्ञानता यदि विद्यमान रहती है और फलती फूलती है तो विकास की सारी योजनाएं व्यर्थ चली जाएगी। अज्ञानता में किसी साधन के सदुपयोग का प्रश्न ही नहीं। भारत में विदेशों से अपार घन आया। विकास की अनेकानेक योजनाएं देश में प्रारम्भ हुई घन का व्यय भी हो गया। भारत कर्ज के पहाड़ के नीचे दब गया था किन्तु विकास की गति कैसी रहीं। किसी भी विदेशी से समीक्षा करा कर देख लीजिये विकास के नाम पर जो हुआ वह राष्ट्र की विशालता की तुलना में बहुत ही अल्प था और जो विकास हुआ भी तो वह उपयोगी कितना रहा? कहने की आवश्यकता नही कि देश में फैली हुई व्यापक अज्ञानता ने विकास के चक्र की गति ही रोक कर रख दी थी।आज समुच्चित विकास की दौड़ में भारत हर क्षेत्र में आगे है।इसको अज्ञानता के वशीभूत नही कहा जा सकता है।देश मे जो भी उपार्जन हुआ है।उसके पीछे ज्ञानवान बुद्धिजीवी लोगो की टीम लगी है।इनके द्वारा उनकी सोच की वजह से भारत स्थिर बन गया है।आज विश्व को टक्कर देने वाली आर्थिक स्वावलंबन और इंफ्रास्ट्रक्चर में सबसे आगे बढ़ने वाले भारत ने पीछे मुड़कर नही देखा।यह भारत के लिए बड़ी उपलब्धि है।

**- कांतिलाल मांडोत, सूरत**



## ललित सुरजन की कलम से

### मोदी सरकार : तीस दिन

*'घरेलू मोर्चे पर गृहमंत्रालय ने हिन्दी का प्रयोग बढ़ाने के बारे में जो परिपत्र जारी किया उसने एक अनावश्यक विवाद को जन्म दिया। इसके पहले उनके मंत्री जनरल वी.के.सिंह, नजमा हैपतुल्ला और डॉ.जितेन्द्र सिंह ने जो बयानबाजी की उनसे भी सरकार के भावी इरादों को लेकर वृहत्तर समाज में चिंता का वातावरण बना। अभी दो दिन पहले गृहमंत्री राजनाथ सिंह ने आईपीएस में भर्ती के नियमों को शिथिल करने की वकालत की है उसका असली उद्देश्य क्या है यह समझ नहीं आया हैं। इसी मंत्रालय में सफाई अभियान के नाम पर डेढ़ लाख पुरानी फाइलें नष्ट कर दी गई। यह खबर चौकाने वाली है। हमारे देश में दस्तावेजीकरण के प्रति अनादिकाल से अवज्ञा भाव रहा है इससे कई मामलों में भ्रम पैदा होता है। आज की व्यवस्था में यह अनुकरणीय नहीं है। सरकार ने यह नहीं बताया कि कौन सी फाईलें नष्ट की गई हैं और इस तरह पारदर्शिता की अवहेलना हुई है।'*

**(देशबन्धु में 27 जून 2014 को प्रकाशित)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2014/06/blog-post_26.html

## पावन प्रसंग

### शांति का जन्मदाता भारत

शांति का प्रसार करना ही सदा से भारत का आदर्श रहा है तथा इस निमित्त आज भी समाज को आगे आने एवं अपनी प्रतिभा का परिचय देने की आवश्यकता है। यदि समाज इस सत्य के प्रति जाग जाए कि भीतर की शांति को बाहरी क्रियाकलापों से नहीं खरीदा जा सकता है एवं एक बार यदि वह मिल जाए, तो फिर बाहर उसके लिए भटकना भी नहीं पड़ता, मात्र इतनी सी बात लोगों को यदि समझ आ जाए तो क्रांति का बिगुल बजते देर नहीं लगेगी।

इंसान की मान्यताओं में उसके चालचलन के ढंग में एवं उसकी सभी सुविधाओं एवं अभिरूचियो में आश्चर्यजनक परिवर्तन आ जाता है, जब वह इस केन्द्रीय सत्य को समझ ले कि उसका जीवन किसी उच्चतर शक्ति के द्वारा कार्यशील है एवं उसे मात्र अपने को एक साधन के रूप में प्रयुक्त करना है। यही आध्यात्मिकता है, इसके अलावा आध्यात्मिकता का कोई सूत्र नहीं, कोई पैमाना नहीं।

आध्यात्मिक व्यक्ति मात्र इस आंतरिक चाल के अनुसार ही चल पाता है तथा उसका हर प्रयोजन दिव्यता की दिशा में, स्वयं को ऊंचा उठाकर, इस जगत की सेवा में लगने योग्य होता है। भारतीय चिंतन पद्धति इसी एक सत्य का प्रतिनिधित्व करती है एवं हरेक ग्रंथ में हमें यही बात देखने को मिलेगी कि सत्य किसी व्यक्ति से अनछुआ नहीं, मात्र सत्य के प्रति ग्रहणशीलता को बढ़ाने की दिशा में बढ़ना होता है।

दर्शन की किसी भी शाखा को देख लीजिए, उपनिषदों का कोई भी उदाहरण ले लीजिए, भगवद्गीता के सार को ग्रहण करिए या बुद्ध, महावीर, नानक की सीख को ही ले लीजिए। आप देखेंगे कि ये सब एक अकाट्य सत्य की और हमारे ध्यान को ले चलते हैं। वह यह कि जीवन का स्रोत आपके भीतर ही है तथा बाहर जिस भी चीज को आप ढूंढने चलेंगे वह या तो आपके अज्ञान का विस्तार होगा या आपको प्रज्ञा का प्रकटीकरण तथा जीवन को किस दृष्टि से देखना चाहिए, यह वह भीतर वाला स्रोत ही आपको बताएगा, न कि आपके मन की विविध वृत्तियां या आपके सोचने-समझने का प्रचलित ढंग।

इसी तथ्य को जब दूसरे तरीके से हम समझते हैं तो कह देते हैं कि यह संसार माया है, परंतु माया से तात्पर्य किसी अनजान भूल भुलैया से नहीं, बल्कि इस संसार में मिट जाने की आपकी ललक से. आपके स्वार्थ एवं अहंकार से है। भारत की भूमि पर जब यह आध्यात्मिक चिंतन विकसित हो रहा था, तब ऋषियों ने जिन वेद ऋचाओं का उच्चारण किया, वे कहीं से ढूंढ नहीं ली गई थीं, बल्कि प्रकृति में व्याप्त उस विराट ब्रह्म की ऊर्जा तरंग को स्पर्श कर, वे स्वयमेव उस सत्य के उद्घाटक बन गए, जो कि जीवन की परिपूर्णता का संदेश लेकर, उनके समक्ष प्रस्तुत हुआ था।

आधुनिक समय में जब विवेकानंद उन ऋषियों का प्रतिनिधित्व करते हैं, तो वे उस संदेश को जन-जन तक पहुंचाने, उसकी अलौकिक आभा का विस्तार करने एवं उसे एक नया आयाम देने को चल पड़ते हैं। वे उसे वेदांत की भाषा में, भारतीय दर्शन की उच्चतम प्रतिच्छाया के रूप में, समस्त विश्व को एकरूप करने वाली विचारधारा के संदर्भ में प्रयुक्त करते हैं एवं भारत समेत विश्व की जनता उनकी अद्भुत गुण-मेधा की स्वीकार, एक नए ही रंग-रूप में प्रतिभाषित होती है।

यही अध्यात्म का उच्चतम चिंतन कुछ वर्षों बाद योगीराज अरविंद, पूज्य गुरुदेव एवं रमन महर्षि की साधना पद्धतियों के रूप में मुखरित होता है एवं भविष्य में इसके और भी बड़े परिमाण में विकसित होने एवं तदनुरूप जन-जन की आवाज बनने की दिशा के आसार हैं। यही आध्यात्मिक चिंतनशैली भारत की विश्व को अमूल्य धरोहर है तथा इसे ही संरक्षित करना वर्तमान युग में हम सब का कर्तव्य है।

**-अखंड ज्योति**

# देश विदेश

## जून में ईरान से रिकॉर्ड 256,000 प्रवासी अफगानिस्तान लौटे : आईओएम

**तेहरान।** अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) ने कहा कि जून में रिकॉर्ड 256,000 बिना दस्तावेजों के अफ़गानिस्तानी प्रवासी ईरान से स्वदेश लौटे और उनकी मदद के लिए कोई संसाधन नहीं हैं। संगठन ने सोमवार को एक बयान में कहा कि अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) ईरान से बिना दस्तावेजों के अफ़गान प्रवासियों के लौटने में अभूतपूर्व वृद्धि पर चिंता जता रहा है, अकेले जून में 256,000 से अधिक लोग ईरान से अफगानिस्तान पहुंचे हैं। यह रिकॉर्ड आवाजाही सीमा संसाधनों को चरमरा रही है, जबकि महत्वपूर्ण वित्तीय कमी आईओएम और भागीदारों की सहायता प्रदान करने की क्षमता में बाधा डालती है, जिससे ज़रूरतमंदों में से केवल 10 प्रतिशत तक ही सहायता पहुँच पाती है।

मुख्य न्यायाधीश पर चिल्लाया तो व्यक्ति को घसीटकर बाहर हटाया

# इजरायल की सुरक्षा एजेंसी शिन बेट के प्रमुख की नियुक्ति पर बवाल

**यरूशलम, 1 जुलाई (एजेंसियां)।** मंगलवार को यरूशलम के सुप्रीम कोर्ट में एक अहम सुनवाई के दौरान तनावपूर्ण माहौल देखने को मिला। मामला इजरायल की सुरक्षा एजेंसी शिन बेट के नए प्रमुख की नियुक्ति से जुड़ा था, जिसे लेकर प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं। इजरायल की अटॉर्नी जनरल गली बहारव-मिआरा ने यह साफ कर दिया कि प्रधानमंत्री नेतन्याहू शिन बेट प्रमुख की नियुक्ति नहीं कर सकते। उनके मुताबिक, यह कदम 'हितों के टकराव' के तहत आता है। बता दें, कतरगेट और लीक दस्तावेजों की जांच शिन बेट और पुलिस कर रही है। ध्यान देने वाली बात यह है कि इनमें प्रधानमंत्री के बेहद करीबी सहयोगी शामिल हैं। इसलिए नेतन्याहू की ओर से इस जांच



■ प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की भूमिका पर उठ रहे हैं सवाल

एजेंसी के मुखिया की नियुक्ति उचित नहीं मानी गई है। इसी को लेकर कोर्ट में दायर याचिकाओं की सुनवाई के दौरान माहौल गर्म हो गया है। जैसे ही कोर्ट की कार्यवाही शुरू हुई, सुप्रीम कोर्ट के अध्यक्ष जस्टिस यित्ज़ाक अमित ने साफ चेतावनी दी कि कोई भी व्यक्ति कार्यवाही में बाधा डालेगा तो उसे बाहर निकाल दिया जाएगा। इसके बावजूद, जब जस्टिस कमरे में कतरगेट जांच की स्थिति को जानने के लिए रवाना हो रहे थे, तभी कोर्ट की सुनवाई के दौरान एक व्यक्ति ने जस्टिस अमित पर चिल्लाना शुरू कर दिया। उस व्यक्ति को तुरंत सुरक्षा कर्मियों द्वारा कोर्ट रूम से बाहर ले जाया गया। उसकी बात पूरी तरह से सुनाई नहीं दी, लेकिन इस बीच कोर्ट हॉल में मौजूद कई लोग 'शर्म करो' जैसे नारे लगाने लगे।

## इजरायली प्रधानमंत्री 7 जुलाई को जाएंगे अमेरिका

यरुशलम। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सात जुलाई को व्हाइट हाउस में इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की मेजबानी करने जा रहे हैं। 'व्हाइट हाउस' ने 'द इजरायल टाइम्स' से इसकी पुष्टि की है। ट्रंप गाजा में युद्धविराम और बंधकों की रिहाई के लिए अपनी कोशिशें तेज कर रहे हैं। जनवरी 2025 में डोनाल्ड ट्रंप सत्ता में वापस लौटे थे, जिसके बाद यह नेतन्याहू की व्हाइट हाउस की तीसरी यात्रा होगी। यह मुलाकात गाजा में युद्ध विराम और ईरान की क्षेत्रीय गतिविधियों और राजनायिक संबंधों के विस्तार पर केंद्रित होगी। व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी कैरोलिन लेविट ने बताया कि ट्रंप और प्रशासन के अधिकारी इजरायली नेतृत्व के साथ लगातार संपर्क में हैं।

## ट्रंप ने सीरिया से हटाए प्रतिबंध, कार्यकारी आदेश पर किया हस्ताक्षर

**वाशिंगटन, 1 जुलाई (एजेंसियां)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सीरिया पर लगे प्रतिबंधों को खत्म करने वाले कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। व्हाइट हाउस की आधिकारिक वेबसाइट पर इसकी जानकारी दी गई है। व्हाइट हाउस ने एक फैक्ट शीट में कहा कि ट्रंप ने देश की स्थिरता और शांति के मार्ग का समर्थन करने के लिए सीरिया प्रतिबंध कार्यक्रम खत्म करने वाले एक ऐतिहासिक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं। व्हाइट हाउस ने कहा कि यह आदेश सीरिया पर प्रतिबंधों को हटाता है, जबकि



बशर अल-असद पर प्रतिबंधों को बनाए रखता है। यह आदेश कुछ वस्तुओं पर एक्सपोर्ट कंट्रोल में रियायत देने और सीरिया को दी जाने वाली कुछ विदेशी सहायता पर लगे प्रतिबंधों को हटाने की अनुमति देता है। इस आदेश के तहत, अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो को संयुक्त राष्ट्र में सीरिया में स्थिरता का समर्थन करने के लिए प्रतिबंधों में राहत के रास्ते तलाशने का निर्देश दिया गया है।

## ट्रंप ने विक्ट्री 45-47' इत्र लांच किया

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पुरुषों और महिलाओं के लिए 'विक्ट्री 45-47' इत्र लांच किया है। श्री ट्रम्प ने सोशल मीडिया मंच 'ट्रूथ' पर लिखा 'ट्रम्प इत्र यहाँ हैं। इन्हें 'विक्ट्री 45-47' कहा जाता है क्योंकि ये पुरुषों और महिलाओं में जीत, शक्ति और सफलता के बारे में हैं। अपने लिए एक बोतल लें और अपने प्रियजनों के लिए भी एक लेना न भूलें। आनंद लें, मौज-मस्ती करें और जीतते रहें!' इत्रों के नाम में संख्या 45 और 47 इस तथ्य को दर्शाती है कि श्री ट्रम्प अमेरिका के 45वें और 47वें राष्ट्रपति हैं। गौरतलब है कि 16 जून को अमेरिकी राष्ट्रपति के बेटों एरिक और डोनाल्ड जूनियर ने टी वन वायरलेस मोबाइल सेवा शुरू करने की घोषणा की थी। मोबाइल सेवा के अलावा अगस्त में ट्रम्प मोबाइल टी वन फ़ोन भी जारी किया जाएगा।

## सुडोकू 6961

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | 2 | | 4 | | | |
| 1 | | | | 6 | | | 5 | 9 |
| 8 | 6 | | | | | | | |
| 2 | | | | | 1 | 4 | | |
| | 3 | | | | | | 9 | |
| | | 1 | 6 | | | | | 8 |
| | | | | | | | 2 | 7 |
| 6 | 2 | | | 3 | | | | 5 |
| | | | 7 | | 9 | 3 | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : बुधवार 2 जुलाई , 2025 आषाढ़ शुक्ल पक्ष 6

### राशिफल

मेष - आर्थिक और व्यावसायिक दृष्टि से आज का दिन लाभदायक रहेगा। लंबे समय का आर्थिक आयोजन पूरा कर सकेंगे। व्यवसायिक योजनाएं बना सकेंगे। परोपकार के उद्देश्य से किए गए काम से आपका मन खुश रहेगा। स्वास्थ्य बना रहेगा।

वृषभ - परिश्रम की अपेक्षा कम परिणाम मिलने पर भी आप निष्ठापूर्वक काम को आगे बढ़ाएंगे। आपके क्षेत्र की विशालता और वाणी की मधुरता अन्य लोगों को प्रभावित करेगी। उससे लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

मिथुन - महत्वपूर्ण निर्णय लेने में कठिनाई महसूस करेंगे। घर में माता और स्त्री वर्ग के लिए आप अधिक भावनाशील बन जाएंगे। अत्यधिक विचारों में डूबे रहने के कारण तनाव महसूस कर सकते हैं।

कर्क - आज का दिन नए काम की शुरुआत या सफलता के लिए अच्छा रहेगा। मित्रों और स्वजनों से मिलकर आप खुशी अनुभव करेंगे। किसी यात्रा की संभावना है। दोस्तों के साथ संबंध अच्छा रहेगा।

सिंह - परिवार के सदस्यों के साथ सुख-शांति में दिन व्यतीत होगा। उनका सहयोग मिलेगा। महिला मित्रों की विशेष मदद मिलेगी। अपनी प्रभावकारी वाणी से अन्य लोगों का ध्यान केंद्रित कर सकेंगे।

कन्या - अपने समृद्ध विचार और बोली से आज आपको लाभ होगा। किसी के साथ नए संबंध में जुड़ सकते हैं। आज का दिन व्यापार की दृष्टि से लाभदायक रहने की संभावना है। आपका शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

तुला - आज के दिन ज़रा सा भी असंयमित और अनैतिक व्यवहार आपको तकलीफ में डाल सकते हैं। दुर्घटना से बचें। वाणी की शिथिलता के कारण उग्र तकरार हो सकती है। सगे- संबंधियों के साथ अनबन होगा।

वृश्चिक - घर-परिवार के साथ आपको आनंद और संतोष की अनुभूति होगी। पत्नी और पुत्र की तरफ से अच्छे समाचार मिलेंगे। शुभ कार्य में भाग ले सकेंगे। विवाहोत्सुक जातकों के विवाह होने की संभावना है।

धनु - काम में सफलता का दिन है। नए काम की शुरुआत कर सकेंगे। व्यापारी अपने बिजनेस का आयोजन और विस्तार अच्छी तरह कर सकेंगे। नौकरी में उच्च पदाधिकारी आपकी पदोन्नति के लिए विचार करेंगे।

मकर - आप अपने व्यापार के लिए नई शैली से काम करेंगे। लेखन और साहित्य संबंधी काम को आगे बढ़ा सकते हैं। शारीरिक थकावट और भय की अनुभूति होगी। संतान संबंधी चिंता आपको हो सकती है।

कुंभ - आपके मन में नकारात्मक विचार उत्पन्न हो सकते हैं। आपके मन में क्रोध और दु:ख की भावना हो सकती है। स्वास्थ्य खराब रह सकता है। दुर्घटना न हो इसका ध्यान रखें।

मीन - भाग्य का साथ होने के आज का दिन अच्छी तरह व्यतीत होगा। बिजनेस में भागीदारी करनी हो तो समय अनुकूल है। जीवनसाथी के साथ निकटता का अनुभव होगा। मित्रों और स्नेहीजनों से भी मुलाकात हो सकती है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## पहलगांव के आतंकवादी घटना में पाकिस्तान संलिप्त : भारत

**संयुक्त राष्ट्र, 1 जुलाई (एजेंसियां)।** पाकिस्तान द्वारा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता संभालने के बाद मंगलवार को भारत ने 'इस्लामाबाद' की सीमा पार आतंकवाद में संलिप्तता को उजागर किया। भारत ने हाल के पहलगाम नरसंहार पर ध्यान दिलाया, जो पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों द्वारा किया गया था। यह कदम वैश्विक स्तर पर बढ़ती अस्थिरता की चिंता के बीच उठाया गया है, जब भारत ने हमले के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया। पाकिस्तान के अध्यक्ष बनने से एक दिन पहले भारत ने संयुक्त राष्ट्र भवन के प्रवेश द्वार पर 'द ह्यूमन कॉस्ट ऑफ टेररिज्म' नामक प्रदर्शनी आयोजित कर पाकिस्तान की आतंकवाद में भूमिका को उजागर किया, जिसमें न केवल भारत बल्कि 9/11 जैसे वैश्विक हमलों में भी उसकी संलिप्तता दिखाई गई। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि यह प्रदर्शनी आतंकवाद के



**यह प्रदर्शनी आतंकवाद के पीछे के दोषियों को बेनकाब करने और वैश्विक स्तर पर आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होने की मांग के लिए है : एस. जयशंकर**

पीछे के दोषियों को बेनकाब करने और वैश्विक स्तर पर आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होने की मांग के लिए है।

सुरक्षा परिषद में पाकिस्तान अपने 'सदाबहार मित्र' चीन के साथ मिलकर काम करता है। अध्यक्ष के रूप में पाकिस्तान को प्रक्रिया के नियमों और कूटनीतिक परंपराओं का पालन करना होगा, जिसमें सदस्यों को बोलने की अनुमति देना और प्रस्ताव पेश करना शामिल है। महीने का एजेंडा परिषद की बैठक के पहले दिन सर्वसम्मति से अपनाया जाता है। 2023 में रूस ने अमेरिका और अल्बानिया की अध्यक्षता के दौरान इसे अवरुद्ध किया था, जिसके कारण परिषद को अस्थायी एजेंडा के साथ काम करना पड़ा। अध्यक्ष के रूप में इस्लामाबाद उच्च-स्तरीय हस्ताक्षर कार्यक्रम और अपनी पसंद के विषयों पर खुली बहस के रूप में जाना जाता है। पाकिस्तान उच्च-स्तरीय बैठकें और खुली बहस आयोजित कर सकता है। इसका स्थायी प्रतिनिधि असीम इफ्तिखार अहमद अधिकांश बैठकों की अध्यक्षता करेगा, लेकिन उप-प्रधानमंत्री मोहम्मद इशाक डार जैसे नेता भी शामिल हो सकते हैं। इस बीच, पाकिस्तान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को नोबेल पुरस्कार के लिए नामित कर सकता है, लेकिन ईरान और इजरायल-हमास संघर्ष जैसे मुद्दों पर वह रूस और चीन के साथ है। पिछले महीने ईरान पर आपातकालीन सत्र में पाकिस्तान ने अमेरिका और इजरायल के हमलों की निंदा करने की मांग की थी। चीन और रूस के साथ पाकिस्तान ने अमेरिका और इजरायल द्वारा की गई बमबारी की निंदा करते हुए एक मसौदा प्रस्ताव पेश किया था। हालांकि, सीजफायर के कारण इस पर विराम लग गया और किसी भी मामले में उसे अमेरिकी वीटो का सामना करना पड़ता। इजरायल-हमास संघर्ष में पाकिस्तान फिलिस्तीन के साथ है और कश्मीर को इस मुद्दे से जोड़ने की कोशिश करता है, लेकिन अब तक वो समर्थन पाने में कामयाब नहीं हुआ है।

## वर्ग पहेली 6961



**बायें से दायें:-**

१. सरस्वती
४. दोष या खराबी को दूर करना
६. सेना, फौज
७. किसी पत्र-पत्रिका का पिछला अंक
८. बचपन का मित्र
१०. बालटी जैसा पात्र जिसमें फूल आदि के पौधे लगाये जाते हैं
११. लाना, ले जाना करना, ग्रंथ-लेख आदि लिखना, रचना वितरण
१३. घटाना, छोटा रूप. फेंकना, भेजना, हरण
१४.अनिच्छा, घृणा विरचि, रुचि केप्रतिकूल
१५. बूढ़ा आदमी
१७. उसी अर्थ में
१९ कुतूहल, अचंभा, हास्य, विनोद हँसी, मजाक
२१. झगड़ालू
२२. चलते चलते सहसा रुक जाना
२४. यश बढ़ाने वाला

**ऊपर से नीचे:-**

१. बहादुर महिला
२. किसी पदार्थ का विशेष कर द्रव पदार्थ का भाप बनना
३. नीला आकाश
४. देवकन्या, अप्सरा
५. धनी, अमीर (उर्दू)
९. खाने की वस्तु
११. मशहूर
१२. यूनान का निवासी
१३. एकत्र या जमा किया गया
१४. किन्तु, परंतु
१५. व्यवसाय पर लगने वाला कर
१६. तालाब, सरोवर
१८. देखने वाला, प्रेक्षक
१९. कुरु का वंशज, कुरु नरेश
२०. मुश्किल
२३. स्वामी, पति

### वर्ग पहेली-6960



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

### प्रथम पृष्ठ का शेष

**आर्थिक अन्याय का हथियार...**

का भुगतान करते हैं, जबकि कॉरपोरेट सालाना टैक्स छूट में एक लाख करोड़ रुपये से अधिक का आनंद लेते हैं।'' पेट्रोल, डीजल को जानबूझकर बाहर रखा गया-राहुल गांधी ने कहा, पेट्रोल और डीजल को जानबूझकर जीएसटी ढांचे से बाहर रखा गया है, जिससे किसानों, ट्रांसपोर्टरों और आम लोगों को नुकसान हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया, ''गैर-बीजेपी शासित राज्यों को दंडित करने के लिए जीएसटी बकाया को भी हथियार बनाया गया है, जो मोदी सरकार के संघवाद विरोधी एजेंडे का स्पष्ट प्रमाण है।' उन्होंने कहा, 'जीएसटी संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन का एक दूरदर्शी विचार था, जिसका उद्देश्य भारत के बाजारों को एकजुट करना और कराधान को सरल बनाना था, लेकिन खराब कार्यान्वयन, राजनीतिक पूर्वाग्रह से इस मामले में धोखा दिया गया है। एक संशोधित जीएसटी लोगों के लिए सबसे पहले, व्यापार के अनुकूल और वास्तव में संघीय भावना वाला होना चाहिए।' लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने इस बात पर जोर दिया, 'भारत एक ऐसी कर प्रणाली का हकदार है जो केवल विशेषाधिकार प्राप्त कुछ लोगों के लिए नहीं, बल्कि सभी के लिए काम करे, ताकि छोटे दुकानदार से लेकर किसान तक हर भारतीय हमारे देश की प्रगति में भागीदार बन सके।'

**कांग्रेस ने पीएम की ...**

नहीं किया। जयराम रमेश ने दावा किया कि रक्षा अधिकारियों का खुलासा चौंकाने वाला है कि प्रधानमंत्री के फैसलों के कारण 'ऑपरेशन सिंदूर' के पहले दो दिनों में भारत को हार का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगातार दावा किया गया कि उन्होंने व्यापार समझौते का उपयोग करके भारत और पाकिस्तान के बीच युद्धविराम कराया। 70 दिनों के बाद भी पहलगाम हमले के आतंकवादियों को न्याय के कटघरे में नहीं लाया जा सका है।'

**अमेरिकी से बातचीत में...**

बनाकर सीजफायर करवाया। जयशंकर ने कहा, मैं खुद प्रधानमंत्री मोदी के साथ था जब अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने फोन पर बात की थी। उस बातचीत में ट्रेड डील का कोई जिक्र नहीं था। उन्होंने ये भी कहा कि भारत आतंकवाद के खिलाफ खड़ा रहेगा और कोई भी धमकी या दबाव हमें रोक नहीं सकता.पाकिस्तान भारत पर बहुत बड़ा हमला करने वाला था-विदेश मंत्री ने बड़ा खुलासा किया कि 9 मई, 2025 की रात जब पाकिस्तान ने भारत पर बड़े हमले की चेतावनी दी थी, तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसी भी दबाव या डर को नजरअंदाज करते हुए सख्त रुख अपनाया। एस. जयशंकर ने कहा, मैं उस कमरे में था जब अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने पीएम मोदी से बात की और बताया कि पाकिस्तान भारत पर बहुत बड़ा हमला करने वाला है, लेकिन हमने कुछ शर्तें मानने से इनकार कर दिया और प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान की धमकी की बिल्कुल परवाह नहीं की। उन्होंने आगे कहा, इसके उलट प्रधानमंत्री ने साफ इशारा किया कि भारत की ओर से जवाब जरूर दिया जाएगा। जयशंकर ने बातचीत में बताया कि पाकिस्तान ने वाकई उसी रात भारत पर बड़ा हमला किया, लेकिन भारतीय सेना ने तुरंत और कड़ा जवाब दिया। उन्होंने बताया कि 10 मई की सुबह उनकी अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो से बातचीत हुई, जिसमें रुबियो ने कहा कि पाकिस्तान बातचीत को तैयार है। उसी दिन दोपहर में पाकिस्तान के डीजीएमओ मेजर जनरल काशिफ अब्दुल्ला ने सीधे भारत के डीजीएमओ लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई को फोन कर सीजफायर की अपील की।

**प्रदेश में निवेश को बढ़ावा...**

दिए जाने के लिए प्रतिबद्ध है. एलएम। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज छत्तीसगढ़ इंडस्ट्री डायलॉग-2 के शुभारम्भ अवसर पर 11 प्रमुख कंपनियों से प्राप्त 1 लाख 23 हजार 73 करोड़ के निवेश प्रस्ताव के लिए उन्हें इनविटेशन टू इन्वेस्ट पत्र सौंपा, जिससे 20 हजार 627 लोगों को रोजगार मिल सकेगा। जिन निवेशकों को इनविटेशन टू इन्वेस्ट पत्र सौंपा गया उनमें मेसर्स सारडा हाइड्रोपावर रायपुर, मेसर्स आर्टिफिशियल इलेक्ट्रॉनिक्स इंटेलिजेंस मटेरियल्स लिमिटेड चेंगापट्ट तमिलनाडू, मेसर्स केजेएसएल कोल एंड पावर प्राइवेट लिमिटेड कोरबा, मेसर्स जुपिटर इंटरनेशनल लिमिटेड कोलकाता, मेसर्स ईएसडीएस सॉफ्टवेयर सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड नासिक महाराष्ट्र, मेसर्स करमवीर इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड मेरठ उत्तरप्रदेश, मेसर्स एसजी ग्रीन बिल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड नई दिल्ली, मेसर्स जिंदल स्टील छत्तीसगढ़ लिमिटेड रायगढ़, मेसर्स जिंदल पावर लिमिटेड (थर्मल पावर), मेसर्स जिंदल पावर लिमिटेड (सोलर पावर) और मेसर्स वीटेक प्लास्टिक प्राईवेट लिमिटेड शामिल हैं।

**बस और हाइवा में टक्कर...**

घोषित कर दिया। हादसे में 6 लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। जिनका इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है। मृतकों में एक महिला और दो पुरुष शामिल हैं। मृतकों की पहचान अजहर अली पिता इकबाल अली (30 वर्ष) निवासी सरगीपाल, जिला कोंडागांव, बलराम पटेल पिता मनीराम पटेल (46 वर्ष) निवासी जगदलपुर, बरखा ठाकुर पति डॉ. बिजेंद्र ध्रुव (31 वर्ष) निवासी ग्राम गुरुडीह, थाना तुमगांव, जिला महासमुंद के रूप में हुई है। घायलों में धनीराम सेठिया, गणेश्वर प्रसाद बर्मन, तीजन यादव, भूषण निषाद, सुमन देवी, संध्या कुमार शामिल हैं। शुरुआती जांच में हादसा तेज रफ्तार और ओवरटेकिंग के कारण होना बताया जा रहा है। मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**बोलेरो-कार में भिड़ंत ...**

पास बोलेरो वाहन और कार में भीषण टक्कर हो गई। बतायाक्षं जा रहा है कि मैनपुर क्षेत्र के ग्राम गिरोला निवासी नेताम परिवार बोलेरो में सवार होकर रायपुर गया था। देर शाम वे रायपुर से गिरोला लौट रहे थे। राजिम से आगे निकलते ही बोलेरो वाहन की सामने से आ रही अज्ञात कार से भिड़ंत हो गई। हादसे के बाद कार सवार भाग निकले। टक्कर इतनी भीषण थी कि बोलेरो वाहन पलट गई। बोलेरो में 9 लोग सवार थे घटना के दौरान गरियाबंद प्रवास से लौट रहे पूर्व विधायक धनेंद्र साहू ने मानवता का परिचय देते हुए तत्काल रुककर बोलेरो में सवार लोगों को वाहन से बाहर निकाला। घायलों को अपनी गाड़ी से राजिम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। पूर्व विधायक धनेंद्र साहू और नपा के पूर्व उपाध्यक्ष जीत सिंग ने बीएमओ वीरेंद्र हिरौंदिया से बात कर घायलों की जानकारी ली। उन्होंने घायलों से भी बात की और मृतकों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। दो लोगों की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें रायपुर रेफर किया जा रहा है।

**राज्य के अधिकारी-कर्मचारी ...**

अब शेयर, सिक्युरिटी, डिबेंचर्स और म्यूचुअल फंड (एम ?एफ), क्रिप्टोकरेंसी में निवेश नहीं कर पाएंगे। जीएडी की ओर से छत्तीसगढ़ राजपत्र में इस आशय की अधिसूचना प्रकाशित की गई है। ऐसे निवेश को सिविल सेवा आचरण नियम के तहत अवचार घोषित किया है। सचिव रजत कुमार के हस्ताक्षर से जारी अधिसूचना में कहा कि शेयरों, प्रतिभूतियों या अन्य निवेश पत्र की बार बार खरीदी बिक्री जो इंट्रा डे, बीटीएसटी, फ्यूचर एंड आप्शन,व क्रिप्टोकरेंसी में ट्रेडिंग निवेश को सेवा अवचार कदाचार माना जाएगा। सेवा नियम 19 के उप खंड के प्रावधान के तहत इसे भ्रष्टाचार की श्रेणी में रखा जाएगा। हाल के महीनों में प्रदेश के कुछ शिक्षक, द्वितीय तृतीय वर्ग के अधिकारी कर्मचारियों के ऐसे निवेश के मामले सामने आए हैं। कुछ तो ऐसे बड़े निवेश पत्र सर्टिफिकेट भेंट के रूप में भी लेते मिले हैं। हाल में सामने आए ऐसे मामलों में गिरफ्तार भी किए गए थे।

**मुख्यमंत्री से केंद्रीय राज्यमंत्री ...**

लिए संचालित योजनाओं के संबंध में विस्तृत चर्चा की। उन्होंने केंद्र प्रवर्तित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के प्रति राज्य सरकार के प्रयासों की जानकारी दी। केंद्रीय राज्यमंत्री अठावले ने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा चलाए जा रहे सामाजिक कल्याण कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि राज्य सरकार केंद्र की योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार समन्वय के साथ समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित भाव से कार्य करती रहेंगी। इस अवसर पर वन मंत्री केदार कश्यप भी उपस्थित थे।

**1 लाख करोड़ की रोजगार...**

किस्त 12 महीने की सेवा और कर्मचारी द्वारा वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम पूरा करने के बाद दी जाएगी। बचत को प्रोत्साहित करने के लिए, प्रोत्साहन का एक हिस्सा एक निश्चित अवधि के लिए जमा खाते के बचत साधन में रखा जाएगा और कर्मचारी द्वारा बाद की तारीख में निकाला जा सकता है।

1.92 करोड़ कर्मचारियों को लाभ-इस भाग के तहत पहली बार नौकरी पर आने वाले लगभग 1.92 करोड़ कर्मचारियों को लाभ मिलने की उम्मीद है। दूसरे भाग के तहत, सभी क्षेत्रों में अतिरिक्त रोजगार सृजन को शामिल किया जाएगा, जिसमें मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। नियोक्ताओं को 1 लाख रुपए तक के वेतन वाले कर्मचारियों के संबंध में प्रोत्साहन मिलेगा। सरकार नियोक्ताओं को कम से कम छह महीने तक निरंतर रोजगार वाले प्रत्येक अतिरिक्त कर्मचारी के लिए दो वर्ष तक 3,000 रुपए प्रतिमाह तक का प्रोत्साहन देगी। मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के लिए प्रोत्साहन तीसरे और चौथे वर्ष तक भी बढ़ाया जाएगा।

## आज का इतिहास

1306-अलाउद्दीन खिलजी ने सिवाणा पर आक्रमण किया।
1698-थॉमस सावेरी ने भाप इंजन का पेटेंट कराया।
1757-प्लासी की लड़ाई में हार के बाद बंगाल के अंतिम नवाब सिराजुद्दौला की हत्या।
1777-वर्मोंट, अमेरिका का पहला राज्य बना जिसने गुलामी को समाप्त किया।
1861-कलकत्ता उच्च न्यायालय का उद्घाटन हुआ।
1901-प्रसिद्ध उड़िया कवि, उपन्यासकार, कहानीकार, नाटककार और निबंधकार कालिंदी चरण पाणिग्रही का जन्म।
1925-भारतीय योगाचार्य स्वामी राम का जन्म।
1934-भारत के महान क्रांतिकारियों में से एक असित भट्टाचार्य का निधन।
1940-ब्रिटिश सरकार ने सुभाषचन्द्र बोस को दो जुलाई, 1940 को विद्रोह भड़काने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया।
1941-नाजी नरसहांर हुआ, लेम्बर्ग में करीब 7000 लोग मारे गए।
1949-वियतनाम को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिली।
1950-स्वतंत्रता सेनानी तथा समाज सुधारक यूसुफ़ मेहरअली का निधन।
1954-भारत के प्रसिद्ध पार्श्वगायकों में से एक मोहम्मद अज़ीज़ का जन्म।
1962-सैम वाल्टन ने अरकंसास के रोजर्स में अपना पहला वॉलमार्ट स्टोर खोला।
1972-भारतीय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री जुल्फिकार अली भुट्टो ने 1971 के बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के बाद शिमला संधि पर हस्ताक्षर किया।

## दुनिया को जानें

### गूल्येल्मो मार्कोनी की क्रांतिकारी खोज ने दुनिया बदल दी

**नई दिल्ली।** जरा कल्पना कीजिए उस युग की, जब खबरें सिर्फ कागजों पर थीं और संवाद तारों के सहारे होता था। फिर एक संवाद की परिभाषा बदल गई, रेडियो का आविष्कार हुआ और इसके केंद्र में थे इटली के एक युवा वैज्ञानिक, नाम था गूल्येल्मो मार्कोनी। हर साल 2 जुलाई की तारीख विज्ञान और मानव संचार की दुनिया में एक क्रांतिकारी मोड़ की याद दिलाती है। यही वह दिन है जब गूल्येल्मो मार्कोनी ने अपनी ऐतिहासिक खोज 'रेडियो' के लिए पेटेंट प्राप्त किया था। यह कोई मामूली उपलब्धि नहीं थी, बल्कि पूरे संचार तंत्र को तार-मुक्त (वायरलेस) बनाने की शुरुआत थी। आज जिस वायरलेस दुनिया में हम जी रहे हैं, जहां मोबाइल, ब्लूटूथ, वाईफाई और सैटेलाइट कम्युनिकेशन नॉर्मल है, उसकी नींव मार्कोनी ने ही रखी थी। गूल्येल्मो मार्कोनी का जन्म 1874 में इटली के एक संभ्रांत परिवार में हुआ था। बचपन से ही विज्ञान और विशेष रूप से विद्युत तरंगों में उनकी रुचि थी। उन्होंने जर्मन वैज्ञानिक हेनरिच हर्ट्ज़ के प्रयोगों को पढ़ा और उन्हें आगे बढ़ाने का बीड़ा उठाया। 1896 में मार्कोनी ने पहली बार वायरलेस टेलीग्राफी के यंत्र का सार्वजनिक प्रदर्शन किया।

# खेल जगत

## दिव्यांशी ने ताशकंद में अंडर-15 एशियाई युवा चैम्पियन का खिताब जीता

**कोलकाता।** दूसरी वरीयता प्राप्त क दिव्यांशी भौमिक ने ताशकंद के हुमो एरिना में आयोजित 29वीं एशियाई युवा चैंपियनशिप 2024 में अंडर-15 गर्ल्स सिंगल्स में चीन की झू किही को 4-2 से हराकर स्वर्ण पदक के साथ यादगार जीत दर्ज की। नॉकआउट चरण में चीनी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ अपनी दूसरी जीत के साथ दिव्यांशी ने न केवल खुद को एशियाई चैंपियन का खिताब दिलाया, बल्कि नवंबर में रोमानिया में होने वाली विश्व युवा चैंपियनशिप के लिए सीधे स्थान भी हासिल किया। उनके स्वर्ण पदक ने चैंपियनशिप में भारत के शानदार अभियान का समापन किया, जिसमें एक स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक शामिल थे। सात गेम के कड़े सेमीफाइनल में लियू जिलिंग को हराने के बाद, आत्मविश्वास से भरी दिव्यांशी ने किही के खिलाफ मजबूत शुरुआत की और अपने तीसरे गेम पॉइंट पर पहला गेम जीत लिया।



# सीरीज बराबरी पर लाना चाहेगी टीम इंडिया

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 1 जुलाई (देशबन्धु)। तुरुप के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के पूरी तरह फिट और उपलब्ध होने के बावजूद भारत उनके वर्कलोड मैनेजमेंट के चलते मौजूदा पांच टेस्ट की सीरीज के तीन टेस्ट में खेलने के कारण लीडस में पहला टेस्ट हार 0-1 से पिछड़ रहा उन्हें एजबेस्टन, बर्मिंघम में बुधवार को एकादश में शामिल करने को लेकर असमंजस में है। भारत के सहायक कोच रेयन टेन दोइत्श ने एजबेस्टन

- भारत दूसरे टेस्ट के लिए अपनी एकादश को लेकर असमंजस में
- ऋषभ को शतक को दोहरे टेस्ट शतक में बदलने की कोशिश करनी चाहिए
- बुमराह को एकादश में शामिल करने का फैसला टेस्ट से ठीक पहले
- भारत के निचले क्रम को भी बल्ले से धमाल करना होगा

टेस्ट के शुरू होने से पहले कहा कि बेशक खेलने को तैयार है लेकिन उन्हें एकादश में शामिल करने का फैसला एजबेस्टन में बुधवार को दूसरा टेस्ट शुरू होने से ठीक पहले लेंगे। भारत दूसरे टेस्ट के लिए अपनी एकादश को लेकर असमंजस में है जबकि इंग्लैंड ने भारत को पहले टेस्ट में पांच विकेट से हराने वाली एकादश ही बरकरार रखी। भारत को एजबेस्टन में दूसरे टेस्ट में जीत के साथ सीरीज में बराबरी करनी है तो फिर कुछ कड़े फैसले लेने होंगे। भारत ने अब तक इंग्लैंड के खिलाफ एजबेस्टन में एक भी टेस्ट नहीं जीता है



जबकि मेजबान इंग्लैंड ने इस मैदान पर 2015 से अपने छह में तीन ट्रेस्ट जीते हैं। भारत के पास एजबेस्टन में दूसरा टेस्ट जीत नया इतिहास लिखने का मौका है। ऐसे में भारत के पूर्व ऑफ स्पिन टेस्ट ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन का यह सुझाव भी खासा अच्छा है कि ऋषभ पंत को अपने पहले टेस्ट के शतक को आगे सीरीज में दोहरे शतक में बदलने की कोशिश करनी चाहिए। पहले टेस्ट में दोनों पारियों में शतक जड़ने वाले अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी के लिए ख्यात ऋषभ पंत ने दूसरी पारी के शुरू में और फिर शतक के करीब पहुंच जिस तरह का रक्षण दिखाया वह इस बात को दर्शाता है कि वह चाहे तो क्रीज पर टीम की जरूरत के मुताबिक लंगर डाल कर खेल सकते हैं। भारत के निचले क्रम को दूसरे टेस्ट में दम दिखाने की जरूरत है। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोश टंग ने जिस तरह पहले टेस्ट की दोनों पारियों में भारत के निचले क्रम के बल्लेबाजों को सस्ते में आउट किया। इंग्लैंड उससे उनके खिलाफ जीवट दिखा 30 -30 और 40 -40 रन की छोटी छोटी भागीदारियां भारत के लिए आगे बेहद कारगर साबित को सकती है। एजबेस्टन मे दूसरे टेस्ट के पहले, तीसरे व चौथे दिन बारिश की आशंका के चलते खेल बाधित हो सकता है। ऐसे में पिच की नमी का लाभ उठाने के लिए भारत को चार तेज गेंदबाज चाहिए और कैसी भी पिच पर कलाई से तेजी से गेंद को स्पिन कराने के कौशल कुलदीप यादव भारत के लिए वाकई तुरुप का इक्का साबित हो सकते हैं। भारत के सहायक कोच ने दूसरे टेस्ट में भारत के दो स्पिनरों के साथ उतरने के संकेत दिए हैं। ऐसे में भारत के सामने बड़ा सवाल यह रहेगा कि वह लेग स्पिनर कुलदीप यादव के साथ बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा और ऑफ स्पिन ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर और में भारत किस एक को उतारे। रवींद्र जडेजा के तीनों स्पिनरों में टेस्ट में बेहतर बल्लेबाज होने के कारण उन्हें भारत दूसरे टेस्ट की एकादश से बाहर रखने की तो नहीं ही सोचेगा। दरअसल लीडस में पहले टेस्ट में भारत अपने शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के पांच शतकों के बावजूद पहली पारी में एक समय तीन विकेट पर 430 रन बनाने के आखिरी सात विकेट विकेट मात्र 41 रन पर गंवा 471 रन और दूसरी पारी में पांच विकेट पर 333 रन बना आखिरी पांच विकेट मात्र 31 रन पर खो 364 रन बनाकर आउट हो गया था।

## इंग्लैंड ने एजबस्टन में दूसरे टेस्ट के लिए आर्चर को टीम में नहीं चुना



**बर्मिंघम।** जोफ्रा आर्चर का टेस्ट क्रिकेट में वापसी का इंतजार और बढ़ गया है, क्योंकि इंग्लैंड ने बुधवार को एजबस्टन में भारत के खिलाफ शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट के लिए बिना किसी बदलाव के प्लेइंग इलेवन उतारने का फैसला किया है। आर्चर को 2021 के बाद पहली बार इंग्लैंड की टेस्ट टीम में शामिल किया गया था, लेकिन टीम ने उसी प्लेइंग इलेवन पर भरोसा बनाए रखने का फैसला किया है, जिसने उन्हें हेडिंग्ले में भारत के खिलाफ सीरीज का पहला मैच जिताया था।पिछले हफ्ते हेडिंग्ले में शुरुआती टेस्ट में इंग्लैंड की रोमांचक पांच विकेट की जीत के बाद आर्चर को टीम में शामिल किया गया था। अब तक, उन्होंने इंग्लैंड के लिए 13 टेस्ट खेले हैं और 31.04 की औसत से 42 विकेट लिए हैं। लेकिन कोहनी की चोट और पीठ में तनाव फ्रैक्चर की पुनरावृत्ति का मतलब था कि आर्चर फरवरी 2021 के बाद इंग्लैंड के लिए टेस्ट खेलने से काफी हद तक दूर रहे। 30 वर्षीय आर्चर पारिवारिक आपात स्थिति के कारण सोमवार को इंग्लैंड के प्रशिक्षण सत्र में भी शामिल नहीं हो पाए और दूसरे टेस्ट की तैयारी के लिए मंगलवार को टीम में शामिल होंगे। हेडिंग्ले में पिछले सप्ताह के टेस्ट में इंग्लैंड ने भारत के पांच शतकों के बावजूद पांच विकेट से जीत के लिए 371 रनों का पीछा किया और पांच मैचों की एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी श्रृंखला 1-0 से आगे कर दी।

## टेस्ट सीरीज में वापसी के लिए टीम इंडिया तुरंत करे पलटवार : शास्त्री



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट से पहले टीम इंडिया के लिए मैसेज भेजा है। शास्त्री ने कहा कि शुभमन गिल की अगुवाई वाली टीम को पांच मैचों की सीरीज में वापसी के लिए तुरंत जवाबी हमला करना होगा। टीम इंडिया को पूरे मैच में दबदबा बनाए रखने के बावजूद इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में पांच विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। रवि शास्त्री ने आईसीसी रिव्यू से कहा कि भारत के लिए सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि वह तुरंत जवाबी हमला करे। जब आप इस तरह का टेस्ट मैच हारते हैं, एक ऐसा मुकाबला जिसमें आप ज्यादातर समय हावी रहते हैं और फिर आखिरी दिन हार जाते हैं। इंग्लैंड को अपना संयम बनाए रखने के लिए पूरा क्रेडिट मिलता हैं। ऐसे में सीरीज में वापसी करने के लिए बहुत अधिक जज्बे की जरूरत होती है। उन्होंने आगे कहा कि अभी भी तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के दूसरे टेस्ट में खेलने पर सवाल बना हुआ है, क्योंकि उनके वर्कलोड को मैनेज किया जा रहा है, जबकि टीम इस बात पर भी विचार कर रही है कि स्पिन ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा की मदद के लिए दूसरे स्पिनर को टीम में शामिल किया जाए, या नहीं। शास्त्री ने कहा कि अब, बुमराह खेलेंगे या नहीं, यह तो कोई नहीं जानता। लेकिन उम्मीद करते हैं कि वह खेलेंगे, क्योंकि यह बहुत महत्वपूर्ण टेस्ट मैच है। सब कुछ खत्म नहीं हुआ है। बस आपको एक बार में एक मैच पर ध्यान देना है। यह पांच मैचों की सीरीज है। भारत वापसी की उम्मीद कर रहा होगा। रवि शास्त्री का मानना है कि टेस्ट टीम के नए कप्तान शुभमन गिल ने सीरीज के पहले मैच में भारत की हार से बहुत कुछ सीखा होगा।

# वैभव सूर्यवंशी की तेज पारी भारत के काम न आई

### रेव के शतक से इंग्लैंड अंडर-19 ने एक विकेट से जीत के साथ सीरीज में बराबरी पाई



■ रेव ने 89 गेंद खेली, छह छक्के और 16 चौके जड़े

**नई दिल्ली,** 1 जुलाई (देशबन्धु)। 14 बरस के वैभव सूर्यवंशी की मात्र 34 गेंदों पर तीन छक्कों और पांच चौकों की मदद से खेली 45 रन की तूफानी पारी भारत अंडर 19 टीम के काम न आई। विकेटकीपर बल्लेबाज थॉमस रेव की 131रन की तूफानी पारी की बदौलत इग्लैंड अंडर 19 ने भारत अंडर 19 को नॉर्थम्टन मे दूसरे यूथ वन डे अंतर्राष्ट्रीय मैच में मात्र तीन गेंदों के बाकी रहते सोमवार रात एक विकेट से हरा कर पांच मैचों की सीरीज में एक एक की बराबरी दिला दी। रेव ने 89 गेंद खेली अर छह छक्के और 16 चौके जड़े। रेव ने मात्र 73 गेंदो शतक जड़ कर बेन फॉक्स के इंग्लैड अंडर 19 टीम के लिए न्यूजीलैंड अंडर 19 के खिलाफ मात्र 79 गेंदों में सबसे तेज शतक के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। वैभव सूर्यवंशी के तूफानी 45, विहान मल्होत्रा (49 रन, 68 गेंद छह चौके), राहुल कुमार (47 रन, 47 गेंद, एक छक्का, छह चौके), कनिष्क चौहान (45 रन, 40 गेंद, छह चौके) की बढ़िया पारियों के बावजूद भारत अंडर 19 टीम ने पहले बल्लेबाजी की दावत पर 49ओवर मे 290 रन बनाकर आउट हो गई। जवाब मे थॉमस रेव के तूफानी शतक और 21 ओवर में रॉकी फ्लिंटॉफ ( 39 रन, 68 गेंद, चार चौके)की बदौलत चौथे विकेट की 123 रन की इंग्लैंड अंडर 19 टीम ने 49.3ओवर मे नौ विकेट खोकर 291 रन बनाकर मैच जीत लिया। इंग्लैंड अंडर 19 ने पारी क आखिर में जल्दी जल्दी कई विकेट खोए और उसे आखिरी ओवर शम जीत के लिउ सात रन बनाने थे सेब मॉर्गन ने धैर्य बनाए रखा और चौका लगा तीन गेंद व एक विकेट के बाकी रहते अपनी टीम को जीत दिला दी। तेज गेंदबाज आर एस अंबरीश (4/80) भारत 19 के सबसे कामयाब तेज गेंदबाज रहे जबकि तेज गेंदबाज हीनल पटेल व युद्धजीत गुहा ने दो दो तथा कनिष्क चौहान ने एक विकेट लिया। भारत अंडर 19 के लिए वैभव सूर्यवंशी ने लगातार दूसरे मैच में इंग्लैंड अडर19 टीम के गेंदबाजों की धुनाई कर 45 रन की तूफानी पारी खेल अपनी टीम को बड़े स्कोर तक पहूंचाया।

# हॉकी : यूरोप दौरे पर इंडिया-ए की कमान संभालेंगे संजय

■ इंडिया-ए टीम आयरलैंड, फ्रांस और नीदरलैंड के खिलाफ दो-दो मैच खेलेगी

**नई दिल्ली,** 1 जुलाई (देशबन्धु)। हॉकी इंडिया ने मंगलवार को यूरोप के आगामी दौरे के लिए इंडिया-ए पुरुष हॉकी टीम की घोषणा कर दी है। यह दौरा 8 से 20 जुलाई तक चलेगा। भारत के इस यूरोप दौरे में कुछ शीर्ष यूरोपीय टीमों के खिलाफ कुल आठ मैच खेले जाएंगे, जिसका उद्देश्य उभरते और अनुभवी खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय अनुभव प्रदान करना है। इंडिया-ए टीम आयरलैंड, फ्रांस और नीदरलैंड के खिलाफ दो-दो मैच खेलेगी, जबकि उसे इंग्लैंड और बेल्जियम के खिलाफ एक-एक मुकाबला खेलना है। 20 सदस्यीय टीम में अनुभवी और होनहार युवा खिलाड़ियों का मिश्रण है, जिन्होंने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय सर्किट में प्रभावित किया है। इंडिया-ए टीम की कप्तानी संजय करेंगे, जबकि मोइरांगथेम रबीचंद्र



सिंह उप-कप्तान होंगे। भारत की टीम में गोलकीपर पवन और मोहित होनेनहल्ली शशिकुमार और डिफेंडर प्रताप लाकड़ा, वरुण कुमार, अमनदीप लाकड़ा, प्रमोद और संजय शामिल हैं। मिडफील्डर्स में पूवन्ना चंदुरा बॉबी, मोहम्मद राहील मौसीन, मोइरंगथेम रबीचंद्र सिंह, विष्णुकांत सिंह, प्रदीप सिंह और राजिंदर सिंह मौजूद हैं, जबकि फॉरवर्ड लाइन-अप में अंगदबीर सिंह, बॉबी सिंह धामी, मनिंदर सिंह, वेंकटेश केंचे, आदित्य अर्जुन लालगे, सेल्वम कार्ति और उत्तम सिंह हैं।स्टैंडबाय खिलाड़ियों की लिस्ट में गोलकीपर अंकित मलिक, डिफेंडर सुनील जोजो और फॉरवर्ड सुदीप चिरमाको शामिल हैं। यूरोप के दौरे पर टीम को शिवेंद्र सिंह ट्रेनिंग देंगे, जो पुरुष टीम के असिस्टेंट कोच भी हैं। शिवेंद्र सिंह बेहद अनुभवी हैं। वह आक्रामक खेल पर खासा ध्यान देते हैं। यह दौरा हॉकी इंडिया के दीर्घकालिक दृष्टिकोण का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य भारतीय हॉकी सितारों की अगली पीढ़ी को अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने का मौका देना है।

**यूरोप दौरे के लिए भारत-ए की टीम**

**गोलकीपर:** पवन, मोहित होनेनहल्ली शशिकुमार।

**डिफेंडर:** प्रताप लाकड़ा, वरुण कुमार, अमनदीप लाकड़ा, संजय (कप्तान) और प्रमोद।

**मिडफील्डर:** पूवन्ना चंदूरा बॉबीमोहम्मद राहील मौसीन, मोइरांगथेम रबीचंद्र सिंह (उप-कप्तान), विष्णुकांत सिंह, प्रदीप सिंह और राजिंदर सिंह।

## सार संक्षेप

### टॉसन से हार के बाद वॉटसन विंबलडन से बाहर

**लंदन।** हीथर वॉटसन की विंबलडन की उम्मीदें पहले दौर में ही खत्म हो गईं, क्योंकि पूर्व ब्रिटिश नंबर एक खिलाड़ी को 23वीं वरीयता प्राप्त क्लारा टॉसन ने हरा दिया। वॉटसन ने पहला सेट जीतकर शानदार शुरुआत की थी, लेकिन डेनमार्क की टॉसन ने वापसी करते हुए आज 2-6, 6-4, 6-3 से जीत दर्ज की। वॉटसन, जो सिर्फ तीन साल पहले चौथे दौर में पहुंची थीं, की शुरुआत खराब रही, जब उनकी सर्विस तीसरे गेम में ही टूट गई। लेकिन इससे पूर्व ब्रिटिश नंबर दो खिलाड़ी के लिए शानदार शुरुआत हुई, क्योंकि उन्होंने पहला सेट जीतने के लिए लगातार पांच गेम जीते। शुरुआत में टॉसन के पास अपनी प्रतिद्वंद्वी का कोई जवाब नहीं था, लेकिन उन्होंने खुद को संभाला और दूसरे सेट में मजबूती से वापसी की।

### अगस्त में भारत का बांग्लादेश दौरा अभी निश्चित नहीं

**ढाका।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के अध्यक्ष अमिनुल इस्लाम ने कहा है कि बीसीसीआई ने अब तक भारत के बांग्लादेश दौरे की पुष्टि नहीं की है, जो अगस्त में होना है। उनके अनुसार बीसीसीआई इस दौरे पर फैसला भारतीय सरकार से चर्चा के बाद लेगा। अमिनुल ने ढाका में बीसीबी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की छह घंटे लंबी बैठक के बाद एक प्रेस वार्ता में कहा कि मैंने बीसीसीआई से बात की है और चर्चाएं सकारात्मक रही हैं। हम आशावान हैं। यह सीरीज (अगले महीने) निर्धारित है लेकिन वे (भारत) अपने सरकार के कुछ निर्णयों का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि अगर भारत अगस्त में नहीं आ पाता है, तो वे अगली उपलब्ध विंडो में बांग्लादेश का दौरा करेंगे। बीसीसीआई ने बीसीबी को ऐसा वादा किया है। हालांकि इस दौरे को लेकर अनिश्चितता क्यों बनी है, इसका कोई कारण नहीं बताया गया। अमिनुल ने कहा कि बातचीत चल रही है। अगर किसी कारणवश वे अगस्त में नहीं आ पाते हैं, तो वे अगली उपलब्ध विंडो में यहां आएंगे। हालांकि हम इसी विंडो में खेलने की उम्मीद कर रहे हैं।

### मुंबई के लिए घरेलू क्रिकेट खेलना जारी रखेंगे जायसवाल

**मुंबई।** यशस्वी जायसवाल, मुंबई की तरफ से घरेलू क्रिकेट खेलना जारी रखेंगे। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) ने उनका अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) अनुरोध रद्द कर दिया है, जो उन्होंने गोवा की तरफ से खेलने के लिए बनवाया था।

# नाथन लियोन का सपना, रिटायरमेंट से पहले भारत में टेस्ट सीरीज जीतना



**नई दिल्ली,** 1 जुलाई (देशबन्धु)। ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर नाथन लियोन का अभी रिटायरमेंट लेने का कोई विचार नहीं है। यह 37 वर्षीय अनुभवी खिलाड़ी अपने करियर के अंत से पहले इंग्लैंड और भारत में सीरीज जीतने के साथ-साथ एक और वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप खिताब जीतना चाहता है। साल 2023 में ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल जीता था। इसमें लियोन ने अहम भूमिका निभाई थी। इसके बाद नाथन लियोन बीते महीने लॉर्ड्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ डब्ल्यूटीसी फाइनल का हिस्सा रहे, जिसमें ऑस्ट्रेलिया को शिकस्त झेलनी पड़ी थी। नाथन लियोन ने साल 2011 में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर डेब्यू किया था। लियोन ने हाल ही में वेस्टइंडीज के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की शानदार जीत में तीन विकेट अपने नाम किए थे। 'क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू' ने नाथन लियोन के हवाले से कहा कि मैंने हमेशा कहा है कि मैं भारत में जीतना चाहता हूं। मैं इंग्लैंड में जीतना चाहता हूं। हमें कुछ सालों में वह मौका मिल जाएगा, लेकिन हमें टेस्ट-दर-टेस्ट खेलना होगा। यह सुनिश्चित करना होगा कि हम वेस्टइंडीज में सब कुछ सही कर रहे हैं। फिर हमारे सामने एशेज सीरीज भी है।

# मैनचेस्टर सिटी को हराकर क्वार्टर फाइनल में अल हिलाल

**ऑरलैंडो ( अमेरिका ),** 1 जुलाई (एजेंसियां)। मार्कोस लियोनार्डो ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अल हिलाल को मैनचेस्टर सिटी पर 4-3 से जीत दिलाई। इसी के साथ टीम ने फीफा क्लब विश्व कप क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। बर्नार्डो सिल्वा ने नौवें मिनट में ही गोल दागा। इसके बाद दोनों टीमों ने लगातार कोशिशें कीं, लेकिन कोई और गोल इस हाफ में नहीं आया।

क्लब विश्व कप



दूसरे हाफ में मार्कोस लियोनार्डो (46) और मैल्कम (52) ने गोल दागकर अल-हिलाल को 2-1 से आगे कर दिया, लेकिन तीन मिनट बाद ही एरलिंग हैलैंड (55) ने गोल दागकर जल्दी ही मैनचेस्टर सिटी को बराबरी पर ला दिया। अल-हिलाल ने अतिरिक्त समय में कलिडौ कौलीबाली (94) की मदद से फिर से बढ़त हासिल की, लेकिन फिल फोडेन के 100वें सिटी गोल ने सिटी को बराबरी पर ला दिया। लियोनार्डो अल-हिलाल के लिए मैच विजेता साबित हुए। लियोनार्डो ने 112वें मिनट में गोल दागकर अल-हिलाल को 4-3 से आगे कर दिया। मैच के बाद कलिडौ कौलीबाली ने कहा कि हम जानते थे कि दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक के खिलाफ एक कठिन खेल था। हम अपने विचारों, अपनी प्रतिभा, अपनी ताकत को दिखाना चाहते थे। मुझे लगता है कि हमने बहुत अच्छा खेल खेला। रक्षात्मक रूप से हम बहुत मजबूत थे। आक्रामक रूप से हमने सभी मौकों का फायदा उठाया, इसलिए हम खुश हो सकते हैं। अल हिलाल अब शुक्रवार को सेमीफाइनल में फ्लुमिनेंस एफसी से भिड़ेगा। यह मुकाबला ऑरलैंडो के कैम्पिंग वर्ल्ड स्टेडियम में खेला जाएगा। फ्लुमिनेंस एफसी की टीम इंटर के खिलाफ 2-0 से मुकाबला जीतकर क्वार्टर फाइनल में पहुंची है।

> हम जानते थे कि दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक के खिलाफ एक कठिन खेल था। हम अपने विचारों, अपनी प्रतिभा, अपनी ताकत को दिखाना चाहते थे : कलिडौ कौलीबाली

# डीपीएल-2 : नए सीजन में शामिल हुईं दो नई फ्रेंचाइजी नीलामी में होंगे 10 से ज्यादा आईपीएल खिलाड़ी

**नई दिल्ली,** 1 जुलाई (देशबन्धु)। दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) ने मंगलवार को दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के दूसरे सीजन से पहले लीग में दो नई पुरुष फ्रेंचाइजी जोड़ने का ऐलान किया है। 'आउटर दिल्ली' फ्रेंचाइजी को सविता पेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के नेतृत्व वाले कंसोर्टियम ने 10.6 करोड़ रुपये में खरीदा है। वहीं, 'नई दिल्ली' फ्रेंचाइजी को भीमा टोलिंग एंड ट्रैफिक सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड और क्रेयॉन एडवरटाइजिंग लिमिटेड के साझा समूह ने 9.2 करोड़ रुपये में खरीदा है। इस विस्तार से लीग में पुरुष टीमों की संख्या छह से बढ़कर आठ हो गई है। इससे पहले लीग में छह फ्रेंचाइजी (सेंट्रल दिल्ली किंग्स, ईस्ट दिल्ली राइडर्स, नॉर्थ



दिल्ली स्ट्राइकर्स, पुरानी दिल्ली-6, साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज और वेस्ट दिल्ली लायंस) थीं। डीपीएल सीजन-2 के लिए खिलाड़ियों की नीलामी 6-7 जुलाई को दिल्ली में होगी। पुरुष खिलाड़ियों की नीलामी 6 जुलाई को होगी, जिसके बाद महिला खिलाड़ियों की नीलामी 7 जुलाई को होगी दिलचस्प बात यह है कि पुरुष खिलाड़ियों की नीलामी में

- डीपीएल सीजन-2 के लिए खिलाड़ियों की नीलामी 6-7 जुलाई को दिल्ली में होगी
- पुरुष खिलाड़ियों की नीलामी 6 जुलाई को होगी,
- महिला खिलाड़ियों की नीलामी 7 जुलाई को होगी

कई बेहतरीन क्रिकेटर शामिल होंगे। इनमें ऋषभ पंत, इशांत शर्मा जैसे नामी खिलाड़ी और प्रियांश आर्य, आयुष बडोनी, हर्षित राणा, दिग्वेश राठी, हिम्मत सिंह, सुयश शर्मा, मयंक यादव और अनुज रावत जैसे उभरते सितारे भी हैं। डीपीएल की वापसी पर बोलते हुए, डीडीसीए के अध्यक्ष रोहन जेटली ने कहा कि दिल्ली प्रीमियर लीग सिर्फ एक टूर्नामेंट नहीं है, यह राजधानी की गहरी जड़ें जमाए क्रिकेट कल्चर का जश्न है। सीजन-1 में हमने जिस तरह का टैलेंट देखा, वह वाकई आशाजनक था। इस विस्तार के साथ, हम और भी अधिक खिलाड़ियों को चमक बिखेरने के लिए मंच दे रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि प्रियांश आर्य, दिग्वेश राठी और कई अन्य खिलाड़ियों ने डीपीएल और आईपीएल-2025 के दौरान अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। जुलाई में होने वाली नीलामी सीजन के लिए माहौल तय करेगी। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि यह अनुभव फ्रेंचाइजी, खिलाड़ियों और फैंस के लिए समान रूप से सहज और प्रभावशाली हो। हम सीजन-2 को लीग की यात्रा में एक ऐतिहासिक मौका बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# दक्षिण अफ्रीका ने जिम्बाब्वे को 328 रनों से हराया

**बुलावायो,** 1 जुलाई (एजेंसियां)। दक्षिण अफ्रीका ने आज जिम्बाब्वे को टेस्ट क्रिकेट में अब तक की सबसे बड़ी हार दी, 328 रनों के विशाल अंतर से जीत दर्ज करके दो मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। 537 रनों के चुनौतीपूर्ण लक्ष्य का पीछा करते हुए, कप्तान क्रेग एर्विन और ऑलराउंडर वेलिंगटन मसकाद्जा की थोड़ी सी वापसी के बावजूद जिम्बाब्वे अपनी दूसरी पारी में 208 रनों पर ढेर हो गया। इस जोड़ी ने सातवें विकेट के लिए 83 रन जोड़े, लेकिन एक बार यह साझेदारी टूट जाने के बाद उसकी पारी जल्दी ही समाप्त हो गई। दक्षिण अफ्रीका के कॉर्बिन बॉश, जिन्होंने पहले शतक बनाया था, ने गेंदबाजी में भी शानदार प्रदर्शन किया, उन्होंने पांच विकेट लिए, और टेस्ट मैच में शतक बनाने और पांच विकेट लेने वाले खिलाड़ियों के विशिष्ट क्लब में शामिल हो गए। दक्षिण



अफ्रीका पहले दिन 23/3 के स्कोर पर शुरुआती परेशानी में था, लेकिन डेब्यू करने वाले डेवाल्ड ब्रेविस और लुआन-ड्रे प्रीटोरियस ने शानदार वापसी की। प्रीटोरियस ने अपने डेब्यू मैच में 153 रन की शानदार पारी खेली, जिससे मेहमान टीम की लय स्थापित हो गई। इसके बाद बॉश ने निचले क्रम के साथ मिलकर स्कोर को 418/9 पर पहुंचा दिया। जिम्बाब्वे ने अपनी पहली पारी में 251 रन बनाए, जिसमें सीन विलियम्स अकेले योद्धा थे।

## सुडोकू 6961 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 5 | 3 | 2 | 7 | 4 | 6 | 8 | 1 |
| 1 | 7 | 4 | 8 | 6 | 3 | 2 | 5 | 9 |
| 8 | 6 | 2 | 9 | 1 | 5 | 7 | 4 | 3 |
| 2 | 8 | 5 | 3 | 9 | 1 | 4 | 7 | 6 |
| 4 | 3 | 6 | 5 | 8 | 7 | 1 | 9 | 2 |
| 7 | 9 | 1 | 6 | 4 | 2 | 5 | 3 | 8 |
| 3 | 4 | 9 | 1 | 5 | 6 | 8 | 2 | 7 |
| 6 | 2 | 7 | 4 | 3 | 8 | 9 | 1 | 5 |
| 5 | 1 | 8 | 7 | 2 | 9 | 3 | 6 | 4 |

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| ट्रेंट | 3.34 प्रतिशत |
| एसबीआई | 1.86 प्रतिशत |
| बीईएल | 1.63 प्रतिशत |
| इटरनल | 0.72 प्रतिशत |
| अडानी पोर्ट्स | 0.70 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एक्सिस बैंक | 2.11 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | 2.03 प्रतिशत |
| मारुति | 1.95 प्रतिशत |
| अल्ट्रासिम्को | 1.33 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 1.09 प्रतिशत |

### सर्राफा

दिल्ली

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 96,000 |
| बिटुर | 88,730 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 1,05,510 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.85 | 90.26 |
| पौंड स्टर्लिंग | 105.22 | 122.04 |
| यूरो | 88.88 | 103.09 |
| चीन युआन | 8.4 | 13.63 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

# [अर्थ जगत]

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



# एसबीआई 2047 तक 'विकसित भारत' की ओर देश की यात्रा में इनोवेशन और सशक्तीकरण जारी रखेगा : वित्त मंत्री

- एसबीआई अपने परिचालन के 70 वर्ष पूरे करने का जश्न मना रहा
- बैंक की बैलेंस शीट 66 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गई
- ग्राहकों की संख्या 52 करोड़ से अधिक हुई



**पिछले दशक में बैंक द्वारा डिजिटल परिवर्तन ग्राहकों के लिए बेहद फायदेमंद रहा है। बैंक ने 1.5 करोड़ किसानों, महिलाओं द्वारा संचालित 1.3 करोड़ स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी), पीएम स्वनिधि योजना के तहत 32 लाख स्ट्रीट वेंडर्स, 23 लाख एमएसएमई और विभिन्न योजनाओं के तहत लाखों कारीगरों को सहायता प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई: वित्त मंत्री**

**मुंबई,** 1 जुलाई (एजेंसियां)। देश का सबसे बड़ा पब्लिक सेक्टर बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) अपने परिचालन के 70 वर्ष पूरे करने का जश्न मना रहा है। बैंक की बैलेंस शीट 66 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गई है और ग्राहकों की संख्या 52 करोड़ से अधिक हो गई है। इस अवसर पर वित्त मंत्री सीतारमण ने एसबीआई को राष्ट्र की सेवा के 70 वर्ष पूरे करने पर बधाई देते हुए कहा, '23,000 से अधिक ब्रांच, 78,000 कस्टमर सर्विस पॉइंट्स (सीएसपी) और 64,000 एटीएम के साथ आज एसबीआई की स्थिति बहुत अच्छी है और यह वास्तव में हर भारतीय का बैंक है।'

वित्त मंत्री ने कहा कि पिछले दशक में बैंक द्वारा डिजिटल परिवर्तन ग्राहकों के लिए बेहद फायदेमंद रहा है। बैंक ने 1.5 करोड़ किसानों, महिलाओं द्वारा संचालित 1.3 करोड़ स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी), पीएम स्वनिधि योजना के तहत 32 लाख स्ट्रीट वेंडर्स, 23 लाख एमएसएमई और विभिन्न योजनाओं के तहत लाखों कारीगरों को सहायता प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बैंक के पास 15 करोड़ से अधिक जन धन खाते, 14.65 करोड़ पीएम सुरक्षा बीमा योजना, 1.73 करोड़ अटल पेंशन योजना और 7 करोड़ पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना के लाभार्थी हैं। उन्होंने आगे कहा, 'मुझे यकीन है कि एसबीआई 2047 तक 'विकसित भारत' की ओर देश की यात्रा में इनोवेशन और सशक्तीकरण जारी रखेगा।'

एसबीआई 1955 में अपनी स्थापना के बाद से भारत के शुरुआती विकास लक्ष्यों का समर्थन करने से लेकर डिजिटल और ग्रीन इकोनॉमी की प्रेरक शक्ति के रूप में विकसित हुआ है। एसबीआई के एक बयान के अनुसार, भारत के रिन्यूएबल एनर्जी ट्रांजिशन में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए एसबीआई के सोलर रूफटॉप कार्यक्रम का लक्ष्य वित्त वर्ष 2027 तक चार मिलियन घरों को सौर ऊर्जा से लैस करना है, जिससे भारत के नेट जीरो 2070 लक्ष्यों को आगे बढ़ाया जा सकेगा। एसबीआई के चेयरमैन सी.एस. सेट्टी ने कहा, 'भारत विकास और अवसर के एक नए युग में कदम रख रहा है, इसी के साथ एसबीआई बैंकिंग के भविष्य की नींव रख रहा है।

## एसबीआई की बैलेंस शीट का आकार 175 देशों की जीडीपी से अधिक हुआ

**नई दिल्ली।** देश के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने मंगलवार को कहा कि वर्तमान में उसका वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में 1.1 प्रतिशत और भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 16 प्रतिशत योगदान है। साथ ही, बैंक ने बताया कि सभी सरकारी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के कार्यान्वयन में अब बैंक की हिस्सेदारी 25 प्रतिशत से अधिक हो गई है। बैंक ने बताया कि प्रधानमंत्री जन-धन योजना (पीएमजेडीवाई) में एसबीआई ने 15 करोड़ खाते खोले हैं, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) के तहत 14.6 करोड़ लोगों का पंजीकरण किया है। वहीं, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) के तहत 6.7 करोड़ और अटल पेंशन योजना (एपीवाई) में 1.73 करोड़ लोगों को नामांकित किया है।

## चालू वित्त वर्ष के पहले दो महीनों में सरकार की प्राप्तियां 2025-26 के बजट अनुमान का 21 प्रतिशत रहीं

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, केंद्र सरकार को चालू वित्त वर्ष में मई तक 7,32,963 करोड़ रुपए प्राप्त हुए, जो 2025-26 के इसी बजट अनुमान की कुल प्राप्तियों का 21 प्रतिशत है और देश की मजबूत राजकोषीय स्थिति को दर्शाता है।

### NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, RANJEET MALHOTRA S/O AJAY MALHOTRA resident of INDIRA NAGAR, PAMGARH, JANJGIR-CHAMPA, (C.G.) 495554 have changed my old name RANJEET MALHOTRA S/O AJAY MALHOTRA so in future I should be recognized by my new name that is RANJIT MALHOTRA S/O AJAY MALHOTRA in all Government and other documents.

**RANJIT MALHOTRA**
INDIRA NAGAR, PAMGARH,
JANJGIR-CHAMPA, (C.G.)
495554

## एनएमडीसी ने वैश्विक उपस्थिति का किया विस्तार, दुबई में खोला नया कार्यालय

**हैदराबाद/दुबई,** 1 जुलाई (एजेंसियां)। भारत की सबसे बड़ी लौह अयस्क उत्पादक कंपनी एनएमडीसी ने संयुक्त अरब अमीरात के दुबई में अपने नये अंतरराष्ट्रीय कार्यालय स्थापित कर अपनी वैश्विक उपस्थिति का विस्तार किया है। कंपनी की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस रणनीतिक कदम से एनएमडीसी की वैश्विक उपस्थिति मजबूत होगी तथा यह खान क्षेत्र में कंपनी के एक बहुराष्ट्रीय ताकत बनने के सपने के अनुरूप है। एनएमडीसी के दुबई कार्यालय का उद्घाटन केंद्रीय इस्पात एवं भारी उद्योग मंत्री एच. डी. कुमारस्वामी ने किया। इस अवसर पर संयुक्त अरब अमीरात में भारत के राजदूत एच ई संजय सुधीर, एनएमडीसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अमिताभ मुखर्जी, सार्वजनिक क्षेत्र की इस्पात कंपनी भारतीय इस्पात प्राधिकरण के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक अमरेंदु प्रकाश, दुबई में भारत के महावाणिज्य दूत सतीश कुमार सिवन, इस्पात मंत्रालय में संयुक्त सचिव विनोद कुमार त्रिपाठी तथा वहां भारत के राजनयिक मिशनों के अधिकारी तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कंपनी का कहना है कि उसका दुबई कार्यालय उसके लिए एक रणनीतिक केंद्र के रूप में कार्य करेगा तथा पश्चिम एशिया एवं उत्तरी अफ्रीका, अफ्रीका एवं ऑस्ट्रेलिया में खनिज क्षेत्रों में घटनाक्रमों तथा नियामक परिवर्तनों और सरकारी नीतियों सहित पर सक्रिय रूप से निगाह रखेगा।

### न्यायालय तहसीलदार धरसींवा तहसील धरसींवा, जिला रायपुर (छ.ग.)
**ईश्तहार**

ग्राम गोढ़ी, प.ह.नं. 16
रा.नि.मं. रायपुर 15 धरसींवा
तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग.
धरसींवा, दिनांक 23.06.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अश्वनी वर्मा उर्फ अश्वनी कुमार वर्मा पिता नारद वर्मा निवासी ग्राम गोढ़ी तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग. द्वारा कृषक प्रमाण पत्र आवेदन पेश किया गया यह कि ग्राम गोढ़ी प.ह.नं. 16 रा.नि.मं. रायपुर 15 धरसींवा तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि कुल खसरा नंबर 05 कुल रकबा नंबर 0.6250 हे. अश्वनी वर्मा उर्फ अश्वनी कुमार वर्मा पिता नारद वर्मा के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा अपने पुत्र कुणाल वर्मा पिता अश्वनी वर्मा उर्फ अश्वनी कुमार वर्मा पिता नारद वर्मा के लिए कृषक प्रमाण पत्र बनाने हेतु निवेदन किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 07.07.2025 को उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 23.06.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार धरसींवा

### रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर
**उद्घोषणा**

**क्रमांक 7409/आर.सी./रा.वि.प्रा./2025**
**रायपुर दिनांक 01/07/25**

प्राधिकरण की डॉ. खूबचंद बघेल, रांवाभाठा ट्रांसपोर्ट नगर योजना के अंतर्गत श्री महेश गोयल आत्मज श्री राम प्रताप गोयल को ब्लॉक 19 में भूखण्ड क्रमांक एसएस 2-128 क्षेत्रफल 269 वर्गफुट 30 (तीस) वर्षीय पट्टे पर धारित है, आबंटिती के द्वारा उक्त भूखण्ड को फ्री-होल्ड किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भूखण्ड को फ्री-होल्ड किये जाने पर यदि किसी को कोई आपत्ति/दावा होवें तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति / दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार फ्री-होल्ड की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति / दावा ग्राह्यय नहीं होगा।

दिनांक 01.07.25 को जारी।

**राजस्व अधिकारी (तहसीलदार)**
**रायपुर विकास प्राधिकरण**
**रायपुर (छ.ग.)**

### रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर
**उद्घोषणा**

**क्रमांक 7379/आर.सी./रा.वि.प्रा./2025**
**रायपुर दिनांक 01/07/25**

प्राधिकरण की नगर विकास योजना क्रमांक 04 (कौशल्या माता विहार) योजनांतर्गत श्री विष्णु प्रसाद एवं श्री टेटकू उर्फ पुरूषोत्तम पिसरान श्री चैतू को पुर्नगठित विकसित भूखण्ड क्रमांक सी-63 ए क्षेत्रफल 150.499 वर्गफुट सेक्टर 10 में आबंटित हैं। आबंटिती के आ.मु. श्री अरविन्द गुप्ता पिता श्री दुर्गा प्रसाद गुप्ता के द्वारा क्रेता श्री स्वर्णपाल सिंह चावला पिता श्री मंगत सिंह चावला निवासी मकान नंबर 30/1090, राज भवन के पास, सिविल लाईन, रायपुर तह. व जिला रायपुर छ.ग. उक्त भूखण्ड को दिनांक 13.10.2022 पंजीकृत विक्रय विलेख के माध्यम से क्रय कर उक्त भूखण्ड पर नाम दर्ज करने का निवेदन किया है।

उक्त भूखण्ड का नाम दर्ज किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति/दावा हो तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति / दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमो के अनुसार नाम दर्ज की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति / दावा ग्राह्यय नहीं होगा।

दिनांक 01.07.25 को जारी।

**राजस्व अधिकारी (तहसीलदार)**
**रायपुर विकास प्राधिकरण**
**रायपुर (छ.ग.)**

### न्यायालय तहसीलदार रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.)
**ईश्तहार**

ई.कोर्ट नं./2025061102000/ब-121/2025
ग्राम-डोमा, प.ह.नं. 84
तहसील व जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 30.06.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका रंजीता चन्द्राकर पति ईश्वर चन्द्राकर निवासी राम निकेतन, सड्डू रायपुर छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि आवेदिका द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य में ग्राम डोमा, प.ह.नं. 84 तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर- 196/85 रकबा 0.025 हे. भूमि धारित की जाती है। आवेदिका को उक्त भूमि का ऋण पुस्तिका प्रदान किया गया था। उपरोक्त ऋण पुस्तिका की मूल प्रति गुम हो चुकी है काफी खोजबीन करने के बावजूद भी आवेदक को उक्त ऋण पुस्तिका प्राप्त नहीं हुई। उक्त ऋण पुस्तिका गुम हो जाने की सूचना दिनांक 02.07.2018 को थाना विधान सभा जिला रायपुर में करायी गई है। अत: आवेदिका को उक्त भूमि का शासकीय एवं अन्य कार्यों हेतु ऋण पुस्तिका की आवश्यकता है। अत: आवेदिका द्वारा डुप्लिकेट ऋण पुस्तिका प्रदान किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 15.07.2025 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा

आज दिनांक 30.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार रायपुर

### रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर
**उद्घोषणा**

**आवेदन क्रमांक 6454**
**क्रमांक 6921/आर.सी./रा.वि.प्रा./2025**
**रायपुर दिनांक 19/06/25**

प्राधिकरण की देवेन्द्र नगर (इंदिरा गांधी व्यावसायिक परिसर) योजनांतर्गत श्रीमती चन्द्राबाई नावानी पति स्व. मोटूमल नावानी को भूखण्ड क्रमांक 08 रकबा 795 वर्गफुट तीस वर्षीय पट्टे पर आबंटित है। आबंटिती श्रीमती चन्द्राबाई नावानी की मृत्यु दिनांक 31.10.2012 को हो जाने के कारण उक्त भूखण्ड के उत्तराधिकारी नामांतरण बाबत् उनके वारिसानों अर्थात् पुत्रगण श्री जयचन्द नवानी, श्री प्रकाश नवानी, श्री सेवक राम नवानी, श्री अशोक कुमार नवानी, श्री परमानन्द नवानी, श्री श्याम नवानी, श्री राम नवानी पिसरान स्व. मोटूमल नवानी सभी निवासी सी-29/30 सेक्टर 04, देवेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भूखण्ड/मकान की नामांतरण अनुमति प्रदान किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति/दावा होवें तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति/ दावा प्रस्तुत नहीं होने पर प्राधिकरण के प्रचलित नियमो के अनुसार आवेदन का निराकरण कर दिया जायेगा जिसके बाद कोई आपत्ति / दावा ग्राह्यय नहीं होगा।

जारी दिनांक 19.06.25

**राजस्व अधिकारी (तहसीलदार)**
**रायपुर विकास प्राधिकरण**
**रायपुर (छ.ग.)**

### रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर
**उद्घोषणा**

**क्रमांक 7391/आर.सी./रा.वि.प्रा./2025**
**रायपुर दिनांक 01/07/25**

प्राधिकरण की देवेन्द्र नगर योजना के अन्तर्गत श्री कन्हैया टांक पिता श्री जादवजी कुंवरजी टांक द्वारा जनता मकान क्रमांक 51/3 क्षेत्रफल 430 वर्गफुट फ्री-होल्ड पर धारित है। फ्री-होल्डधारी द्वारा उक्त सम्पत्ति को पंजीकृत विक्रय विलेख द्वारा दिनांक 26.03.2025 को क्रेता श्रीमती भारती पिता श्री घनश्याम गिरी गोस्वामी निवासी दिया गया है। जनता मकान सेक्टर 03, रायपुर (छ.ग.) के पक्ष में विक्रय कर क्रेता श्रीमती भारती पिता श्री घनश्याम गिरी गोस्वामी द्वारा पंजीकृत विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत कर प्राधिकरण अभिलेख में नाम दर्ज कराना चाहा है। अत: उक्त भूखण्ड के अभिलेख में क्रेता का नाम दर्ज किये जाने पर यदि किसी को कोई आपत्ति/ दावा होवें तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति / दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार नाम दर्ज की कार्यवाही सम्पादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति / दावा ग्राह्यय नहीं होगा।

दिनांक 01.07.25 को जारी।

**राजस्व अधिकारी (तहसीलदार)**
**रायपुर विकास प्राधिकरण**
**रायपुर (छ.ग.)**

### नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं शकीला खातून (Shakila Khatoon w/o Md Ikramulla) निवासी छोटापारा मस्जिद के पीछे रायपुर छत्तीसगढ़, जन्म तिथि 06.06.1956 यह शपथ करती हूं कि मेरा सही और वास्तविक नाम शकीला खातून (Shakila Khatoon) है, मेरी बेटी शमा बेगम (Shama Begum) के पासपोर्ट में मेरा नाम शकीला बेगम (Shakila Begum) लिखा हुआ है जो सही नहीं है। मेरा सही नाम शकीला खातून (Shakila Khatoon w/o Md Ikramulla) है।

अत: आज से मुझे समस्त शासकीय अर्धशासकीय एवं अन्य दस्तावेजों में मेरे सही व वास्तविक नाम शकीला खातून (Shakila Khatoon w/o Md Ikramulla) के नाम से ही जाना पहचाना जावे।

**शकीला खातून**
**निवासी छोटापारा मस्जिद के पीछे**
**रायपुर (छ.ग.)**

### न्यायालय तहसीलदार रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)
**ईश्तहार**

ई.क्र./अ-6/वर्ष 2025
ग्राम-पंडरीतराई प.ह.नं. 47
तहसील व जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 23.06.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदकगण 1. श्रीमती समुंद कुंवर पति स्व. सदाराम उपासे 2. श्रीमती नरबदिया बाई पार्वे 3. श्रीमती निर्मला धनकर 4. अशोक कुमार उपासे 5. रोहित उपासे चारो पिता स्व. सदाराम उपासे निवासी-26/491, आदर्श चौक, राजातालाब, रायपुर छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में धारा-110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत नामांतरण बाबत् आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि ग्राम-पंडरीतराई, प.ह.नं. 47, तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि शीट नंबर-21, भूखंड क्रमांक-3/25, खसरा नंबर-168/9 का भाग रकबा 559 वर्गफुट एवं शीट नंबर-21, भूखंड क्रमांक-3/26, खसरा नंबर-168/9 का भाग रकबा 144 वर्गफुट भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेख में सदाराम पिता साधू राम धनगर के नाम पर दर्ज है। आवेदकगण के पति / पिता स्व. सदाराम उपासे की मृत्यु दिनांक 12.02.2003 को हो चुकी है। तथा स्व. सदाराम उपासे के विधिक वारिसान में 1. श्रीमती समुंद कुंवर पति स्व. सदाराम उपासे 2. श्रीमती नरबदिया बाई पार्वे 3. श्रीमती निर्मला धनकर 4. अशोक कुमार उपासे 5. रोहित उपासे चारो पिता स्व. सदाराम उपासे है। इनके अतिरिक्त अन्य कोई विधिक वारिसान नहीं है। अत: आवेदकगण द्वारा मृतक खातेदार का नाम विलोपित कर विधिक वारिसानों का नाम दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 10.07.2025 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार रायपुर

### न्यायालय नायब तहसीलदार समोदा मामले की श्रेणी-राजस्व
**ईश्तहार**

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-आरंग प.ह.नं. 00003 डूमहा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202425440210900002

तहसील आरंग के प.ह.नं. 00003 के अंतर्गत ग्राम डूमहा के वर्तमान भूमिस्वामी खोरबाहरीन बाई पिता/पति बिलखी यादव पता निवासी ग्राम धौराभांठा के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 116 0.7500 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता कामदेव धीवर पिता/पति कृपाराम धीवर पता के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 25.07.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार समोदा पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति /संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 01.07.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार आरंग

### न्यायालय नायब तहसीलदार 8 ए रायपुर मामले की श्रेणी-राजस्व
**ईश्तहार**

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00070 टिकरापारा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202425440725600356

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00070 के अंतर्गत ग्राम टिकरापारा के वर्तमान भूमिस्वामी बसुबाई पिता/पति संतोष कुमार पता विवेकानंद रायपुर, अजय कुमार पिता/पति श्याम सुंदर पता विवेकानंद रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 172/6 0.0390 में प्रस्तावित भूमिस्वामी /क्रेता अजय कुमार पिता/पति श्याम सुंदर पता विवेकानंद रायपुर के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 16.07.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार 8 ए रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति /संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 23.06.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार रायपुर

### NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, SUNITA DEVI AGRAWAL ALIAS SUNITA AGRAWAL W/O RAMESH SULTANIA resident of H.NO. 24, SAVRIYA DERA VILL BANARI TAH. JANJGIR DIST JANJGIR CHAMPA (C.G.) have changed my old name SUNITA DEVI AGRAWAL ALIAS SUNITA AGRAWAL W/O RAMESH SULTANIA so in future I should be recognized by my new name that is SUNITA SULTANIA W/O RAMESH SULTANIA in all Government and other documents.

**SUNITA SULTANIA**
H.NO. 24, SAVRIYA DERA VILL
BANARI TAH. JANJGIR DIST
JANJGIR CHAMPA (C.G.)

### NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, RAMESH KUMAR SULTANIA S/O HARIRAM SULTANIA resident of H.NO. 24, SAVRIYA DERA VILL BANARI TAH. JANJGIR DIST JANJGIR CHAMPA (C.G.) have changed my old name RAMESH KUMAR SULTANIA S/O HARIRAM SULTANIA so in future I should be recognized by my new name that is RAMESH SULTANIA S/O HARIRAM SULTANIA in all Government and other documents.

**RAMESH SULTANIA**
H.NO. 24, SAVRIYA DERA VILL
BANARI TAH. JANJGIR DIST
JANJGIR CHAMPA (C.G.)

### NAME CHANGE

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए इस योजना की शुरुआत मार्च 2024 में की गई थी। अब तक लगातार 17 माहों में 11081.68 करोड़ रुपये की राशि प्रदेश की महिलाओं को प्रदाय की जा चुकी है। योजना के अंतर्गत 21 से 60 वर्ष आयु वर्ग की विवाहित, विधवा, तलाकशुदा एवं परित्यक्ता महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रूपए की सहायता राशि प्रदान की जाती है।

योजना से होने वाले भुगतान एवं अन्य जानकारी से अवगत होने के लिए महतारी वंदन योजना के पोर्टल ीजजचेरू//ेीजंतपअंदकंद.बहेजंजम.हवअ.पद अथवा महतारी वंदन योजना का मोबाईल ऐप भी है जिसे हितग्राही प्लेस्टोर से डाउनलोड कर अपनी जानकारी देख सकते हैं। यदि कोई आवेदिका इस सहायता राशि का लाभ नहीं लेना चाहती है, अर्थात् लाभ त्याग करना चाहती है तो वे पोर्टल में लाभ त्याग के ऑप्शन में जाकर लाभ त्याग कर सकती है।

महतारी वंदन योजनांतर्गत सहायता राशि डीबीटी के माध्यम से दी जा रही है। जिन हितग्राहियों का खाता डीबीटी इनेबल नहीं है वे तत्काल बैंक जाकर आधार सीडिंग करवायें क्योंकि उनको भुगतान किये जाने पर राशि वापस हो जा रही है तथा इस हेतु उन्हें एसएमएस के माध्यम से सूचित भी किया गया है। यदि किसी हितग्राही को किसी प्रकार की शिकायत हो तो इस पोर्टल में शिकायत करें ऑप्शन में जाकर अपनी समस्या ऑनलाईन दर्ज कर सकती है।

### आधार कार्ड अपडेट कराने की अपील

महिला एवं बाल विकास विभाग ने हितग्राही महिलाओं से अपील की है कि वह अपना आधार कार्ड अपडेट कराएं, ताकि राशि के भुगतान में किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो। ज्ञात हो कि आधार कार्ड को हर 10 वर्षों में अपडेट करना अनिवार्य है। कई हितग्राहियों का भुगतान आधार इनएक्टिव होने के कारण निरस्त किया गया है। ऐसे हितग्राहियों को आधार केंद्र में जाकर पहचान एवं निवास प्रमाण-पत्र के साथ आधार अपडेट कराना आवश्यक है, ताकि आगामी किश्त का भुगतान सुनिश्चित हो सके।

# खैरवारडीह जंगल विभाग की उपेक्षा के कारण बनते जा रहा हैं कबाड़ खाना

**भरूवाडीह/बलौदाबाजार,** 1 जुलाई (देशबनधु)। जिला मुख्यालय से दक्षिण में 9 किलोमीटर की दुरी पर स्थित विशालकाय खैरवारडीह आरक्षित वन सुरक्षित नही है जो कि लगभग 6 सौ हेक्टेयर का है। आजादी के आज 78 वॉं वर्ष बाद भी वही स्थिति में विकास से कोसों दूर विनाश के कगार पर है खैरवारडीह जंगल। उल्लेखनीय है कि 6 प्रमुख अंतरराष्ट्रीय सीमेंट उद्योगों से चारों तरफ से घिरा हुआ है जंगल। जहां दुबका, सिसकियाँ भरता यह बेबस वन अपनी उपेक्षा से ज्यादा भविष्य में जनजीवन की हवा के बिना कोरोना जैसी दुर्दशा पर बेहद चिंतित है।

गौरतलब है कि प्रशासन और शासन की गुप्त समझौते और साजिश के कारण विकास के नाम पर यहाँ शुन्य अलावा कुछ भी नहीं है। वनरक्षक का वर्षो से यहाँ निर्मित है चार्टर जिसमें कभी कोई रह नही रहा हैं। जबकि कुछ वर्षो पूर्व चौकिदारों का रहना होता था। परन्तु तीन चार वर्षो से अभी तक वन विभाग का यहाँ न तो एक भी वनरक्षक है और नहीं चौकीदार। वन विभाग के उपेक्षा पुर्ण रवैया के कारण जंगल तो उजड रहा है। वहीं जंगल अंदर हगिस, पैम्पर्स, चुड़ियाँ, महंगे कॉस्मैटिक्स के खाली डिब्बे और अन्य बेकार सामग्रियाँ पॉलीथीनों में भरकर जंगल में फेंके जा रहे है। जबकि ग्रामीणों का कहना है कि यह सब सीमेंट संयंत्रों में कार्यरत अधिकारियों की करतूत है, जिसका खामियाजा यह कृत्य करने वाले इन उद्योगों में कार्यरत अधिकारियों कर्मचारियों को निश्चित रूप से भुगतना होगा क्योंकि यहाँ वनदेवी साक्षात विद्यमान है।

# कृषि अभियांत्रिकी एवं फूड टेक्नोलॉजी में प्रवेश प्रारंभ

**रायपुर,** 1 जुलाई (देशबन्धु)। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय (आईजीकेवी), रायपुर, छत्तीसगढ़ द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए चार वर्षीय बी.टेक. पाठ्यक्रमों (एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग और फूड टेक्नोलॉजी) में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 03 जुलाई 2025 तक निर्धारित है। ये विषय अत्यंत महत्वपूर्ण हैं क्योंकि ये खाद्य सुरक्षा, कृषि उत्पादकता वृद्धि, संसाधनों के सतत प्रबंधन और ग्रामीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कृषि अभियांत्रिकी के अंतर्गत कृषि यंत्रीकरण, सिंचाई प्रणाली, मृदा एवं जल संरक्षण और फसल कटाई उपरांत तकनीक की पढ़ाई होती है, जबकि फूड टेक्नोलॉजी में खाद्य प्रसंस्करण, संरक्षण और गुणवत्ता नियंत्रण के वैज्ञानिक तरीकों पर जोर दिया जाता है, जिससे देश की पोषण सुरक्षा मजबूत होती है।

■ आवेदन 3 जुलाई तक

इन पाठ्यक्रमों को पूरा करने के बाद छात्रों को निजी और सरकारी दोनों क्षेत्रों में व्यापक रोजगार के अवसर प्राप्त होते हैं। कृषि यंत्रीकरण उद्योग, सिंचाई विभाग, कृषि विकास परियोजनाएं, खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां, एफएसएसएआई, खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता नियंत्रण विभाग, कृषि अनुसंधान संस्थान और बैंकों में विशेषज्ञ या अधिकारी के रूप में रोजगार के अवसर उपलब्ध हैं। साथ ही, ये पाठ्यक्रम स्वरोजगार और स्टार्टअप की संभावनाओं को भी बढ़ावा देते हैं।

कक्षा 12वीं में गणित, भौतिकी, रसायन और अंग्रेज़ी विषय के साथ उत्तीर्ण छात्र आवेदन के पात्र हैं। प्रवेश में वरीयता इस क्रम में दी जाएगी रू प्रथमकृवे छात्र जिन्होंने पीईटी-2025 (प्री एग्रीकल्चर टेस्ट) दिया है; द्वितीयकृजेईई-मेन-2025 के योग्य अभ्यर्थी; तृतीयकृछत्तीसगढ़ निवास प्रमाणित (डोमिसाइल) छात्र जिन्होंने 12वीं (मैथ्स ग्रुप) में न्यूनतम 50त्न अंक प्राप्त किए हों; और अंत में अन्य राज्यों के पात्र छात्र।

आवेदन केवल विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट https://igkv.ac.in/site/ पर उपलब्ध ऑनलाइन फॉर्म के माध्यम से ही किया जा सकता है। फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 3 जुलाई 2025 है। आवेदन प्रक्रिया, काउंसलिंग के दिशा-निर्देश और काउंसलिंग कार्यक्रम से जुड़ी पूरी जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। इच्छुक अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे नियमित रूप से वेबसाइट देखते रहें और सभी निर्देशों का पालन करें।

यह उन छात्रों के लिए सुनहरा अवसर है जो कृषि और खाद्य प्रौद्योगिकी में करियर बनाकर देश की प्रगति में योगदान देना चाहते हैं। आईजीकेवी, रायपुर में प्रवेश लेकर इसकृपरिवर्तन का हिस्सा बनें और एक उज्ज्वल भविष्य की दिशा में कदम बढ़ाएं।

## दंतेवाड़ा की बेटियों ने रचा इतिहास, स्वर्णिम सफलता

# राष्ट्रीय थाई बॉक्सिंग चैंपियनशिप में जीते स्वर्ण पदक

- नुपुर, छाया और नेहल की कामयाबी से जिला गौरवान्वित
- परिवार की मदद, कड़ी मेहनत और लगन से मिली सफलता



**दंतेवाड़ा,** 1 जुलाई (देशबन्धु)। नक्सल प्रभावित क्षेत्र दंतेवाड़ा की बेटियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। दंतेवाड़ा की बेटियों नुपुर ठाकुर और छाया नाग, नेहल ठाकुर ने तेलंगाना के खैराताबाद में आयोजित 11वीं राष्ट्रीय थाई बॉक्सिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा है।

यह उपलब्धि न केवल दंतेवाड़ा जिले के लिए गर्व की बात है, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ राज्य के लिए भी एक बड़ी उपलब्धि है। इस प्रतियोगिता में 8 राज्यों के लगभग 150 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। तीन दिन तक चले थाई बॉक्सिंग चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ के 14 खिलाड़ियों ने मेडल जीते, जिसमें दंतेवाड़ा से तीन खिलाड़ियों ने मेडल जीता। इस उपलब्धि ने साबित कर दिया है कि मेहनत और लगन से किसी भी क्षेत्र में सफलता हासिल की जा सकती है। दंतेवाड़ा जैसे नक्सल प्रभावित क्षेत्र में खेलों के प्रति जागरूकता और सुविधाओं की कमी के बावजूद, नुपुर ठाकुर, छाया नाग और नेहल ठाकुर ने अपनी मेहनत और लगन से इस उपलब्धि को हासिल किया है। नुपुर ठाकुर ने इससे पहले भी गोवा में आयोजित राष्ट्रीय थाई बॉक्सिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया था।

नुपुर ठाकुर और छाया नाग की सफलता में उनके परिवार का समर्थन बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। नुपुर ठाकुर के पिता अर्जुन सिंह ठाकुर किराना व्यवसाई हैं और उनकी माता दयावती ठाकुर बिजली विभाग में बाबू हैं। छाया नाग के पिता कुंवर सिंह ठाकुर शिक्षक हैं और उनकी माता अनिता ठाकुर गृहणी हैं। दोनों बहनों के परिवार ने उनकी प्रतिभा को पहचाना और उन्हें समर्थन दिया, जिससे वे अपनी मेहनत और लगन से इस मुकाम तक पहुंच सकीं। चाचा-चाची दिनेश ठाकुर और तरुणलता पिंकी ठाकुर ने दोनों बहनों को बधाई दी है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। परिवार का यह समर्थन और प्यार दोनों बहनों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है और उन्हें आगे भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित करेगा।

नुपुर ठाकुर और छाया नाग ने स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा है, जबकि नेहल ठाकुर ने रजत पदक जीता है। संघ के अध्यक्ष अनीस मेमन और टिकेश्वरी साहू के अनुभव और ज्ञान ने दंतेवाड़ा के खिलाड़ियों को सही दिशा में मार्गदर्शन करने में मदद की। उनकी देखरेख में खिलाड़ियों ने अपनी तकनीक और रणनीति में सुधार किया, जिससे उन्हें प्रतियोगिता में सफलता मिली। नुपुर ठाकुर, छाया नाग और नेहल ठाकुर की इस उपलब्धि ने दंतेवाड़ा जिले के लिए गर्व की बात है। नुपुर ठाकुर और छाया नाग, नेहल ठाकुर को उनकी इस उपलब्धि पर बधाई और शुभकामनाएं देते हुए, कहा है कि वे आगे भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी और दंतेवाड़ा जिले का नाम रोशन करेंगी। उनकी इस उपलब्धि ने साबित कर दिया है कि दंतेवाड़ा जिले के युवा किसी भी क्षेत्र में सफलता हासिल कर सकते हैं और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते हैं।

# पार्थ ने बेसबॉल चैंपियनशिप में जीता रजत पदक



**महासमुंद** 01 जुलाई (देशबंधु)। 33वीं राष्ट्रीय जूनियर बेसबॉल चैंपियनशिप का आयोजन उत्तर प्रदेश बेसबॉल एसोसिएशन द्वारा 27 जून से 01 जुलाई तक गढ़मुक्तेश्वर जिला पाटन उत्तर प्रदेश में आयोजित किया गया। जिसमें तुमगांव के पार्थ छत्तीसगढ़ राज्य की टीम में शामिल होकर रजत पदक जीतने में सफ्लता हासिल किया है। इससे पहले राज्य स्तरीय प्रतियोगिता बिलासपुर में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर छत्तीसगढ़ की टीम का चयन किया गया था, जिसमें महासमुंद जिले से पार्थ शर्मा पिता हर्ष शर्मा का चयन हुआ था। जिसने राष्ट्रीय बेसबॉल चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ राज्य की टीम में शामिल होकर रजत पदक जीतने में सफ्लता हासिल किया। तुमगांव निवासी पार्थ वेडनर मेमोरियल स्कूल महासमुंद में अध्यनरत हैं। पार्थ विगत 4 वर्षो से तुमगांव खेल मैदान में प्रशिक्षक डॉ सुनील कुमार भोई व्यायाम शिक्षक भोरिंग के मार्गदर्शन में नियमित अभ्यास करते हुए राष्ट्रीय चैंपियनशिप में पदक प्राप्त किया है जहां आसपास क्षेत्र के बच्चे शामिल होते हैं। तुमगांव एवं भोरिंग में संचालित खेल मैदान में विगत वर्ष 65 बच्चों ने राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में शामिल हुए एवं 95 बच्चों ने विभिन्न खेलों रग्बी, सॉफ्टबॉल, बेसबॉल, एथलेटिक्स, तलवारबाजी, हैंडबॉल में से राज्य स्तरीय ओपन प्रतियोगिता में शामिल हुए। केवल बेसबॉल में प्रतिवर्ष 30 से 40 खिलाड़ी राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता एवं 40 से 50 खिलाड़ी राज्य स्तरीय ओपन प्रतियोगिता में शामिल होते हैं। इसी मैदान से ही 03 खिलाड़ी नेशनल गेम्स उत्तराखंड में शामिल हुए। दो खिलाड़ी विश्वविद्यालय के सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में शामिल हुए। राष्ट्रीय बेसबॉल प्रतियोगिता में पार्थ के रजत पदक जीतने पर अध्यक्ष नगर पंचायत बलराम कांत साहू, उपाध्यक्ष सावित्री उत्तम निर्मलकर, जनपद पंचायत सदस्य प्रियंका लवेश ढीढी, पार्षद राम शरण निर्मलकर, पार्षद गौतम सिन्हा, पार्षद चोवाराम तांडेकर, पार्षद शिव यादव, भुवनेश्वर साहू, पार्षद रोहित साहू, शत्रुहन निषाद, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरें, खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण मनोज धृतलहरे, सहायक क्रीड़ा अधिकारी अंजलि बरमाल, विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिंहा, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी हिना ढालेन, सरपंच भोरिंग लीला लोकेश्वर, उप सरपंच भेखलाल साहू, पंच अभिषेक नेहरू, वेद प्रकाश साहू, सावित्री बाईं, यशवंत साहू, राहुल यादव, पिंटू सिंह, हर्ष शर्मा, जमील कुरेशी आदि ने बधाई दी है।

**NECC**

| 02.07.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 585 | 80 | 165 |
| चिल्हर | 7.00 | 100 | 190 |

डिलीवरी 600 सैकड़ा
दर्जन अंडा 80 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA




प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59
फोन- (0771) 4077750, 4077760, email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

## संपादकीय

### बमलेश्वरी रोपवे: नियमित देखरेख हो

डोंगरगढ़ छत्तीसगढ़ का एक प्रसिद्ध धार्मिक व पर्यटन स्थल है। हजारों की संख्या में लोग यहां आते हैं। इस स्थान की विशेषता है पहाड़ी पर बना बमलेश्वरी देवी का मंदिर जिसमें धर्मप्राण हिन्दुओं की गहन आस्था है। वैसे तो सारे साल ही लोग देवी दर्शन को आते हैं परन्तु त्यौहारों में यहां अपार भीड़ रहती है। वह भी दोनों नवरात्रि के अवसर पर। लोग सपरिवार यहां आते हैं। इसके अलावा यह हरे-भरे पहाड़ों पर स्थित होने के कारण वे लोग भी बड़ी तादाद में पहुंचते हैं जो प्राकृतिक सुषमा का आनंद लेना चाहते हैं। विशेषकर बारिशों तथा ठंड का मौसम बहुत खुशगवार होता है। ऊंचाई से डोंगरगढ़ शहर तथा अन्य इलाकों का दिखने वाला दृश्य बहुत अनुपम होता है। उसका भी लोग यहां आनंद लेते हैं।

जनता की सुविधा के लिये यहां सरकार ने अनेक काम किये हैं। पहले के मुकाबले यहां कई तरह की सहूलियतें विकसित हुई हैं। ऊपर तक पहुंचने के रास्ते भी बेहतर हुए हैं। सबसे बड़ी सुविधा जो प्रदान की गयी है वह है- रोपवे का निर्माण। जब से यह सुविधा उपलब्ध हुई है तभी से बमलेश्वरी आने वाले लोगों की संख्या में बड़ा इज़ाफ़ा हुआ है। ऐसे लोग जो मंदिर तक पहुंचने में ऊंचाई के कारण असमर्थ होते थे, वे भी अब रोपवे के सहारे आ जाते हैं। इनमें से ज्यादातर बुजुर्ग, गर्भवती स्त्रियां, छोटे बच्चों वाले परिवार, बीमार व्यक्ति आदि होते थे। चाहकर भी वे ऊपर नहीं पहुंच पाते थे। उनके लिये रोपवे बहुत फायदेमंद साबित हुआ है।

एक ओर जहां डोंगरगढ़ का यह रोपवे लोगों को सुविधा दे रहा है तो वहीं दूसरी ओर वह दो बार टूट भी चुका है जो कि बहुत ही खतरनाक बात है। कुछ माह पहले जब वह दुर्घटनाग्रस्त हुआ था तो भारतीय जनता पार्टी के कुछ नेताओं को गम्भीर चोटें आई थीं जो उस समय एक ट्रॉली में बैठे हुए थे। उस समय जब हादसे की जांच की गयी तो पाया गया कि इसका कारण उसकी नियमित रूप से देखरेख न होना है। इसके चलते ही वह हादसा हुआ था।

उक्त दुर्घटना में रोपवे में जो खराबी आई थी उसे ठीक कर लिया गया है और सोमवार से वह फिर से परिचालित होने लगा है। आशा की जानी चाहिये कि आगे भी इसका ठीक-ठाक संचालन होता रहेगा। पहले की तरह दुर्घटना फिर से न हो। ऐसे उपकरण बेहद जटिल तकनीकों पर आधारित होते हैं। उनका परिचालन कुशल लोगों के द्वारा किया जाना चाहिये। सर्वाधिक महत्वपूर्ण है उसकी नियमित देखरेख हो। सम्भवत: लोगों की हर रोज होने वाली भीड़ के चलते इसे रोका नहीं जाता होगा जिसके कारण पिछले दो हादसे हुए होंगे। नियमित अंतराल में इसका संचालन पूर्णत: रोककर उसकी समुचित मेंटेनेंस होना चाहिये। जब रोपवे न चले तो आगंतुकों को इसकी पूर्व सूचना मिले।

## उल्टा पुल्टा

संता बैठा मूंगफली खा रहा था कि तभी उसकी गर्लफ्रेंड आ गई.
गर्लफ्रेंड - क्या कर रहे हो?
संता- मूंगफली खा रहा हूं..
गर्लफ्रेंड - अच्छा, अकेले-अकेले?
संता- अब 10 रुपये की मूंगफली में तेरे पूरे खानदान को खिला दूं।

# बस्तर जिले के सातों ब्लाकों के शिक्षक उतरे फिर सड़कों पर

## दोषपूर्ण युक्तियुक्तकरण को दुरुस्त कर 2008 के सेटअप के अनुसार शिक्षकों की हो व्यवस्था





**जगदलपुर,** 1 जुलाई (देशबन्धु)। युक्तियुक्तकरण में हुई गंभीर अनियमितता सहित चार सूत्रीय मांगों को लेकर एक जुलाई को बस्तर जिले के सभी सातों विकास खण्ड मुख्यालयों में बारिश की झड़ी के बीच उग्र धरना प्रदर्शन कर एसडीएम, तहसीलदार और खंड शिक्षा अधिकारी को मुख्यमंत्री, शिक्षा सचिव तथा संचालक डीपीआई के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शिक्षक संगठनों के साझा मंच के द्वारा एक बार फिर से अपनी मांगों को लेकर शासन को घेरते नजर आये। इस दौरान ग्रामीण क्षेत्रों के अधिकांश स्कूलों में तालेबंदी कि स्थिति रही। वहीं कुछ खुले अधिकांश स्कूलों में माध्यन्ह भोजन के पश्चात छुट्टी कर दी गई।

**जिले के अधिकांश स्कूलों में लटके ताले**

जगदलपुर में मंच को सम्बोधित करते हुए संभागीय संचालक प्रवीण श्रीवास्तव ने कहा कि शासन युक्तियुक्तकरण को लेकर जो व्यवस्था आज स्कूलों में बनाई है और 2008 के सेटअप को दरकिनार कर शिक्षकों को प्रभावित किया गया है, जिसके कारण आज स्कूलों में व्यवस्था और बदतर हो गई है। दोषपूर्ण युक्तियुक्तकरण, गलत सेटअप और जुगाड़ वाले अटैचमेंट के बीच चिन्हित शिक्षकों को बचाने और निकालने का खेल काउंसलिंग प्रक्रिया के दौरान देखा गया। जिला संचालक लुदरसन कश्यप ने कहा कि राज्य में सरकार द्वारा युक्तियुक्तकरण के नाम भर्राशाही की गई है। उम्रदराज शिक्षकों तथा महिलाओं को जबरिया अन्यत्र दूसरे विकासखंड और जिले में भेजा गया। जिला संचालक देवराज खूंटे ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षकों के आंदोलन को हल्के में लेने की भूल न करे, और अधिक परेशान न करे, अन्यथा पूरे प्रदेशभर के शिक्षक स्कूलों में तालाबंदी कर अनिश्चितकालीन हड़ताल में चले जायेंगे, जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी शासन-प्रशासन की होगी। इस दौरान जिला संचालकगण अजय श्रीवास्तव, आरडी तिवारी, तुलादास मानिकपुरी ने भी मंच को सम्बोधित किया। शिक्षकों के चार सूत्रीय मांगों में प्रमुख रूप से दोषपूर्ण युक्तियुक्तकरण को दुरुस्त कर 2008 के सेटअप के अनुसार शिक्षकों की व्यवस्था किया जाना, सोना साहू प्रकरण को आधार मानते हुए समयमान वेतनमान क्रमोन्नति वेतनमान देने हेतु विभाग से जनरल आदेश जारी करने, नियुक्ति तिथि से सेवा गणना करते हुए पुरानी पेंशन सहित सम्पूर्ण लाभप्रदान करना व डीएड योग्यता धारी को भी प्राचार्य पदोन्नति में शामिल किया जाना शामिल है।

विदित हो कि छत्तीसगढ़ के सभी 146 विकास खण्डों सहित बस्तर जिले के सातों विकास खण्ड में शासन के शिक्षक विरोधी नीतियों के खिलाफ जमकर हल्ला बोला गया। जिसमें जगदलपुर विकास खण्ड में मनीष ठाकुर व अधीन सोरी, दरभा विकास खण्ड में बुधराम कश्यप व महताब बघेल, बकावण्ड विकास खण्ड में शत्रुघन कश्यप व कौशिल्या शोरी, तोकापाल विकास खण्ड में भुवनेश्वर कश्यप व कांशीनाथ बघेल, लोहण्डीगुड़ा विकास खण्ड में कमल साय कश्यप व अमित अवस्थी, बस्तर विकास खण्ड में ईश्वर बंधैया व रुद्रनारायण भारद्वाज तथा बास्तानार विकास खण्ड में कृष्णा लाल गांधरला व हेमन्त मण्डावी के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया। इस दौरान सतपाल शर्मा, प्रमोद यादव, अधीर राम सोरी, मो ताहिर शेख, अमित पाल, हरेंद्र राजपूत, नीलमणि साहू, प्रकाश सारथी, महेंद्र बघेल, गणेश्वर नायक, संतोष सोनवानी, महेंद्र ठाकुर, सामुराम मौर्य, श्याम सुंदर जान, विकास साहू, अनुपम सरकार, पुष्पा मानिकपुरी, सुमन बघेल, यास्मीन श्रीवास्तव, सरस्वती साहू सहित सैकड़ों शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# 7 जुलाई को कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे पहुंच रहे रायपुर



**किसान-जवान-संविधान जनसभा मैं शामिल होने को लेकर प्रदेश अध्यक्ष ने कांग्रेस नेताओं की ली बैठक**

**जगदलपुर,** 1 जुलाई (देशबन्धु)। संभाग मुख्यालय राजीव भवन में मंगलवार दोपहर को छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के द्वारा आगामी 7 जुलाई को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व राज्यसभा नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के राजधानी रायपुर आगमन पर आयोजित किसानङ्क जवानङ्क संविधान जनसभा कार्यक्रम को लेकर एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बस्तर संभाग स्तरीय बैठक के तहत समस्त जिला प्रभारियों समस्त कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं की बैठक ली। इस महत्वपूर्ण बैठक में बस्तर से कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं के रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचने की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। इस बैठक में कांग्रेस के जनप्रतिनिधि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ वरिष्ठ कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# शहीद पार्क के सामने सिग्नलखंभे से टकराई कार



**एयरबैग के खुलने से चालक की बची जान**

**जगदलपुर,** 1 जुलाई (देशबन्धु)। शहीद पार्क के सामने स्थित सिग्नल के खंभे से सोमवार की रात लगभग पौने 10ः00 बजे एक चारपहिया वाहन टकराई, टक्कर इतना जबरदस्त था की कार के सामने का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। वाहन के एयरबैग खुलने से चालक की जान बची। उसे सीर पर चोट लगी है उसे घायल अवस्था में महारानी अस्पताल उपचार के लिए ले जाया गया। कार क्रमांक 17 केडब्ल्यू 7779 एचबी सिंह की बताई जा रही है। विदित हो कि पहले भी इसी सिगनल खंभे से कार टकराई थी तब एक युवक की मौत हो गई थी और तीन कार सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इस दुर्घटना के बाद लोगों का कहना है कि इस सिग्नल खंभे को यहां से हटाया जाना चाहिए। वहीं कुछ लोगों का कहना है कि सड़क के किनारे गुपचुप, अंडा आदि ठेलों के संचालन से सड़क सकरा होता है, जिसके चलते भी दुर्घटनाएं हो रही है। इस जगह से सड़क किनारे लगने वाले ठेलों को भी हटाया जाना चाहिए।

# कलयुगी पिता को पॉक्सो कोर्ट ने सश्रम कारावास के साथ जुर्माने की सुनाई सजा

**मां ने की थी बेटे के खिलाफ शिकायत, पोतियों के साथ गाली गलौज, लज्जा भंग करने और जान से मारने की धमकी देने का लगाया था आरोप**

**जगदलपुर,** 1 जुलाई (देशबन्धु)। अपर सत्र न्यायाधीश एफटीएससी न्यायालय के पीठासीन अधिकारी संगीता नवीन तिवारी ने 20 जून को अभियुक्त पिता को उसकी 14 वर्ष और 12 वर्ष आयु की दो पुत्री के साथ किए गंदी गाली गलौज, लज्जा भंग करने और जान से मारने की धमकी देने के अपराधिक कृत्य का दोषी ठहराते हुए तीन-तीन माह का सश्रम कारावास (कुल चार बार) एवं एक-एक वर्ष का सश्रम कारावास (कुल चार बार) एवं एक-एक वर्ष का सश्रम कारावास (कुल चार बार) एवं तीन-तीन वर्ष का सश्रम कारावास( दो बार) तथा 500ङ्क500 रुपए काअर्थ दंड कुल 1000 रुपए का अर्थ दंड तथा अर्थ दंड का भुगतान नहीं करने पर एक-एक माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। मामले का संक्षिप्त विवरण कुछ इस तरह से है। पीड़िताओं की दादी ने बोधघाट थाने में 29 नवंबर 2023 को लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई। जिसमें उसने बताया कि उसका पुत्र प्रार्थिया की दोनों पोतियों अर्थात अपने ही दोनों बेटियों को अपशब्द कहता है गंदी गंदी गाली गलौज करता है उनके सामने अश्लील हरकत करता है और उन्हें जान से मारने की धमकी देता है। उक्त रिपोर्ट के आधार पर बोधघाट पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध प्रथम सूचना पत्र धारा 294 चार बार, 506 भाग 2 चार बार ,354 दो बार और 354 (क) चार बार भारतीय दंड संहिता एवं पॉक्सो एक्ट की धारा 8 दो बार के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया और विवेचना पूर्ण करने के बाद अभियोग पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष 29 दिसंबर 2023 को प्रस्तुत किया। डेढ़ वर्ष तक न्यायालय में मामला चला। अभियोजन के द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर एफटीएससी न्यायालय के पीठासीन अधिकारी संगीता नवीन तिवारी ने अभियुक्त को दोषी ठहराते हुए, तीन-तीन माह का सश्रम कारावास कुल चार बार एवं एक-एक वर्ष का सश्रम कारावास कुल चार बार एवं एक-एक वर्ष का सश्रम कारावास कुल चार बार एवं तीन-तीन वर्ष का सश्रम कारावास दो बार तथा 500ङ्क500 रुपए का अर्थ दंड कुल 1000 रुपए तथा अर्थ दंड का भुगतान नहीं करने पर एक-एक माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा सुनाई। शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक वरुणा मिश्रा ने पैरवी की।

# नारायण को खोजने निकली मां लक्ष्मी, नाराज होकर लौटी



- **हेरा पंचमी पर मां लक्ष्मी की डोली लेकर निकले श्रद्धालु**
- **जनकपुरी पहुंचकर माता लक्ष्मी और भगवान जगन्नाथ के बीच हुआ आकर्षक संवाद**

**जगदलपुर,** 1 जुलाई (देशबन्धु)। रियासत कालीन बस्तर गोंचा के महापर्व में मंगलवार को हेरापंचमी की रश्म पुरी की गई, जिसमें श्रीश्री महालक्ष्मी जी की दो डोली नगर भ्रमण एवं रथ परिक्रमा स्थल से होते हुए गुड़िचा मंदिर सिरहासार भवन पहुंची, जहां नाराज श्रीश्री महालक्ष्मी के साथ लक्ष्मी-नारायण संवाद प्रारंभ हुआ। जिसे देखने के लिए काफी संख्या में लोग जुटे रहे। महाप्रभु के साथ चल रहे संवाद के बावजूद निष्कर्ष नही निकलने पर माता नाराज होकर वापस दोनों डोलियां जगन्नाथ मंदिर पहुंची। भगवान जगन्नाथजी के श्री मंदिर से निकलने के बाद चार दिनों तक वापस नहीं लौटने से भगवान जगन्नाथ का हरण की आशंका से श्रीश्री महालक्ष्मी जी द्वारा आषाढ शुल्क पक्ष पंचमी को ढूढंने निकलने की पौराणिक ग्रंथों के अनुसार मनाये जाने वाले इस पूजा विधान को हेरा पंचमी पूजा विधान के रूप में लक्ष्मी-नारायण संवाद के साथ मनाया जाता है। 360 अरण्य ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष वेद प्रकाश पाण्डे ने बताया कि बस्तर गोंचा महापर्व के हेरा पंचमी पूजा विधान में श्री जगन्नाथ मंदिर से दो डोलियां निकाली गई जिसमें परम्परानुसार पहली डोली राजपरिवार, राजगुरू एवं कुंवर परिवार के यहां से होते हुए जगन्नाथ मंदिर के मुख्य द्वार में पहुंची जिसके पश्चात दूसरी डोली भी जगन्नाथ मंदिर से निकाला, दोनों डोलियां एक साथ रथपरिक्रमा स्थल से होते हुए सिरहासार भवन गुड़िचा मंदिर पहुंची। इस मौके पर परम्परानुसार भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं माता सुभद्रा विश्व भ्रमण में रथारूढ़ होकर निकले थे, जिसके बाद गुड़िचा मंदिर अपनी मौसी के घर चार दिनों तक रूकने से श्रीश्री महालक्ष्मी के द्वारा श्री मंदिर में जगन्नाथ जी के वापस नहीं लौटने पर उन्हें ढूंढने निकली थी। भगवान जगन्नाथ को गुड़िचा मंदिर अपनी मौसी के घर मिलने पर नाराज श्रीश्री महालक्ष्मी अपनी नाराजगी भगवान जगन्नाथ के सामने रखने के संवाद को ही लक्ष्मी-नारायण संवाद कहा जाता है। जिसे आषाढ शुक्ल पक्ष के पंचमी तिथि पर श्री महालक्ष्मी जी के द्वारा भगवान जगन्नाथ जी के हरण की आशंका से ढूढंने निकलना और भगवान जगन्नाथ को पाकर संवाद की इस परम्परा को हेरा पंचमी पूजा विधान के रूप में मनाया जाता है।

### 17 गांव के ग्रामीणों ने लगाया महाप्रभु को भोग

अमनिया में हर दिन अलग-अलग पंचायत व क्षेत्र के गांव के लोग शामिल होते हैं। समाज के सदस्य नरेंद्र पानीग्राही ने बताया कि मंगलवार को जगदलपुर, आसना व कोंडागांव क्षेत्र के 17 गांव के लोगों ने भगवान जगन्नाथ का प्रसाद बनाया। इसमें जगदलपुर, धरमपुरा, करकापाल, खुटपदर, बिलोरी, कुरंदी, चितापदर, पोड़ागुड़ा, आसना , छेपरागुड़ा, डोंगाघाट, बोरपदर, कोंडागांव, सकुरपाल, बम्हनी, बड़ेकनेरा और अंतागढ़ के लोग भोग प्रसाद बनाने में शामिल रहे। बुधवार को बनियागांव और जैबेल क्षेत्र के 10 गांव के लोग प्रसाद बनाएंगे। इसी तरह महापर्व में दो जुलाङ्ग को छप्पन भोग कार्यक्रम होगा। 360 आरण्यक ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष वेद प्रकाश पाण्डे ने बताया कि सिरहासार भवन में विराजे भगवान जगन्नाथ को वैदिक मंत्रोच्चार के बीच 56 भोग अर्पण ओंकार पांडे सपरिवार करेंगे।

# रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अखिल मिश्रा का आधिकारिक दौरा




**जगदलपुर,** 1 जुलाई (देशबन्धु)। रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3261 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अखिल मिश्रा अपने आधिकारिक दौरे पर सोमवार को जगदलपुर पहुंचे । उनके इस आधिकारिक दौरे का मुख्य उद्देश्य रोटरी क्लब जगदलपुर के कार्य का अवलोकन करना, क्लब के गतिविधि को बढ़ावा देना, क्लब के सदस्यों से मिलना, बस्तर आँचल में रोटरी क्या मदद कर सकता है उसे समझना, बस्तर की जनता से रूबरू होना है और रोटरी इंटरनेशनल के उद्देश्य को क्लब तब पहुंचाना और अमल करवाना है। उनके इस दौरे के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत टीबी मरीज़ों को पौष्टिक खाद्य सामग्री का वितरण किया । लाला जगदलपुरी पुस्तकालय में रोटरी क्लब अध्यक्ष सीए विवेक सोनी, इनरव्हील अध्यक्षा डॉ. सरिता थॉमस और रोटरैक्ट अध्यक्ष दिव्यांश सिंघल के साथ वृक्षारोपण किया । शाम को एक निजी होटल में रोटरी क्लब जगदलपुर के क्लब सदस्यों के साथ क्लब असेंबली ली गई जिसमे रोटरी क्लब जगदलपुर के बोर्ड ऑफ़ डायरेक्टर्स से चर्चा कर पूरा वर्ष के कार्य की समीक्षा की गई । क्लब असेंबली उपरांत पब्लिक मीटिंग आयोजित हुई, जिसमे जगदलपुर शहर के लोगों को आमंत्रित किया गया था । इस पब्लिक मीटिंग में वोकेशनल अवार्ड भी दिया गया जिन्होंने अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया है । वोकेशनल अवार्ड जिन्हें दिया गया उनके नाम है - रमेश मार्कम, जितेंद्र कुमार सलाम, दुर्जन बघेल एवं अरुण त्यागी । रोटरी क्लब जगदलपुर द्वारा वंदे मातरम् देश भक्ति गीत का कार्यक्रम भी आयोजन किया गया था । इस कार्यक्रम में साइकिल बॉय के नाम से जाने जाने वाले आसिफ़ ख़ान ने भी अपनी पैन इंडिया साइकिल यात्रा के बारे में जानकारी दी । वंदेमातरम कार्यक्रम के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया । प्रथम स्थान प्राप्त किया संस्कार द गुरुकुल चिड़ाईपदार, द्वितीय स्थान प्राप्त किया गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल भगत सिंह, तृतीय स्थान प्राप्त किया गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल कुरुंदी ने । सभी नगद पुरस्कार के साथ साथ प्रशस्ति पत्र भी दिया गया । रोटरी क्लब द्वारा छत्तीसगढ़ स्टेट बेवरेज कॉरपोरेशन के अध्यक्ष बनने पर श्रीनिवास राव मद्दी का भी सम्मान किया गया । इस कार्यक्रम में अध्यक्ष सीए विवेक सोनी ने स्वागत भाषण दिया और अपने अध्यक्षीय कार्यकाल का अनुभव साझा किया । सचिव शाइन वर्गीज़ साजी द्वारा सचिव रिपोर्ट पढ़ा गया और क्लब द्वारा किए गया कार्यो को सभी साझा किया गया । मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अखिल द्वारा अपने उद्बोधन में रोटरी के महत्व को सभी को बताया और जगदलपुर क्लब के सभी कार्यो की बहुत सराहना की । रोटरी क्लब जगदलपुर द्वारा 40 से अधिक सेवा कार्य इस वर्ष किए मगर उन सब में 3-4 सेवा कार्य ऐसे थे जो अखिल मिश्रा को बहुत पसंद आए और उन्होंने उस कार्य की बहुत सराहना की जैसे सितंबर महीने में बच्चों का मेडिकल कैम्प हुआ था जिसमे 1200 से अधिक बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया । इस कैम्प की खासियत यह थी कि इसमें डॉक्टर्स सब एम्स एलुमनाई के थे और 10 से ज़्यादा डॉक्टर्स कैम्प में अपनी सेवाए दी । रोटरी क्लब जगदलपुर द्वारा निक्षय मित्र बनकर 25 मरीजों को गोद लिया था जिसे पौष्टिक आहार दिया गया और ये सेवा निरंतर 6 महीनों तक चली । इस दौरान 10 मरीज़ टीबी से मुक्त भी हुवे । मिश्रा रोटरी जगदलपुर के द्वारा किए गए सभी सेवा कार्यो से बहुत प्रभावित थे और पूरे टीम की मंच के माध्यम से सराहना भी की । मंच संचालन अमित कुमार जैन द्वारा किया गया । धन्यवाद ज्ञापन सौरभ अरोरा द्वारा किया गया । वोकेशनल अवार्ड विजेता के जीवन परिचय कमलेश गोलेच्छा ने दिया । अखिल मिश्रा की जीवन परिचय मनोज जॉर्ज थॉमस द्वारा दिया गया । इस प्रोग्राम में बड़ी संख्या में रोटरैक्ट क्लब के सदस्य अध्यक्ष दिव्यांश सिंघल और इनरव्हील क्लब सदस्यगण अध्यक्ष डॉ सरिता थॉमस के साथ मौजूद रहे । अखिल मिश्रा के साथ डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी जनरल सारंग भिड़े भी जबलपुर से पहुंचे थे और कार्यक्रम में मौजूद थे । रोटरी क्लब से जयप्रकाश चावड़ा, सुनील जैन, जे पी एस अहलूवालिया, एस न अग्रवाल, विवेक जैन, संग्राम सिंह राणा, विजय हेलीवाल, संजय बाथवाल, अभिषेक मद्दी, श्रीधर मद्दी, हर्षवर्धन कौशिक, किशोर पारेख, अयाज चामड़िया, गणेश गुप्ता, अश्विनी मग्गू, सप्तगिरी मद्दी, निखिल जैन एवं अन्य उपस्थित थे ।

# चिकित्सक दिवस पर भावी चिकित्सकों सहित पैरामेडिकल स्टाफ ने किया रक्तदान




**जगदलपुर,** 1 जुलाई (देशबन्धु)। राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर मंगलवार को महारानी अस्पताल जगदलपुर में रक्तदान शिविर का आयोजन डॉक्टर्स एसोसिएशन द्वारा किया गया। उक्त रक्तदान शिविर में शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय डिमरापाल के भावी चिकित्सकों द्वारा सक्रिय सहभागिता निभाकर रक्तदान किया गया। शिविर के समापन अवसर पर डॉक्टर श्रेयांश जैन के विशेष प्रयास से भाग लेने वाले एवं शिविर को सफल बनाने वाले डिमरापाल की टीम, महारानी अस्पताल के ब्लड बैंक की टीम और रक्तदाता चिकित्सक तथा पैरामेडिकल स्टाफ के लोगों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। शिविर में विशेष रूप से अपना योगदान देने वालों को आईएमए की ओर से स्मृति चिन्ह भी भेंट किए गए।

इस दौरान नवपदस्थ संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं बस्तर संभाग डॉ. महेश शांडिया, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक एवं नोडल अधिकारी डॉ.सी मैत्री तथा अन्य चिकित्सकगण एवं पैरामेडिकल स्टॉफ मौजूद थे। उक्त रक्तदान शिविर के सफल आयोजन हेतु ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. डीके रात्रे, अस्पताल सलाहकार डॉ.नीरज ओझा और स्वास्थ्य विभाग के अन्य सभी कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा।

# स्थानांतरित कर्मचारी तीन दिन के भीतर हो जाएं रिलीव विभाग प्रमुखों को कलेक्टर के निर्देश

◆ समय सीमा बैठक में योजनाओं की समीक्षा
◆ नियद नेल्लानार गांव में सड़क निर्माण को प्राथमिकता



**दंतेवाड़ा,** 1 जुलाई (देशबन्धु)। कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में आज साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक हुई। बैठक में कलेक्टर ने सर्वप्रथम जिला स्तर पर कर्मचारियों के स्थानांतरण के संबंध में कहा कि विभाग प्रमुख उनके विभाग से स्थानांतरित हुए कर्मचारियों को तीन दिवस के भीतर तत्काल रिलीव करें। इसमें किसी भी प्रकार का विलंब नहीं होना चाहिए।

इसके अलावा कलेक्टर ने एलडब्ल्यूई एंट्री के तहत संतृप्तिकरण के संबंध में जानकारी लेते हुए कहा कि इसके तहत विभागों द्वारा दिए गए डेटा के ऑफलाइन एवं पोर्टल की एंट्री में किसी भी प्रकार का विरोधाभास नहीं होना चाहिए। इसकी मॉनिटरिंग राज्य एवं केन्द्र स्तर पर की जाती है और आंकड़ों में किसी भी प्रकार का अंतर को स्वीकार्य नहीं किया जाता। इसके लिए समस्त विभाग सावधानी बरतें। इस क्रम में उन्होंने नोनी एवं जननी सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना, विश्वकर्मा योजना, टीकाकरण से जुड़े विभिन्न विभागों को डाटा एंट्री में प्रगति लाने को कहा। इसके अलावा उन्होंने नियद नेल्लानार ग्रामों में चल रहे रोड सड़क निर्माण तथा ग्रिड से विद्युतीकृत घरों के संबंध में भी इसकी साप्ताहिक प्रगति के संबंध में विभाग प्रमुखों से जवाब मांगा।

समय सीमा बैठक में कलेक्टर ने इसके साथ ही वर्षा ऋतु के मद्देनजर स्वास्थ्य विभाग द्वारा मौसमी बीमारियों से बचाव हेतु किए गए उपायों की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में वायरल फीवर, डायरिया, मलेरिया, की उपचारित दवाईयों का पर्याप्त स्टॉक रहना चाहिए। इसके अलावा पंचायत स्तर पर सभी पेयजल स्त्रोतों का क्लोरीनीकरण अनिवार्य रूप से कराया जाए। इसके लिए सीएमएचओ को जनपद सीईओ के साथ समन्वय कर सभी सरपंच सचिवों की बैठक बुलाने को भी कहा गया। कलेक्टर ने यह भी कहा कि सभी आश्रम छात्रावासों के परिसरों में साफ सफाई, पेयजल व्यवस्था के शुद्धिकरण, छात्रावास में ओआरएस पैकेट की उपलब्धता के साथ-साथ सभी जनपद पंचायतों के आश्रम छात्रावासों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में चिकित्सकीय जांच के लिए आयुष्मान आरोग्य मंदिर तथा आरबीएसके की टीम नियमित रूप से भ्रमण करेगी।

इसके साथ ही कलेक्टर ने कहा कि संयुक्त जिला कार्यालय में लोक संपर्क केन्द्र के कार्यशील किए जाने के लिए सीएमएचओ को निर्देश दिया कि इसे दो दिवस के अंदर प्रारंभ किए जाए। उल्लेखनीय है कि इस लोक संपर्क केन्द्र अथवा कॉल सेंटर के माध्यम से आमजनों को स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख योजनाओं के साथ-साथ राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन अभियान के तहत आमजनों को जानकारी दी जावेगी। साथ ही आमजन भी अपनी शंकाओं का समाधान कर सकेगें। इसके अलावा इस कॉल सेंटर में अन्य विभागों की विभिन्न योजनाओं की जानकारी एक फोन कॉल के माध्यम से जुटाई जा सकेगी। जाति प्रमाण पत्र बनाए जाने के एजेंडे के विषय में कहा कि आवेदनों में पाये जाने वाली विसंगतियों को दूर करने एवं सत्यापित करने के लिए राजस्व एवं शिक्षा विभाग द्वारा टीम गठित कर शत प्रतिशत जाति प्रमाण पत्र वितरण कार्य को प्राथमिकता से पूर्ण करें।

इसके अलावा कलेक्टर ने बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना की अद्यतन प्रगति, शामिल खाता बटांकन, आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु जिले में विशेष अभियान के तहत कैंप लगाकर कार्य की अद्यतन प्रगति, ग्राम छिंदनार में पशु औषधालय के निर्माण, ई-श्रम पोर्टल में प्रदेश के असंगठित कर्मकारों के पंजीयन हेतु निर्धारित लक्ष्य अनुरूप प्रगति लाने, संबंध में भी दिशा निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, अपर कलेक्टर राजेश पात्रे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# छुट्टी लेकर शिक्षकों का शाला बहिष्कार युक्तियुक्तकरण की विसंगति पर आंदोलन

◆ जिले के सभी स्कूलों में रही तालाबंदी



**दंतेवाड़ा,** 1 जुलाई (देशबन्धु)। शिक्षक सांझा मंच के बेनर तले आज जिला दंतेवाड़ा के समस्त लोकल बाडी संवर्ग के शिक्षकों ने विद्यालय का आकस्मिक अवकाश लेकर एक दिवसीय शाला बहिष्कार किया। युक्तियुक्तकरण में नियमों में विसंगतिएवं हुई अनियमितता को लेकर संगठन पूर्व से ही आंदोलनरत है। आज के इस बंद से जिले के संपूर्ण शालाओं में तालाबंदी देखी गई।

शिक्षक सांझा मंच के जिला संयोजक संतोष कुमार मिश्र ने कहा कि चार सूत्रीय मांग को लेकर आज जिला के सभी चारो विकासखण्डों में एल.बी.संवर्ग के समस्त शिक्षकों के द्वारा एक दिवस आकस्मिक अवकाश लेकर अपनी मांगों को खण्ड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री, शिक्षा सचिव एवं संचालक लोक शिक्षण संचालनालय को ज्ञापन सौपा गया। माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर के डबल बैंच में दिये फैसले के अनुसार श्रीमती सोना साहू को पंचायत एवं शिक्षा विभाग की पूर्व सेवा अवधि का एरियर्स सहित क्रमोन्नत वेतनमान भुगतान किया गया है । इसी प्रकार अन्य सभी शिक्षकों के क्रमोन्नति एवं एरियर हेतु जनरल आर्डर न जारी होने के कारण शिक्षक संवर्ग को न्यायालय की शरण में जाना पड रहा है। शासन से क्रमोन्नति हेतु जनरल आर्डर जारी करने की मांग की है।

जिला संयोजक उदय शुक्ला ने कहा कि वर्तमान में शिक्षक एल.बी संवर्ग के कई उन्हे पुरानी पेंशन का लाभ नहीं मिल पा रहा है। शासन को चाहिए की एल.बी संवर्ग के शिक्षकों की पूर्व की सेवा की गणना की जावे। जिला संयोजक अशोक नाग ने बताया कि युक्तियुक्तकरण में व्यापक विसंगतियाँ है 2008 में जारी नियम के तहत विद्यालय एवं शिक्षकों का सेटअप यथावत रखते हुए दो सितंबर 2024 को जारी युक्तियुक्तकरण के नियम को तत्काल निरस्त किया जावे। शिक्षक सांझा मंच के जिला संयोजकों ने यह कहा कि यदि इन मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को क्रमिक रूप से तेज किया जावेगा।

# वृद्धाश्रम को मिली ई-रिक्शा, संवेदनशील पहल

◆ मां दंतेश्वरी समन्वय समिति ने प्रदान की सुविधा
◆ जिपं अध्यक्ष नंदलाल और उपाध्यक्ष अरविंद के हाथों सौंपी चाबी



**दंतेवाड़ा,** 1 जुलाई (देशबन्धु)। जनसरोकार और कल्याणकारी योजनाओं की दिशा में एक संवेदनशील पहल करते हुए, आज माँ दंतेश्वरी समन्वय समिति द्वारा संचालित हारम स्थित वृद्धा आश्रम को एक ई-रिक्शा प्रदान किया गया। यह ई-रिक्शा जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी एवं उपाध्यक्ष अरविंद कुंजाम के करकमलों से वृद्धा आश्रम समिति को सौंपा गया। जिला पंचायत अध्यक्ष श्री मुड़ामी ने इस अवसर पर कहा कि वृद्धजन हमारे समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उनका सम्मान और उनकी सुविधाओं का ध्यान रखना हमारा दायित्व है। यह ई-रिक्शा उनके दैनिक जीवन को अधिक सहज और सुगम बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविंद कुंजाम ने कहा कि आने वाले समय में भी वृद्धा आश्रम की अन्य आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध रहेगा। गौरतलब है कि विगत दिनों कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा हारम स्थित वृद्धा आश्रम का औचक निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान वृद्धा आश्रम समिति ने कलेक्टर से वृद्धजनों की दैनिक आवाजाही एवं आपातकालीन आवश्यकताओं के लिए एक ई-रिक्शा की मांग की थी।

समिति की इस मांग पर संवेदनशीलता दिखाते हुए जिला प्रशासन ने त्वरित निर्णय लेते हुए यह सुविधा उपलब्ध कराई। इस ई-रिक्शा के माध्यम से अब वृद्धजन आवश्यकतानुसार चिकित्सकीय जांच, मंदिर दर्शन, ग्राम भ्रमण या अन्य दैनिक कार्यों हेतु आश्रम परिसर से बाहर आसानी से जा सकेंगे। यह सुविधा न केवल उनकी गतिशीलता को बढ़ाएगी, बल्कि उनके आत्मसम्मान एवं सामाजिक सहभागिता को भी सशक्त करेगी। इस मौके पर वृद्धा आश्रम समिति के सदस्यों सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, समाज कल्याण उप संचालक संतोष टोप्पो सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बैंकिंग सुरक्षा और अधिकारों पर जागरुकता

◆ आर बी आई के द्वारा शहीद गेंदसिंह कॉलेज में एक दिवसीय कार्यशाला




**चारामा,** 01 जुलाई (देशबन्धु)। समर्पित संस्था द्वारा भारतीय रिजर्व बैंक की जमाकर्ता शिक्षा व जागरुकता कार्यक्रम के चौथे चरण के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन आज दिनांक - 01/07/25 ब्लॉक- चारामा के शासकिय शहीद गेंदसिंह कॉलेज जिला -कांकेर में किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य बैंक उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों एवं उनके हितार्थ वित्तीय योजनाओं के प्रति जागरुक करना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रुप में जिला लीड बैंक अधिकारी श्री जी.एस. राणा एवम शासकिय शहीद गेंदसिंह कॉलेज के प्रचार्य श्री डॉ. के. के. मरकाम व उप प्रचार्य श्रीमती डॉ.आयशा कुरैशी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि श्री जी.एस. राणा ने कहा कि वित्तीय शिक्षा वर्तमान समय कि महत्वपूर्ण आवश्यकता है, क्यों कि वित्तीय समझ से व्यक्ति अपनी व परिवार की आर्थिक व्यवस्था को सुव्यवस्थित कर सकता है। उन्होंनें कहा कि बैक से जुडा प्रत्येक व्यक्ति का यह अधिकार है कि वह अपने जमा धन व निवेश की विस्तृत जानकारी बैंक प्रबंधन से प्राप्त कर सकता है और यदि बैंक प्रबंधन जानकारी नहीं देता है तो उसे तत्काल बैंकिंग लोकपाल से संपर्क करना चाहिये। श्री जी.एस. राणा ने उपस्तिथ प्रतिभगियों के उत्साह को देखते हुये कहा कि वित्तीय मामलों की जानकारी के प्रति आम नागरिकों की यह ललक इस बात का परिचायक है कि अब समाज में व्यापक बदलाव आने वाला है। कार्यक्रम के उद्देश्य के विषय में जानकारी देते हुये समर्पित संस्था के अध्यक्ष डॉ.संदीप शर्मा ने बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंक से जुडे उपभोक्ताओं के सामने आने वाली विभिन्न परेशानियों को देखते हुये उन्हें जागरुक करने के लिये जमाकर्ता शिक्षा और जागरुकता कार्यक्रम की शुरुआत की है।उन्होंने बताया कि जमाकर्ता अपने अधिकार और वित्तीय शिक्षा के प्रति अज्ञानता के कारण ही लगातार चिटफंडकंपनी ,ऑनलाइन शॉपिंग, दूरभाष में ए.टी.एम.की जानकारी आदि माध्यमों से ठगी का शिकार हो रहा है। इन सभी को ध्यान में रखते हुये कार्यशाला के माध्यम से बैंक उपभोक्ताओं को जागरुक बनाया जा रहा है। इस कार्यशाला में कॉलेज के छात्र/छात्राए लोगों को शामिल किया गया ताकि वित्तीय शिक्षा का प्रसार जमीनी स्तर पर हो सके। डॉ.संदीप शर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम के लिये भारतीय रिजर्व बैंक ने पूरे देशभर से मात्र 20 संस्थाओं का चयन किया है और उसमें से समर्पित संस्था एक है।साथ ही इस कार्यक्रम के लिये चयनित होने वाली समर्पित संस्था छत्तीसगढ की एक मात्र संस्था है।कार्यशाला में उपस्तिथ मास्टर ट्रेनर श्री हितेश मिश्रा व कार्तिक बांधेकर ने बैंक खाता खुलवाने, उसका संचालन, बचत योजना, वित्त का प्रबंधन, के.वाय.सी. प्रक्रिया, बैंक ऋण, ऋण संबंधित उपभोक्ताओं के अधिकार, जमाकर्ताओं के अधिकार, बैंकिंग लोकपाल, चिटफंड कंपनियों, नान बैंकिंग फाइनेंसकंपनी, डिजीटल बैंकिंग, वरिष्ठ व विकलांग उपभोक्ताओं के लिये भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा उपलब्ध सुविधायें आदि की विस्तृत जानकारी उपस्तिथ लोगों को दी। इस कार्यशाला को सफल बनाने में संस्था के समन्वयक पी.एल.खैरवार, निमेश साहू, घनश्याम शुक्ला, महेंद्र कौशिक,नवीन पटेल, पंकज यदु, सुष्मिता सिन्हा, यशवंती यादव, कौशल मांझी, हंसा अंचला आदि का सराहनीय योगदान रहा। उक्तजानकारी संस्था के समन्वयक पी.एल.खैरवार ने दी।

# एसबीआई ने मनाया स्थापना दिवस



◆ ग्राहकों के सहयोग और स्नेह से जारी है यात्रा
◆ दंतेवाड़ा शाखा में केक काटकर बांटी खुशियां

**दंतेवाड़ा,** 1 जुलाई (देशबन्धु)। भारतीय स्टेट बैंक ने राष्ट्रीयकरण के बाद आज 70 वर्ष पूरे किये और 71वें वर्ष में प्रवेश किया। इस मौके पर भारतीय स्टेट बैंक की दंतेवाड़ा शाखा में बैंक कर्मियों ने ग्राहकों के साथ खुशियां साझा की। 70 साल के सफर की कहानी बतायी और केक काटकर ग्राहकों का मुंह मीठा किया। शाखा प्रबंधक राहुल अग्रवाल ने बताया कि एसबीआई का आज ही के दिन 1955 में एसबीआई का राष्ट्रीयकरण हुआ था। देश के जम्मू कश्मीर से लेह लद्दाख, अरूणाचल प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात सहित सभी हिस्सो में एसबीआई ग्राहकों की सेवा में लगातार सक्रिय है। उन्होंने कहा कि ग्राहको के स्नेह और सहयोग की वजह से ही भारतीय स्टेट बैंक की यह यात्रा जारी है और आगे भी ग्राहकों के सेवा में जुटी रहेगी। इस मौके पर फील्ड आफिसर गायत्री करपाल, केश आफिसर महेश नेताम, क्लर्क मृणाल ठाकुर, निशांत होता, कौष्तुभी मुखर्जी, सुशांत मिस्त्री, राजेन्द्र यादव एवं कई ग्राहक उपस्थित थे।

# वाद्य यंत्रों के नाम पर स्कूल की किताबें नई शिक्षा नीति के हिसाब से तैयार हो रहे पाठ्यक्रम

◆ पढ़ाई को रोचक और मनोरंजक बनाने शानदार पहल
◆ पहली, दूसरी और तीसरी कक्षा की नई किताबें प्रकाशित



**दंतेवाड़ा,** 1 जुलाई (देशबन्धु)। एनसीईआरटी की तर्ज़ पर नई पुस्तकें प्रकाशित हुई हैं। आकर्षक ग्राफिक्स के साथ पुस्तक में रोचक विषय वस्तु का समावेश किया गया है। आने वाले सत्र में जुलाई 2026 से प्राथमिक शाला के चौथी और पांचवीं की पाठ्यपुस्तक भी बदल जाएगी।

मीडिल स्कूल के 7 वीं और 8 वीं के बच्चों के लिए भी नई सिलेबस के अनुसार पुस्तकों का प्रकाशन करने की एससीईआरटी की ओर से तैयारी जारी है। नए पाठ्यपुस्तकों के साथ ही उनके वितरण की व्यवस्था में भी बदलाव किया गया है। अब स्कूलों को उपलब्ध कराए गए पाठ्यपुस्तकों को सीधे बच्चों के हाथ में नहीं थमाया जाएगा। सरकारी हों या प्रायवेट स्कूल, सभी संस्था प्रमुखों को छत्तीसगढ़ पाठ्यपुस्तक निगम की टीबीसी एप को डाउनलोड कर दर्ज संख्या के अनुसार पुस्तकें मिली या नहीं वेरिफिकेशन करना होगा। इसके बाद पुस्तक के अंतिम पेज में दिए गए बार कोड की स्केनिंग की जाएगी, ताकि डेटा सीधे पाठ्यपुस्तक निगम के पास सुरक्षित हो जाए। सरकार की ओर से उपलब्ध कराए गए नि:शुल्क पाठ्यपुस्तक में किसी भी तरह की गड़बड़ी को रोकने के लिए लागू नई व्यवस्था से कई तरह की समस्या हो रही है। सबसे बड़ी समस्या नेटवर्क की है, बीहड़ इलाके के गाँव में संचालित स्कूल के संस्था प्रमुख बारकोड की स्कैनिंग नहीं कर पा रहे हैं। वहीं नेटवर्क एरिया में भी पुस्तक में बारकोड और आईबीएसन कोड गलत होने के कारण पुस्तक स्कैन नहीं हो रहा। दूसरी के आनंदमय गणित में बारकोड और आईबीएसन स्पष्ट नहीं है। इसलिए एप में स्कैन पेंडिंग बता रहा है।

शिक्षक थलेश ठाकुर के मुताबिक राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की सिफारिश के अनुसार पहली, दूसरी और तीसरी कक्षा के सिलेबस में बदलाव कर नई पुस्तकें प्रकाशित की गई है। इसमें गतिविधि आधारित शिक्षा और लर्निंग आउटकम पर ज्यादा ध्यान दिया गया है। इस सत्र से स्कूलों में तीसरी कक्षा के बच्चों के सर्जिनात्मक कौशल को बढ़ावा देने कला शिक्षा को भी विषय के तौर पर शामिल किया गया है। अब चार के बजाय पांच काल खंड होंगे। नई प्रकाशित पुस्तकों में पहली और दूसरी के गणित विषय का नाम आनंदमय गणित रखा गया है। दूसरी की अंग्रेजी पुस्तक अब मर्दिंग कहलाएगी। वही कक्षा तीसरी की हिन्दी वीणा, अंग्रेजी को संतूर , गणित को गणित मेंला और पर्यावरण को हमारा अदभुत संसार नाम दिया गया है। इन सब विषयों के साथ कला का अतिरिक्त विषय बांसुरी भी नि:शुल्क पाठ्यपुस्तक के नवीन संस्करण का हिस्सा है।

# बलात्कार के आरोपी को 10 वर्ष का सश्रम कारावास और व 1000 अर्थ दंड

जगदलपुर, 1 जुलाई (देशबन्धु)। मकान मालिक की पुत्री के साथ बलात्कार करने वाले आरोपी को अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी के कोर्ट के पीठासीन अधिकारी वंदना वर्मा के द्वारा 10 वर्ष का सश्रम कारावास और व 1000 का जुर्माना तथा जुर्माना की राशि नहीं पटाने पर 3 माह की अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतने की सजा सुनाई । मामले का सारांश कुछ इस तरह है थाना सिटी कोतवाली जगदलपुर क्षेत्र अंतर्गत दिनांक 10 जून 2021 की रात लगभग 2:30 बजे आरोपी संदीप तिवारी उसके मकान मालिक की 18 वर्षीय पुत्री के साथ उसकी सहमति के बिना बलात्संग स्थापित किया। इस दौरान उसने पीड़िता का मुंह दबा दिया था जिससे कि वह अपने परिजनों को आवाज ना दे सके इसके बावजूद उसके आवाज से उसके घर में सो रहे पिता और भाई उसके कमरे में आए तब आरोपी वहां से भाग गया। घटना की रिपोर्ट सिटी कोतवाली में 11 जून 2021 को पीड़िता के परिजनों द्वारा दर्ज कराई गई। मामले की जांच के पश्चात प्राप्त तथ्यों के आधार पर आरोपी संदीप तिवारी के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 376 के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना के बाद अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। इस प्रकरण में सभी साक्ष्यों के कथन के आधार पर अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी के पीठासीन अधिकारी वंदना वर्मा ने आरोपी को 10 वर्ष सश्रम कारावास और व 1000 जुर्माना की सजा सुनाया। जुर्माना की राशि नहीं पटने पर तीन माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतने की सजा सुनाई। शासन की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक प्रीति वानखेड़े ने की।

# अस्पताल में डीएमएफ का बजट बंद- कांग्रेस

◆ मरीजों का जीवन दांव पर, आपातकाल मे देरी जानलेवा साबित
◆ जिला कांग्रेस महामंत्री ने जतायी चिंता
◆ सड़क पर आंदोलन की चेतावनी

**दंतेवाड़ा,** 1 जुलाई (देशबन्धु)। जिला में स्वास्थ्य विभाग का (डीएमएफ) फंड रुक गया है जिसके चलते कई कामकाज में रोड़ा आ गया है। फंड के अभाव में निर्माण सहित स्वास्थ्य सेवाओं कि रफ्तार थम गई है। प्रशासन द्वारा फंड नहीं आने पर, स्वास्थ्य विभाग कि हालत बहुत ही बुरी है। ऐसा ही रहा तो विभाग कि स्थिति बहुत ही खराब होगी, इससे मरीजों व कर्मचारियों पर बुरा प्रभाव पड़ेगा। जिला कांग्रेस महामंत्री विमल सालम ने कहा विभाग को (डीएमएफ) फंड का समय पर नहीं मिलने पर वेतन वृद्धि और वेतन न मिलने पर लगातार डाक्टर और कर्मचारी छोड़कर जा रहे हैं। अब तक 2 सर्जन भी नौकरी छोड़ चले गए है। अचानक कोई अनहोनी हो जाए या कोई दुर्घटना हो तो मरीज का समय पर इलाज और सर्जरी न होने पर जान भी गंवाना पड़ सकता है। इधर सभी प्रकार के उपकरण और दवाइयों की कमी से भी मरीज इधर-उधर भटकने पर मजबूर हैं। जिला खनिज न्यास फंड का उपयोग आपातकालीन और आवश्यक चिकित्सा सामग्री प्रदान करने में नहीं हो पा रहा है, जिसके कारण मरीजों को उचित सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। स्वास्थ्य सेवाओं के साथ खिलवाड़ और



जनता के साथ धोखा एक गंभीर मुद्दा है। जिला अस्पताल में बजट की कमी, आपातकालीन सामानों और दवाइयों की कमी जैसी समस्याएं जनता के स्वास्थ्य को खतरे में डाल रही हैं। डीएमएफ का पैसा जनता के कल्याण के लिए है। जिला अस्पताल में दवाइयों और आपातकालीन सामानों की कमी क्यों ? सरकार और प्रशासन तुरंत डीएमएफ से अस्पताल को बजट उपलब्ध कराए, वरना जनता सड़कों पर उतरेगी। दंतेवाड़ा में डीएमएफ का करोड़ों रुपये जमा है, फिर भी जिला अस्पताल में मरीजों को दवाइयां और जरूरी सुविधाएं क्यों नहीं मिल रही हैं ? यह जनता के साथ विश्वासघात है। हमारी मांग है कि डीएमएफ का उपयोग तुरंत अस्पताल की बेहतरी के लिए हो।

# प्राचार्य पदोन्नति का रास्ता साफ, कोर्ट से हटा स्टे

◆ 12 साल से बाट जोह रहे शिक्षकों को मिली खुशियां
◆ छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ ने न्यायालय और सरकार का माना आभार



**दंतेवाड़ा,** 1 जुलाई (देशबन्धु)। 12 वर्षों से प्राचार्य पदोन्नति की बाट जोहते शिक्षकों को हाई कोर्ट से स्टे हटते ही खुशियां मिली। इस निर्णय से स्कूलों में शिक्षा गुणवत्ता सुधरेगी और अनुशासन भी दिखेगा।

यह जानकारी देते हुए छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष संजय ठाकुर एवं जिलाध्यक्ष टिकेश ठाकुर ने बताया कि 2013 के बाद से राज्य में प्राचार्य पदोन्नति नहीं हुई थी। नब्बे प्रतिशत से अधिक हाई स्कूल प्राचार्य विहीन थे। संस्था प्रमुख की पदस्थापना नहीं होने से अनुशासन और शिक्षा गुणवत्ता पर प्रभाव पड़ रहा था। सैकड़ों योग्यता और पात्रताधारी शिक्षक पदोन्नति की राह ताकते सेवानिवृत्त और मृत हो गए। वर्तमान सरकार से सत्ता संभालते ही शिक्षक संघ ने शिक्षा विभाग के भारसाधक एवं मुख्यमंत्री से मिलकर इस पर व्यापक और सारगर्भित चर्चा कर शीघ्र प्राचार्य पदोन्नति आदेश जारी करने की मांग की थी, जिस पर मुख्यमंत्री ने सकारात्मक रूप से लेकर विभाग को प्राचार्य के आदेश जारी करने के निर्देश दिए।

इसका परिणाम हुआ कि 30 अप्रैल को लगभग 3000 शिक्षकों को प्राचार्य के रूप में पदोन्नत कर दिया गया, परन्तु कुछ शिक्षकों ने मामला कोर्ट में ले जाकर उलझा दिया। शासन ने कोर्ट में मजबूती से पक्ष रखा और आज पदोन्नति पर स्टे हट गया। वर्षों बाद मिली इस पदोन्नति से प्रदेश के पूरे शिक्षक प्रसन्न हैं। शिक्षक संघ ने बहुप्रतीक्षित पदोन्नति के लिए माननीय न्यायालय का एवं मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है। शिक्षक संघ ने यह भी मांग रखी है कि प्राचार्य पदस्थापना में पारदर्शी व्यवस्था का पालन किया जावे ताकि भ्रष्टाचार और लेनदेन की आशंका को रोका जा सके । शिक्षक संघ ने त्रुटिरहित पदस्थापना के लिए एक सुझाव भी शासन को प्रेषित किया है। प्राचार्य पदोन्नति आदेश जारी करने पर शासन का , मुख्यमंत्री का, शिक्षा सचिव, शिक्षा संचालक का आभार प्रगट करने वालों में प्रांताध्यक्ष संजय ठाकुर, प्रमुख संगठन मंत्री ओंकार सिंह, कार्यकारी प्रांताध्यक्ष उमेश भारती गोस्वामी, प्रांतीय महामंत्री मनोज राय, प्रांतीय कोषाध्यक्ष गया राम राजवाड़े, प्रांतीय उपाध्यक्ष टेकराम सेन, डॉ अशोक गुप्ता, सतीश तिवारी, मीडिया प्रभारी एवं जिलाध्यक्ष कांकेर टिकेश ठाकुर, प्रांतीय कार्यकारिणी श्रीमती कांतेश्वरी तेता, संभागीय उपाध्यक्ष प्रवीण पांडेय, संभागीय संगठन मंत्री हरिओम आमादिया, जिला संगठन मंत्री सदेसिंह कोमरे, जिला सचिव पेशी राम कुंजाम, जिला कोषाध्यक्ष रामनारायण जैन, महिला मोर्चा प्रमुख श्रीमती दसरी जूरी, समस्त ब्लाक, तहसील अध्यक्ष पारस उसेंडी, विनोद पाठक, श्रीमती यमुना रानी पटेल, श्रीमती जेठी भगत, देवकरण भास्कर, श्रीमती ज्योति नेताम, चेतन पोटाई, मनोज जैन, दुर्जन सिंह कुमेटी, रामेश्वर नाग, खुशाल गजभिए आदि शामिल हैं।

राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर भीषण सड़क हादसा

# बाइक सवार की दर्दनाक मौत, माजदा वाहन चालक गिरफ्तार

**फरसगांव** 1 जुलाई देशबन्धु। राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर फरसगांव नगर के सीटीओ कॉलोनी के पास मंगलवार दोपहर करीब 12:30 बजे एक भीषण सड़क दुर्घटना में एक बाइक सवार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा एक माजदा वाहन और बाइक (क्रमांक छ्त्र 05 ॥ 4413) के बीच आमने-सामने की टक्कर के कारण हुआ। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक चालक ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। सूचना मिलते ही फरसगांव थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और मृतक के शव को चीरघर भिजवाया।



हादसे के बाद माजदा वाहन चालक घटनास्थल से कोंडागांव की ओर फरार हो गया था, लेकिन कोंडागांव पुलिस की तत्परता से वाहन और चालक को पकड़ लिया गया है।

फरसगांव पुलिस ने मृतक की पहचान ग्राम बड़बत्तर निवासी 22 वर्षीय कैलाश नेताम, पिता सुखराम नेताम के रूप में की है। मृतक के परिजनों ने बताया कि कैलाश सुबह कोंडागांव गया था और वापस लौटते समय यह दुखद हादसा हो गया। पुलिस ने परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर मर्ग कायम कर लिया है। मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर उसे परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस मामले की गहनता से विवेचना कर रही है।

# विकास खंड स्तरीय धरना प्रदर्शन से शिक्षा व्यवस्था रहा बंद

## बारिश के बावजूद शिक्षकों ने रैली निकालकर मुख्य मंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



**कोण्डागांव** 01 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया एवं अन्य मांगों को लेकर 01 जुलाई 2025 को प्रदेश के 146 विकास खंड सहित कोण्डागांव, फरसगांव, केशकाल, बड़ेराजपुर एवं माकड़ी में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करते हुए भारी बारिश में रैली निकालकर मुख्य मंत्री, शिक्षा सचिव, लोक शिक्षण संचालक एवं कलेक्टर के नाम ज्ञापन विकास खंड वार अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसीलदार को सौंपा गया। कोंडागांव विकास खंड में ॠषिदेव सिंह जिला संचालक, प्रांतीय पदाधिकारी शिवराज ठाकुर, यशवंत देवांगन, पवन साहू, ब्लॉक संचालक मन्नाराम नेताम, मदन राठौर, सुकमन नेताम एवं राजूराम दीवान, लिखेश्वर पाण्डेय बड़ेराजपुर में जिला संचालक शंकर नेताम एवं सुभऊ नेताम ब्लॉक संचालक डूमनलाल मरकाम, मानसाय मरकाम एवं केशकाल में जिला संचालक कौशल नेताम, ब्लॉक संचालक राम सिंह मरावी, अमित मंडावी देवेंद्र कुपाल के नेतृत्व में, फरसगांव में प्रांतीय पदाधिकारी रामचंद्र सोनवंशी ब्लॉक संचालक सुकूराम नेताम, महेंद्र पटेल, मिठू राम मांझी एवं महेंद्र कश्यप के नेतृत्व में, माकड़ी में जिला सहसंचालक चन्द्रकांत जैन, रामदेव कौशिक, ब्लॉक संचालक रमेश प्रधान, जयलाल पोयाम, महेंद्र नेताम एवं अमिताभ मिश्रा के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसीलदार को सौंपे गए ज्ञापन में प्रमुख मांग विसंगति पूर्ण युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया को निरस्त कर 2008 के सेटअप लागू करने, क्रमोन्नति, पदोन्नति, पूर्व सेवा की गणना कर पूर्ण पेंशन का लाभ देने सहित जिला स्तरीय किए गए काउंसिलिंग में सेवा निवृत्ति होने वाले या जिनकी सेवा 02 वर्ष से कम है ऐसे शिक्षक-शिक्षिकाओं को युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया से मुक्त करने अथवा नगरीय क्षेत्र में पदस्थापना प्रदान करने, स्थानांतरण नीति व युक्तियुक्तकरण की पदस्थापना नीति में पति और पत्नी की सेवा होने के कारण पति और पत्नी को एक ही स्थान पर पदस्थापना दिए जाने का प्रावधान करते हुए पदस्थापना करने, कैंसर, हार्ट सर्जरी एवं गंभीर बीमारी से पीडित शिक्षक संवर्ग को स्वास्थ्य सुविधा लिए जाने हेतु व्यवस्था बनाते हुए वांछित नगरीय क्षेत्र में पदस्थापना करने, आपसी सहमति के आधार पर शिक्षक संवर्ग को पदस्थापना देते हुए व्यवस्थित करने की मांग प्रमुख रूप से सम्मिलित रहा।

# कोंडागांव में भारत बंद के समर्थन में रैली, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन



**कोण्डागांव** 01 जुलाई (देशबन्धु)। भारत मुक्ति मोर्चा, बहुजन क्रांति मोर्चा, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा एवं राष्ट्रीय परिवर्तन मोर्चा के संयुक्त नेतृत्व में मंगलवार को राष्ट्रव्यापी भारत बंद आंदोलन के तहत कोंडागांव में भी प्रदर्शन किया गया। आंदोलन का नेतृत्व भारत मुक्ति मोर्चा के जिला संयोजक भुवन मारकंडे ने किया।

प्रदर्शनकारी दोपहर 12 बजे न्यायालय परिसर के समीप डॉ.भीमराव अंबेडकर कार्यालय में एकत्रित हुए और संविधान के अनुच्छेद 19 के अंतर्गत प्राप्त अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार के तहत केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध में नारेबाजी की। प्रदर्शन के बाद रैली के रूप में पदाधिकारी व कार्यकर्ता एसडीएम कार्यालय पहुंचे और तहसीलदार विजय प्रताप सिंह को राष्ट्रपति के नाम 6 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा गया।

प्रदर्शनकारियों ने अपने ज्ञापन में 1. ईवीएम हटाकर बैलेट पेपर से चुनाव कराए जाएं। 2. ओबीसी सहित सभी जातियों की जाति जनगणना तत्काल कराई जाए। 3. मूल निवासी बहुजन महापुरुषों की संसद में की गई अवमानना का विरोध। 4. बोधगया स्थित महाबोधि महाविहार को बौद्धों को वापस सौंपा जाए। 5. वक्फ संशोधन विधेयक 2025 को असंवैधानिक घोषित किया जाए। 6.धर्मांतरण के झूठे आरोपों के आधार पर ईसाई समुदाय के खिलाफ हो रहे उत्पीड़न पर रोक लगे। आदि प्रमुख मांगों का जिक्र किया है।

इस दौरान बाबा साहब सेवा संस्था के जिला अध्यक्ष मुकेश मारकंडे, राष्ट्रीय क्रिश्चियन मोर्चा के जिला अध्यक्ष दीपक ठाकुर, मयाराम नाग, गणेशराम कोर्राम, भारतलाल भोयर, साबिर खान सहित कुल 10 सदस्य उपस्थित रहे। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियाँ मूल निवासी बहुजन समाज के संवैधानिक अधिकारों की लगातार अनदेखी कर रही है। यह भारत बंद आंदोलन इसी सामाजिक अन्याय और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए आयोजित किया गया।

# जवान सिद्धार्थ का सम्मान



*__चारामा__ 01 जुलाई (देशबन्धु)। यदि किसी को वर्दी पहनने का जज्बा हो तो वह कभी चुकता नहीं,ऐसी ही हमारे कांकेर जिले के नगर चारामा के जवान के जज्बे को हम सलाम करते हैं 3 महीना अग्नि वीर नेवी के ट्रेनिंग के पश्चात ,उसे रिजाइन देकर, पुन: अपने करियर को देखते हुए सीआईएसएफ भारतीय सेना को चुना,यह अपने करियर को देखते हुए ,उनके फैसले को हम सलाम करते हैं,पहले नेवी के वर्दी अब सिद्धार्थ सीआईएसएफ के वर्दी में हमारे चारामा के लाल दिखेंगे उसका सम्मान समारोह में खासतौर पर, चारामा टीआई जितेंद्र साहू साहब, और हमारे सैनिक परिवार कांकेर के मुख्या ऑर्डिनरी कैप्टन गजमोहन साहू साहब नगर के समाजसेवी के संस्था के अध्यक्ष पार्षद उत्तम साहू धर्मेंद्र साहू सदस्य गण चारामा नगर के व्यापारी बंधु सुरेश वाधवानी नारायण पंजवानी महेश भोजवानी मोना सर दार अविनाश मखीजा परमेश्वर यादव गोपी पाल अंकित शर्मा भोजराज सोनी ललित साहू वाल्मीकि सर चंद्र शिवम सिन्हा बंटी सबनानी नवीन जगवानी रूपेश देवांगन ओम प्रकाश कौशिक आयुष पंजवानी सिद्धार्थ के पिता स्वपन बोस नितिन वाल्मीकि सहित गणमान्य नागरिक गण थाना चारामा के सामने भारत माता चौक में उनके नए जज्बे को सलाम करते हुए, पुष्पगुछ देकर माला पहनाकर उनका स्वागत सम्मान किया गया दूसरे इनिंग की शुरुआत करने के लिए उनको हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करते है।*

# कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय-सीमा

# प्रधान मंत्री आवास योजना के लंबित कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण कराने के निर्देश



**कोण्डागांव** 01 जुलाई (देशबन्धु)। कोण्डागांव कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना ने 01 जुलाई को जिला कार्यालय के सभा कक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा बैठक में शासन की महती योजनाओं के क्रियान्वयन और टीएल में लंबित प्रकरणों के निराकरण की प्रगति की जानकारी प्राप्त की। साथ ही धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष योजनाओं में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर ने बैठक में शासन की महात्वाकांक्षी योजना प्रधान मंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत कार्यों के साप्ताहिक प्रगति की समीक्षा की और सभी जनपद सीईओ को निर्देशित किया कि लंबित कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण कराने पर जोर दिया। उन्होंने इसके लिए अधिक से अधिक फील्ड विजिट करने और हितग्राहियों को आवास निर्माण में प्रगति हेतु प्रोत्साहित करने एवं निर्माण कार्य में आ रही दिक्कतों को दूर करने को कहा। कलेक्टर ने सहकार से समृद्धि अभियान के तहत जिले में अब तक दुग्ध, मत्स्य, वनोपज एवं कृषि सहकारी समिति के गठन की जानकारी प्राप्त की और कहा कि समिति गठन के साथ-साथ ग्रामीणों को सहकारी समिति से मिलने वाले लाभ के बारे में बताएं। कलेक्टर ने आपदा प्रबंधन के लिए जिले में उपलब्ध मशीनरी और मानव संसाधनों की उपलब्धता की जानकारी ली और केशकाल क्षेत्र के लिए भी अग्निशमन वाहन की व्यवस्था के लिए निर्देशित किया। उन्होंने जिले में चिकित्सकीय आवश्यकता वाले नवजात शिशुओं के समुचित इलाज हेतु एनआईसीयू में सभी आवश्यक चिकित्सा उपकरण सहित सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित रखने को कहा। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देशित किया कि इस मामले में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार, जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# कोडाली श्रीधर ने मुख्य महाप्रबंधक का पदभार ग्रहण किया



*बचेली 1 जुलाई देशबन्धु। एनएमडीसी बैलाडीला लौह अयस्क खान बचेली कॉम्प्लेक्स के नए परियोजना प्रमुख श्री कोडाली श्रीधर, मुख्य महाप्रबंधक ने दिनांक 30.06 2025 को बचेली परियोजना में परियोजना प्रमुख के रूप में पदभार ग्रहण किया। इससे पूर्व वे एनएमडीसी की हीरा खनन परियोजना, पन्ना के परियोजना प्रमुख के रूप में कार्य कर रहे थे। श्री कोडाली ने एनएमडीसी में अपनी सेवाएं 30 अक्टूबर 1995 कोअधिशासी प्रशिक्षु (ईटी)के रूप में बचेली परियोजना से प्रारंभ की। अपने लंबे कार्यकाल की अवधि में उन्होंने क्रमश- किरंदुल, मुख्यालय हैदराबाद, डीएमपी पन्ना में अपनी महत्वपूर्ण सेवाएं दी। अब वे एनएमडीसी बैलाडीला लौह अयस्क खान बचेली के परियोजना प्रमुखके रूप में अपनी सेवाएं देंगे।*

# एनएमडीसी, बचेली सीएसआर ने जिला अस्पताल बीजापुर को 8 एम्बुलेंस प्रदान की





*__बचेली__ 01 जुलाई (देशबन्धु)। एनएमडीसी बचेली ने अपने नैगमिक सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत, जिला प्रशासन बीजापुर को 8 एम्बुलेंस सौंपी, जिनका उद्देश्य जिले में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करना है। सीएसआर मद द्वारा कुल 1.17 करोड़ रुपए से यह 08 बेसिक लाइफ सपोर्ट (बीएलएस) एम्बुलेंस बीजापुर जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नेलसनार, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भैरमगढ़, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गंगालूर, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चेरपाल, 30 बिस्तर अस्पताल नैमेड़, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र आवापल्ली, सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र भोपालपट्टनम और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मद्देड़ को प्रदान की गई हैं। एम्बुलेंसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने का कार्यक्रम संबित मिश्रा, जिला कलेक्टर बीजापुर, महेश नायर, महाप्रबंधक (कार्मिक) एनएमडीसी बचेली, जोसी थॉमस, उप महाप्रबंधक (सीएसआर), सौरभ कुमार, उप महाप्रबंधक (कार्मिक) और एनएमडीसी बचेली तथा जिला प्रशासन के अन्य अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में जिला कलेक्ट्रेट परिसर में दिनांक 01.07.2025 को संपन्न हुआ। ये एम्बुलेंस बीजापुर जिले के दूरदराज के गांवों में चिकित्सा पहुंच को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। एनएमडीसी सीएसआर गतिविधियों के तहत बस्तर के ग्रामों में सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।*

# शिक्षकों का धरना-प्रदर्शन युक्तियुक्तकरण और अन्य मांगों को लेकर शिक्षा व्यवस्था प्रभावित



**फरसगांव,** 01 जुलाई (देशबन्धु)। मंगलवार 01 जुलाई को फरसगांव विकासखंड मुख्यालय स्थित अस्पताल मंच पर शिक्षक साझा मंच के प्रांतीय आह्वान पर सभी शैक्षणिक संघों ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन के कारण विकासखंड के स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था चरमरा गई। समस्त शिक्षक संघों के पदाधिकारियों ने वर्तमान में चल रहे युक्तियुक्तकरण पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने आरोप लगाया कि छत्तीसगढ़ सरकार सरकारी स्कूलों को बंद कर शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण कर रही है, जो भविष्य के लिए उचित नहीं है। पदाधिकारियों का कहना था कि सरकार प्राथमिक शालाओं में मात्र एक-एक और माध्यमिक शालाओं में एक से तीन शिक्षक रखकर शिक्षा की गुणवत्ता लाने का प्रयास कर रही है, जो कि संभव नहीं है। हजारों शिक्षक इस युक्तियुक्तकरण के जाल में फंस चुके हैं, जिनमें सबसे ज्यादा महिला शिक्षक प्रभावित हुई हैं, जिन्हें 50 से 100 किलोमीटर दूर पदस्थापित किया गया है।

## शिक्षक संघों ने सरकार से चार प्रमुख मांगें रखीं

*विसंगतिपूर्ण युक्तियुक्तकरण पर तत्काल रोक लगाई जाए। पुरानी सेवा अवधि की गणना करते हुए पेंशन प्रकरण तैयार किया जाए और अन्य लाभ भी दिए जाएं। प्राचार्य एवं व्याख्याता पदोन्नति हेतु क्र.श्वस्र की अनिवार्यता समाप्त की जाए। सोना साहू द्वारा हाईकोर्ट से जीता गया क्रमोन्नत वेतनमान केस सभी के लिए सामान्य आदेश के रूप में लागू किया जाए। दिन भर चले धरना प्रदर्शन के बाद, दोपहर 3 बजे अस्पताल मैदान से एक रैली निकाली गई, जो पुराने पोस्ट ऑफिस से होते हुए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, फरसगांव के कार्यालय पहुंची। एसडीएम की अनुपस्थिति में नायब तहसीलदार मैडम ने ज्ञापन स्वीकार किया।*

इस धरना प्रदर्शन में चैतू नेताम, योगेश्वर साहू, संजय सिंह, महेंद्र कुमार पटेल, रामचंद्र सोनवंशी, महेंद्र कश्यप, मुजीब रहमान, सुक्कू नेताम, मिट्ठू मांझी, शिव कुमार साहू, कोमलचंद जैन, अमरनाथ साहू, सुरेंद्र ठाकुर, सुरेश मरकाम सहित कई अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।



# कमेला में संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव,एक पेड़ मां के नाम का

**कोण्डागांव** 01 जुलाई (देशबन्धु)। जिला व विकास खंड कोंडागांव के अंतर्गत आने वाले ग्राम कमेला में संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन शासकीय हाई स्कूल के सभा कक्ष में हर्षोल्लासपूर्वक किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच कामदेव कश्यप, उप सरपंच प्रेमसिंह बघेल, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष रेवतमल पांडे, चेतमन बैध, दीपचंद पांडे, पंचायत प्रतिनिधि रूखमणि नेताम, एवती बैध और पालकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सभी अतिथियों के द्वारा कक्षा 1 ली, 6 वीं, 9 वीं के नव प्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर, पुष्प गुच्छ भेंटकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। साथ ही अतिथियों के द्वारा गणवेश एवं पाठ्य पुस्तक का भी वितरण किया गया। संकुल प्राचार्य होरीलाल चंद्रवंशी एवं संकुल समन्वयक गौतम राम पाण्डे ने उपस्थितजनों को शासन-प्रशासन के द्वारा मिलने वाले लाभ के बारे में बताया गया एवं बच्चों को नियमित शाला आने को कहा गया। इसके साथ ही 5 वीं, 8 वीं, 10 वीं के सभी होनहार बच्चों को संकुल स्तर पर सम्मानित कर पुरुस्कार दिया गया। कार्यक्रम में अथितियों, शिक्षकों एवं बच्चों द्वारा च्च्एक पेड़ माँ के नामज्ज से पौधा रोपण किया गया। इस कार्यक्रम में प्रधान अध्यापक सूरीज पोयाम, मदन लाल कोर्राम, अमृतलाल देवांगन, शिक्षक तिलक मंडावी, वीरेंद्र ठाकुर, सौरभ यदु, दीपक चौरे, अविनाश बेनर्जी, तरुणी पटेल, अरुणा सिंन्हा, तुलसी भोई, श्वेता यदु, कु.रोशनी, भृत्यगण में जगत नेताम, राम सागर, रितेश सेठिया, मदन नेताम, दसो पोयाम के द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष सहयोग रहा।

## बैठक

## कलेक्टर एवं एसपी ने यातायात नियमों के कड़ाई से पालन पर दिया जोर

# जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक , सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु दिए निर्देश



**कोण्डागांव** 01 जुलाई (देशबन्धु)। कोंडागांव कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला कार्यालय के सभा कक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक वाय.अक्षय कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए यातायात नियमों के सख्ती से पालन पर विशेष बल दिया गया। कलेक्टर ने सड़क किनारे खड़े वाहनों पर कार्यवाही करने, सड़कों पर मक्का या अन्य फसलें सुखाने की प्रवृत्ति पर रोक लगाने तथा ओवर स्पीडिंग और ओवर लोडिंग पर कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि क्षमता से अधिक सवारी वाले वाहनों, बिना वैध दस्तावेजों के चलने वाले चालकों तथा नियमों की अनदेखी करने वालों के विरुद्ध नियमित जांच कर कार्यवाही करें। पुलिस अधीक्षक श्री कुमार ने बताया कि जिले में सड़क दुर्घटनाओं में अधिकतर मौतें तेज गति से वाहन चलाने और हेलमेट नहीं पहनने के कारण हो रही हैं। उन्होंने आम नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने की आवश्यकता पर बल दिया।

बैठक में जिले में चिन्हांकित ब्लैक स्पॉट्स में सुधार, दुर्घटनाजन्य क्षेत्रों की पहचान एवं उन पर सुधारात्मक कार्यवाही, सड़क सुरक्षा हेतु किए गए उपायों की समीक्षा तथा दुर्घटनाओं की मॉनिटरिंग के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए। इसके अलावा प्रमुख मार्गों पर गति सीमा का पालन सुनिश्चित करने, शराब एवं मादक द्रव्यों के सेवन कर वाहन चलाने की रोकथाम, बिना लाइसेंस, बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट एवं नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने जैसी गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु भी आवश्यक निर्देश दिए गए। सड़क मार्गों पर आवारा मवेशियों के कारण होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए पशुपालकों पर जुर्माना वसुलने, राष्ट्रीय राजमार्ग और अन्य प्रमुख मार्गों पर प्राथमिक उपचार की समुचित व्यवस्था पर भी चर्चा की गई। साथ ही दुर्घटना की स्थिति में त्वरित सहायता प्रदान करने वाले नागरिकों को राहवीर योजना के तहत प्रोत्साहन राशि प्रदान करने के निर्देश दिए। सभी शासकीय अधिकारी कर्मचारी को यातायात नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करने हेतु निर्देशित किया गया। नियमों का पालन नहीं करने पर चलानी कार्यवाही हेतु यातायात विभाग को निर्देशित किया गया।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर, एसडीएम अजय उरांव, जिला परिवहन अधिकारी अतुल असैया सहित यातायात, पुलिस, लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग, स्वास्थ्य विभाग तथा नगर पालिका के अधिकारी उपस्थित थे।

# मदर टेरेसा हाई स्कूल बोरगांव में फ्रेशर्स डे समारोह



*__फरसगांव__, 1 जुलाई (देशबन्धु)। - मदर टेरेसा हाई स्कूल बोरगांव ने अपने नए और छोटे विद्यार्थियों का हार्दिक स्वागत फ्रेशर्स डे समारोह के माध्यम से किया। यह अवसर नर्सरी के बच्चों के शैक्षिक जीवन में एक सुंदर और उत्साहपूर्ण शुरूआत का प्रतीक रहा।*

*कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य रेव. फा. फिलिप अब्राहम द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुई। उन्होंने अपने संदेश में प्रारंभिक अवस्था में जिज्ञासा, कल्पनाशक्ति और सीखने के प्रेम को पोषित करने के महत्व पर बल दिया। रेव. फा. रोशिन और उप प्राचार्या सिस्टर जेस्सी क्लेयर एफ.सी.सी. की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी गौरवपूर्ण बनाया। उन्होंने बच्चों को आशीर्वाद और प्रोत्साहन दिया। नन्हें बच्चों को विशेष महसूस कराने के लिए उन्हें हस्तनिर्मित स्वागत कार्ड भेंट किए गए। इसके साथ ही एक प्रतीकात्मक अक्षर-अभिन्यास कराया गया, जिसमें बच्चों ने चावल की थाली में अक्षर बनाकर साक्षरता की यात्रा की पहली सीढ़ी चढ़ी। कार्यक्रम को और भी रंगीन बनाने के लिए एक सांस्कृतिक प्रस्तुति भी आयोजित की गई, जिसमें बड़े बच्चों ने संगीत, नृत्य और कहानियों के माध्यम से छोटे बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस समारोह ने बच्चों के शैक्षिक जीवन की शुरुआत को एक यादगार और आनंदमयी अनुभव बनाया।*

## संपादकीय

### बमलेश्वरी रोपवेः नियमित देखरेख हो

*डोंगरगढ़ छत्तीसगढ़ का एक प्रसिद्ध धार्मिक व पर्यटन स्थल है। हजारों की संख्या में लोग यहां आते हैं। इस स्थान की विशेषता है पहाड़ी पर बना बमलेश्वरी देवी का मंदिर जिसमें धर्मप्राण हिन्दुओं की गहन आस्था है। वैसे तो सारे साल ही लोग देवी दर्शन को आते हैं परन्तु त्यौहारों में यहां अपार भीड़ रहती है। वह भी दोनों नवरात्रि के अवसर पर। लोग सपरिवार यहां आते हैं। इसके अलावा यह हरे-भरे पहाड़ों पर स्थित होने के कारण वे लोग भी बड़ी तादाद में पहुंचते हैं जो प्राकृतिक सुषमा का आनंद लेना चाहते हैं। विशेषकर बारिशों तथा ठंड का मौसम बहुत खुशगवार होता है। ऊंचाई से डोंगरगढ़ शहर तथा अन्य इलाकों का दिखने वाला दृश्य बहुत अनुपम होता है। उसका भी लोग यहां आनंद लेते हैं।*

*जनता की सुविधा के लिये यहां सरकार ने अनेक काम किये हैं। पहले के मुकाबले यहां कई तरह की सहूलियतें विकसित हुई हैं। ऊपर तक पहुंचने के रास्ते भी बेहतर हुए हैं। सबसे बड़ी सुविधा जो प्रदान की गयी है वह है- रोपवे का निर्माण। जब से यह सुविधा उपलब्ध हुई है तभी से बमलेश्वरी आने वाले लोगों की संख्या में बड़ा इज़ाफ़ा हुआ है। ऐसे लोग जो मंदिर तक पहुंचने में ऊंचाई के कारण असमर्थ होते थे, वे भी अब रोपवे के सहारे आ जाते हैं। इनमें से ज्यादातर बुजुर्ग, गर्भवती स्त्रियां, छोटे बच्चों वाले परिवार, बीमार व्यक्ति आदि होते थे। चाहकर भी वे ऊपर नहीं पहुंच पाते थे। उनके लिये रोपवे बहुत फायदेमंद साबित हुआ है।*

*एक ओर जहां डोंगरगढ़ का यह रोपवे लोगों को सुविधा दे रहा है तो वहीं दूसरी ओर वह दो बार टूट भी चुका है जो कि बहुत ही खतरनाक बात है। कुछ माह पहले जब वह दुर्घटनाग्रस्त हुआ था तो भारतीय जनता पार्टी के कुछ नेताओं को गम्भीर चोटें आई थीं जो उस समय एक ट्रॉली में बैठे हुए थे। उस समय जब हादसे की जांच की गयी तो पाया गया कि इसका कारण उसकी नियमित रूप से देखरेख न होना है। इसके चलते ही वह हादसा हुआ था।*

*उक्त दुर्घटना में रोपवे में जो खराबी आई थी उसे ठीक कर लिया गया है और सोमवार से वह फिर से परिचालित होने लगा है। आशा की जानी चाहिये कि आगे भी इसका ठीक-ठाक संचालन होता रहेगा। पहले की तरह दुर्घटना फिर से न हो। ऐसे उपकरण बेहद जटिल तकनीकों पर आधारित होते हैं। उनका परिचालन कुशल लोगों के द्वारा किया जाना चाहिये। सर्वाधिक महत्वपूर्ण है उसकी नियमित देखरेख हो। सम्भवतः लोगों की हर रोज होने वाली भीड़ के चलते इसे रोका नहीं जाता होगा जिसके कारण पिछले दो हादसे हुए होंगे। नियमित अंतराल में इसका संचालन पूर्णतः रोककर उसकी समुचित मेंटेनेंस होना चाहिये। जब रोपवे न चले तो आगंतुकों को इसकी पूर्व सूचना मिले।*

### उल्टा पुल्टा

पति- मुझे अपनी बीवी से तलाक चाहिए वह बर्तन फेंक कर मारती है,
जज- अभी भी मार रही है या पहले से
पति- 5 साल पहले से
जज- तो इतने साल बाद तलाक क्यों?
पति- क्योंकि अब उसका निशाना पक्का हो गया है

# सीबीआई ने 3 डॉक्टरों सहित 6 लोगों को किया गिरफ्तार

## मेडिकल कॉलेजों में मान्यता दिलाने के एवज में वसूली, 40 से अधिक ठिकानो पर की छापेमारी




**रायपुर**, 1 जुलाई (देशबन्धु)। सीबीआई ने छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, कर्नाटक, राजस्थान, उत्तरप्रदेश, दिल्ली के कुल 40 से अधिक ठिकानों पर छापेमार कार्रवाई की है छत्तीसगढ़ में सीबीआई ने 3 डॉक्टरों समेत 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। मेडिकल कॉलेजों में मान्यता दिलाने के एवज में मोटी वसूली करने के मामले में यह कार्रवाई की गई है. जानकारी के मुताबिक, आरोपियों ने निरीक्षण प्रक्रिया को प्रभावित करने के लिए कई रणनीतियों का उपयोग करते हुए रिश्वत ली है। सभी आरोपियों को कल सीबीआई की विशेष कोर्ट में पेश किया जाएगा।

चिकित्सा महाविद्यालय के पक्ष में अनुकूल निरीक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत करने के बदले रिश्वत लेने के आरोप में डॉ. अशोक डी. शेल्के, डॉ. मंजप्पा और चित्रा मदनहल्ली समेत 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। श्री रावतपुरा सरकार इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च नवा रायपुर (छत्तीसगढ़) के पदाधिकारियों, निरीक्षण कर रहे डॉक्टरों और अन्य बिचौलियों के विरुद्ध सीबीआई ने मामला दर्ज किया है इन पर आरोप है कि इन्होंने चिकित्सा महाविद्यालय की मान्यता के लिए की जाने वाली वैधानिक निरीक्षण प्रक्रिया में रिश्वत लेकर अनियमितताएं की है।

सीबीआई को सूचना मिली थी कि संस्थान के अधिकारी निरीक्षण के लिए नियुक्त आकलनकर्ताओं को प्रभावित कर रहे हैं, ताकि वे उनके पक्ष में रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए सीबीआई ने जाल बिछाकर रिश्वत के लेन-देन के समय 6 लोगों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए सभी आरोपियों को सीबीआई की विशेष कोर्ट में 2 जून को पेश किया जाएगा।

**छत्तीसगढ़ रेरा का बड़ा कदम**

## बिना पंजीकरण वाले 136 प्रोजेक्ट्स पर कसा शिकंजा

**रायपुर**, 1 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण ने राज्य में रियल एस्टेट क्षेत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में एक कड़ा कदम उठाया है। प्राधिकरण ने ऐसे 106 प्रोजेक्ट्स की पहचान की है जो टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग से स्वीकृत होने के बावजूद अब तक रेरा अधिनियम के तहत पंजीकृत नहीं हुए हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि इन प्रोजेक्ट्स का निर्माण अथवा विक्रय कार्य बिना वैधानिक रेरा पंजीकरण के किया जा रहा था, जो कि न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि उपभोक्ताओं के हितों के लिए भी अत्यंत नुकसानदेह है।

प्राधिकरण ने इन सभी प्रोजेक्ट्स के प्रमोटरों को नोटिस जारी करते हुए उनसे स्पष्टीकरण मांगा है। साथ ही यह स्पष्ट किया गया है कि रेरा अधिनियम, 2016 का पालन सुनिश्चित करना प्रत्येक प्रमोटर की जिम्मेदारी है। प्राधिकरण ने जानकारी दी है कि पिछले सात वर्षों में 136 प्रोजेक्ट्स के विरुद्ध स्वतः संज्ञान लेते हुए कार्यवाही की गई है, जिनमें प्रमोटरों द्वारा बिना पंजीकरण कार्य संचालित किया गया था।

रेरा अधिनियम के अनुसार, बिना पंजीकरण प्रोजेक्ट संचालित करने पर पंजीकरण शुल्क का 400 प्रतिशत तक अतिरिक्त शुल्क और परियोजना लागत का 10 प्रतिशत तक जुर्माना लगाया जा सकता है। रेरा अधिनियम की यही विशेषता है कि वह न केवल उपभोक्ताओं को सुरक्षित निवेश का वातावरण देता है, बल्कि रियल एस्टेट क्षेत्र में पारदर्शिता और समयबद्धता भी सुनिश्चित करता है। सीजी रेरा ने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की संपत्ति जैसे फ्लैट, प्लॉट, विला या व्यावसायिक इकाई खरीदने से पहले यह अवश्य जांच लें कि संबंधित परियोजना रेरा में पंजीकृत है या नहीं। इसके लिए पोर्टल पर जाकर परियोजना की पंजीकरण स्थिति की जांच की जा सकती है। वहीं, प्रमोटरों को भी सलाह दी गई है कि वे अपनी परियोजनाओं को विधिवत रजिस्ट्रेशन कराएं ताकि किसी प्रकार की शास्ति या कानूनी कार्यवाही से बचा जा सके।

# अब 7 जुलाई तक मिलेगा 3 महीने का राशन

**रायपुर**, 1 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में राशनकार्डधारियों के लिए बड़ी काम की खबर है, उपभोक्ता अब 7 जुलाई तक तीन महीनें का राशन ले सकेंगे, जी हाँ आप सही सुन रहें हैं. दरअसल, प्रदेश में तीन माह का राशन एक साथ वितरण किया जा रहा है।

जून माह निकल गया पर अब तक पूरा राशन वितरण नहीं हो सका है. इसी बीच एक राहत भरी खबर आई है कि राज्य सरकार ने राशन वितरण का समय 7 जुलाई तक बढ़ा दिया है।

**जून, जुलाई और अगस्त माह का मिल रहा राशन**- सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत शासन द्वारा जून, जुलाई और अगस्त माह का राशन एक साथ वितरण किया जा रहा है. जिससे राशन दुकानों में भीड़ बढ़ गई।

दुकानदारों को भी सीमित समय में अधिक उपभोक्ताओं को राशन देने की चुनौती झेलनी पड़ रही है।

**अबतक 75 से 80 फीसदी राशन का ही वितरण** -30 जून तक की स्थिति देखें तो लगभग 75 से 80 फीसदी राशन का ही वितरण हो सका है, इन समस्याओं को देखते हुए शासन ने अब तीन माह का राशन वितरण करने की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 7 जुलाई कर दिया गया है।

## नकली खाद की बिक्री पर करे सख्त कार्रवाई : साय



**रायपुर**, 1 जुलाई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज मंत्रालय महानदी भवन में आगामी खरीफ सीजन को देखते हुए खाद और बीज की उपलब्धता को लेकर उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री श्री साय ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रदेश में किसानों को सतत रूप से खाद की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से डीएपी के स्थान पर एनपीके खाद के उपयोग को प्रोत्साहित करने की बात कही और किसानों को इसके लाभ से अवगत कराने को कहा। श्री साय ने कलेक्टरों के माध्यम से जिलेवार सहकारी समितियों में खाद की उपलब्धता और वितरण की निगरानी और सतत समीक्षा करने के निर्देश दिए। श्री साय ने कहा कि खेती-किसानी का यह समय किसानों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यदि इस समय खाद-बीज की आपूर्ति में किसी भी प्रकार की बाधा आती है, तो इसका सीधा असर फसलों की बुआई और उत्पादन पर पड़ेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों को समय पर और उचित दर पर पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध हो। उन्होंने कहा कि समितियों में एनपीके खाद की व्यवस्था भी की जा रही है, किसानों को इसे उपलब्ध कराने की दिशा में तत्काल कदम उठाएं। उन्होंने अमानक और नकली खाद की बिक्री पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि ऐसे मामलों पर तत्काल सख्त कार्रवाई की जाए।

## राजधानी में जमे दो दर्जन आरआई बदले, लैंड रिकॉर्ड दफ्तर खाली

**रायपुर**, 1 जुलाई (देशबन्धु)। राजस्व विभाग ने राजधानी में वर्षों से काम कर रहे दो दर्जन से ज़्यादा राजस्व निरीक्षकों का दूसरे जिलों में तबादला कर दिया गया है। 30 जून को जारी हुए इस आदेश से रायपुर के राजस्व अमले में खलबली मच गई है। रायपुर के लैंड रिकॉर्ड्स में पदस्थ तकरीबन सभी आरआई हटा दिए गए हैं। इसे भारतमाला स्कैम का इंपैक्ट भी माना जा रहा है। रायपुर से जिन राजस्व निरीक्षकों को बाहर भेजा गया है, उनमे किशोर वर्मा को दुर्ग, पुष्पराज वर्मा मनेंद्रगढ़, विधान व्यापारी को नारायणपुर, ब्रजेश देवांगन राजनंदगांव, नागेश्वर सिंह को कोंडागांव, सतीश मिश्रा को नवा रायपुर, काशीराम ध्रुव को गरियाबंद, पदम सिंह नाग को बलौदाबाजार, ब्रजेश पाठक को बलौदाबाजार, सचिन श्रीवास्तव को बलौदाबाजार, विनोद साहू को बलरामपुर, राजकुमार साहू को बस्तर, गोपाल प्रधान को बीजापुर, समीर शेख को बीजापुर, सुधीर रावल को बीजापुर, प्रशांत दुबे को कोंडागांव, मनमोहन जांगड़े को कोरबा, पवन कश्यप को मनेंद्रगढ़, मीना पांडे रायपुर, हेमेन्द्र राव भोसले को सुकमा और महेश साहू को भी सुकमा स्थानांतरित किया गया है।

# पढ़ाई छोड़ सड़क पर उतरे प्रदेशभर के शिक्षक




■ मांगे पूरी न होने पर अनिश्चितकालीन आंदोलन की चेतावनी

**रायपुर**, 1 जुलाई (देशबन्धु)। प्रदेश के 1,80,000 शिक्षक आज एक बार फिर से स्कूलों की पढ़ाई छोड़ सड़कों पर उतरे। शिक्षकों ने राज्य सरकार को साफ-साफ और दो टूक शब्दों में चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर अब भी सुनवाई नहीं हुई तो आने वाले दिनों में राज्यभर के सभी स्कूलों में तालेबंदी कर वे सभी अनिश्चितकालीन आंदोलन में चले जाएंगे और सड़क पर उतरकर लड़ाई लड़ेंगे। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी।

शिक्षक साझा मंच छत्तीसगढ़ के प्रदेश संचालक संजय शर्मा, मनीष मिश्रा, केदार जैन, वीरेंद्र दुबे, विकास राजपूत एवं जाकेश साहू ने विभिन्न जिलों में आंदोलन का नेतृत्व करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने विधानसभा चुनाव 2023 के पहले प्रदेश के समस्त शिक्षकों से कई वादा किए थे जिसे मोदी की गारंटी का नाम दिया गया था। जिसमें सहायक शिक्षकों के वेतन विसंगति दूर करने, क्रमोन्नत वेतनमान देने, पुरानी पेंशन बहाल करने, प्रथम सेवा गणना करने, पदोन्नति करने सहित अनेको लिखित एवं मौखिक वादे किए गए थे। लेकिन चुनाव जीतने के बाद सरकार ने एक भी वादे पूरी नहीं की है।

प्रदेश संचालक कृष्णकुमार नवरंग, राजनारायण द्विवेदी, भूपेंद्र बनाफर, शंकर लाल साहू, भूपेंद्र गिलहरे, चेतन बघेल, गिरीश केशकर एवं लैलूंन भरतद्वाज आदि ने विभिन्न ब्लाकों में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार लगातार शिक्षकों से विवाद मोल ले रहे हैं। सरकार द्वारा प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को बर्बाद किया जा रहा है। स्कूलों में शिक्षकों की संख्या दिन प्रतिदिन घटाई जा रही है। प्रदेश के आम जनता को गुमराह किया जा रहा है। शिक्षा में गुणवत्ता लाने की बाते कही जा रही है लेकिन जब शिक्षकों को ही स्कूलों से हटाएंगे और स्कूलों को बंद करेंगे तो कहां से शिक्षा में गुणवत्ता आएगी।

प्रदेश संचालक प्रदीप पांडे, प्रदीप लहरे, राजकिशोर तिवारी, कमल दास मुरचले, प्रीतम कोशले, विक्रम राय, विष्णु प्रसाद साहू, धरम दास बंजारे एवं अनिल कुमार टोप्पो ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षिका सोना साहू को माननीय न्यायालय के आदेश पर एरियर्स राशि सहित क्रमोन्नति वेतनमान दिया गया है। लेकिन उक्त आदेश का पालन राज्य सरकार द्वारा सार्वजनिक रूप से अभी तक नहीं किया गया है। प्रदेश के शिक्षकों ने मांग की है कि सोना साहू के तर्ज पर राज्य के सभी शिक्षकों को क्रमोन्नति वेतनमान का एरियर्स राशि सहित लाभ दिया जाए। साथ ही प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा की गणना कर पेंशन सहित समस्त लाभ दी जाए। पदोन्नति में बीएड की अनिवार्यता को खत्म कर डीएड योग्यताधारीयो को भी पदोन्नत किया जाए। तथा 2008 के सेटअप को लागू करके युक्तिकरण किया जाए एवं वर्तमान में हुए युक्तिकरण को तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाए।

शिक्षक साझा मंच के समस्त 23 प्रदेश संचालकों ने विभिन्न जिलों एवं ब्लॉकों में राज्य सरकार को सीधे सीधे और दो टूक शब्दों में चेतावनी दी है कि आज प्रदेश के पूरे सभी 146 विकासखंडों में शिक्षक अपनी मांगों को लेकर स्कूलों को छोड़कर सड़कों पर उतरे हैं और अपनी आवाज बुलंद कर रहे हैं। यदि आने वाले दिनों में सरकार हमारी मांगों को पूरा नहीं करती है तो प्रदेशभर के स्कूलों में तालेबंदी कर सभी शिक्षक सड़क पर उतरकर अपने मांगों के लिए संघर्ष करेंगे एवं बच्चों की पढ़ाई व्यवस्था प्रभावित होने पर जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने जातिगत जनगणना का ऐतिहासिक निर्णय लिया: आठवले



■ संत कबीर सत्संग कार्यक्रम में हिस्सा लिया

**रायपुर**, 1 जुलाई (देशबन्धु)। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास आठवले ने मंगलवार को छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में संत कबीर सत्संग कार्यक्रम में हिस्सा लिया. इस दौरान उन्होंने जातिगत जनगणना, धर्मांतरण, हिंदी-मराठी भाषा और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आगामी दौरे पर महत्वपूर्ण बयान दिए।

जातिगत जनगणना पर ऐतिहासिक निर्णय: आठवले ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने जातिगत जनगणना का ऐतिहासिक निर्णय लिया है. उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा, लंबे समय से इसकी मांग उठ रही थी, लेकिन जब उनकी सरकार थी, तब उन्होंने इस पर कोई निर्णय क्यों नहीं लिया? उन्होंने आगे कहा कि जनरल कमीशन इस दिशा में काम करेगा, जिससे यह स्पष्ट होगा कि कितना विकास हुआ, कितना कल्याण हुआ और समाज को कितना लाभ मिला. हिंदी और मराठी भाषा पर जोरमहाराष्ट्र में भाषा विवाद पर बोलते हुए आठवले ने कहा, हिंदी हमारी मातृभाषा है और इसका सम्मान होना चाहिए. कुछ लोगों ने मराठी भाषा में पढ़ाई की मांग की थी, जिस पर महाराष्ट्र सरकार ने अच्छा फैसला लिया है. उन्होंने सुझाव दिया कि स्कूलों में हिंदी को लागू करना चाहिए, लेकिन कक्षा पहली से छठवीं तक क्षेत्रीय भाषा को प्राथमिकता दी जानी चाहिए. पश्चिम बंगाल में भाजपा की फैक्ट-फाइंडिंग कमेटी के दौरे के संदर्भ में आठवले ने कहा, वहां अत्याचार के मामले लगातार बढ़ रहे हैं. आगामी चुनाव में ममता बनर्जी की छुट्टी हो जाएगी और भाजपा की सरकार बन सकती है. उन्होंने ममता सरकार पर कड़ा प्रहार करते हुए बदलाव की भविष्यवाणी की. धर्मांतरण पर सख्त रुखछत्तीसगढ़ में बढ़ते धर्मांतरण के मामलों पर आठवले ने कहा, प्रलोभन या दबाव में धर्मांतरण सही नहीं है. अगर कोई अपनी स्वेच्छा से धर्म परिवर्तन करना चाहता है, तो यह उसका अधिकार है, लेकिन दबाव या प्रलोभन के मामलों की पूरी जांच होनी चाहिए और इसे रोका जाना चाहिए. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के 7 जुलाई को प्रस्तावित छत्तीसगढ़ दौरे पर आठवले ने कहा, लोकतंत्र में सभी को सभा करने का अधिकार है. खड़गे हमारे समाज से हैं और उनका स्वागत है. लेकिन वे यहाँ आएंगे तो संविधान बदलने और मोदी के खिलाफ ही बोलेंगे. कांग्रेस को टिप्पणी करनी है, तो करती रहे।



# जिंदल करेगा 75 हजार करोड़ का निवेश

## औद्योगिक गति को विकाश देने सरकार के साथा एमओयू




**रायपुर**, 1 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में औद्योगिक विकास को गति देने के उद्देश्य से जिंदल स्टील छत्तीसगढ़ लिमिटेड,500 एमडब्ल्यू सोलर पावर,2400 एमडब्ल्यू थर्मल पावर प्लांट व राज्य सरकार के बीच 7.5 मिलियन टन प्रति वर्ष (एमटीपीए) क्षमता वाले एक स्टील प्लांट की स्थापना हेतु एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इस परियोजना के लिए 75,000 करोड़ रुपए का प्रस्तावित निवेश किया जाएगा। इस समारोह में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय व श्री रजत कुमार सचिव एवं संयोजक राज्य निवेश प्रोत्साहन बोर्ड वाणिज्य एवं उद्योग विभाग एवं उद्योग जगत के कई अधिकारी मौजूद रहे । इस परियोजना से न केवल स्थानीय रोजगार सृजन में सहायक होगा, बल्कि ये राज्य की अर्थव्यवस्था को भी मजबूत करेगा। जिंदल समूह के श्री प्रदीप टंडन, ने कहा कि हम इसके माध्यम से छत्तीसगढ़ में औद्योगिक आधार को बढ़ावा देने के प्रति प्रतिबद्ध हैं। हमें विश्वास है कि इस स्टील प्लांट के माध्यम से हम उच्च गुणवत्ता वाले स्टील उत्पादन के साथ-साथ स्थानीय जनसमुदाय के लिए विकास के नए अवसर उत्पन्न कर सकेंगे। सरकार ने भी इस एमओयू को राज्य में औद्योगिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। इस प्रकार के औद्योगिक निवेश छत्तीसगढ़ को एक वैश्विक औद्योगिक हब बनाने के हमारे लक्ष्य को साकार करने में मदद करेंगे। इस स्टील प्लांट व पावर प्लांट की स्थापना से संबंधित कार्य जल्द ही शुरू होंगे, और इसे राज्य के विकास एवं स्थानीय लोगों के जीवन स्तर में निश्चित ही सुधार के लिए एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है।

# दिलदार आदिवासी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष नियुक्त

**रायपुर**, 1 जुलाई (देशबन्धु)। दिलदार कुमरे को छत्तीसगढ़ प्रदेश आदिवासी कांग्रेस के रायपुर का जिला अध्यक्ष नियुक्ति किया गया हैं। उनकी नियुक्ति कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज द्वारा की गई है।नियुक्ति पर दिलदार कुमरे ने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रांत भूरिया ,आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जनक राम ध्रुव, नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत ,पूर्व कैबिनेट मंत्री सत्यनारायण शर्मा एवं समाज के लोगों का आभार व्यक्त किया है।

# राष्ट्रीय चिकित्सा दिवस पर भाजपा ने किया डॉक्टरों का सम्मान




**रायपुर**, 1 जुलाई (देशबन्धु)। राष्ट्रीय चिकित्सा दिवस पर भाजपा रायपुर जिलाध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर जी के नेतृत्व में लाखेनगर मंडल ने प्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ सुरेंद्र शुक्ला, डॉ रवि राठी, डॉ संदीप परिहार, डॉ लालवानी, डॉ जेपी विश्वकर्मा,सहित अन्य डॉक्टरों के हॉस्पिटल,क्लीनिक जाकर शाल श्रीफल पुष्प गुच्छ से सम्मान किया जिलाध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर ने कहा कि हर साल एक जुलाई को नेशनल डॉक्टर्स डे राष्ट्रीय चिकित्सा दिवस National Doctors Day) मनाया जाता है। ये दिन उन डॉक्टरों को समर्पित होता है जो हमारी सेहत का ध्यान रखते हैं। ये हमें नया जीवनदान देते हैं। साथ ही हमें बीमारियों से बचाने में मदद करते हैं। हल्का सा भी हम अगर बीमार पड़ते हैं तो तुरंत ही डॉक्टर के पास भागते हैं। यही कारण है कि डॉक्टर को भगवान का रूप कहा जाता है।

इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष अकबर अली लाखेनगर मंडल अध्यक्ष सचिन सिंघल की पूरी टोली पूर्व मंडल अध्यक्षद्वय महेश शर्मा जी,रामकिंकर सिंह जी,विकास अग्रवाल जी,रतिकांत साहू जी,भूषन साहू ,रमेश पटले जी,दिगम्बर चौधरी जी,राजेश मिश्रा,विकास सिंह ठाकुर,लीलाध्वज ठाकुर उपस्थित हुए। डॉ सुरेंद्र शुक्ला जी को उनके सेवा भाव के लिए बहुत-बहुत साधुवाद एवं धन्यवाद दिए।

# प्रदेश के कर्मचारियों को पेंशन फंड नहीं-जमा राशि रिफंड चाहिए: पेंशनर्स एसोसिएशन

**रायपुर**, 1 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन लगातार शासकीय कर्मचारियों के वेतन भत्ते और पेंशन के संबंध में अलग-अलग आदेश जारी कर भ्रमपूर्ण स्थिति निर्मित कर रही है। देश और प्रदेश में सामंजस्य न होने से शासकीय सेवक व पेंशनर परेशान है। छत्तीसगढ़ पेंशनर्स एसोसिएशन के संरक्षक विजय कुमार झा ने बताया है कि राज्य सरकार के मंत्री परिषद में पेंशन फंड बनाने का निर्णय लिया गया है। केंद्र सरकार पुरानी पेंशन योजना, उसके बाद अंशदायी पेंशन योजना और अब एक अप्रैल 25 से एकीकृत पेंशन योजना लागू की है। इससे अधिकारी कर्मचारी भ्रम की स्थिति में हैं। सेवानिवृत्ति के बाद सेवानिवृत कर्मचारी व मृत्यु उपरांत आश्रित परिवार पेंशन के लिए भटक रहे हैं। अनेकों विभाग में पेंशन के लिए हजारों रुपए भ्रष्टाचार के भी शिकायत सामने आए हैं। प्रदेश का शासकीय सेवक छत्तीसगढ़ पेंशन फंड के बदले छत्तीसगढ़ के लाखों कर्मचारियों के जमा राशि को रिफंड चाह रही है। जिसमें 2004 के बाद लागू अंशदायी पेंशन योजना का 17400 करोड रुपए कर्मचारियों के खून पसीने की कमाई एनएसडीएल कंपनी में जमा है। जो शेयर मार्केट में व्यवसाय कर रहा है। एनपीएस योजना में सेवानिवृत कर्मचारियों को न्यूनतम पेंशन 7500 दिया जा रहा है किंतु एनएसडीएल कंपनी में जमा राशि को चालान से वापस करने के बाद ही पेंशन का निराकरण हो पा रहा है। इससे अनेक प्रकरण अटके हुए हैं। इसके विरोध के बाद छत्तीसगढ़ मैं श्री भूपेश बघेल की सरकार ने 1 अप्रैल 22 से पुरानी पेंशन योजना लागू करने की घोषणा की। कर्मचारियों ने उत्साह पूर्वक उसका स्वागत किया और इसी तिथि से प्रदेश के कर्मचारियों के वेतन से भविष्य निधि खाते की राशि कटौती होना प्रारंभ हो गई है। प्रतिमाह कर्मचारियों के खाते से 12त्न राशि जमा हुई।

# रोटरी महाकुंभ मित्रता, प्रशिक्षण, मार्गदर्शन और संकल्प का संगम




**रायपुर**, 1 जुलाई (देशबन्धु)। रोटरी का उद्देश्य स्व से परे सेवा को चरितार्थ करता हुआ तीन राज्यों — छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और ओडिशा — के 100 से अधिक रोटरी क्लबों के रोटेरियंस ने एकत्रित होकर रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3261 के नए सत्र की शानदार गरिमामय शुरुआत की। यह आयोजन रायपुर स्थित होटल बेबिलॉन कैपिटल में आयोजित हुआ, अवसर था रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3261 के नए गर्वनर रोटे अमित जायसवाल के शपथग्रहण, आग ? - मित्रता का प्रशिक्षण सत्र एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम अक्षय का । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रोटरी इंटरनेशनल के निदेशक (2025-27) रोटे एम. मुरुगणाम एमएमएम रहे, जिन्होंने समाज सेवा में रोटरी की वैश्विक भूमिका पर प्रकाश डालते हुए रोटरी के माध्यम से अधिकाधिक समाजोपयोगी परियोजनाओं को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के प्रथम चरण की शुरुआत राष्ट्रगान एवं विश्व शांति के लिए दो मिनिट मौन प्रार्थना के साथ हुई । ज्ञान की पाठशाला पूर्व प्रांतपाल रोटे शांशक रस्तोगी के निर्देशन में प्रात: 10-30 बजे आग ?- मित्रता का प्रशिक्षण सत्र से हुई, इस सत्र में डिस्ट्रिक्ट के पूर्व गवर्नर व वरिष्ठ रोटेरियंस ने नए मनोनीत अध्यक्षों, सचिवों एवं कोषाध्यक्षों को रोटरी के सात प्रमुख कार्य क्षेत्रों पर्यावरण संरक्षण, जल प्रबंधन, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, युवा विकास और सामुदायिक सेवा पर आधारित कार्य योजनाओं और उनके क्रियान्वयन के तरीकों पर प्रशिक्षण व् मार्गदर्शन प्रदान किया। दोपहर के सत्र अक्षय में पूर्व प्रांतपाल रोटे देबाशीष मिश्रा, रोटे राकेश चतुर्वेदी, रोटे सुभाष साहू, रोटे दीपक मेहता, रोटे शशि वरवन्दकर, रोटे हरजीत सिंह हुरा द्वारा उपस्थित पदाधिकारियों को रोटरी इंटरनेशनल द्वारा मिलने वाली अंतरराष्ट्रीय सहायता और अनुदानों के सही उपयोग की दिशा में मार्गदर्शन दिया। आपने बताया कि आज रोटरी भारत की आर्थिक व् समाजिक उन्नति में 3600 रोटरी क्लबों के 1.40 लाख सदस्यों की मदद से एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है । इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट के वरिष्ठ रोटेरियंस के साथ पूर्व प्रांतपाल रोटे देबाशीष मिश्रा, रोटे राकेश चतुर्वेदी, रोटे सुभाष साहू, रोटे दीपक मेहता, रोटे शशि वरवन्दकर, रोटे हरजीत सिंह हुरा, रोटे मंजीत सिंह सैनी, रोटे शांशक रस्तोगी और डिस्ट्रिक्ट 3261 की प्रथम महिला रोटेरियन रोटे पल्लवी जायसवाल की विशेष उपस्थिति रही। तीन राज्यों से आए सभी रोटेरियंस का स्वागत रोटे सुशील रामदास अग्रवाल एवं आभार रोटे डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी रोटे अजित खंडेलवाल द्वारा व्यक्त किया गया । शपथग्रहण कार्यक्रम को स ?ल बनाने में रोटरी क्लब धमतरी के अध्यक्ष रोटे मनीष मित्तल, सचिव रोटे अर्पित जैन, कोषाध्यक्ष रोटे सुनील अग्रवाल आदि सभी पदाधिकारियों का विशेष योगदान रहा।

# प्रदेश के कई जिलों में अगले 4 दिन तेज बारिश का संभावना

**रायपुर**, 1 जुलाई (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर समेत अन्य जिलों में जमकर बारिश हो रही है। मौसम में हुए बदलाव और बारिश के चलते लोगों को गर्मी से राहत मिली है। रायपुर में सुबह से घने बादल छाए हुए हैं। अधिकांश जिलों में मध्यम से तेज बारिश दर्ज की गई है। रविवार और सोमवार को हुई बारिश के कारण प्रदेश कई जिलों में ठंडक का एहसास बना हुआ है। वहीं मौसम विभाग ने अगले चार दिनों तक प्रदेश के कई जिलों में भारी बारिश होने का अनुमान जताया है। मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश के तापमान में 1 से 2 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। वहीं आगे चार दिनों तक रायपुर, दुर्ग, भिलाई, अभनपुर, बलौदाबजार, भाटापारा, बिलासपुर, दंतेवाड़ा और बस्तर समेत कई अन्य जिलों में भारी बारिश होने का अलर्ट जार किया है। इतना ही नहीं मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे में प्रदेश के कई जिलों में बिजली गिरने का भी अनुमान लगाया गया है।

# अभनपुर-नवापारा में अवैध रेत उत्खनन पर बवाल, ग्रामीणों ने दर्जनों हाइवा वाहनों को रोका

**रायपुर**, 1 जुलाई (देशबन्धु)। अवैध रेत उत्खनन और परिवहन को लेकर एक बार फिर नवापारा क्षेत्र गरमा गया है। आधी रात गोबरा नवापारा के ग्राम पारागांव कोलियारी में अवैध रूप से रेत भरकर परिवहन कर रही दर्जनों हाइवा वाहनों को ग्रामीणों ने घेर लिया। ग्रामीणों की सूझबूझ और साहसिक कदम से इलाके में अवैध कारोबार का भंडाफोड़ हुआ। सूचना मिलते ही खनिज विभाग की टीम मौके पर पहुंची। लेकिन विभाग के पहुंचने से पहले ही हाइवा वाहन चालक मौके पर वाहन छोड़कर फरार हो गए। इस दौरान क्षेत्र में काफी देर तक हड़कंप की स्थिति बनी रही। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार अवैध रेत का उत्खनन और परिवहन किया जा रहा है।

# बेहतर वित्तीय अनुशासन से संस्थान की सेहत को दुरूस्त रखतें हैं सीए- एमडी

## पॉवर कंपनी में मनाया गया सीए दिवस



**रायपुर**, 1 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज़ में चार्टर्ड एकाउंटेंट दिवस पर मनाया गया। इसमें जनरेशन, ट्रांसमिशन और डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के वित्त संकाय के अधिकारियों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रबंध निदेशकगण सर्वश्री एसके कटियार, राजेश कुमार शुक्ला एवं भीमसिंह कंवर विशेष रूप से उपस्थित थे।

प्रबंध निदेशक (उत्पादन) श्री एसके कटियार ने कहा कि पॉवर कंपनीज़ के वित्त प्रबंधन में काफी प्रगति हुई है, वित्त संकाय के अधिकारी-कर्मचारियों ने बेहतर कार्यप्रणाली विकसित की है। एमडी (पारेषण) श्री राजेश कुमार शुक्ला ने कहा कि आज सीए डे के साथ डॉक्टर्स डे भी है। जहां डॉक्टर हर किसी के स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने का कार्य करता है, उसी तरह किसी भी संस्थान की सेहत को बेहतर बनाने में सीए की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। उनकी वित्तीय अनुशासन और पारदर्शितापूर्ण भागीदारी से संस्थान निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर होता है।

प्रबंध निदेशक (वितरण) श्री भीम सिंह कंवर ने कहा कि पॉवर कंपनी उपभोक्ता हितैषी संस्था है, इसमें कुशल वित्त प्रबंधन का फायदा सीधे उपभोक्ताओं को मिलता है। उन्होंने पॉवर कंपनी के उत्तरोत्तर विकास में बेहतर योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में कार्यपालक निदेशक (वित्त) श्री एमएस चौहान ने अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि 1 जुलाई 1949 को भारतीय चार्टर्ड एकाउंटेंट संस्थान की स्थापना की गई थी, जिसकी याद में यह दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक (संचारण एवं संधारण) श्री जेएस नेताम, मुख्य अभियंता श्री राजेंद्र प्रसाद, महाप्रबंधक (वित) श्रीमती नंदिनी भट्टाचार्य, वित्त संकाय के एजीएम श्री मुकेश कश्यप एवं श्री एसके शर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे।

# निगम प्लेसमेंट यूनियन में महापौर से वेतन विसंगति और वेतन वृद्धि की मांग को लेकर की मुलाकात



**रायपुर**, 1 जुलाई (देशबन्धु)।नगर पालिक निगम रायपुर में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियो ने वेतन विसंगति को लेकर आज महापौर महोदया से की मुलाकात, प्लेसमेंट कर्मचारी कल्याण संघ नगर निगम रायपुर के अध्यक्ष श्री संजय ऐडे सचिव खेमूलाल निषाद उपाध्यक्ष पदाधिकारीगण नरेश निषाद भीम, रवि, प्रमोद फ़ेकर, हेमंत, के. के. सोनकर, अजीत कसार सह सचिव देवेंद्र यादव, यतीश पाठक, लक्ष्मण दिव्य, राजा, होरी, हरीश, पदाधिकारी संजना हालदार, रीता राव नीलू शर्मा, लीलाधर, आदि का कहना है कि निगम में अनेक प्रकार के प्लेसमेंट कर्मचारी विगत 10-12 वर्षो के कार्यरत है और उन्हे केवल कलेक्टर दर पर ही वेतन दिया जा रहा है । वही दूसरी ओर रायपुर नगर निगम द्वारा प्राईवेट संस्था- एंटीट कंसलटेट के माध्यम से बिना प्रशासनिक स्वीकृति के प्लेसमेंट पर कर्मचारी रखकर 45-90 हजार रू भुगतान किया जा रहा है। जबकी प्लेसमेंट में रखे गये कर्मचारियो को केवल कलेक्टर महोदय द्वारा जारी निर्धारित कलेक्टर दर पर ही वेतन भुगतान किये जाने का नियम है। यहॉ तक कि प्लेसमेंट पर रखे गये इंजीनियर, तकनीशियन, टेक्निकल तथा प्रशासकीय प्रबंधक को भी कलेक्टर द्वारा निर्धारित उच्च कुशल दर पर भुगतान किया जाता है । प्लेसमेंट कर्मचारी इन्ही विसंगतियो को लेकर महापौर महोदया से मुलाकात की और 10-15 वर्ष पुराने प्लेसमेंट कर्मचारियो के वेतन वृध्दि करने हेतु मांग किया गया जिस पर माननीय महापौर महोदया द्वारा जांच परख कर उचित निर्णय लिये जाने का आश्वासन दिया गया है ।

# खाद, बीज से ध्यान भटकाने के लिए उन्नत कृषि प्रोत्साहन योजना : दीपक बैज



रायपुर/1 जुलाई। खरीफ की फसल में दलहन, तिलहन की फसल लेने वाले किसानों को प्रोत्साहन राशि देने का निर्णय किसानों से नया धोखा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि छत्तीसगढ़ के जलवायु के अनुसार धान की फसल लेना खरीफ में किसानों के लिये सबसे ज्यादा फायदे की खेती है। साय सरकार खरीफ के फसल के लिये बीज, खाद उपलब्ध नही करवा पा रही तो प्रोत्साहन योजना के तहत प्रलोभन दिया जार रहा ताकि किसान धान की फसल नही ले और सरकार को 3100 में धान नही खरीदना पड़े। पूरे प्रदेश में किसान बुवाई की प्रक्रिया शुरू कर चुके हैं, लेकिन प्रदेश में खाद और बीज की समुचित व्यवस्था यह सरकार नहीं कर पाई है। प्रदेश के ज्यादातर सोसाइटी में किसानों को डीएपी की कमी से जूझना पड़ रहा है, ज्यादातर स्थानों पर बोनी और थरहा के लिए बीज भी किसानों को नहीं मिल पा रहा है, जिसके चलते किसान परेशान हैं।

श्री बैज ने कहा कि पर्याप्त मात्रा में डीएपी खाद की उपलब्धता नहीं होने से किसान परेशान हैं। यह सरकार नहीं चाहती कि किसान भरपूर उपज ले सके। बोनी के समय सबसे ज्यादा आवश्यकता डीएपी खाद और बीज की ही होती है, लेकिन इस सरकार का रवैया शुतुरमुर्ग की तरह है। खरीफ फसल की बुआई का समय चल रहा है लेकिन यह सरकार ना खाद के रेक की व्यवस्था कर पाई है, ना समुचित रूप से कही भंडारण की व्यवस्था है। छत्तीसगढ़ के किसानों की खाद के कुल आवश्यकता के मांग को केंद्र की मोदी सरकार ने खारिज करते हुए समुचित सप्लाई करने से मना कर दिया है। भाजपा के सांसद और प्रदेश की सरकार छत्तीसगढ़ से भेदभाव पर भी मौन है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ नकली बीज, नकली दवा, नकली खाद और घटिया नैनो यूरिया को खपाने का अड्डा बन गया है। किसान संगठनों का आरोप है कि गुणवत्ताहीन खाद और बीज को खपाने के लिए ही यह सरकार सरकारी समिति और निजी दुकानों के लिए किसानों के वास्तविक डिमांड के अनुरूप खाद, बीज की आपूर्ति नहीं करवा रही है। समय पर खाद, बीज की उपलब्धता नहीं होने से किसान जमाखोरों, बिचौलियों और मिलावटखोरों के हाथों शोषित होने मजबूर हैं।

# न्यायालय के समक्ष गवाही देने पर जान से मारने की धमकी देने वाला फरार आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर**, 1 जुलाई (देशबन्धु)। प्रार्थी कमलेश बुलवानी ने थाना तेलीबांधा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह तेलीबांधा रायपुर में रहता है तथा पंडरी कपड़ा मार्केट में काम करता है। प्रार्थी तथा उसका साथी खुशाल तोलानी थाना राजेन्द्र नगर के अपराध क्रमांक 403/2024 धारा 296, 351(3), 115(2),109,140(3), 3(5), 103 बी.एन.एस. के मामले में साक्षी है, उक्त प्रकरण में प्रार्थी के दोस्त यश शर्मा को आरोपी तुषार पाहुजा, चिराग पंजवानी, तुषार पंजवानी एवं यश खेमानी निवासी रायपुर के द्वारा अपहरण कर मारपीट किया गया था जिसके कारण प्रार्थी के दोस्त की मृत्यु हो गई थी। प्रकरण में प्रार्थी को दिनांक 20.05.2025 को माननीय न्यायालय रायपुर में गवाही देने हेतु नोटिस प्राप्त हुआ था। दिनांक 18.05.2025 के दोपहर 02 से 03 बजे प्रार्थी के मोबाइल फोन पर कॉल आया कॉल करने वाले व्यक्ति ने अपना नाम मनोहर सिंह बताया साथ ही उद्योग भवन के पास मिलने के लिये बुलाया किन्तु प्रार्थी द्वारा मना करने पर उसके द्वारा प्रार्थी को उसके साथी खुशाल तोलानी के घर के पास आकर बात करो बोला। जिसके पश्चात् प्रार्थी जब खुशाल तोलानी के घर के पास श्याम नगर प्रीत आटा चक्की पहुंचा तभी प्रार्थी को पुन: मनोहर सिंह द्वारा फोन कर सफेद रंग के क्रेटा चारपहिया वाहन के पास आने के लिये बोला जब प्रार्थी वहां पहुंचा तो चारपहिया वाहन में बैठे दुसरे व्यक्ति जिसने अपना नाम मनीष सिंह बताते हुए प्रार्थी को न्यायालय में गवाही देने पर यश शर्मा जैसा हश्र करने की धमकी दिया। इस तरह मनोहर सिंह एवं मनीष सिंह द्वारा अपने साथी आरोपी तुषार पाहुजा को यश शर्मा की मृत्यु के प्रकरण में बचाने हेतु न्यायालय के समक्ष गवाही नही देने हेतु जान से मारने की धमकी दी गई। जिस पर आरोपियों के विरूद्ध थाना तेलीबांधा में अपराध क्रमांक 303/25 धारा 232(1), 351(2), 111 बी.एन.एस. की अपराध पंजीबद्ध किया गया।

घटना को पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह द्वारा गंभीरता से लेते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कीर्तन राठौर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक क्राईम संदीप मित्तल, उप पुलिस अधीक्षक क्राईम संजय सिंह, नगर पुलिस अधीक्षक सिविल लाईन अजय कुमार सिंह(भा.पु.से.), प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना प्रभारी तेलीबांधा को आरोपियों को जल्द से जल्द पतासाजी कर गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया।

## ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर

# 70 खिलाड़ियों और 55 प्रशिक्षकों को किया गया सम्मानित




**रायपुर**, 1 जुलाई (देशबन्धु)। स्वामी विवेकानंद स्टेडियम कोटा रायपुर में खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर दिनांक 15 मई से 13 जून 2025 तक 30 दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का समापन दिनांक 01 जुलाई 2025 को संध्या 4-00 बजे स्वामी विवेकानंद स्टेडियम कोटा रायपुर में श्रीमती मीनल चौबे महापौर, नगर पालिका निगम रायपुर के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। आयोजन में श्रीमती अभिलाषा पैंकरा, अपर कलेक्टर, सहायक संचालक खेल एवं खेल संघ/संस्थान के सदस्य, व्यायाम शिक्षक, प्रशिक्षक, खिलाड़ी शामिल हुए। श्री प्रवेश जोशी, खेल अधिकारी द्वारा प्रतिवेदन पाठन किया गया। समापन में फुटबाल, हैण्डबाल, वॉलीबाल, बास्केटबाल, एथलेटिक्स, हॉकी, नेटबाल, कबडडी, कराते, टेनिचाईट, किक बॉक्सिंग, टेबल टेनिस, खो-खो, स्क्वेश, जम्परोप, ताईक्वांडो, आरचरी, क्याकिंग के नाईंग, सॉफ्टबाल, जिमनास्टिक, बेसबॉल, कुश्ती, भारोत्तोलन, फेंसिंग खेलों के लगभग 500 खिलाड़ी उपस्थित थे। शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 70 खिलाड़ियों व 55 प्रशिक्षकों को पुरस्कृत एवं खेल सामग्री प्रदाय किया गया।

अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि श्रीमती मीनल चौबे महापौर नगर निगम रायपुर ने अनुशासन के साथ खिलाड़ियों को आगे बढ़ने व नियमित खेल अभ्यास करते रहने के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर खेल संघ,संस्थान, व्यायाम शिक्षक, प्रशिक्षक उपस्थित थे। 30 दिवसीय शिविर में 24 खेलों के 1427 बालक / बालिका खिलाड़ियों ने भाग लिया। श्री टी. निंगराज रेड्डी, वरिष्ठ प्रशिक्षक द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।

भारतमाला परियोजना में घोटाला

# उमा तिवारी की अंतरिम जमानत आवेदन खारिज



जैतू साव मठ के करोड़ों का मुआवजा राशि कूटरचना कर डकार गई है कथित महिला

**रायपुर,** 1 जुलाई (देशबन्धु)। भारत माला सड़क परियोजना के लिए भू अर्जन हेतु राजपत्र में सूचना प्रकाशन के पश्चात जमीन दलाल हरमीत सिंह खनुजा ने जमीन दलालों व राजस्व अधिकारियों का सिंडिकेट बनाकर बड़ी- बड़ी जमीनों को छोटे- छोटे टुकड़ों मे बदलकर तत्कालीन भू अर्जन अधिकारी निर्भय साहू तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक व पटवारियों से मिलकर मुआवजा घोटाला कर सैकड़ों करोड़ रुपये का नुकसान शासन को पहुंचाया है।मामले में एसीबी ईओडब्ल्यू ने शासकीय अधिकारियों व घोटाले में शामिल जमीन दलालो पर अपराध दर्ज कर जमीन दलाल हरमीत सिंह खनुजा, विजय जैन, उमा तिवारी व उसके पति कैदार तिवारी को ढाई माह पूर्व गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा है। आरोपी उमा तिवारी ने अंतरिम जमानत के लिए आवेदन लगाया था,लेकिन मामले की गंभीरता को देखते हुए न्यायालय ने आरोपित की याचिका को खारिज कर दिया है। ठाकुर रामचंद्र स्वामी, जैतु साव मठ का मुआवजा दो करोड़ तेरह लाख अठाईस हजार पांच सौ पैंसठ रुपए बना था जिसे उर्वशी तिवारी ने उमा तिवारी पिता स्व. विश्व नाथ पांडेय बनकर झूठा आवेदन व शपथ पत्र देकर तत्कालीन भू अर्जन अधिकारी निर्भय साहू से मिली भगत कर शासन से ले लिया था। जबकि उमा तिवारी के पिता नंद कुमार तिवारी जीवित है और ग्राम कंझेटा जिला कबीर धाम जिले में रहते हैं। शासन का मुआवजा सवा दो करोड़ आईसीआईसीआई बैंक महासमुंद के खाते मे आते ही तत्काल हरमीत सिंह खनुजा व विजय जैन गोलबाजार के खाते में ट्रांसफर् कर दिया गया।

एस डीएम निर्भय साहू के लिए आभुषण ज्वेलर्स से तीस लाख का सोने का बिस्किट खरीदा गया। हाईकोर्ट ने ईओडब्ल्यू एसीबी सहित मंदिर ट्रस्ट कमेटी के सत्यनारायण शर्मा, अजय तिवारी को अपना पक्ष एक माह में रखने नोटिस जारी किया है।मंदिर ट्रस्ट कमेटी द्वारा शीघ्र ही भू माफियाओं द्वारा मंदिर व शासन की राशि हड़पकर खरीदी गई संपत्ति को जप्त कर वसूली करने की माँग की गई है।

# जानलेवा हमला कर लूट के फरार आरोपी दम्पति गिरफ्तार

**रायपुर,** 1 जुलाई (देशबन्धु)। प्रार्थी गजेन्द्र यदु ने थाना कबीर नगर में रिपार्ट दर्ज कराया था कि वह 12 न को रात्रि लगभग 8:30 बजे हीरापुर स्थित यदुवंशी चौक के पास अपनी एक्टिवा वाहन में बैठा था, कि अजय यदु, प्रिंस यदु एवं मुस्कान रात्रे मोटर सायकल से आकर तीनों प्रार्थी को घेर कर पुरानी रंजिश को लेकर हाथ मुक्का से मारपीट करते हुये हत्या करने के नियत से अपने पास रखें चाकू एवं कड़ा से प्रार्थी को मारकर प्राण घातक हमला कर चोट पहुंचाये तथा प्रार्थी के जेब में रखें मोबाईल फोन, नगदी रकम, आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं वोटर आईडी को लूट कर भाग गए थे, कि प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध थाना कबीर नगर में अपराध क्रमांक 95/25 धारा 109(1), 309(6), 3(5) बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध किया गया।

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में पूर्व में प्रकरण में आरोपी अजय यदु उर्फ राजा पिता अनिल यदु उम्र 31 साल निवासी साहू पारा यादव भवन के पास हीरापुर थाना कबीर नगर रायपुर को गिरफ्तार कर कार्यवाही किया गया था। प्रकरण में आरोपी दम्पति घटना के बाद से लगातार फरार चल रहे थे, कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना कबीर नगर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा फरार आरोपियों के संबंध में मुखबीर लगाने के साथ ही अन्य माध्यमों से लगातार पतासाजी करते हुये उनके छिपने के हर संभावित स्थानों में लगातार रेड कार्यवाही की जा रहीं थी। इसी दौरान टीम के सदस्यों को जानकारी प्राप्त हुई कि आरोपी दम्पति ट्रेन के माध्यम से फरार हो रहे है, जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा जी.आर.पी. रायपुर पुलिस से आरोपियों के संबंध में जानकारी साझा किया गया तथा टीमों द्वारा नागपुर (महाराष्ट्र) में आर.पी.एफ. की टीम से समन्वय स्थापित कर आरोपियों की जानकारी साझा की गई। जिस पर आर.पी.एफ. नागपुर (महाराष्ट्र) की टीम द्वारा आरोपी दम्पति जिस ट्रेन से फरार हो रह थे उस ट्रेन में आरोपियों की पतासाजी करते हुये उन्हें पकड़ा गया तथा थाना कबीर नगर पुलिस की टीम द्वारा नागपुर (महाराष्ट्र) रवाना होकर आरोपी दम्पति को गिरफ्तार कर रायपुर लाया गया।

आरोपी प्रिंस यदु एवं मुस्कान रात्रे उर्फ यदु को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू जप्त कर प्रकरण में धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट जोड़ कर आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही किया गया।

# एकल खिड़की प्रणाली होने से उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा : थौरानी



**रायपुर,** 1 जुलाई (देशबन्धु)। प्रदेश में एकल खिड़की प्रणाली (सिंगल विंडो सिस्टम) लागू करने का छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स ने स्वागत किया है।27 जून को चेंबर भवन में आयोजित एमएसएमई महोत्सव में प्रदेश में एकल खिड़की प्रणाली लागू करने की मांग रखी गई थी।आज इस मांग को स्वीकार करते हुए, प्रदेश सरकार ने व्यापार और उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है, जिससे निवेश और व्यापार सुगमता को बढ़ावा मिलेगा।

चेंबर अध्यक्ष सतीश थौरानी ने कहा, च्एकल खिड़की प्रणाली की शुरुआत से प्रदेश में नए उद्योगों की स्थापना और मौजूदा व्यवसायों के विस्तार की प्रक्रिया में पारदर्शिता और गति आएगी। यह प्रणाली विभिन्न सरकारी अनुमतियों और स्वीकृतियों को एक ही स्थान पर उपलब्ध कराएगी। जिससे उद्यमियों को विभिन्न विभागों के चक्कर लगाने से मुक्ति मिलेगी और उनका बहुमूल्य समय बचेगा। यह पहल प्रदेश में निवेश के अनुकूल माहौल बनाने और व्यापार करने में आसानी (इज् ऑफ डूइंग बिजनेस) को बेहतर बनाने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगी।

चेंबर का मानना है कि इससे न केवल स्थानीय व्यवसायों को लाभ होगा, बल्कि छत्तीसगढ़ में नए निवेश आकर्षित करने में भी मदद मिलेगी, जिससे रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और प्रदेश की अर्थ व्यवस्था को गति मिलेगी।

# शहर के प्रतिष्ठित डॉक्टरों एवं चार्टर्ड एकाउटेंट का कैट ने किया सम्मान



राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस एवं चार्टर्ड एकाउटेंट दिवस पर

**रायपुर,** 1 जुलाई (देशबन्धु)। राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस एवं चार्टर्ड एकाउटेंट दिवस पर कैट ने शहर के प्रतिष्ठित डॉक्टरों एवं चार्टर्ड एकाउटेंट सम्मान किया।

इस अवसर पर कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन अमर पारवानी ने कहा कि यह सम्मान उन डॉक्टरों के समर्पण, निष्ठा और सेवा को सम्मान देने का अवसर है, जो दिन-रात लोगों की जान बचाने का काम कर रहे हैं। हमारे डॉक्टरों ने अपने कौशल और परिश्रम से एक अलग पहचान बनाई है. उनकी करुणा की भावना भी उतनी ही सराहनीय है। वे वास्तव में स्वास्थ्य के रक्षक और मानवता के स्तंभ हैं।

शहर के जिन प्रतिष्ठित डॉक्टरों एवं चार्टर्ड एकाउटेंट का सम्मान किया गया उनमें डॉ. अजय कुमार बेहरा, पल्मोनरी, क्रिटिकल केयर और स्लीप मेडिसिन विभाग एम्स, रायपुर, डॉ. अनिमेष चौधरी, नारायणा अस्पताल रायपुर में मेडिसिन विभाग में कंसल्टेंट, डॉ. देवेंद्र नाइक, श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में गैस्ट्रोएंटरोलॉजी और लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में चिकित्सा निदेशक और वरिष्ठ सलाहकार, डॉ. पंकज आर. धबलिया, वरिष्ठ आर्थोपेडिक सर्जन एवं एचओडी और निदेशक, रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल, रायपुर, डॉ. प्रीतम अग्रवाल, श्री नारायण अस्पताल देवेंद्र नगर रायपुर में वरिष्ठ आर्थोपेडिक सर्जन, डॉ.सुनील धर्माणी, एमएमआई नारायण अस्पताल, रायपुर में नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. जूली दोशी त्रिपाठी, च्श्रेष वेलनेस सेंटरज्, टैगोर नगर, रायपुर में निदेशक है। कैट ने सीए मुकेश मोटवानी, विकास गोलछा, प्रवीण खण्डेलवाल, श्याम गटट्नी, शुभम् मंधान का सम्मान किया।

डॉक्टरो एवं चार्टर्ड एकाउटेंट के सम्मान में अमर पारवानी, जितेन्द्र दोशी, परमानन्द जैन, सुरिन्द्र सिंह, अवनीत सिंह, विजय पटेल, राम मंधान, शंकर बजाज, नरेश गंगवानी, नागेन्द्र तिवारी, महेन्द्र बागरोडिया, मोहन वर्ल्यानी, श्रीमती मधु अरोरा, श्रीमती पिंकी अग्रवाल, विक्रांत राठौर, दीपक विधानी, मनीष सोनी, रतनदीप सिंह, रोहित पटेल, गोल्डी जैन, बी.एस. परिहार, जयेश पटेल, आशीष पटेल, अमरीक सिंह चहल सहित कैट, युवा कैट, महिला कैट एवं ट्रांसपोर्ट कैट के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# आईसीएआई रायपुर शाखा ने मनाया चार्टर्ड एकाउंटेंट्स दिवस



**रायपुर,** 1 जुलाई (देशबन्धु)। आईसीएआई की रायपुर शाखा द्वारा 1 जुलाई को 77वाँ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स दिवस भव्य रूप से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत आईसीएआई ध्वज फहराने के साथ हुई, जिसके पश्चात गौ सेवा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कई वरिष्ठ एवं विशिष्ट चार्टर्ड अकाउंटेंट सदस्यों का सम्मान भी किया गया।

कार्यक्रम में उन सदस्यों को सम्मानित किया गया जिन्होंने 75 वर्ष की आयु पूर्ण की है, 25 वर्ष का पेशेवर अनुभव पूर्ण किया है, या फिर सामाजिक सेवा, राजनीति, उद्यमिता, बैंकिंग, पीएसयू आदि क्षेत्रों में विशेष योगदान दिया है।

इस अवसर पर एक रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सीए विकास गोलछा, अध्यक्ष, आईसीएआई रायपुर शाखा ने सभा को संबोधित करते हुए भारतीय अर्थव्यवस्था में आईसीएआई के योगदान, जीएसटी व आयकर संग्रहण में वृद्धि, एवं विकसित भारत और विकसित छत्तीसगढ़ की दिशा में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की भूमिका पर प्रकाश डाला।

उन्होंने शाखा के वार्षिक थीम 'सीए फॉर छत्तीसगढ़ ग्रोथ' के अंतर्गत चल रहे प्रयासों की जानकारी दी, जिसमें निवेशकों को आमंत्रित कर, राज्य की औद्योगिक नीति के प्रति जागरूकता फैलाकर एमएसएमई क्षेत्र को सशक्त किया जा रहा है।

सम्मानित सदस्यों में शामिल रहे- सीए जी.एस. अग्रवाल, सीए अमित चिमनानी, सीए अमिताभ दुबे, सीए रितु जैन, सीए पी.के. जैन, सीए किशोर बड़िया, सीए रवि ग्वालानी, सीए चनवीर जुनेजा, सीए सतीश शर्मा, सीए रश्मीत सिंह, सीए राहुल खंडेलवाल, सीए अतुल हंसपाल, सीए अंकित अग्रवाल, सीए ऋद्धि जैन, सीए अंकित बंगड़, सीए अनुराग अग्रवाल, सीए अमित अग्रवाल, सीए अमृता व्यास, सीए निधि देशमुख एवं अन्य।

प्रबंधन समिति से उपस्थित सदस्य- सीए रश्मि वर्मा, सीए रवि जैन, सीए संस्कार अग्रवाल, सीए ऋषिकेश यादव, सीए शीतल कला।

अन्य प्रमुख सदस्य उपस्थित रहे- सीए शशिकांत चंद्राकर, सीए बैंकिम शुक्ला, सीए राजेश गोलछा, सीए योगेश पुरोहित। इस अवसर ने चार्टर्ड अकाउंटेंट समुदाय की सामाजिक और आर्थिक जिम्मेदारियों को पुन: उजागर किया और सभी उपस्थितों में गौरव का भाव संचारित किया.

राजधानी में चोर गैंग का आतंक

# चोरों ने कारोबारी के सूने मकान में बोला धावा लाखों के सोने-हीरे के जेवरात लेकर हुए फरार





**रायपुर,** 1 जुलाई (देशबन्धु)। शातिर चोरों ने कारोबारी के सूने मकान में बोला धावा, लाखों के सोने-हीरे के जेवरात लेकर हुए फरार। राजधानी रायपुर में बाहरी चोर गैंग का आतंक. परसूलीडीह स्थित क्लासिक सिटी सोसाइटी के सुने मकान पर चोर गैंग का धावा. सीड्स कारोबारी के सुने मकान से लाखों के सोने,हीरे के जेवरात चोरी. सीड्स कारोबारी मनीष सहगल बिजनेस के सिलसिले में गए थे उड़ीसा. पत्नी बच्चों को इमरजेंसी में जाना पड़ा रामानुजगंज. घर के सभी कुंडे समेत ताले तोड़कर घर में घुसे शातिर चोर. घर के तीनों कमरों में रखी अलमारियों का लॉकर तोड़कर हीरे, सोने चांदी के करीब 20 लाख रूपये के जेवरात लेकर फरार. CCTV में कैद हुए 3 से 4 अज्ञात चोर क्राइम ब्रांच और थाना पुलिस मौके पर पहुंची. मामला विधानसभा थाना क्षेत्र का है।

# एनएसयूआई ने फूंका मुख्यमंत्री का पुतला



सरकारी स्कूलों में पुस्तकों की मांग

**रायपुर,** 1 जुलाई (देशबन्धु)। मिडिल एवं प्राइमरी स्कूल के छात्र छात्राओं को राज्य सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली नि:शुल्क पुस्तको की मांग को लेकर राजीव गांधी चौक से लेकर जे एन पांडेय स्कूल तक एनएसयूआई द्वारा रैली निकाल कर मुख्यमंत्री विष्णु देव सायं का पुतला फूंक विरोध प्रदर्शन किया गया।एनएसयूआई जिला अध्यक्ष प्रशांत गोस्वामी ने बताया कि नए शैक्षणिक सत्र को शुरू हुए लगभग 15 दिन हो चुके है किंतु अब तक मिडिल एवं प्राइमरी स्कूल के छात्र छात्राओं को सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली नि:शुल्क पुस्तको का वितरण अभी तक नहीं किया गया है। यदि छात्र छात्राओं को उचित समय पर कोई सरकार पुस्तको की उपलब्धता नहीं करा पाती तो उस सरकार से जनता अन्य क्या उम्मीद रखेगी। छात्र देश का आधार है और शिक्षा उसकी नींव है किन्तु भाजपा की सरकार द्वारा छात्र छात्राओं उन्नत भविष्य को नज़रंदाज़ करते हुए प्रदेश की जनता को शराब परोसने का कार्य कर रही है। एनएसयूआई इसे कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। प्रशांत गोस्वामी ने कहा कि यदि 1सप्ताह के भीतर मिडिल एवं प्राइमरी स्कूल के छात्र छात्राओं को पुस्तको का वितरण नहीं किया गया तो एनएसयूआई द्वारा मुख्यमंत्री निवास का घेराव का किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश महासचिव निखिल वंजारी, विशाल कुकरेजा, वैभव मुजेवार, प्रशांत चंद्राकर, शिवांक सिंह, संयम ठाकुर , सेवा साहू,आलोक सिंह, आशीष तिवारी एवं अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# करबला तालाब सौंदर्यीकरण कार्य का विधायक मूणत ने किया निरीक्षण



सफाई अभियान चलाकर परिसर से गंदगी हटाई जाए

**रायपुर,** 1 जुलाई (देशबन्धु)। विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेश मूणत ने आज करबला तालाब सौंदर्यीकरण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। यह कार्य लगभग 2.44 करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान विधायक मूणत ने ज़ोन क्रमांक 7 के आयुक्त सहित संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि तालाब के चारों ओर परिक्रमा पथ की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सबसे पहले बाहरी सीमा पर सरहदी दीवार (बाउंड्री वॉल) का निर्माण किया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि कार्य प्रारंभ करने से पहले पूरे परिसर की व्यापक सफाई अभियान चलाकर गंदगी हटाई जाए।

मूणत ने विशेष रूप से कहा कि मंदिर साइड से पाथवे निर्माण की शुरुआत की जाए, लेकिन इससे पहले उसका मजबूत बेस तैयार किया जाए ताकि भविष्य में वह धंसे नहीं। निरीक्षण के दौरान मंदिर के पीछे एक निजी ट्रांसफॉर्मर की स्थिति पर संदेह व्यक्त करते हुए उन्होंने निर्देश दिया कि इसकी जांच की जाए कि वह निजी या शासकीय भूमि पर स्थापित है। यदि वह शासकीय भूमि पर पाया जाता है तो संबंधित व्यक्ति को उसे अपनी निजी भूमि पर स्थानांतरित करने के लिए कहा जाए। इसके अतिरिक्त, मंदिर के पास स्थित अवैध कब्जों को हटाने हेतु भी विधायक ने निर्देश दिए। निरीक्षण के समय, मंदिर के सामने स्थित एक मकान स्वामी ने यदि निर्माण कार्य में उनका मकान बाधक बनता है तो अपने व्यय पर उसे हटाने की स्वेच्छा जताई, जिसकी विधायक श्री मूणत ने खुले दिल से सराहना की। मूणत ने कहा कि करबला तालाब का सौंदर्यीकरण इस तरह किया जाए कि यह क्षेत्र एक सुंदर, सुरक्षित और सुविधाजनक *वॉकिंग जोन* के साथ-साथ लोगों के लिए ओपन जिम, योग, ध्यान और पारिवारिक सैर हेतु एक आदर्श स्थल बन सके। विधायक ने करबला तालाब क्षेत्र में विभिन्न कार्यों के लिए जारी किए निर्देश।

# नवीन शराब दुकान निरस्त करने की मांग, ग्रामीणों का प्रदर्शन



विधायक अनुज शर्मा को ज्ञापन सौपा

**रायपुर,** 1 जुलाई (देशबन्धु)। राजधानी से लगे ग्राम ग्राम दोंदे खुर्द, मटिया, लालपुर , दोंदे कला, छपोरा, सेमरिया आदि गाँव के सैकड़ो ग्रामीणों ने धरसीवा विधायक अनुज शर्मा के निवास स्थान पहुचकर उनसे दोंदे खुर्द में खोली जा रही नवीन शराब दुकान को निरस्त करने की मांग रखी द्य विधायक को ज्ञापन सौपा। विधायक अनुज शर्मा ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि ग्राम दोन्दे खुर्द में शराब दुकान नही खोलने देंगे ।5 सदस्यी कमिटी बनाकर मुख्यमंत्री से मिलकर आग्रह करने की बात कही। इसके बाद ग्रामीणों ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के सामने प्रदर्शन कर कलेक्टर के नाम पर एडीएम को ज्ञापन सौंपा।

प्रदर्शन में बड़ी संख्या में शामिल महिलाओं ने कहा कि सरकार बेटी पढ़ाओ का नारा तो दे रही है लेकिन हमारी बेटियों की रक्षा कैसे होगी जब गाँव गाँव में शराब दुकान खुलेगी द्य शराब बिक्री का सबसे ज्यादा दंश महिलायें ही झेलती हैं द्य शराब दुकान की स्थापना से हमारे गाँव का सामाजिक वातावरण दूषित होगा, लड़ाई ङ्क झगड़े और अपराधों में वृद्धि होगी। ज्ञापन सौंपते हुए विधायक एवं एडीएम से महिलाओ ने तत्काल शराब दुकान की स्थापना निरस्त करने और दुकान के लिए किए जा रहे निर्माण कार्य को रोकने माँग की द्य महिलाओं ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शासन ने हमारी ग्रामसभा के विरोध प्रस्ताव और जन भावनाओं के विपरीत शराब दुकान खोलने की कोशिश की तो हम न सिर्फ़ अनिश्चितकालीन धरना करेंगे बल्कि हमारे गाँव में एक भी शराब की बोतल को दुकान में जाने नहीं देंगे द्य प्रदर्शन में जनपद सदस्य भगत बंजारे, पूर्व जनपद अध्यक्ष उत्तरा कमल भारती, जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा, आलोक शुक्ला, अम्मी रेड्डी , सूरज टंडन, कमल भारती, मीना छेतीजा , सुरेखा ध्रुव,विजयलक्ष्मी साहू , सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण महिलाएं, युवा , बुजुर्ग शामिल थे ।

# रेरा ने बिना पंजीकरण वाले 136 प्रोजेक्ट्स पर कसा शिकंजा

बीते 7 वर्षों में 136 प्रकरणों पर की गई कार्यवाही




**रायपुर,** 1 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण ने राज्य में रियल एस्टेट क्षेत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में एक कड़ा कदम उठाया है। प्राधिकरण ने ऐसे 106 प्रोजेक्ट्स की पहचान की है जो टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग से स्वीकृत होने के बावजूद अब तक रेरा अधिनियम के तहत पंजीकृत नहीं हुए हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि इन प्रोजेक्ट्स का निर्माण अथवा विक्रय कार्य बिना वैधानिक रेरा पंजीकरण के किया जा रहा था, जो कि न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि उपभोक्ताओं के हितों के लिए भी अत्यंत नुकसानदेह है।

प्राधिकरण ने इन सभी प्रोजेक्ट्स के प्रमोटरों को नोटिस जारी करते हुए उनसे स्पष्टीकरण मांगा है। साथ ही यह स्पष्ट किया गया है कि रेरा अधिनियम, 2016 का पालन सुनिश्चित करना प्रत्येक प्रमोटर की जिम्मेदारी है। प्राधिकरण ने जानकारी दी है कि पिछले सात वर्षों में 136 प्रोजेक्ट्स के विरुद्ध स्वत: संज्ञान लेते हुए कार्यवाही की गई है, जिनमें प्रमोटरों द्वारा बिना पंजीकरण कार्य संचालित किया गया था।

रेरा अधिनियम के अनुसार, बिना पंजीकरण प्रोजेक्ट संचालित करने पर पंजीकरण शुल्क का 400 प्रतिशत तक अतिरिक्त शुल्क और परियोजना लागत का 10 प्रतिशत तक जुर्माना लगाया जा सकता है। रेरा अधिनियम की यही विशेषता है कि वह न केवल उपभोक्ताओं को सुरक्षित निवेश का वातावरण देता है, बल्कि रियल एस्टेट क्षेत्र में पारदर्शिता और समयबद्धता भी सुनिश्चित करता है।

सीजी रेरा ने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की संपत्ति जैसे फ्लैट, प्लॉट, विला या व्यावसायिक इकाई खरीदने से पहले यह अवश्य जांच लें कि संबंधित परियोजना रेरा में पंजीकृत है या नहीं। इसके लिए पोर्टल पर जाकर परियोजना की पंजीकरण स्थिति की जांच की जा सकती है। वहीं, प्रमोटरों को भी सलाह दी गई है कि वे अपनी परियोजनाओं को विधिवत रजिस्ट्रेशन कराएं ताकि किसी प्रकार की शास्ति या कानूनी कार्यवाही से बचा जा सके। प्राधिकरण का उद्देश्य स्पष्ट है कि वह उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करना चाहता है और अनियमित एवं अराजक प्रोजेक्ट्स पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना चाहता है। घर खरीदने से पहले रेरा पंजीयन की पुष्टि अवश्य करें, इसी संदेश के साथ सीजी रेरा ने जिम्मेदार नागरिकों और ईमानदार डेवलपर्स से सहयोग की अपील की है।

पति- मुझे अपनी बीवी से तलाक चाहिए वह बर्तन फेंक कर मारती है,
जज- अभी भी मार रही है या पहले से
पति- 5 साल पहले से
जज- तो इतने साल बाद तलाक क्यों?
पति- क्योंकि अब उसका निशाना पक्का हो गया है

# चार सूत्रीय मांगों को लेकर शिक्षक सांझा मंच के बैनर पर किया शिक्षकों ने धरना प्रदर्शन



■ युक्तिकरण की विसंगतियों सहित अन्य मुद्दे

**दुर्ग**, 1 जुलाई (देशबन्धु)। शिक्षक सांझा मंच छत्तीसगढ़ की दुर्ग ब्लाक इकाई ने आज हिन्दी भवन के सामने धरना प्रदर्शन कर अपनी चार सूत्रीय मांगों को बुलंद किया। पश्चात रैली निकालकर एसडीएम कार्यालय जाकर एसडीएम उत्तम ध्रुव को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन की प्रतियां शिक्षा सचिव व संचालक लोक शिक्षण के नाम भी एसडीएम के नाम सौंपा। आज के धरना प्रदर्शन एवं रैली का नेतृत्व मंच की दुर्ग ब्लाक इकाई के संचालक किशन देशमुख एवं प्रताप धनकर ने किया।

ज्ञापन में प्रमुख तौर पर उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा 28 फरवरी को दिये गये फैसले के आधार पर शिक्षक सोना साहू को पंचायत व शिक्षा विभाग की पूर्व सेवा अवधि की गणना कर एरियर्स सहित क्रमोन्नत वेतनमान का भुगतान किया गया है। इसी फैसले के आधार पर सभी पात्रता प्राप्त शिक्षक एलबी संवर्ग के लिये एरियर्स व क्रमोन्नत वेतनमान के भुगतान हेतु जरूरत आर्डर जारी किया जाना चाहिए। शिक्षक एलबी संवर्ग को प्रथम नियुक्ति तिथि से पूर्ण सेवा की गणना कर पेंशन व अन्य लाभ देने की मांग की गई है। इसी तरह पदोन्नति में बीएड प्रशिक्षण की अनिवार्यता शिथिल कर पहले की तरह शिक्षक से व्याख्याता, व्याख्याता से प्राचार्य के पद पर पदोन्नति दी जाये। शिक्षक सांझा मंच ने प्राचार्य की सीधी भर्ती के लिये 10 प्रतिशत पदों को विभागीय परीक्षा द्वारा तत्काल भरने की मांग की गई है।

मंच ने युक्तियुक्तकरण के नाम पर की गई व्यापक विसंगतियों के लिये दोषी अधिकारियों पर की कार्रवाई की मांग करते हुए यह भी कहा कि 2 अगस्त को जारी नियम के तहत विद्यालयों एवं शिक्षकों के युक्तिकरण को तत्काल निरस्त किया जाना चाहिए। विद्यालयों से 31 मार्च 2008 में वित्त विभाग द्वारा स्वीकृत पद के अनुसार युक्तियुक्तकरण करने की मांग की है।

आज की धरना प्रदर्शन में वीरेन्द्र दुबे, चंद्रशेखर तिवारी, शत्रुहन साहू, संजीव मानिकपुरी, कमल वैष्णव, संजय चंद्राकर, रोहित देशमुख, विजय बेलचंदन, वीरेन्द्र वर्मा, गिरीश साहू, राजेश चंद्राकर, अशोक देशमुख, तिलक सेन, उमाशंकर साहू, अमितेश तिवारी, सरस्वती गिरिया, अमिता हरमुख किरण गौर, दामिन वर्मा, सुनीता साहू, सुनीता तिवारी एवं अन्य बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल थे।

# जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक को जन्मदिन की बधाईयां देने लगा शुभचिंतकों का तांता



सांसद, विधायकों की उपस्थिति में भजन संध्या

**दुर्ग**, 1 जुलाई (देशबन्धु)। जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक के जन्मदिन पर आयोजित समारोह में सांसद विजय बघेल विधायक ललित चंद्राकर, गजेन्द्र यादव ईश्वर साहू सहित जिलेभर के भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ आम नागरिकों ने भी बाफना मंगलम पहुंचकर उन्हें बधाईयां एवं शुभकामनाएं दी। इसके अलावा मोबाईल पर भी उन्हें प्रदेशभर से शुभचिंतकों के बधाई संदेश मिलते रहे। इस अवसर पर भव्य भजन संध्या भी आयोजित की गई जिसमें सांसद एवं उपस्थित विधायकों ने भी अपनी सुमधुर प्रस्तुतियां दी।

श्री कौशिक ने अपने जन्मदिन की शुरूआत सुबह मां चंडिका के दर्शन से की। पश्चात छातागढ़ गौशाला पहुंचकर गौग्रास खिलाया। एक वृक्ष मां के नाम पर वृक्षारोपण किया। वृद्धाश्रम पहुंचकर वृद्धजनों से आर्शीवाद लिया। श्री कौशिक को जन्मदिन की बधाईयां देने पूर्व मंत्री रमशीला साहू, महापौर अलका बाघमार, नगर निगम सभापति श्याम शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, उपाध्यक्ष पवन शर्मा, सहित उतई, धमधा की नगर पंचायतों व जनपद पंचायतों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी पहुंचे थे। इनके अलावा वरिष्ठ भाजपा नेताओं में पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, वरिष्ठ नेता प्रीतपाल बेलचंदन, कांतिलाल बोथरा सहित अनेक नेताओं ने बाफना मंगलम पहुंचकर बधाईयां व शुभकामनाएं दी। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह, संगठन महामंत्री पवन साय, राजनांदगांव, सांसद संतोष पाण्डेय सहित प्रदेश के अन्य पदाधिकारियों व नेताओं ने भी मोबाईल पर श्री कौशिक को जन्मदिन की बधाईयां व शुभकामनाएं दी।

# नेता प्रतिपक्ष के लिये कक्ष की मांग को वोरा ने दिया समर्थन

## पार्षदों के साथ आयुक्त कक्ष के सामने बैठे दरी पर

**दुर्ग,** 1 जुलाई (देशबन्धु)। नगर निगम दुर्ग में नेता प्रतिपक्ष के लिये पृथक कक्ष आबंटित न होने से नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले नगर निगम मुख्यालय के पोर्च में दरी बिछाकर जरूरी कामकाज निपट रहे है। आज पूर्व विधायक अरूण वोरा ने कुछ देर उनके साथ उनकी मांग को समर्थन दिया। इधर नगर निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल ने इस प्रतिनिधि से चर्चा में बताया कि नगर निगम अधिनियम में नेता प्रतिपक्ष के लिये पृथक रक्ष देने का कों प्रावधान नहीं है। उन्हें यह बताते पर कि पूर्व में नेता प्रतिपक्ष को कक्ष आबंटित किया गया था। उन्होंने कहा कि यदि पूर्व में परम्परा रही होगी तो विचार करेगें। महापौर अलका बाघमार ने कहा कि उन्हें कक्ष देगें।




उल्लेखनीय है कि नगर निगम दुर्ग में नेता प्रतिपक्ष के लिये कक्ष आबंटित करने का मामला एक विवाद व चर्चा का विषय बना हुआ है। इस सत्र में नगर निगम कांग्रेस पार्षद दल के नेता संजय कोहले अपने निर्वाचन के बाद ही से नेता प्रतिपक्ष के लिये पृथक कक्ष की मांग कर रहे है। उन्हें अभी तक कक्ष नहीं मिल पाया है। विरोध स्वरूप श्री कोहले कमीश्नर के पोर्च में ही दरी बिछाकर विगत दो माग से अपने मिलने वालों से प्रतिदिन एक दो घंटे बैठकर कामकाज निपटा रहे है। इस मौके पर पूर्व विधायक वोरा के साथ कांग्रेस पार्षद दल के उपनेता प्रतिपक्ष विजयंत पटेल, पार्षद दीपक साहू एवं बृजेन्द्र भारद्वाज भी उपस्थित थे।

# कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे की रायपुर में आमसभा की तैयारियों को लेकर पूर्व मंत्री ने बैठक लेकर दिए निर्देश

**दुर्ग,** 1 जुलाई (देशबन्धु)। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के 7 जुलाई को रायपुर आगमन को लेकर दुर्ग भिलाई एवं दुर्ग जिला कांग्रेस द्वारा भी तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है। आज पूर्व छत्तीसगढ़ रविन्द्र चौबे ने राजीव भवन में तीनों जिलों के कांग्रेसजनों की बैठक ली। उन्होंने ब्लाक कांग्रेस तथा वार्ड अध्यक्षों को अधिक से अधिक संख्या में लोगों को श्री खड़गे की रायपुर में लेकर पहुंचने की जवाबदारी सौंपी।



दुर्ग भिलाई एवं ग्रामीण कांग्रेस के पदाधिकारियों को सौंपी जवाबदारी

इस अवसर पर कार्यक्रम के प्रभारी पूर्व मंत्री रविन्द्र चौबे ने भाजपा की केन्द्र व राज्य सरकार पर प्रहार करते हुए मोदी सरकार के खिलाफ जनता में भारी आक्रोश है। जनता भाजपा सरकार के छल कपट व झूठे वादों को पहचान चुकी है। उन्होंने खाद की कमी को दूर न करने, खेती के रकबे से उत्पादन को कम करने इत्यादि मुद्दों को उठाते हुए कांग्रेसजनों से बड़ी संख्या में श्री खड़गे की आमसभा में शामिल होने रायपुर पहुंचने की अपील की।

जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने बताया कि दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी ब्लाक से कम से कम 1-1 हजार कार्यकर्ता व ग्रामीणजन रायपुर पहुंचेगें। उन्होंने भी मोदी सरकार के खिलाफ अनेक मुद्दें उठायें। बैठक को पूर्व विधायक अरूण वोरा ने भी संबोधित किया।

बैठक में पूर्व विधायक अरुण वोरा ग्रामीण जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर, दुर्ग शहर अध्यक्ष गया पटेल भिलाई शहर अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर पूर्व महापौर आर एन वर्मा धीरज बाकलीवाल, निर्मल कोसरे कांग्रेस प्रदेश महामंत्री जितेंद्र साहू, दीपक दुब, रिवेंद्र यादव, नीता लोधी, अल्ताफ अहमद, राजकुमार पाली एअजय मिश्रा, राजकुमार साहू, अनूप वर्मा संजय कोहले, दीपक साहू नंदकुमार सेन रतननारम देव कन्या ढीमर संदीप वोरा उमाकांत चंद्राकर आनंद कपूर ताम्रकार मोहित वाल्दे, शिशिरकांत कसर प्रीतम देशमुख सुमित घोष अनीश राजा ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष गण महेन्द्र वर्मा, प्रकाश ठाकुर, जिलापंचायत सदस्य उषा सोने, दानेश्वर साहू, देवेंद्र चंद्रवंशी, आशा विक्की मिश्रा, युवराज वैष्णव, करीम खान कामलेश साहू, रूपेंद्र शुक्ला, अशोक मेहरा शरण डोंगर, सहित तीनों जिला शहर कांग्रेस के सैंकड़ों अन्य कांग्रेसी उपस्थित रहे।









## सिटी डेवलपमेंट के विषय को लेकर जनसेवकों की संगोष्ठी



**भिलाईनगर,** 1 जुलाई (देशबन्धु)। निगम भिलाई क्षेत्र के समग्र विकास एवं सौंदर्यीकरण हेतु निगम सभागार में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में महापौर नीरज पाल ने अपने सुझाव रखे कि भिलाई शहर के विकास हेतु मूलभूत आवश्यकताओं के साथ जन सुविधाओं में वृद्धि को प्रथम प्राथमिकता होना बताया। जिससे शहर का चहुमुंखी विकास हो सके। अधीक्षण अभियंता दीपक जोशी ने सिटी डेव्हलपमेंट प्लान का विस्तृत प्रेजेन्टेशन दिए । जिसमें मुख्य मार्गों के चौड़ीकरण, साइंस सिटी का निर्माण, रिंग रोड का निर्माण, स्विमिंग पूल का निर्माण, बेहतर प्रकाश व्यवस्था हेतु विद्युतीकरण, छोटे नाले एवं बड़े नालों का निर्माण, ब्यूटीफिकेशन के कार्य, साफसफाई, वाटर हार्वेस्टिंग सहित विभिन्न 191 कार्यों का प्रेजेंटेशन दिए। जिसमें अनुमानित लागत लगभग 1480 करोड़ होना संभावित है। प्रस्तुत कार्य में आवश्यक सुधार एवं संशोधन हेतु जनप्रतिनिधियोंध्आम नागरिकों से औचित्य सहित सुझाव आमंत्रित किये हैं। नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा ने अपने सुझाव दिये कि मोबाईल टावर किसी के छत के बजाय खुली भूमि में लगाना उचित होगा। निगम क्षेत्र में चल रहे अवैध कारोबारियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही के साथ शहर के विकास के साथ स्लम बस्तियों में मूलभूत सुविधाओं को पहली प्राथमिकता दी जावे। उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह ने बताया कि पार्किंग व्यवस्था को बेहतर बनाना और खुर्सीपार क्षेत्र के पेयजल के साथ लाईटिंग व्यवस्था में सुधार करना है। पार्षदगणों एवं समाज सेवियों का सुझाव आया कि कार्य की गुणवत्ता में सुधार, मापदण्ड अनुसार सड़क चौंड़ीकरण, सीवरेज लाइन में सुधार, उद्यानो की स्थिति में सुधार, डिवाइडर संधारण कर वृक्षारोपण, स्टेडियम निर्माण, कुत्ता व अवारा पशुओ के लिए शेल्टर हाउस, वाटर हार्वेस्टिंग, तड़िचालक लगाने की जरूरत एवं शासन की योजनाओं को प्राथमिकता देते हुए कार्य कराने को प्राथमिकता बताया। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने बताया कि प्लानिंग अच्छी तरह सोच समझ कर किया जावें। जिससे अनावश्यक तोड़फोड़ की जरूरत न पड़े। जनप्रतिनिधियों, आम नागरिको के सुझावों को कार्य के सुगम औचित्य सहित 4 दिवस के अंदर जोन कार्यालय में लिखित में प्रस्तुत करेगें। जिसे निगम द्वारा 5 वें दिन में निगम के वेबसाईट में अपलोड किया जायेगा। अच्छे सुझाव जो शहर के विकास के लिए महत्वपूर्ण हैए उसका प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा जाएगा। संगोष्ठी के दौरान उपायुक्त नरेंद्र कुमार बंजारे, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह, पार्षद महेश वर्मा, भूपेन्द्र यादव, राजेश चौधरी, मुकेश अग्रवाल, संतोष मोर्या, नोहर वर्मा, सत्य देवी जायसवाल, शकुंतला साहू, नेहा साहू, उषा शर्मा, श्यामसुंदर राव, संजय सिंह, जगदीश राव, समाज सेवी शिशिर तमोटिया, मदन सेन, योगेश, सभी जोन आयुक्त, कार्यपालन अभियंता, स्वास्थ्य अधिकारी अन्य पार्षद एवं अधिकारी उपस्थित रहे। शहर जनसेवकों को संगोष्ठी में जनहित संघर्ष समिति के संयोजक शारदा गुप्ता ने सुपेला शराब दुकान हटाने नेहरू नगर चौक से जाम हटाने नियमितीकरण शीघ्र शुरू करने रोड बनने से पहले नाली की व्यापक व्यवस्था करने, सुपेला मटन मार्केट के पास पानी का भराव दूर करने अवैध अतिक्रमण पर 24 घंटे के अंदर कार्रवाई करने संडे बाजार को फिर से ठीक से व्यवस्थित करने प्रत्येक समाज को एक ही जगह व्यवस्थित करने एवं डोम सेड बनाकर पूर्ण सुसज्जित करने नेशनल हाईवे से ब्रेकर हटाने जिससे जाम से मुक्ति मिले शांति नगर दशहरा मैदान को सुसज्जित करने महापौर को रोज एक घंटा प्रत्येक वार्ड में दौरा करने का सुझाव दिया गया।

## आत्मानंद स्कूल में सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान



**भिलाईनगर,** 1 जुलाई (देशबन्धु)। स्वच्छ भारत मिशन 2 के तहत सफाई अपनाओ बीमारी भगावो अभियान चलाने भारत सरकार से निर्देश प्राप्त हुआ है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर 1 से 30 जुलाई तक मिशन के प्रमुख सिधांत स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता के क्रियान्वयन किया जाना है। जिससे नागरिको में स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने अलग अलग अभियान चलाया जाना है। प्रथम दिवस में शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन जोन-4 शिवाजी नगर खुर्सीपार के वार्ड-41 छावनी स्वामी आत्मानंद स्कूल में अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 300 से अधिक स्कूली बच्चो ने हिस्सा लिया। वार्ड-45 बालाजी नगर पठान मोहल्ला में स्वच्छता के प्रति जागरूक होने एवं जल जनित बिमारियों के बचाव हेतु अभियान चलाया गया। हम सब ने ठाना है डेंगू मुक्त शहर बनाना है के नारे लगाकर रैली निकाली गई। इसी प्रकार जोन 1 नेहरू नगर अंतर्गत वार्ड क्रं 5 कोसा नगर में पीआईयू सुभम पाटनी के नेतृत्व में प्राइमरी स्कूली बच्चों को स्वच्छता के संबंध में जानकारी दी गई। जोन-3 मदर टेरेसा नगर स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केम्प-1 में जोन स्वास्थ्य अधिकारी बीरेन्द्र बंजारे के नेतृत्व में स्कूली बच्चों को स्वच्छता के संबंध में जानकारी देते हुए जागरूक किया गया। कार्यक्रम में जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे एवं वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक के.के. सिंह द्वारा उपस्थित बच्चो को हाथ की स्वच्छता, घर की स्वच्छता, पड़ोस की स्वच्छता, शौचालय की स्वच्छता, स्वच्छ नाली व जल निकास एवं स्वच्छ सार्वजनिक स्थल के बारे में जानकारी दी गई। इस अभियान में जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी, गठित टीम प्रभारी सुदामा परगनिया, स्वच्छता निरीक्षक अतुल यादव, पीआईयू अभिनव ठोकने, युक्ति देवांगन, किस्टोफर पाल, जिला मलेरिया विभाग से मोहन राव, राजकुमार मर्सकोले, उमेश कपूर, स्कूल प्राचार्य सहित शिक्षकगण उपस्थित रहे।

### आयुक्त ने जर्जर अटल आवासों का निरीक्षण

भिलाईनगर। निगम भिलाई के जोन-2 वैशाली नगर क्षेत्र का आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय निरीक्षण करने पहुंचे। वार्ड-23 घॉसीदास नगर में कई वर्षो पहले वाम्बे आवास, अटल आवास एवं रशने आवास का निर्माण किया गया है, जो वर्तमान में पुरी तरह से जर्जर हो गया है। उन मकानों का प्लास्टर टूट-टूट कर गिर रहा है। जिसके कारण दुर्घटना होने की संभावना बनी हुई है। उन आवासों में सैकड़ो परिवार अभी भी निवास कर रहे है, जिन्हे प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित नये आवासों के लिए आवेदन कराने जोन आयुक्त येशा लहरे एवं कार्यपालन अभियंता अरविंद शर्मा को निर्देशित किया गया। साथ ही आवासों के पुर्ननिर्माण हेतु विशेष योजना के तहत शासन को प्रस्ताव भेजने निर्देशित किया गया। वार्ड-21 हेतु 81 लाख व वार्ड 23 के लिए 66 लाख लागत से रोड निर्माण हेतु मुख्यमंत्री नगरोथान योजना अंतर्गत प्रस्तावित रोड का निरीक्षण किये। रोड निर्माण हेतु पूर्व में प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा गया है, स्वीकृति पश्चात रोड निर्माण कराया जाएगा। बुद्व विहार में नाला साफसफाई कार्य का अवलोकन किये और कार्य करने वाले कर्मचारियो को ग्लब्ल, मास्क एवं गमबुट पहन कर साफ-सफाई कराने जोन स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा को निर्देशित किये। कुरूद चौंक अमृत मिशन उद्यान का संधारण कार्य कराया जा रहा है, जिसमें शोभायमान पौधे एवं कारपेट घॉस लगाकर अन्य आवश्यक कार्य कराने उप अभियंता अर्पित बंजारे को निर्देशित किये।

## हरित योग के माध्यम से एक पेड़ मां के नाम पौधा रोपण




**भिलाईनगर,** 1 जुलाई (देशबन्धु)। योग दिवस पर योग संगम हरित योग के महा अभियान के अवसर पर भारत सरकार के आयुष मंत्रालय के क्रियान्वयन संस्था मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान के सहयोग से छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिला भिलाई शहर में 15 दिवसीय हरित योग अभियान का प्रारंभ किया गया। यह अभियान 21 जून से 5 जुलाई तक विभिन्न स्थानों पर हरित योग के माध्यम से एक पेड़ मां के नाम पौधा रोपण कर किया जाएगा। मुख्य आयोजन संयंत्र क्षेत्र के अधीन सेट केंद्र स्थित पायनियर स्मारक स्थल पर आयोजित किया गया। जहां 12 सालों के छात्र छात्राएं शिक्षक एवं क्षेत्र सामाजिक संगठन दो धार्मिक संगठन कर यूथ क्लब के माध्यम से 785 छात्र युवा एवं योग साधकों ने योग प्रोटोकॉल के अनुसार योग अभ्यास किया इस अवसर पर मुख्य योग प्रोटोकॉल शिक्षक श्रीमती ममता साहू एवं सहयोगी आचार्य अंकित शर्मा आर्य समाज एवं जितेंद्र साहू गायत्री प्रज्ञापीठ रिसाली योग शिक्षक आदित्य टंडन द्वारा योगासन के निर्धारित 45 मिनट के फोटो कॉल के अनुसार प्रात: 8 बजे से 8.45 तक एवं सूर्य नमस्कार एवं योग दिवस के महत्व की जानकारी दी । उक्त आशय की जानकारी आयोजन के संयोजक मनोज ठाकरे ने देते हुए बताया आज योग करोड़ों लोगों के जीवन का हिस्सा बन चुका है। हम सभी भारतवासियों की आवश्यकता है की पूरी दुनिया में योग को लोकप्रिय बनाएं हमारे सहयोगी संस्था मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान नई दिल्ली द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को एक दशक होने के अवसर पर इस वर्ष आयुष मंत्र भारत सरकार के माध्यम से 10 विभिन्न आयामों में योग दिवस को आयोजित करने का निर्णय लिया गया था जिसके तहत प्रथम योग संगम द्वितीय योग बंधन तृतीय योग पार्क चतुर्थ योग समावेश पंचम योग प्रभाव शतम् योग कनेक्ट सतम हरित योग आदि। कार्यक्रम के अतिथि उमेश चितलांगिया एवं निगम के अधिकारी अजय शुक्ला वह जोन आयुक्त श्री गुप्ता एवं डॉ प्रमोद नामदेव आयोजन के संयोजक मनोज ठाकरे द्वारा किया गया। प्लास्टिक मुक्त भारत एवं स्वच्छता का अभियान भी चलाया जा रहा है इस अवसर पर उमेश चितरंगी ने कहा विकसित भारत के लिए हरित योग आंदोलन में एक पेड़ मां के नाम लगाने जैसे आयोजन सिर्फ भारत स्वस्थ एवं मजबूत होगा। इस अवसर पर प्रशांत क्षीरसागर, किशोर कनोजे, बालू राम वर्मा, ओपी चौधरी, मनोज ठाकरे, डॉ प्रमोद नामदेव, श्रीमती ममता उगले, श्रीमती रोशनी, संध्या टट, श्रीमती किरण भोसले, आदित्य टंडन, भागचंद जैन, रवि सोनी, एडवोकेट विभा मिश्रा, संदीप वाघमारे, मिथुन दास, श्रीमती संगीता लहरी, रूपचंद भोसले उपस्थित थे।

## गायत्री प्रज्ञापीठ में ट्रस्ट मंडल का पुनर्गठन



**भिलाईनगर,** 1 जुलाई (देशबन्धु)। भारतीय संस्कृति, शिक्षा, संस्कार, यज्ञ हवन को जीवंत जागृत बनाये रखने साथ ही वेदमूर्ति तपोनिष्ठ पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के सपनों का भारत समर्थ राष्ट्र-सशक्त राष्ट्र को पूरा करने के उद्देश्य से गायत्री परिवार जिला उप जोन समन्वयक एस.पी. सिंह, सह समन्वयक, धीरज लाल टांक, भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के प्रभारी राजकुमार सिंह, शिव गायत्री मंदिर के प्रमुख ट्रस्टी रामाधार महिलांग, पी.आर. सिन्हा की उपस्थिति में रामनगर मुक्तिधाम क्षेत्र भिलाई स्थित गायत्री प्रज्ञापीठ भगवती संस्थान ट्रस्ट मंडल का पुनर्गठन किया गया। श्याम विश्वकर्मा को प्रमुख प्रबंध ट्रस्टी बनाया गया। मोहन उमरे को संस्थान के सहायक प्रबंध ट्रस्टी बनाया गया। प्रज्ञापीठ ट्रस्टी के रूप में बी.आर. श्रीवास, अजीत सोनबेर, दयालाल साहू, शिवप्रसाद वस्त्रकार, दिलेश्वर साहू, श्रीमती तुलेश्वरी साहू, पेखन साहू, श्रीमती यामनी सोनबेर, पुरषोत्तम जंघेल, राजकुमार ठाकुर, हेमलाल साहू, श्रीमती उषा साहू, मन्नू लाल साहू, कीर्तन साहू, लक्ष्मी देवांगन, टेकराम साहू, इंदु ठाकुर, श्रीमती उषा साहू, टेकेन्द्र विश्वकर्मा, नानुक राम वर्मा, शालिक राम साहू, प्रेमलता साहू, रूपा साहू, रवि नागए रतन साहू, घसनीन ठाकुर, शुक्ला राम साहू को शामिल किया गया है।

## अवैध मादक पदार्थ सहित एक गिरफ्तार

**भलाईनगर,** 1 जुलाई (देशबन्धु)।3 मई को मुखबिर की सूचना पर बीएसपी गेट मौहारी मरोदा नर्सरी के पास नेवई में आरोपी कामेश राव एवं यशोदा सिंह को अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा बिक्री करते हुये पाये जाने पर रेड कर पकड़ा गया। आरोपी एम. कामेश राव के कब्जे से 1.280 कि.ग्रा. गांजा कीमती 10,000 रू तथा जूपीटर वाहन, इलेक्ट्रानिक तराजू एवं यशोदा सिंह के कब्जे से 3.452 कि.ग्रा. गांजा कीमती 27600 रू जुमला कीमती 78,100 रुपये को जप्त किया जाकर आरोपीगणों को थाना नेवई के धारा 20(ख) में गिरफ्तार किया। उक्त प्रकरण का एक अन्य आरोपी प्रभुनाथ घटना दिनांक से फरार था। जिसकी पतासाजी कर 30 जून को गिरफ्तार किया गया। घटना के संबंध में पूछताछ करने पर जप्त मादक पदार्थ गांजा को बिक्री करने के लिये वाहन से लाना बताया। जिस पर घटना में प्रयुक्त वाहन एक होंडा सीटी कार को जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपी को ज्यूडिशियल रिमांड पर जेल भेजा गया । इस कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक आनंद शुक्ला, सउनि रामचंद्र कंवर, आरक्षक विजय कुर्रे, रवि बिसाई, ओमप्रकाश श्रीवास योगदान रहा ।



### बिलासपुर का हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

भिलाईनगर। 19 मई को प्रार्थी मुकेश देवांगन, कबीर नगर अमलेश्वर व्दारा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि ये 18 मई को घर का दरवाजा बंद कर परिवार सहित ससुराल चंगोरभाठा गया था। 19 मई की प्रात: वापस आया तो घर का ताला टूटा हुआ था आलमारी में रखे सोने चांदी के जेवर आदि कीमती लगभग 1,90,000 रूपये को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना अमलेश्वर में धारा 331 (4) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की विवेचना एवं आरोपियों की पतासाजी के दौरान तकनीकी सहयोग से जानकारी प्राप्त हुई कि थाना सरकण्डा बिलासपुर का रितेश को उसके साथी सोहन रायपुर के साथ बुलेट मोटर सायकल में घटना स्थल के पास घटना दिनांक को देखा गया था। उक्त प्राप्त जानकारी के आधार पर टीम को बिलासपुर भेजा गया। जहां रितेश एवं सोहन को पकड़कर पूछताछ करने पर बताए कि घटना को रात को वे अपने साथी लक्की के साथ घटनास्थल पर आकर रॉड से मकान का ताला तोड़कर मकान के सोने चांदी के जेवर आदि चोरी किए। चोरी का सामान में से संतोषी के माध्यम से सुखनंदन निवासी सिरगिट्टी को गुलबंद बेचे हैं।

## निगम में संचालित वाहनों का संधारण कराने बैठक



**भिलाईनगर,** 1 जुलाई (देशबन्धु)। निगम भिलाई के एमआईसी सदस्य लालचंद वर्मा के अध्यक्षता में वाहनों के रखरखाव के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी जोन के जे.सी.बी., डम्पर, सेक्शन युनिट, जेटिंग मशीन रखरखाव कराने हेतु चर्चा की गई। वर्तमान में नगर निगम भिलाई में 32 गाड़ियां संचालित हो रही है। जिसे 15 से 25 वर्ष हो गया है। उन सभी गाड़ियों का संधारण कराने निर्देशित किया गया। जो वाहन ज्यादा ही पुराने हो गये है और संधारण की स्थिति में नहीं है, उसका नीलामी कर नये वाहन खरीदने का प्रस्ताव बनाने निर्देशित किया गया। 15वें वित्त आयोग से निगम के अधिकारियों के लिए ई वी वाहन खरीदने कहा गया। इससे डीजल, पेट्रोल की भी बचत होगी। साथ ही निगम में जितने भी वाहन है। उन सभी में जीपीएस सिस्टम लगवाया जाना अनिवार्य है। इसके लिए एजेंसी नियुक्त करने की सहमति बनी है। बरसात में मच्छर की रोकथाम हेतु फागिंग मशीन को सभी वार्डो में निरंतर चलाने को कहा गया। फागिंग मशीन एवं स्वीपिंग मशीन को अगले सत्र में स्वास्थ्य विभाग से संचालित किये जाने की सहमति बनाई गई है। बैठक में सचिव वेशराम सिन्हा, उप अभियंता शशिकांत वर्मा, अर्पित बंजारे, सागर दुबे, पुनेश साहू, श्याम ठाकुर एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सीमेन्टीकरण पोल नीचे से खराब बढ़ा खतरा



**भिलाईनगर,** 1 जुलाई (देशबन्धु)। वार्ड 33 कैंप 2 संतोषी पारा विवेकानंद नगर में कई सालों पुरानी सीमेंटीकरण बिजली के खंभे नीचे से क्रैक हो चुके हैं। जिसकी वजह से स्थानीय निवासियों को कभी भी बड़ा हादसा होने की आशंका है। पुरानी एवं जर्जर हो चुके 3 सीमेंटीकरण बिजली पोल के खंभे की दुर्दशा को सुधारने के लिए सामाजिक कार्यकर्ता सुमन शील को बुलाकर दिखाया गया निरीक्षण के दौरान तीनों पोल जर्जर हो चुके है, किसी के ऊपर या घर पर गिरने का डर बना हुआ है। स्थानिय निवासियों ने बताया कि बताया कि इन खंभों को ठीक कराने के लिए दो से तीन बार विभाग में जाकर शिकायत कर चुके हैं तथा स्थानीय पार्षद से गुहार लगा चुके हैं, लेकिन अभी तक इन खंभों को नहीं बदला गया है। निरीक्षण के दौरान क्षेत्र में 4 से 5 पोल सीमेंटीकरण खंभे पाए जिसे बिजली विभाग द्वारा बदला नही गया, बाकी इन खंभे को छोड़कर जितने भी बिजली के पोल लगे हुए हैं, वह सब लोहे के पाए हैं। सामाजिक कार्यकर्ता सुमन शील ने स्थानीय लोगों की समस्या से अवगत होने के उपरांत पुरानी जर्जर बिजली पोल के खंभे के संबंध में बिजली विभाग के उच्च अधिकारी को अवगत कराकर समस्या से निजात दिलाने का आश्वासन दिया है । इस अवसर पर रामपत पासवान, इंद्रासन पासवान, सबिता, बबीता पासवान सहित अनेकों मौजूद थे ।

## सेवानिवृत्त होने पर मजदूर संघ ने दी भावभीन विदाई



**भिलाईनगर,** 1 जुलाई (देशबन्धु)। भिलाई इस्पात संयंत्र से सेवानिवृत्त हुए संयंत्र के धमन भट्टी इलेक्ट्रिकल प्लानिंग में कार्यरत कर्मचारी बिवास सिन्हा एवं प्रमोद कुमार राय का स्वागत धमन भट्टी में कार्यरत कर्मचारियों ने फूल माला पहनाकर एवं गुलदस्ता एवं गिफ्ट भेंटकर सम्मान किया, एवं सभी ने संयंत्र में उनके योगदान को सराहा और याद किया एवं उनके उज्जवल भविष्य की मंगल कामना की हमेशा स्वस्थ एवं सुखी जीवन व्यतीत की ईश्वर से कामना की सेवानिवृत्त कर्मचारियों के सम्मान समारोह में भिलाई इस्पात मजदूर संघ के महामंत्री चन्ना केशवलू एवं धमन भट्टी में कार्यरत कर्मचारी संयुक्त महामंत्री प्रदीप पाल, पूरन लाल साहू, जसवंत यादव, सुरेश कुमार, बल्लू यादव, अनिल राय, विवेक सिंह, राजेश बघेल, जनक ध्रुव, विजय मेसराम, नारायन बाजपाई, अरुप राय आदि उपस्थित थे।

### प्रजापिता ब्रह्माकुमारी में नेशनल कैमरा डे मनाया गया

**भिलाईनगर,**। छत्तीसगढ़ प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा सेक्टर 7 स्थित राजयोग भवन में हर रविवार को प्रात: बच्चों के लिए आयोजित डिवाइन ग्रुप की क्लास में फोटोग्राफी के जनक जोसेफ नीसेफोर की याद में नेशनल कैमरा डे मनाया गया। वे पहले व्यक्ति थे जिन्होंने स्थायी फोटोग्राफ बनाने में सफलता पाई थी। हमारा खींचा हुआ फोटो ल हमारी यादों को कैद कर लेता है। हमें हर पल की वैल्यू का तब पता चलती है। जब वह हमारे पास न रहे। कैमरा हमारी फोटो खींच कर स्टोर कर सकता है। डिलीट नहीं कर सकता। जीवन में हर मूमेंट को कैप्चर कर लीजिए, क्योंकि ये पल दोबारा नहीं आएंगे। ब्रह्माकुमारी पूजा दीदी और मयंक दीदी ने बच्चों को बताया कि लक्ष्य के साथ सही दृष्टिकोण से फोटो और विडियोज बनाने से हमारी क्रिएटिविटी बढ़ती है।

## सांसद विजय बघेल के मुख्य अतिथ्य में सेजेस जंजगिरी में प्रवेश उत्सव संपन्न



कुम्हारी। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी एवं हिंदी मध्यम विद्यालय जंजगिरी में दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल की उपस्थिति में कक्षा पहली, छठवीं, नवमी हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम के बच्चों को संयुक्त रूप से तिलक लगाकर मिठाई खिलाकर तथा पुस्तक व गणवेश भेंट कर प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। सर्वप्रथम मुख्यातिथि द्वारा गणेश जी एवं मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । इसके पश्चात सेजेस जंजगिरी के बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना नृत्य की प्रस्तुति दी गई। बच्चों की प्रस्तुति से प्रसन्न होकर उन्हें पुरस्कृत किया गया। तत्पश्चात नव प्रवेशित बच्चों को तिलक लगाकर पुस्तक व गणवेश भेट किया गया। संस्था प्रमुख श्रीमती मिनि गोपीनाथन ने विद्यालय की उपलब्धियां बताते हुए भविष्य की योजनाओं को भी सांझा किया, जिसमें दोनों माध्यम में शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम लाने व खेलकूद एवं अन्य गतिविधियों में अधिक से अधिक बच्चों को शामिल कर विद्यालय को उन्नति की ओर अग्रसर करना भी शामिल है। इसी तारतम्य में कुम्हारी नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना वर्मा, एसएमडीसी के अध्यक्ष रूपेश साहू एवं पार्षद लोकेश साहू ने भी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए प्रवेश उत्सव की बधाइयां दी। अंत में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विजय बघेल जी ने आए हुए ग्राम पालकों एवं गणमान्य नागरिकों तथा समस्त शिक्षक एवं बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि- च्च शिक्षक जो भी करता है वह बच्चों के हित के लिए ही होता है यदि शिक्षक कोई काम करता है तो उसमें भी बच्चों की भलाई छुपी होती है, इसलिए पालक को हमेशा शिक्षक पर विश्वास रखना । उन्होंने कहा कि ये बच्चे ही कल का भविष्य हैं इसलिए इन्हें अपनी शिक्षा पर विशेष ध्यान देना चाहिए उन्होंने स्कूल के ड़ोम शेड के निर्माण का भी आश्वासन दिया। श्रीमती उषा दुबे वरिष्ठ व्याख्याता द्वारा सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया मंच संचालन श्रीमती पूर्णिमा सोनकर एवं श्रुति पांडे द्वारा किया गया।

## राकेश की गजलों की सांगीतिक प्रस्तूति का आयोजन



**भिलाईनगर,** 1 जुलाई (देशबन्धु)। जिला हिन्दी साहित्य समिति के तत्वावधान में एम पी हाल जुनवानी में राकेश गुप्ता रूसिया की गजलों की सांगीतिक प्रस्तुति का कार्यक्रम शाम ए गजल का आयोजन हुआ। जिसमें छत्तीसगढ़ के सुविख्यात संगीतज्ञ, भाषाविद एवं पूर्व प्राध्यापक डॉ चितरंजन कर ने अपनी दिलकश आवाज में गजलों की प्रस्तुति दी। तबले पर संगत सुप्रसिद्ध तबला वादक रूपेन्द्र श्रीवास्तव ने की। दुर्ग जिला हिन्दी साहित्य समिति अध्यक्ष बलदाऊ राम साहू, वरिष्ठ साहित्यकार परदेशी राम वर्मा, पूर्व भाजपा अध्यक्ष ब्रजेश बिचपुरियाए गहोई वैश्य समाज दुर्ग के अध्यक्ष पवन ददरया ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। नवंबर 2024 में विमोचित राकेश गुप्ता रूसिया की काव्य कृति धरोहर इक गजलनामा से चुनिंदा कलाम और गजलों को डा. कर ने संगीतब प्राण प्रतिष्ठा कर जीवंत कर दिया। किसी और सांचे में खुदाया ढल नहीं सकते, वक्त के साथ ही खुश हैं आगे चल नहीं सकते और खुद से यही शिकवा गिला करते रहे। साहित्यिक श्रोताओं में डॉ.संजय दानी, डॉ संध्या नगरिया, डॉ शाद बिलासपुरी, डॉ नौशाद सिद्दीकी, नावेद रजा, गायिका संगीता सिजारिया, लेखिका मोनिका रूसिया, अरुण निगम, दशरथ भुआल, सुशील यादव, राज नारायण श्रीवास्तव, पूर्व डीएसपी रविन्द्र उपाध्याय, जी एस पवार, चंद्रकांत साहू, देवीप्रसाद तिवारी, शिव बालक साहू, ओमप्रकाश गुप्ता, प्रदीप रूसिया रूपा गुप्ता, डॉ पूनम बिचपुरिया और आशिमा सिजारिया गहोई उपस्थित थे।

## बड़ाईपाली में खाद बीज को लेकर सोसाइटी घेराव / विधायक द्वारिकाधीश होंगे शामिल

पिथौरा / समीपस्थ बड़ाईपाली में आज किसानों के हित मे खाद बीज की कमी को लेकर सोसाइटी में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष करण सिंह दीवान के नेतृत्त्व में घेराव किया जायेगा इस घेराव में खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे साथ ही ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी सदस्य उपस्थित रहेंगे । इस अवसर पर अधिक से अधिक किसानों को उपस्थिति की अपील की है ।



# 60 बच्चे 19 विषय दो शिक्षक क्या पढ़ाई हो पायेगा

- प्रधान पाठक नहीं अल्ला दिन का कोई चिराग हो जो सब कुछ तुरंत करो
- दिन भर आंखी गड़िया के मोबाइल देखो और तुरंत जवाब बनाकर जमा करो

**खैरागढ़** 1 जुलाई (देशबन्धु)। खैरागढ़ छुईखदान गण्डई जिला वर्तमान में छत्तीसगढ़ सरकार और उनके अधिकारियों के द्वारा युक्तियुक्तकरण करते हुए प्रत्येक प्राथमिक शाला जहां पर 60 बच्चे दर्ज हैं वहां पर मात्र दो शिक्षक रहेंगे एक प्रधान पाठक और एक सहायक शिक्षक हम आप आम जनता से पूछना चाहते हैं कि क्या वहां पर पढ़ाई सुचारू रूप से हो पायेगा जबकि कक्षा पहली से पांचवी तक 19 विषय पाठ्यक्रम के रूप में और मुस्कान पुस्तकालय शामिल हैं सरकार आखिर क्या चाहती है आप सभी को बताना चाहेंगे कि आन लाइन और आफ लाइन लगभग 100 से अधिक कार्य चलाए जा रहे हैं जैसे मध्यान्ह भोजन उपस्थिति, पाठयपुस्तक की जानकारी, स्कूल ड्रेस की जानकारी , पेड़ पौधे की जानकारी, शासन से मिलने वाली सामग्री की जानकारी, स्कूल में उपलब्ध संसाधन की जानकारी, आपार आई डी की जानकारी,छात्र वृत्ति की जानकारी,आन लाइन और आफ लाइन ट्रेनिंग प्रशिक्षण,एफ एल एन,पढ़ाई तुम्हार दुवार, शिक्षक , स्वीपर, रसोइयों को मेंटेन की जानकारी, शाला कैलेंडर के अतिरिक्त अनेकों एनजीओ का दखल,पाठ्य पुस्तकों का बार कोड से स्कैन करना,प्रत्येक बच्चों के पाठ्य पुस्तकों में संस्था का 10 पेज पर सील लगाओ,एक पेड़ मां के नाम,स्वास्थ्य परीक्षाण कराओ,नाम जोड़ो कांटो जिनका भी संचालन करना एक शिक्षक दिन सुबह शाम तक मोबाइल में व्यस्त हो जाता है क्योंकि प्राथमिक शाला में कोई अलग से बाबू या कर्मचारी नहीं होता है प्राथमिक शाला के शिक्षकों का जीवन को एक चपरासी से बत्तर बना दिया गया है माता पिता और बच्चे कहते हैं शिक्षक पढ़ाता नहीं हैं शिक्षक पढ़ाना चाहते हैं सरकार उन्हें पढ़ाने नहीं दे रही है दुनिया भर के कामों में उलझा कर रख दिया है शिक्षक चौथी पांचवी में जाता है तो पहली दूसरी तीसरी खाली और उधर जाता है तो चौथी पांचवी खाली हो जाता है। सरकार से पूछना चाहते हैं कि क्या केवल भौतिक संसाधन बिल्डिंग,भवन,शौचालय,मैदान ,खेल समान आदि देने से पढ़ाई पूरा हो जाएगा,शिक्षा विभाग के द्वारा विज्ञापन बाजी में जो पैसा खर्च किया जाता है वह बंद और सभी कक्षाओं और दर्ज अनुसार प्राथमिक शाला में न्यूनतम चार शिक्षक हों प्राथमिक शाला ही हमारा नींव होता है और वहीं कमजोर हो रहा है तो हम किस बुनियाद पर कह सकते हैं कि हमारे बच्चे स्कूल में पढ़ लिख रहे हैं केवल वोट बैंक की राजनीति हो रही है बच्चे स्कूल आए अपना नाम गांव लिखना सीख जाए वह अनपढ़ न रहे। पढ़ लिख लेगा तो अंदर बाहर की जानकारी रखने लग जाएगा नौकरी मांगेगा तब क्या करेंगे माता पिता लोग एक रुपया की मुफ्त की चांवल को प्राथमिकता दे रहे हैं पढ़ाई लिखाई से उन्हें कोई मतलब नहीं है। शिक्षक को अल्ला दिन का चिराग और अली बाबा के चालीस चोर खुल जा सिम सिम बना डाला है शिक्षक सुबह दस बजे जाए और शाम चार बजे तक कोल्हू के बैल की तरह कार्य करे स्कूल में पढ़ाए लिखाए मत ऊपर कार्यालय से मिलने वाली आदेशों का जी हुजूरी करे पोस्टमैन बनकर चिट्ठी का जवाब देते रहे। बड़े बड़े अधिकारीयों और नेताओं के बच्चे तो प्राइवेट स्कूलों में पढ़ते हैं यहां तक स्कूल के पार्टनर होते हैं शिक्षा को बिजनेस बना लिए हैं उन्हें क्या मतलब गांव के अनपढ़ गरीब,मजदूर के बच्चें कैसे पढ़ते हैं वे लोग ही हमारे बच्चों का भविष्य अंधकारमय बना रहे हैं पांच साल में एक बार आते हैं चुनाव के समय दारू, गांजा पैसा,गहना बांटकर जीत जाते हैं सरकार बना लेते हैं उनके बच्चे तो विदेशों में पढ़ते हैं नेताओं के बच्चों को नेता बनाकर हम सब चमचागिरी कर रहे उनके सामने माथा टेक रहे गुलाम बन रहे हैं।प्राथमिक शाला में नींव को मजबूत करना है तो प्रत्येक कक्षा में कम से चार से पांच शिक्षक जरूरी है ।

# चिरचारी में शिक्षक की कमी से विद्यालय में बना छुट्टी जैसा माहौल




**गुरुर** 1 जुलाई (देशबन्धु)। बालोद जिले में युक्ति युक्त करण के चलते एक ओर शिक्षक परेशान है, तो दूसरी ओर स्कूली बच्चे, पालकगण एवं गांव वाले भी परेशान है, शिक्षक की व्यवस्था नहीं होने के कारण अब गांव वालों ने बच्चों को विद्यालय भेजना बंद कर दिया है। आलम यह है कि विद्यालय में दो दिनों से बच्चों की उपस्थिति नहीं हो पाई है। पूरा मामला गुरुर विकासखंड के ग्राम चिरचारी में संचालित शासकीय प्राथमिक शाला की है। सन 1967 से संचालित उपरोक्त विद्यालय में वर्तमान में 46 बच्चों की दर्ज संख्या है, जहां सोमवार को एक भी बच्चे विद्यालय में पढ़ने के लिए नहीं पहुंचे

### 2 दिनो से नहीं पहुंच रहे बच्चे

वहीं शनिवार को भी बच्चों की उपस्थिति शून्य रही। विद्यालय में दो दिनों से बच्चों की उपस्थिति नहीं होने की सूचना पर सोमवार को दोपहर 2 बजे सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी डीके भुआर्य एवं संकुल स्त्रोत समन्वयक लोकनाथ पवार मौके पर पहुंचे, जहां शाला प्रबंधन समिति एवं ग्रामीणों से चर्चा करने की कोशिश की गई, लेकिन कोई सकारात्मक पहल नहीं हो पाया। जानकारी के मुताबिक पहले उपरोक्त विद्यालय में प्रधानपाठक भुनेश्वर सिंह आर्य के अलावा शिक्षक चुन्नीलाल साहू, द्रोपती साहू, साकेत कुमार एवं केशव राम पदस्थ थे, लेकिन शासन द्वारा युक्ति युक्त करण के चलते उपरोक्त विद्यालय से द्रोपती साहू, साकेत कुमार, केशव राम को अन्यत्र विद्यालय में भेज दिया गया है, जिसके चलते अब उपरोक्त विद्यालय में प्रधान पाठक भुनेश्वर सिंह आर्य एवं चुन्नीलाल साहू दोनों शिक्षक पदस्थ हैं।

### विभागीय काम के बाद घर लौटे शिक्षक

उपरोक्त विद्यालय में बच्चों को सिर्फ दो शिक्षकों के भरोसे ही छोड़ दिया गया है, ऐसे में पढ़ाई प्रभावित हो रही है। विद्यालय में शिक्षकों की कमी बताकर पालकों ने बच्चों को स्कूल भेजना ही बंद कर दिया है। पालकों का कहना है कि जब तक विद्यालय में तीन शिक्षकों की व्यवस्था नहीं होगी, तब तक बच्चों को स्कूल नहीं भेजेंगे। सोमवार को भी विद्यालय में बच्चों के नहीं आने पर दोनों शिक्षक शाम 4 बजे तक विभागीय कामकाज के बाद घर चले गए।

# घर में 5 फीट का नाग सांप मिलने से ग्रामीणों के उड़े होश

**गुरुर** 1 जुलाई (देशबन्धु)। बरसात का सीजन लगने के बाद से अजगर सांप, नाग सांप, करैत, रेड स्नेक जैसे अन्य प्रजाति के सांप मिलने से क्षेत्र में डर का माहौल बना हुआ है।



सोमवार को भी गुरूर ब्लॉक के ग्राम पलारी में 5 फीट का नाग सांप मिलने से नगरवासियों में दहशत का माहौल बन गया था, दोपहर में 2 बजे गांव के रितेश साहू के घर में आहाता के पास यह नाग सांप दिखा, गांव में इस तरह खतरनाक नाग सांप के मिलने की जानकारी पर ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर पहुंचे।

### आमदी से पहुंचे एक्सपर्ट ने किया रेस्क्यू

ग्रामीण रितेश साहू ने बताया कि यह नाग सांप किसी को कोई नुकसान न पहुंचाये, ऐसे मे उक्त सांप को घर से बाहर निकालने के लिए घंटो देर तक मशक्कत की गई, लेकिन सफलता नहीं मिली, जिसके बाद तत्काल ग्रामीणों द्वारा धमतरी जिले के ग्राम आमदी निवासी एवं सांपों को पकड़ने वाले एक्सपर्ट नंदकुमार साहू को बुलाया गया, जहां सुरक्षित तरीके से रेस्क्यू कर उक्त सांप को प्लास्टिक बोरी में भरकर जंगल में छोड़ दिया। बता दे कि कुछ दिन पहले ग्राम धानापुरी के पास खेत में 10 फीट का विशाल काय अजगर सांप मिला था, इसके अलावा यहां एक रेड स्नेक का भी ट्यूबवेल में घुसते हुए वीडियो वायरल हुआ था।

# पार्षद अमित छाबड़ा ने विधानसभा अध्यक्ष व उपमुख्यमंत्री का किया स्वागत

**डोंगरगढ** 1 जुलाई (देशबन्धु)। विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन करने पहुंचे विधानसभा अध्यक्ष व उप मुख्यमंत्री अरुण साव का वरिष्ठ पार्षद अमित छाबड़ा ने स्वागत कर वार्ड की विभिन्न समस्याओं से उन्हें अवगत कराया ।विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम में आमंत्रण मिलने पर आभार व्यक्त करते हुए वार्ड क्रमांक 13 के पार्षद छाबड़ा ने कहा कि, वे वार्ड सहित क्षेत्रवासियों की ओर से क्षेत्र के विकास में अहम योगदान दे रहे माँ बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति द्वारा माँ बम्लेश्वरी की पावन नगरी में स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में ऐतिहासिक कदम उठाया है। इस अस्पताल के उद्घाटन से न केवल डोंगरगढ़ बल्कि आस-पास के ग्रामीण अंचलों को भी सुलभ एवं बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ प्राप्त होंगी ।साथ ही, श्री छाबड़ा ने माँ बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति का आभार व्यक्त किया है कि ट्रस्ट ने हमेशा सामाजिक सरोकार, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सेवा के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाई है। ऐसे उल्लेखनीय कार्यों से डोंगरगढ़ की धार्मिक, सामाजिक एवं विकास की छवि और अधिक सशक्त होती है।



# दुल्लापुर में नवीन राशन दुकान का विक्रांत सिंह ने किया उद्घाटन

- ग्रामीणों ने जिपं. उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह का जताया आभार



**खैरागढ़** 1 जुलाई (देशबन्धु)। ब्लॉक के ग्राम सोनपुरी के आश्रित ग्राम दुल्लापुर में नवीन राशन दुकान का उद्घाटन जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह के करकमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर गाँव में उत्सव जैसा माहौल रहा और बड़ी संख्या में ग्रामीण कार्यक्रम में उपस्थित हुए। दुल्लापुर के ग्रामीणों ने लंबे समय से अपने गाँव में राशन दुकान खोले जाने की मांग की थी, जिसे गंभीरता से लेते हुए विक्रांत सिंह ने इस दिशा में पहल की और अंततः ग्रामवासियों को यह सुविधा उपलब्ध कराई गई। अब ग्रामीणों को राशन लेने के लिए दूसरे गाँव नहीं जाना पड़ेगा, जिससे समय और संसाधनों की बचत होगी। ग्रामीणों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए उन्हें तीन महीने का राशन एकमुश्त मिलने की व्यवस्था की गई है, जो अत्यंत सराहनीय है। ग्रामीणों ने कहा कि पहले उन्हें राशन के लिए दूर-दराज के गाँवों में जाना पड़ता था, जिससे समय की काफी बर्बादी होती थी, लेकिन अब अपने ही गाँव में यह सुविधा मिलने से उन्हें राहत मिली है।

इस कार्यक्रम में हरप्रसाद वर्मा, नरेश कुर्रे, देवकुमार सेन, सीमा गुणेश वर्मा, पुनिता वर्मा, गोपी वर्मा सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे। सभी ने जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह का आभार प्रकट करते हुए उन्हें ग्रामीण हितों के प्रति संवेदनशील और जनसेवक बताया। इस कदम से ना सिर्फ दुल्लापुर के लोगों को सीधा लाभ मिलेगा, बल्कि यह ग्रामीण क्षेत्र के विकास की दिशा में एक सशक्त प्रयास के रूप में भी देखा जा रहा है।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत किशोरी बालिकाओं को आत्मरक्षा व ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण प्रारंभ

**बेमेतरा** 1 जुलाई ।महिला एवं बाल विकास विभाग बेमेतरा द्वारा 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' योजना अंतर्गत बालिकाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने के उद्देश्य से शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कुसमी, परियोजना-बेरला में आत्मरक्षा प्रशिक्षण एवं नगर पंचायत भिंभौरी में ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया। यह कार्यक्रम कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री चन्द्रवेश सिंह सिसोदिया के निर्देशन तथा महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्री सी.पी. शर्मा के मार्गदर्शन में संचालित हो रहा है। एक माह की अवधि वाले आत्मरक्षा प्रशिक्षण में द वर्सी मार्शियल आर्ट्स एंड सेल्फ डिफेन्स अकादमी बेमेतरा के मास्टर ट्रेनर भानू प्रताप द्वारा किशोरी बालिकाओं को आत्मरक्षा की तकनीकें सिखाई जा रही हैं, जिससे उनका आत्मविश्वास भी सशक्त हो रहा है। साथ ही, भिंभौरी में 15 दिवसीय नि:शुल्क ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण का शुभारंभ भी किया गया है, जिससे बालिकाएं स्वावलंबी बन सकें। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना से की गई। इस अवसर पर बेरला परियोजना अधिकारी डॉ. विद्यानंद बोरकर, जिला मिशन समन्वयक श्री राजीव कुमार वर्मा, सेक्टर पर्यवेक्षक श्रीमती रश्मि वर्मा, जेंडर विशेषज्ञ श्रीमती सेवन्तिका साहू, शासकीय विद्यालय के व्यायाम शिक्षक एवं स्थानीय आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# खमतराई में हुआ रक्तदान शिविर

- युवाओं ने बढ़ चढ़कर किया रक्त दान



**खैरागढ़** 1 जुलाई (देशबन्धु)। = रथयात्रा के पावन अवसर पर छात्र युवा मंच एवं ग्रामवासियों के तत्वाधान में ग्राम खमतराई में रक्तदान शिविर का आयोजन संपन्न हुआ। छात्र युवा मंच के 115 वें रक्तदान शिविर में छात्रों, शिक्षकों, ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। इस शिविर में 72 लोगों ने रक्तदान कर अपनी मानवता और दानशीलता का परिचय दिया। बालाजी ब्लडबैंक की देखरेख में रक्तदान प्रक्रिया पूरी की गई। रक्तदान करने से पहले सभी रक्तदाताओं का स्वास्थ्य प्रीक्षण किया गया जिसमें रक्तचाप, हीमोग्लोबिन स्तर सहित अन्य आवश्यक प्रक्रिया पूरी की गई। इस शिविर के प्रेरणास्त्रोत पूर्व विधायक कोमल जंघेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, जिला पंचायत सदस्य दिनेश वर्मा, समाजसेवी एवं ग्राम प्रमुख भूखन जंघेल, भाजपा नेता गोरेलाल वर्मा, हर्षवर्धन वर्मा, छात्र युवा मंच के संयोजक रक्तवीर नागेश यदु, मदन साहू व डॉ. शरद वैष्णव आदि उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने में मार्गदर्शक के रूप में ग्राम पंचायत दिलीपपुर की सरपंच देवकी वर्मा, उपसरपंच राजेश जंघेल, राधेश्याम जंघेल व्याख्याता, सुभाष गहरवार, संदीप जंघेल, सुमित यादव, पंकज वर्मा, सत्यम जंघेल व आदित्य जंघेल का विशेष सहयोग रहा। रक्तदान की इस अमूल्य पहल को जन - जन में विस्तारित करने का अहम लक्ष्य को लेकर इस आयोजन को ग्राम खमतराई में आयोजित करने का सफल प्रयास करने में छात्र युवा मंच के शहर अध्यक्ष साहिल जंघेल, आदर्श यादव महामंत्री, खेमचंद साहू जिला प्रमुख व योगेश जंघेल प्रदेश मंत्री का विशेष प्रयास रहा।

# शाला प्रवेश उत्सव में शामिल हुए विधायक दीपेश साहू



**बेमेतरा** 1 जुलाई (देशबन्धु)। जिले के शासकीय प्राथमिक शाला, कंतेली में आज प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बेमेतरा विधायक दीपेश साहू शामिल हुए ।कार्यक्रम की शुरुआत विधायक श्री साहू ने माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना कर की। इसके पश्चात नवप्रवेशी बच्चों का गुलाल लगाकर व मिठाई खिलाकर आत्मीय स्वागत किया गया। इस दौरान बच्चों को निशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण भी किया गया। विधायक श्री साहू ने इस विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा शिक्षा केवल ज्ञान का साधन नहीं है, बल्कि आत्मबल, संस्कार और आत्मनिर्भरता की नींव है। गाँव का हर बच्चा पढ़े और आगे बढ़े, यह हमारी परम्परा है ।ज्ज्गांव की बेटियां और बेटे जब किताबों के पन्ने पलटते हैं, तो एक समृद्ध भारत की नींव बनती है ।ज्ज्उन्होंने शिक्षकों और पालकों से अनुरोध किया कि बच्चों को शिक्षा से जोड़ने की यह पहल तभी सफल होगी जब घर और विद्यालय दोनों मिलकर प्रयास करें ।कार्यक्रम के दौरान नन्हे-मुन्ने बच्चों की आँखों में नया जोश देखने को मिला विधायक साहू ने बच्चों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेल भी बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। खेल से बच्चों का मानसिक और शारीरिक विकास होता है। विद्यालयों में पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद व सांस्कृतिक गतिविधियों को भी विशेष महत्व दिया जाना चाहिए ।ज्ज्उन्होंने कहा कि यदि खेल सामग्री या किसी अन्य आवश्यक सुविधा की आवश्यकता हो, तो विधायक कार्यालय से सीधे संपर्क करें। बच्चों के भविष्य को संवारने हेतु हरसंभव सहयोग किया जाएगा ।विधायक साहू ने मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता एवं शिक्षण व्यवस्था की भी जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस अवसर पर कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के सरपंच महावीर वर्मा, रेवा राम निषाद, धर्मेंद्र साहू, उप-सरपंच नीलू का, चम्पेश्वर वर्मा, परस वैष्णव, कंतेली सोसायटी अध्यक्ष भागीरथी साहू, टोप सिंह वर्मा, ओम नारायण वर्मा, यशवंत वर्मा, देवेन्द्र वर्मा, दुर्गेश चौहान, अर्जुन साहू, रत्नु सेन स्कुल के शिक्षक शिक्षिका छात्र छात्राएं सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# न्यायाधीश ने बच्चों को किया जागरूक




**गुरुर** 1 जुलाई (देशबन्धु)। पीएम श्री स्वामी आत्मानंद स्कूल हिंदी मीडियम कन्या शाला गुरुर में न्यायाधीश भारती कुलदीप ने बच्चों को गुड टच-बेड टच के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बच्चों से पूछा कि आप लंबी दूरी से स्कूल आते हो? अगर आप स्कूटी में आते हैं तो स्कूटी में हमें किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए,, हमें हेलमेट लगाना चाहिए,,, यातायात के नियमों का पालन करना चाहिए। इन सभी चीजों के बारे में उन्होंने बच्चों को जागरूक किया। मौके पर स्कूली बच्चों ने न्यायाधीश से कई तरह के सवाल भी किया, जिसका न्यायाधीश ने जवाब देकर बच्चों का मनोबल बढ़ाया। इस दौरान शिक्षक व बच्चे उपस्थित थे।

# विधायक दीपेश साहू ने अमरूद का पौधा लगाकर दिया पर्यावरण सरंक्षण का संदेश

**बेमेतरा** 1 जुलाई देशबन्धु। बेमेतरा ज़िले की ग्राम पंचायत कंतेली की ओर से आज च्च्एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक दीपेश साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत में विधायक साहू ने अमरूद का पौधा रोपित कर हरियाली को अपनाने और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा,मां और प्रकृति का रिश्ता बेहद आत्मिक होता है — मां जीवन देती है, और पेड़ स्वच्छ हवा, फल और छाया देकर हमारे जीवन को सुरक्षित बनाते हैं। यह अभियान बच्चों के भविष्य को सुरक्षित, हरा-भरा और स्वास्थ्यप्रद बनाने की दिशा में एक सार्थक पहल है। विधायक दीपेश साहू ने यह भी कहा कि राज्य सरकार द्वारा चलाया जा रहा यह अभियान केवल वृक्षारोपण तक सीमित नहीं है, बल्कि जल संरक्षण और पर्यावरणीय चेतना को जन आंदोलन में बदलने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने ग्रामीणजनों से अपील की कि वे इस अभियान से जुड़ें और अधिक से अधिक पौधारोपण कर धरती को हरा-भरा बनाने में योगदान दें।



इस अवसर पर कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के सरपंच महावीर वर्मा, रेवा राम निषाद, धर्मेंद्र साहू, उप-सरपंच नीलू का, चम्पेश्वर वर्मा, परस वैष्णव, कंतेली सोसायटी अध्यक्ष भागीरथी साहू, टोप सिंह वर्मा, ओम नारायण वर्मा, यशवंत वर्मा, देवेन्द्र वर्मा, दुर्गेश चौहान, अर्जुन साहू, रत्नु सेन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# स्टेट बैंक के स्थापना दिवस पर पौधारोपण किया गया



**पंडरिया** 1 जुलाई (देशबन्धु)। स्टेट बैंक के स्थापना दिवस के अवसर पर मंडी परिसर मे शाखा प्रबंधक एवं पैनल अधिवक्ता द्वारा पौधारोपण किया गया जिसमे प्रमुख रुप से शाखाप्रबंधक गोविन्द गुप्ता, पैनल अधिवक्ता भास्कर देवांगन, पर्यावरण संरक्षक गोविन्द रजक फेमस कृषक अशोक चंद्रवंशी, बैंक बी सी विवेक श्रीवास्तव, राकेश निर्मलकर एवं खेलु निषाद उपस्थित रहे।

# सांसद प्रतिनिधि बोले- शतरंज जीवन की रणनीति सिखाता है

**खैरागढ़** 1 जुलाई (देशबन्धु)। जिला शतरंज संघ के बैनर तले जिले में पहली बार भव्य स्तर पर शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शनिवार को हुए शुभारंभ कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि भागवत शरण सिंह ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि शतरंज केवल एक खेल नहीं, बल्कि जीवन में धैर्य, दूरदर्शिता और रणनीति का पाठ पढ़ाने वाला साधन है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों और युवाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। आने वाले समय में दुर्ग जिले से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के शतरंज खिलाड़ी निकलेंगे, यही उम्मीद है। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला भाजयुमो अध्यक्ष आयश सिंह ने की, जबकि संचालन वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी अनुराग तुरे ने किया। मंच पर मंडल भाजपा महामंत्री ऋषभ सिंह, बजरंग दल के सह संयोजक उत्तम दशरिया, जिला शतरंज संघ दुर्ग के हरीश सिंह, संघ के प्रमुख सद्दाम हुसैन, वरिष्ठ पत्रकार एवं संघ सदस्य यतेंद्रजीत सिंह, जाहिद अली सहित संस्था के प्राचार्य भी मौजूद रहे। दुर्ग जिला शतरंज संघ के अधिकारियों ने बताया कि इस प्रतियोगिता का मकसद जिले में शतरंज जैसे बौद्धिक खेल को बढ़ावा देना है, ताकि युवा मानसिक रूप से भी मजबूत बनें। बड़ी संख्या में पहुंचे खिलाड़ियों ने अपने मैच खेलकर दर्शकों को प्रभावित किया। आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता के अंत में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया और आगे भी इसी तरह के नियमित आयोजन कर जिले की प्रतिभाओं को अवसर दिए जाएंगे।



# बोलेरो वाहन से कुचल कर हत्या करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**बेमेतरा,** 1 जुलाई (देशबन्धु)। प्रार्थी शंकर लाल यादव, निवासी वार्ड क्रमांक 13, साजा ने थाना साजा में रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 29.06.2025 के रात्रि करीबन 08 बजे वह व मृतक रतनू नेताम दोनो वार्ड नं. 13 साजा तालाब पचरी में शराब पीने बैठे थे कि उसी समय मालवेन्द्र बनर्जी पहुंचकर तुम लोग मेरे घर धान ओसाई का काम किए हो जिसका मजदुरी का पैसा को बार-बार मांगते हो और लोगो को बताकर मेरे बेईज्जती करते हो, मालवेन्द्र बनर्जी मजदूरी के पैसों की बात पर गाली-गलौच कर जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से चला गया। थोड़ी देर बाद जब वे तीनों ङ्क शंकर, रतनू एवं नरेश निषाद ङ्क पैदल शराब पीने शराब भट्ठी की ओर जा रहे थे, तभी मालवेन्द्र बनर्जी ने अपने बोलेरो वाहन क्रमांक ष्ट्र 25 2246 को तेज रफ्तार एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए तीनों को पीछे से टक्कर मार दी। जिससे शंकर लाल यादव रोड के दाहिने, नरेश निषाद बांया तरफ फेंका गये और रतनू नेताम रोड में गिर




पड़ा, रतनू नेताम के ऊपर बोलेरो वाहन से दो-तीन बार आगे पीछे कर कुचल कर हत्या कर दी। तथा मौके से फरार हो गया। कि रिपोर्ट पर थाना साजा में आरोपी के विरूद्ध धारा 103 (1), 109 (1), बीएनएस, 183 मोटर व्हीकल एक्ट, अपराध सदर कायम कर विवेचना में लिया गया।

घटना की जानकारी मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बेमेतरा श्री रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) के निर्देशानुसार अति. पुलिस अधीक्षक श्रीमती ज्योति सिंह एवं एसडीओपी बेरला श्री विनय कुमार के मार्गदर्शन में निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा, थाना साजा प्रभारी उप निरीक्षक राकेश साहू व थाना स्टाफ द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

विवेचना के दौरान सफेद रंग का बोलेरो क्रमांक ष्ट्र 25 2246 का चालक आरोपी मालवेन्द्र बनर्जी निवासी वार्ड नं. 13 साजा थाना साजा जिला बेमेतरा को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार किया।

आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त बोलेरो वाहन एवं अन्य साक्ष्य जब्त किए गए हैं।

आरोपी मालवेन्द्र बनर्जी पिता वासुदेव बनर्जी उम्र 26 वर्ष, निवासी वार्ड नं. 13 साजा थाना साजा जिला बेमेतरा को आज दिनांक 30.06.2025 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा हैं।

इस कार्रवाई में निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा, थाना प्रभारी, साजा उप निरीक्षक राकेश साहू, सउनि बनवाली लाल सोनकर, प्रधान आरक्षक विजेन्द्र सिंह, पवन सिंह, चंद्रशेखर सिंह, राजपूत, फागेश्वर देशमुख, आरक्षक रामानुज जायसवाल, राजू यादव, अर्जून ध्रुर्वे, एवं अन्य स्टाफ की की सराहनीय भूमिका रही।

# नान के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव के प्रथम शहर आगमन पर स्वागत

**बेमेतरा,** 1 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ नागरिक आपूर्ति निगम के नवनियुक्त अध्यक्ष एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव के प्रथम बेमेतरा आगमन पर भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। मंगलवार को श्रीवास्तव जैसे ही बेमेतरा पहुँचे, कार्यकर्ताओं ने नेशनल हाईवे एवं रेस्ट हाउस परिसर में पारंपरिक तरीके से उनका अभिनंदन किया। ढोल-ताशों और नारों के साथ स्वागत करते हुए कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला। स्वागत कार्यक्रम में जिले भर से भाजपा के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



■ भाजपा प्रदेश महामंत्री और नागरिक आपूर्ति निगम अध्यक्ष का हुआ आत्मीय अभिनंदन

संजय श्रीवास्तव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा एक विचारधारा आधारित पार्टी है, जहाँ कार्यकर्ता ही सबसे बड़ा आधार हैं। उन्होंने कहा कि संगठन के हर स्तर पर समन्वय और पारदर्शिता ज़रूरी है, तभी सरकार की योजनाएं सही मायनों में आमजन तक पहुँच सकती हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में चल रही योजनाओं का ज़िक्र करते हुए कहा कि गरीब कल्याण अन्न योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना और मुख्यमंत्री खाद्यान्न योजना जैसे कार्यक्रमों को बेहतर क्रियान्वयन के माध्यम से हर ज़रूरतमंद तक पहुँचाना हमारी ज़िम्मेदारी है। कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए उन्होंने कहा कि अब हर बूथ को मज़बूत करने की दिशा में संगठित प्रयास ज़रूरी है।

स्वागत करने वालों में इनकी रही उपस्थिति- विधायक साजा ईश्वर साहू, जिला व्यापारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष दिलीप माहेश्वरी (बंटी चाचा) शहर भाजपा अध्यक्ष युगल देवांगन, पार्षद गौरव साहू, राजू देवांगन, शिव साहू, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष योगेश वर्मा, रिंकू साहू, नीरज चांडक, दीपक मोटवानी, शिवम् तिवारी, राजेंद्र खुराना, संदीप यादव, पार्षद निखिल साहू, मोंटी साहू, धर्मेंद्र साहू, गोल्डी वर्मा, गिरीश गभेल, आकाश रोहरा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शिक्षक हटाने जनदर्शन में आवेदन सौंपा

**बालोद,** 1 जुलाई (देशबन्धु)। जिले के रेवती नवागांव के सैकड़ों ग्रामीणों ने अपने गांव की प्राथमिक शाला में पदस्थ एक शिक्षक को हटाने की मांग को लेकर सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर जनदर्शन में आवेदन सौंपा। ग्रामीणों का आरोप है कि शिक्षक दिनेश सिन्हा का व्यवहार न केवल बच्चों बल्कि अन्य शिक्षकों और स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों के साथ भी अशोभनीय है जिससे स्कूल का माहौल पूरी तरह बिगड़ गया है। ग्रामीणों का कहना है कि दिनेश सिन्हा जब से स्कूल में पदस्थ हुए हैं तब से विद्यालय में अनुशासन नाम की कोई चीज़ नहीं रही। वे आए दिन अन्य शिक्षकों से वाद.विवाद करते रहते हैं। स्कूल प्रबंधन समिति और ग्रामवासियों के साथ भी उनका व्यवहार बेहद असहज और अपमानजनक रहता है। ग्रामीणों ने बताया कि स्कूली बच्चे शिक्षक के रवैये से डरे.सहमे रहते हैं जिससे पढ़ाई पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। ग्रामीणों ने जानकारी दी कि इससे पहले भी उन्होंने सुशासन तिहार के दौरान इसी विषय में शिकायत दर्ज कराई थी और शिक्षक को हटाने की मांग रखी थी। लेकिन उनकी बात को गंभीरता से नहीं लिया गया और न ही कोई ठोस कार्रवाई की गई। इसीलिए अब वे कलेक्टर जनदर्शन के ज़रिए अपनी बात फिर से प्रशासन तक पहुँचा रहे हैं। जनदर्शन में पहुंचे ग्रामीणों ने कलेक्टर से शिक्षक



दिनेश सिन्हा को हटाकर किसी दूसरे योग्य और अनुशासित शिक्षक की पदस्थापना की मांग की है ताकि बच्चों की शिक्षा बाधित न हो और स्कूल का वातावरण सामान्य हो सके।

उपसरपंच इंद्रजीत नागवंशी ने कहा कि हम ग्रामवासी बहुत परेशान हैं। स्कूल में बच्चों की पढ़ाई बुरी तरह से प्रभावित हो रही है। शिक्षक का व्यवहार सबके साथ ठीक नहीं है। हमने पहले भी शिकायत की थी लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। अब जनदर्शन में आए हैं कि हमारी बात ऊपर तक पहुंचे। स्कूल में हर दिन विवाद का माहौल बना रहता है। बच्चों से दुर्व्यवहार सहकर्मियों से बहस और समिति को अपमानित करना ये रोज़ की बात हो गई है। हम चाहते हैं कि इस शिक्षक को तत्काल हटाकर कोई जिम्मेदार और शांत स्वभाव का शिक्षक नियुक्त किया जाए। यह मामला ऐसे समय सामने आया है जब बालोद जिले के अन्य कई स्कूलों में शिक्षकों की कमी को लेकर तालाबंदी और विरोध प्रदर्शन की खबरें सुर्खियों में रही हैं। लेकिन रेवती नवागांव का यह मामला एक अलग तस्वीर पेश करता है जहाँ शिक्षक की उपलब्धता नहीं बल्कि शिक्षक का व्यवहार समस्या का कारण है। अब यह देखना होगा कि जिला प्रशासन ग्रामीणों की इस गंभीर मांग पर क्या कदम उठाता है। जनदर्शन में शिकायत दर्ज हो चुकी है लेकिन ग्रामीणों को उम्मीद है कि इस बार उनकी बात अनसुनी नहीं की जाएगी।

# विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव विधायक सहित जन प्रतिनिधि हुए शामिल

**थानखम्हरिया,** 1 जुलाई (देशबन्धु)। विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव में ग्राम गोपालपुर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम धूमधाम, हर्षोल्लाह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि साजा विधायक ईश्वर साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। अध्यक्षता जनपद पंचायत साजा जितेंद्र साहू, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती प्रीति गोविंद पटेल, मंडल महामंत्री राजेश ठाकुर, पूर्व एल्डरमैन अनिल सिंघानिया, भाजपा नेता ज्वाला सिंह राजपूत, जन भागीदारी महाविद्यालय समिति अध्यक्ष लोकुराम साहू, कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर, पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। शासकीय प्रबंधन एवं विकास समिति हाई स्कूल गोपालपुर अध्यक्ष दौलत नाथ योगी, सरपंच श्री मति गीता रामजी चंद्राकर ने मांग पत्र रखा। व समस्याओं से अवगत कराया। खंड शिक्षा अधिकारी, शिक्षक, शिक्षिकाओं ने पुष्प गुच्छ, बैच लगाकर अतिथियों का स्वागत किया। छात्रओ के द्वारा स्वागत गीत गाया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। पश्चात अतिथियों के हाथों छात्राओं को सरस्वती




सायकल योजना के अंतर्गत सायकल वितरण करते हुए, नव प्रवेशी बच्चों के मुंह मीठा करा कर पुस्तक, ड्रेस वितरण किया गया। इस अवसर पर विधायक ईश्वर साहू ने अपने संबोधन में कहां मुख्यमंत्री विष्णु देव साय शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने संकल्पित है। आगे उन्होंने गुरुजनों का आदर करने की बात कही। आज के बदलते परिवेश में अंग्रेजी माध्यम से बच्चों को शिक्षित करना निदान जरूरी है। अब गरीबों के बच्चे सर्व सुविधा युक्त स्कूल में शिक्षा का सकते हैं। मंडल महामंत्री राजेश ठाकुर ने अपने संबोधन में बच्चों को अनुशासन पालन करने की बात कही। आगे आपके द्वारा केंद्र राज्य के द्वारा गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करने लगातार प्रयास किया जा रहा है। साथ ही बच्चों की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए, शिक्षा के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर निलेश चंद्रवंशी, हरि केडिया, सरपंच श्री मति गीता रामजी चंद्राकर, चंद्रशेखर राजपूत, आदर्श जोशी, राजकुमार चंद्राकर, केदार साहु, चितरेन साहू, रोहित पटेल, पुरन कश्यप, मनोहर साहू, जगदीश वैष्णव, युवराज साहू, राजकुमार साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक ईश्वर साहू %आरूग% ने किया।

# बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने सुकन्या खाता खुलवा दिया उपहार

■ समाज सेवी ताराचंद माहेश्वरी का अभिनव पहल



**बेमेतरा,** 1 जुलाई (देशबन्धु)। समाजसेवी ताराचंद माहेश्वरी ने शासकीय प्राथमिक शाला भोईनाभाठा में शाला प्रवेश उत्सव पर नवप्रवेशी बालिकाओं को 10 से 12 कार में बैठा बैड बाजे के साथ शाला प्रवेश कराया जो गांव में आकर्षण का केंद्र बन गया। श्री ताराचंद माहेश्वरी ने बताया कि इसके पीछे बच्चों में शिक्षा के प्रति उत्साह भरना है। साथ ही उन्होंने उन सभी बालिकाओं का नजदीकी डाकघर के माध्यम से सुकन्या खाता खुलवा एक अभिनव पहल की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि इससे बच्चों के माता - पिता अपनी छोटी- छोटी बचत के माध्यम से उनका भविष्य बेहतर बना सकते है। इस अवसर पर श्री ताराचंद माहेश्वरी स्कूल बैग का भी वितरण किया।

कार्यक्रम में ब्लाक शिक्षा अधिकारी अरुण कुमार खरे ने कहा कि प्रवेश उत्सव से नवप्रवेशी बच्चों में भयमुक्त वातावरण मिलता है। इससे बच्चे उत्साहित होते है। उन्होंने शासन द्वारा दिए जा रहे नि:शुल्क गणवेश सहित पाठयपुस्तक का वितरण भी किया। ब्रह्मकुमारी शशि दीदी ने अपने संबोधन में स्कूल के बच्चों को शांत मन से पूरी लगन के साथ पढ़ने को कहा। लायंस क्लब ने इस अवसर बच्चों को पारितोषिक दे कर उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम उपरांत शाला परिसर में वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम में पार्षद नीतू कोठारी, सरपंच स्मृति ज्योति गायकवाड़, शारदा तिवारी, लायंस क्लब की अध्यक्ष श्रीमती राघव, प्रफुल्ल शर्मा, डॉ शिवेंद्र त्रिपाठी, रामानंद त्रिपाठी, नंदलाल शर्मा, घनश्याम अग्रवाल, विनोद राघव, संतोष चांडक, सौरभ तिवारी शाला की प्रधान पाठिका श्रीमती प्रतिमा देशलहरे, शिक्षिका कल्पना सोनी, रंजना ठाकुर, शबनम खान, आरती पाण्डेय, ब्रजेश शर्मा, दिग्विजय धृतलहरें सहित बड़ी संख्या में पालक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# कृषि व्यापारी संघ ने बैठक आयोजित की

**बेमेतरा,** 1 जुलाई (देशबन्धु)। जिला कृषि व्यापारी संघ बेमेतरा की वार्षिक बैठक किंग महल होटल बेमेतरा में संपन्न हुई ।जिसमें व्यापारी संघ के पदाधिकारी और जिले भर से कृषि व्यापारी सम्मिलित हुए ।छत्तीसगढ़ इनपुट डीलर असोसिएशन की तरफ से अशोक असरानी बैठक में उपस्थित रहे।



बैठक में कृषि व्यापार में आने वाली बाधाओं के निराकरण, व्यापारी संगठन को मजबूत करने, सहित सभी मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। ।चर्चा में प्रमुखता से रासायनिक उर्वरक का मुद्दा और इसमें आ रही परेशानियों पर चर्चा की गई ।जिसमें प्रमुखता के साथ ये बात सामने आई कि पूरे देश में डी ए पी रासायनिक खाद की कमी है जो सर्वविदित है ।विगत दिनों छ ग् के कृषि मंत्री ने स्वयं कहा है कि डी ए पी की स्थान पर किसान एन पी के का प्रयोग करें ।व्यापारियों का मानना है कि वो केवल रिटेल में ट्रेडिंग का काम करते है ।जो भी परेशानियां आ रही है उसका मुख्य कारण निर्माता कंपनियां है ।अत: जो भी कार्यवाही होनी चाहिए वो निर्माता पर होनी चाहिए, न कि खुदरा व्यापारियों पर, ।सभी व्यापारियों ने एक स्वर में किसी भी तरह की अनियमितता को नकारते हुए, अपना पक्ष रखने का निर्णय लिया है ।मीडिया वालों से भी अनुरोध किया गया है कि एक पक्षीय समाचार प्रकाशित न करें तथा उनका भी पक्ष भी रखने का अवसर दिया जय तो बेहतर होगा ।यहां उल्लेखनीय है कि उर्वरक का 80 से 90 प्रतिशत भाग मार्कफेड के माध्यम से सेवा सहकारी समिति में जाता है, जबकि मात्र 10 प्रतिशत भाग ही कृषि व्यापारियों को दिया जाता है ।ऐसी स्थिति में सारा ठीकरा निजी व्यापारियों के सर फोड़ना न्यायोचित नहीं है ।कृषि व्यापार को आसान बनाने के लिए और जैसा कि सरकार की मंशा है, विशेष कर पीसी ऑनलाइन जोड़ने जैसे पेपर वर्क कम से कम हो सहित अन्य सुझावों तथा उसके क्रियान्वयन के लिए पहले डीडीए बेमेतरा और उसके बाद आगामी दिनों कृषि मंत्री छ ग् के से चर्चा का आसान बनाने भेंट करने का निर्णय लिया गया, जहां उन्हें ज्ञापन सौंपकर अपनी बात रखे जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में प्रमुख रूप से जिला कृषि व्यापारी संघ के अध्यक्ष सिद्दीक खान, मीडिया प्रभारी समीर टिकरिहा, संरक्षक ओमप्रकाश राठी, हर्षद जैन, संतोष माहेश्वरी, उपाध्यक्ष अश्वनी बंजारा, सचिव अर्पित गुप्ता, हुलास देवांगन, सोनू मेमन, सुमित केडिया, शिवा चंद्रवंशी, राजेश राठी, मिथिलेश साहू, सहित बड़ी संख्या में जिले भर से व्यापारी उपस्थित रहे।

# श्री कृष्णा बाल की लीला मन मोहक है: पं. अक्षय नारायण दुबे

**थानखम्हरिया,** 1 जुलाई (देशबन्धु)। शीतला मंदिर समिति भाटापारा एवं समस्त नगर वासियों के सहयोग से आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में कथा व्यास पं. अक्षय नारायण दुबे ने कथा के पांचवें दिन श्री कृष्णा बाल लीला, कालिया नाग मर्दन तथा पूजा का सुंदर चित्रण किया गया। कथा वाचक दुबे जी ने कहा कि भगवान की लीलाएं मानव जीवन के लिए प्रेरणादायक है। भगवान कृष्ण ने बचपन में अनेक लीलाएं की बालकृष्ण ने सभी का मन मोह लिया करते थे। नटखट स्वभाव के चलते यशोदा मां के पास उसकी हर रोज शिकायत आती थी। मां उन्हें कहती कि प्रतिदिन तुम माखन चुरा लिया करते हो। तो वह तुरंत मुंह खोलकर मां को दिखा दिया करते थे। कि मैं माखन नहीं खाया। आगे दुबे जी ने कहा, भगवान कृष्ण अपनी शखाओं और गोप गोपियों के साथ गोवर्धन पर्वत पर गए थे। यहां पर गोपीकाएं 56 प्रकार का भोजन रखकर नाच, गाने के साथ उत्सव मना रही थी। कृष्ण के पूछने पर उन्होंने बताया, कि आज के ही दिन देवों के स्वामी इंद्र का पूजन होता है। इंद्रज यज्ञ कहते हैं। इससे प्रसन्न होकर इंद्र देव वर्षा करते हैं। जिससे प्रचुर अन्य पैदा होता है। भगवान कृष्ण ने कहा कि इंद्र में क्या शक्ति है। उनसे अधिक शक्तिशाली तो हमारा गोवर्धन पर्वत है। इसके कारण ही वर्षा होती है। अत: हमें इंद्र से बलवान गोवर्धन की पूजा करनी चाहिए। बहुत विवाद के बाद श्री कृष्ण की यह बात मानी गई। और ब्रज में गोवर्धन पूजा की तैयारी शुरू की हो गई। इस दौरान श्रद्धालु भक्त मंत्र मुग्ध हो गए। इस अवसर पर सैकड़ो की संख्या में महिलाएं पुरुष उपस्थित थे।



# शाला प्रवेशोत्सव में शामिल हुई विधायक भावना बोहरा

■ नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर किया स्वागत
■ विद्यार्थियों की सुविधा हेतु शाला भवन एवं अतिरिक्त कक्ष का किया भूमिपूजन



**कवर्धा,** 1 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा छात्र-छात्राओं की शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने और राज्य में शिक्षा के क्षेत्र को सशक्त बनाने एवं शत-प्रतिशत बच्चों का विद्यालयों में नामांकन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के तहत मंगलवार को ग्राम महली में पंडरिया विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव में पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने सहभागिता की और नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर उनका स्वागत। इस दौरान उन्होंने बच्चों को गणवेश, पाठ्यपुस्तकें और सरस्वती सायकल योजना के तहत छात्राओं को सायकल वितरण कर उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने छात्र-छात्राओं से अपने विद्यार्थी जीवन के अनुभव साझा करते हुए उन्हें जीवन में शिक्षा के महत्व के बारे में बताया और उन्हें स्कूल आने तथा मन लगाकर पढ़ाई करने की बात कही। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन में शिक्षा का बहुत महत्व है। शिक्षा, ज्ञान, कौशल, और मूल्यों का विकास करती है, जो व्यक्ति को बेहतर जीवन जीने और समाज में सकारात्मक योगदान करने में मदद करती है। शिक्षा द्वारा हमें नैतिक मूल्यों, समाज सेवा की भावना, सामाजिक न्याय और समरसता के महत्व को समझने में मदद मिलती है। शिक्षित लोग समाज की समस्याओं के समाधान में योगदान करते हैं, सामाजिक बदलाव को प्रोत्साहित करते हैं, और समाज को एक नई दिशा देने में योगदान देते हैं। आप सभी इस देश की आने वाली युवा पीढ़ी हैं और आपके कंधो पर ही देश की प्रगति टिकी हुई है। आज आप सभी विद्यार्थी इस विद्यालय से शिक्षा ग्रहण करके अपने उज्ज्वल भविष्य की राह पर अग्रसर होंगे। यह नया सत्र आपको अपने लक्ष्यों और जीवन के उद्देश्यों को पूरा करने की एक सीढ़ी है जिसके माध्यम से आने वाले समय में आप सभी विभिन्न क्षेत्रों में सफलता प्राप्त करके अपने गाँव, शहर, प्रदेश, नगर और माता-पिता एवं हम सभी का नाम रोशन करेंगे।

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की डबल इंजन भाजपा सरकार मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किये जा रहें हैं। विगत डेढ़ वर्षों में प्रदेश में छात्रों के समग्र विकास को बढ़ावा देने के साथ शिक्षा स्तर में सुधार के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हुआ है। केद्र सरकार द्वारा नई एजुकेशन पॉलिसी को पूर्ण रूप से लागू करके शिक्षा को रोजगार के साथ जोड़ने के उद्देश्य से विद्यार्थियों को आवश्यक कौशल व ज्ञान के साथ युवाओं को बेहतर शिक्षा प्रदान कर उनका उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित करने की दिशा में सराहनीय कदम है। आज समग्र शिक्षा योजना के तहत स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ ही सुविधाओं का भी निरंतर विस्तार हो रहा है।

पीएम श्री स्कूल के माध्यम से 211 स्कूलों को स्मार्ट क्लासरूम, लैब, और डिजिटल संसाधनों से अपग्रेड किया जा रहा है। बिलासपुर में 100 करोड़ रुपये की लागत से 13 एकड़ में एजुकेशन सिटी का निर्माण किया जा रहा है, जिसमें आधुनिक शैक्षिक सुविधाएँ होंगी। स्कूलों में शिक्षकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए 5500 से अधिक शिक्षकों की भर्ती की जा रही है साथ ही 2600 से अधिक बीएड धारी शिक्षकों की बहाली और व्यापम के माध्यम से भी नई भर्तियाँ की जा रही है ताकि छात्र-छात्राओं को लाभ मिल रहा है। स्कूलों का उन्नयन, नए कक्ष एवं भवनों का निर्माण, बच्चों को मिड-डे मील के तहत पौष्टिक आहार छात्रवृत्ति, छात्राओं को स्कूल आने-जाने हेतु सायकल वितरण जैसे कई सराहनीय प्रयासों से आज छत्तीसगढ़ में शिक्षा का स्टार सुधरा है एवं सुविधाएँ सुदृढ़ हुई हैं जिसका सीधा लाभ छात्र-छात्राओं को मिल रहा है।

# खाती स्कूल में शिक्षकों की कमी को लेकर विद्यार्थियों का धरना, गेट में जड़ा ताला

**थानखम्हरिया,** 1 जुलाई (देशबन्धु)। बेमेतरा जिले के साजा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खाती में शिक्षकों की कमी को लेकर मिडिल और हाईस्कूल के छात्र-छात्राओं ने बड़ा कदम उठाते हुए स्कूल के मुख्य द्वार में ताला जड़ दिया और सड़क किनारे धरना प्रदर्शन पर बैठ गए। अंग्रेजी और रसायन जैसे प्रमुख विषयों के शिक्षकों के लगातार रिक्त रहने से नाराज विद्यार्थियों ने सोमवार सुबह 'हमें शिक्षक चाहिए' के नारे लगाते हुए प्रदर्शन शुरू किया।




इस खबर के फैलते ही प्रशासन में हलचल मच गई। मौके पर तहसीलदार प्रदीप तिवारी, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. कमल कपूर बंजारे, बीईओ निलेश चंद्रवंशी व पुलिस बल मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने विद्यार्थियों को समझाइश दी और जल्द ही शिक्षकों की नियुक्ति का आश्वासन दिया, लेकिन छात्र-छात्राएं अपनी मांगों पर अड़े रहे।

**डीईओ की गाड़ी के सामने बैठ गए छात्र**

जब जिला शिक्षा अधिकारी लौटने लगे, तब विद्यार्थियों ने उनकी गाड़ी को घेर लिया और ज़ोरदार नारेबाजी करते हुए शिक्षक नियुक्ति की दो-टूक मांग रखी। उन्होंने कहा कि जब तक अंग्रेजी और रसायन विषय के शिक्षक नियुक्त नहीं किए जाते, स्कूल में तालाबंदी जारी रहेगी।

जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. कमल कपूर बंजारे ने कहा कि दो विषयों के शिक्षकों की कमी है, जिन्हें शीघ्र भरने जिसकी व्यवस्था करेंगे। छात्रों को समझाने की कोशिश की गई है, लेकिन वे तत्काल शिक्षक नियुक्ति की मांग पर अड़े हुए हैं।

**सरकार की योजना, ज़मीन पर अधूरी**

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा विद्यालयों में युक्तियुक्तकरण की नीति के अंतर्गत शिक्षा व्यवस्था बेहतर करने के प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन खाती जैसे ग्रामीण अंचलों में अब भी शिक्षक उपलब्धता की गंभीर समस्या बनी हुई है।

# हिस्ट्रीशीटर कृष्णा उर्फ गोलू गुर्जर गिरफ्तार

- चीनू महाराज मोहड़ रेत कांड
- बंदूक, टेरर के दम पर अवैध रेत से करोड़ो बनाने का सपना देखने वाले लोगों की दिन ब दिन जेल में बढ़ रही है गिनती





**राजनांदगांव,** 1 जुलाई (देशबन्धु)। शहर से कुछ ही दूर ग्रामीण जनजीवन वाला वार्ड से लगी शिवनाथ नदी से अवैध तरीके से रेत निकालने जो गोली कांड हुआ उससे रेत और राजनीति की फिजा गर्म हो गई है। रेत निकालने पिस्तौल और अंतरराज्यीय पेशेवरों का सिंडिकेट ने राजनांदगांव जिले का नाम समूचे प्रदेश से निकलकर अन्य प्रदेशों तक चर्चा बनी हुई है। अवैध रेत निकालने रैम्प निर्माण के लिए जेसीबी चालक पहुँचा था। जिसे रोकने के लिए कुछ ग्रामीण घटना स्थल पर पहुचे जहां कार में सवार 7-8 लोग उतर कर ग्रामीणो से मारपीट करते हुए फायरिंग किये है कि रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर मे अपराध क्रमांक 257/2025 धारा 109(2), 191(2), 191(3), 190, 296, 115(2), 351(2) बीएनएस 25, 27 आर्मस एक्ट एवं मायनिंग एक्ट की धारा 21 कायम कर विवेचना मे लिया गया है।

इसी मामले में आज तीसरी बार पत्रकार वार्ता आहूत कर पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने बताया कि जल्द ही बचे हुए आरोपियों की घर पकड़ शीघ्र हो जाएगी मामले में सूक्ष्म जांच कर कार्यवाही की दिशा तय कर हर हाल में पुलिस जुड़े हुए लोगों को भी नहीं बख्शेगी पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में तथा नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बसंतपुर निरीक्षक एमन साहू, सायबर सेल प्रभारी निरीक्षक विनय पम्मार, थाना प्रभारी घुमका बसंत बघेल, सायबर सेल उप निरीक्षक कैलाश मरई एवं ओ.पी. चिखली प्रभारी उमेश बघेल की संयुक्त 05 टीम गठित कर आरोपी पतासाजी एवं उनकी शीघ्र गिरफ्तारी हेतु अलग-अलग जगह इनके विभिन्न ठिकाने उत्तर प्रदेश झॉसी, नागपुर, भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, भिण्ड, मुरैना आदि जगहों में दबिश दे रही थी। विवेचना के दौरान पूर्व में आरोपी जेसीबी चालक भगवति निषाद पिता परदेशी निषाद उम्र 49 साकिन ग्राम झोला थाना अंडा जिला दुर्ग, संजय रजक पिता शंकर लाल रजक उम्र 48 वर्ष साकिन मोहड़ जिला राजनांदगांव , अभिनव तिवारी पिता श्री केशर तिवारी उम्र 42 साल निवासी ग्राम सोमनी थाना सोमनी जिला राजनांदगांव ,अतुल सिंह तोमर पिता अमोल सिंह तोमर उम्र 24 साल निवासी गायत्री विहार कॉलोनी, पिन्टो पार्क मुरार ग्वालियर, जिला ग्वालियर (म0प्र0), जितेन्द्र नारौलिया पिता जवाहर शर्मा उम्र 30 साल निवासी सिंगपुर रोड, देसाई नगर मुरार ग्वालियर जिला ग्वालियर म0प्र0, अमन सिंह परिहार पिता सुनील सिंह परिहार उम्र 27 साल निवासी विजय नगर कॉलोनी, आमखो लक्सर, ग्वालियर जिला ग्वालियर म0प्र0 , अभय सिंह तोमर पिता अमोल सिंह तोमर उम्र 20 साल निवासी ग्राम घनैता थाना इंडोरी तहसील गोहद जिला भिण्ड म0प्र0 हाल पता गायत्री विहार कॉलोनी, पिन्टो पार्क मुरार ग्वालियर, जिला ग्वालियर (म0प्र0) को भोपाल को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जिला जेल राजनांदगांव भेजा गया है।

प्रकरण के विवेचना के दौरान प्रकरण के अन्य फरार आरोपी की पतासाजी गठित टीम द्वारा की जा रही थी कि घटना में संलिप्त आरोपी कृष्णा उर्फ गोलू गुर्जर उर्फ गोलू दनगस पिता हरेन्द्र गुर्जर उम्र 24 साल निवासी डी0डी0नगर शताब्दीपुरम थाना महराजपुर जिला ग्वालियर म0प्र0 को ग्वालियर से हिरासत में लेकर लाया गया। आरोपी से सख्ती से पूछताछ करने पर जुर्म कारित करना स्वीकार किया एवं

आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक देशी कट्टा एवं 01 नग जिंदा कारतूत तथा महिन्द्रा एक्स0 यू0 व्ही0 300- क्रमांक एम0पी0 33/सी/9084 जप्त *कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।मामले से जुड़े हुए संजय सिंह बघेल व अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु अलग-अलग टीम गठित कर सरगर्मी से पता तलाश किया जा रहा है।

आरोपी कृष्णा उर्फ गोलू गुर्जर उर्फ गोलू दनगस पिता हरेन्द्र गुर्जर उम्र 24 साल निवासी डी0डी0नगर शताब्दीपुरम थाना महराजपुर जिला ग्वालियर म0प्र0 आदतन बदमाश प्रवृत्ति का है, जिसके विरूद्व मध्यप्रदेश में पूर्व से निम्न अपराध पंजीबद्व है।

# बिहार चुनाव के लिए ऑब्जर्वर बनाए गए पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल

**राजनांदगांव** 1जून (देशबन्धु)। ऑल इंडिया कॉंग्रेस कमेटी की ओर से बिहार चुनाव के लिए 58 पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है। जिसमें अनेकों दिग्गजों को शामिल किया गया है छत्तीसगढ़ के 4 वरिष्ठ नेताओं को भी शामिल किया गया है। प्रदेश से भुवनेश्वर बघेल सहित पूर्व मंत्री अमरजीत भगत, बिलासपुर के पूर्व विधायक शैलेश पांडेय, पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर को एआईसीसी द्वारा बिहार चुनाव के लिए पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी दी गई है। बिहार चुनाव में संगठन की जीत के लिए ये सभी पर्यवेक्षक अलग अलग विधानसभा क्षेत्रों में जिला से बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे

पार्टी की जीत सुनिश्चित करने सभी को एकजुट करेंगे। पर्यवेक्षक बनाए जाने पर पूर्व विधायक भुवनेश्वर बघेल ने कहा कि बिहार चुनाव में कांग्रेस इस बार ताकतवर और बड़ी रणनीति के साथ चुनाव लड़ रहा है। वही कांग्रेस पार्टी महागठबंधन का हिस्सा भी है, ऐसे में पार्टी को मजबूत करने देश भर से 58 अनुभवी व वरिष्ठ नेताओं को पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी दी गई है। भुनेश्वर बघेल ने कहा कि शीघ्र ही वे बिहार के दौरे पर जाएंगे तथा अपने. अपने क्षेत्रों में संगठनात्मक समीक्षा कर पार्टी व कार्यकर्ताओं की मेहनत व लगन से कांग्रेस को न केवल स्थानीय स्तर पर मजबूत करेंगे, बल्कि महागठबंधन की साझा रणनीति को धरातल पर उतारेंगे। बिहार में अनुसूचित जाति वर्ग का अपना वोट बैंक है और भुवनेश्वर बघेल अनुसूचित जाति वर्ग के छत्तीसगढ़ के बड़े युवा चेहरे के रूप में लगातार सक्रिय रहते हैं, कांग्रेस की पिछली सरकार में अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष भी रह चुके हैं।

# डा .रमनसिंह शोक संवेदना व्यक्त करने लोहिया परिवार पहुंचे



**राजनांदगांव,** 1 जुलाई (देशबन्धु)। विधानसभा अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय विधायक डॉ. रमन सिंह आज अपने व्यस्त प्रवास से समय निकलकर भारतीय जनसंघ के वरिष्ठ नेता श्रद्धेय रामगोपाल लोहिया के कामठी लाइन स्थित निवास पहुंचे । ज्ञातव्य है कि गत शुक्रवार को लोहिया परिवार के विष्णु प्रसाद लोहिया की धर्मपत्नी श्रीमती मणि देवी लोहिया का देहावसान हो गया था ।

डॉ. सिंह ने लोहिया परिवार पहुंचकर श्रीमती मणि देवी लोहिया के तेलचित्र पर पुष्पांजली अर्पित की एवं शोक संतप्त परिवार से मिलकर सांत्वना व्यक्त की । इस दौरान प्रमुख रूप से संतोष लोहिया , अशोक लोहिया , अजय लोहिया , योगेश लोहिया , मुकेश लोहिया , महापौर मधुसूदन यादव , जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत , संतोष अग्रवाल , सचिन सिंह बघेल , सौरभ कोठारी , दिनेश गांधी राजेश शर्मा , प्रशांत अग्रवाल सहित अनेक नेता उपस्थित थे ।

# अवैध शराब व शराब की लत से संस्कारधानी हो रही कलंकित: कुलबीर

**राजनांदगांव,** 1 जुलाई (देशबन्धु)। संस्कारधानी शहर में लगातार अपराधिक घटनाएं बढ़ते ही जा रहा है जिसका मुख्य वजह अवैध शराब बिक्री विगत दिनों शहर के लखोली वार्ड में शराब को लेकर एक युवक द्वारा हत्या का मामला सामने आया था। शहर में अवैध शराब बिक्री के कारण चाकूबाजी, चोरी-डकैती, हत्या, लूट, शराबखोरी की घटनाएं बढ़ रही है जिससे माताएं, बहने, छोटे-बच्चे, वरिष्ठजन असुरक्षित महसूस कर रहे है, जिसको लेकर शहर कांग्रेस द्वारा 01 जुलाई मंगलवार को राज्यपाल के नाम कलेक्टर के माध्यम से एडीएम सीएल मारकंडे को ज्ञापन सौंपा।

सौंपे ज्ञापन में शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने बताया कि संस्कारधानी जहां लोग खुशी व अमन से रहते थे शांतिप्रिय जिले कहलाता था उस जिले में आज अवैध शराब पूरी तरह से भावी हो चुका है जिसमें खासकर युवा वर्ग इनके गिरफ्त में है। बसंतपुर, शंकरपुर, पुराना बस स्टैण्ड, सहित अन्य शहर अन्य क्षेत्रों में चाकूबाजी, चोरी-डकैती, हत्या, लूट, शराबखोरी की घटनाएं बढ़ रही है जिसके कारण माताएं, बहने, छोटे-बच्चे, वरिष्ठजन असुरक्षित महसूस कर रहे है, अवैध शराब बिक्री के कारण शहर में लगातार अपराध की घटनाएं बढ़ रही है। प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा के प्रभार जिला व छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डा.रमन सिंह के गृहजिले में अवैध शराब का कारोबार तेजी से फलफुल रहा है, भाजपा नेताओं के संरक्षण में आज हर-गली मोहल्लों में आसानी से अवैध शराब मिल रहा है। जिसके कारण माताएं, बहने अपने को असुरक्षित महसूस कर रही है, सरकारी कार्यालय भी सुरक्षित नहीं है। अवैध शराब व शराब की लत से संस्कारधानी कलंकित हो रही है। शराब के नशे में पुलिस वाले अपने साथी से ही मारपीट कर रहे है जो आज के समाचार पत्र में आया है। इसी तरह सुरगी ग्रामीण अंचल में अवैध शराब का कारोबार चरमसीमा में है, शराब के नशे में असामाजिक तत्वों द्वारा राहगीरों को रोककर मारपीट, लूट जैसी घटनाएं को अंजाम दे रही है। समय रहते इस पर अंकुश नहीं लगाया जाता है तो स्थिति भयवह हो सकती है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा शहर में प्रस्तावित नई शराब दुकानों के खोले जाने का जनहित मुद्दों को लेकर शहर कांग्रेस विरोध करती है और अवैध शराब बिक्री के कारण हो रही घटनाओं पर तत्काल अंकुश लगाते हुए शराब कोचियों व असामाजिक तत्वों पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की मांग करता है। जिसको लेकर माननीय राज्यपाल महोदय के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान प्रमुख रूप से संभागीय प्रवक्ता कमलजीत सिंह पिन्टू, नेताप्रतिपक्ष संतोष पिल्ले, पंकज बांधव, विवेक वासनिक, पार्षद सतीश मसीह, शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष विकास त्रिपाठी, महामंत्री झम्मन देवांगन, अमित चंद्रवशी, उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली, शरद खंडेलवाल, जितेन्द्र शर्मा, बबलू कसार, सुरेन्द्र देवांगन, अरशद खान, डा. कुमार, वीशू अजमानी, राहुल देवांगन, सुरेन्द्र गजभिए, नीलेश ठावरे, जितेन्द्र सिन्हा, तौसिफ गोरी, हिम्मत पवार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।



- गृहमंत्री व छग विधानसभा अध्यक्ष के जिले में भाजपानेताओं के संरक्षण में अवैध शराब का कारोबार फलफूल रहा है
- जनहित मुद्दों को लेकर शहर कांग्रेस ने राज्यपाल के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

# 1975 का आपातकाल लोकतंत्र एवं संविधान की हत्या का काला अध्याय: अनिल खोबरागड़े



**दल्लीराजहरा,** 1 जूलाई (देशबन्धु)। आज से 50 वर्ष पूर्व तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी द्वारा देश में आपातकाल की घोषणा किए जाने को अलोकतांत्रिक एवं तानाशाही पूर्ण निर्णय बताते हुए भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी अनिल खोबरागड़े ने कहा कि आजाद भारत में लोकतंत्र एवं संविधान की हत्या का काला अध्याय है आपातकाल। इसलिए प्रतिवर्ष 25 जून को इसे काला दिवस के रूप में याद किया जाता है ज्ञात हो कि देश में 1974 - 75 में कांग्रेस सरकार की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की तानाशाही, भ्रष्टाचार एवं अनियमितताओं के खिलाफ देश के लोगों में असंतोष एवं आक्रोश का माहौल व्याप्त हो गया था। जन भावनाओं को ध्यान में रखते हुए देश के गैर कांग्रेसी दलों, स्वयंसेवकों एवं छात्र युवाओं ने कांग्रेस के खिलाफ धरना प्रदर्शन एवं आंदोलन प्रारंभ कर दिया जिससे देश में स्थिरता फैल गई थी। इन घटनाओं से विचलित होकर तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 25 जून 1975 को देश में आपातकाल लगाकर स्वयंसेवकों एवं गैर कांग्रेसी नेताओं लोकनायक जयप्रकाश नारायण , मोरारजी भाई देसाई ,अटल बिहारी वाजपेई ,जॉर्ज फर्नांडीज ,अरुण जेटली, नीतीश कुमार, शरद यादव जैसे हजारों लोगों को जेल में बंद कर दिया था साथ ही अभिव्यक्ति की आजादी पर पाबंदी लगाते हुए मीडिया को प्रतिबंधित कर अखबार के दफ्तर में ताले लगा दिए गए थे। छत्तीसगढ़ प्रदेश में भी लोकतंत्र समर्थकों की बड़े पैमाने पर गिरफ्तारियां की गई थी। देश में ऐसे लोकतंत्र सेनानियों को मीसाबंदी के रूप में जाना जाता है। छत्तीसगढ़ प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह द्वारा अपने कार्यकाल में छत्तीसगढ़ में सत्यापित सूची के अनुसार ऐसे लगभग 320 लोकतंत्र सेनानी मीसा बंदियों को पेंशन देकर सम्मानित किया था। लेकिन पिछली कांग्रेस सरकार में मीसा बंदीयों की पेंशन बंद कर दी गई। आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर लोकतंत्र बचाओ प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के पूर्व सदस्य अनिल खोबरागड़े ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनते ही मुख्यमंत्री द्वारा लोकतंत्र सेनानी परिवारों को ?10000 से लेकर ?25000 तक सम्मान निधि दे रही है जो कि स्वागत योग्य है।

# निर्माण कार्यों में रेत की कमी डॉ. रमन सिंह को ज्ञापन सौंपा



**राजनांदगांव,** 1 जुलाई (देशबन्धु)। विकास निर्माण कार्यों में रेत की कमी को लेकर छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक बिंदल व परिवहन संघ के अध्यक्ष नरेंद्र यादव ने ठेकेदारों के साथ मिलकर स्थानीय विधायक एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा है कि रेत की कमी के चलते विकास निर्माण कार्यों में विलंब हो रहा है। जिसको लेकर श्री सिंह ने आश्वासन दिया है।

श्री बिंदल ने बताया कि नगर पालिक राजनांदगांव में वर्तमान में चल रहे निर्माण कार्य एवं निकट समय में जारी किये गये कार्यादेशो के संबंध में लेख है कि शासन द्वारा रेती खनन 16 जून 15 अक्टूबर तक प्रतिबंधित किया गया है। ऐसे में चल रहे निर्माण कार्यो व चालू किये जाने वाल निर्माण कार्यों में रेटी की अनुउपलब्धता होगी। निर्माण एजेन्सीयो के द्वारा रेती की व्यवस्था कर पाना असंभव है। जिसके कारण निर्माण कार्यो में विलंब होना स्वाभाविक है। शासन के द्वारा जारी निर्देशों के परिपेक्ष में नियमो का पालन करते हुए निर्माण कार्यो को प्रतिवधित समय में स्थागत करना होगा ।एवम् पुनः रेत खदान प्रारंभ होने पर ही निर्माण कार्य चालू किया जाना संभव होगा। उन्होंने मांग की है कि शासन के दिशा निर्देशो के परिपालान में समस्त जारी कार्यादेशो में 4 माह का अतिरिक्त समयावधी प्रदान की जावे। इस दौरान मुख्य रूप से कॉन्टैक्टर संगठन के जिला अध्यक्ष संजय सिंघी, जिला सचिव आलोक बिंदल, नरेन्द्र यादव, निखिल दास, किसुन यदु, संजय सोनी, शरद अग्रवाल, शीतल साहू, विकेश शर्मा, रविराज, सूरज कन्नौजे, अब्दुल रहीम, हेमराज साहू, हिमांशु सोनवाने, अमन यादव, आशीष चोपड़ा, सूरज कन्नौजे, हरीश शर्मा, सुरेश सिन्हा, नोहर सिन्हा, प्रवीण चक्रधारी, मनोज सिन्हा, योगेंद्र पांडे, कैलाश अहिरवार, गौरव खंडेलवाल, उत्तम जैन, अरुण शुक्ला, अतुल अग्रवाल, दिनेश जेवरानी, कमल सिन्हा, पीयूष शर्मा, समीर श्रीवास्तव, निक्कू सिंह अंकित सिंह, तीरथ यादव ,नीतीश श्रीवास्तव, अंकित, गढ़ेंवाल,नरेश रामटेके, नवीन अग्रवाल, इमरान बीवा, अरविन्द शर्मा,उज्जवल कसेर आदि उपस्थित थे।

# जायसवाल समाज एसडीएम कार्यालय प्रांगण में किया वृक्षारोपण



- पर्यावरण स्वच्छ रखने,पौधे को संरक्षित रखना हम सभी की जिम्मेदारी: श्याम जायसवाल

**दल्लीराजहरा,** 1 जूलाई (देशबन्धु)। जायसवाल समाज के पदाधिकारियों व सदस्यों ने एसडीएम कार्यालय प्रांगण में वृक्षारोपण किया। जायसवाल समाज के संगठन मंत्री श्याम जायसवाल ने बताया कि सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत समाज द्वारा छायादार व फलदार पौधे का रोपण एसडीएम कार्यालय प्रांगण के खाली स्थानों पर किया गया है। जिससे भविष्य में यह वृक्ष बड़ा होकर लोगों को शुद्ध ऑक्सीजन के साथ ही छाया व फल भी प्रदान करेगा। साथ ही उन्होंने यह भी कहा की आज हमे मिलकर संकल्प लेना होगा कि हम प्रकृति के खिलाफ कोई भी ऐसा कार्य नहीं करेंगे जिससे पर्यावरण को नुक्सान हो,अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर तथा लोगों में जागरूकता फैलाकर पर्यावरण को बचाएंगे। साथ ही यह भी कहा की पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए पौधे को संरक्षित रखना भी हम सभी की जिम्मेदारी है। वृक्षारोपण कार्यक्रम में समाज के अध्यक्ष सुरेश जायसवाल संगठन मंत्री श्याम जायसवाल, वरिष्ठ कार्यकर्ता सुनील जायसवाल, राजा जायसवाल, छोटे लाल जायसवाल, अमित जायसवाल , सन्नी जायसवाल युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष अमर जायसवाल , मुकेश जायसवाल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# स्वच्छता दीदीयो को नगर पंचायत अध्यक्ष के द्वारा रेनकोट वितरित



**सहसपुर लोहारा ,** 1 जुलाई (देशबन्धु)। नगर पंचायत सहसपुर लोहारा के सभा कक्ष में मणीकंचन केंद्र सहसपुर लोहारा (स्क्रू) के सभी कर्मियों को वर्षा ऋतु से बचने हेतु एवं नगर के स्वच्छता का कार्य निर्विघ्न रूप से संचालित करने के लिए रेनकोट का वितरण नगर पंचायत द्वारा किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष संतोष मिश्रा की विशेष उपस्थिति में सभी को रेनकोट प्रदान किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष संतोष मिश्रा ने स्वच्छता दिदियों के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि आपकी वजह से ही हमारे नगर पंचायत में स्वच्छता बरकरार है। अत: आप लोगों की सुरक्षा हमारे लिए अति आवश्यक है उक्त अवसर पर सभापति मूल सिंह टंडन, पार्षद ओम प्रकाश साहू,भाजपा कार्यकर्ता सत्य प्रकाश तिवारी, उप अभियंता योगेश्वर सिंह ठाकुर, सफाई दरोगा योगेश ठाकुर,राजेश पटेल,कुलदीप पुनाचा, रतन यादव उपस्थित थे।

# जल संरक्षण में जनसहभागिता की अनूठी मिसाल

**बेमेतरा,**1 जुलाई (देशबन्धु)। बेमेतरा जिले में जल संकट से निपटने और भूजल स्तर को बनाए रखने के उद्देश्य से च्मोर गांव मोर पानीज महाअभियान के तहत जनसहभागिता पर आधारित व्यापक जल संरक्षण अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत जिले में लोगों की सहभागिता से 26 जून से 30 जून 2025 तक वृहद पैमाने पर जल संचयन संरचनाओं का निर्माण किया गया ।अभियान के तहत बोरी बंधान एवं रिचार्ज पिट / सोखता गड्ढों जैसे वाटर रिचार्ज संरचनाओं का निर्माण प्राथमिकता से कराया गया। इस कार्य में जनप्रतिनिधियों, ग्राम पंचायत सचिवों, रोजगार सहायकों, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं और ग्रामीण नागरिकों की सक्रिय भूमिका रही, जिसने अभियान को जनांदोलन का स्वरूप दे दिया।



अभियान की सफलता सुनिश्चित करने हेतु जिले के सभी विकासखंडों में क्लस्टर स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक और स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को जल संरक्षण तकनीकों की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के माध्यम से प्रतिभागियों को संरचनाओं के निर्माण की तकनीकी दक्षता भी प्रदान की गई, जिससे वे अपने गांवों में इन संरचनाओं को स्वप्रेरणा से निर्मित कर सकें। इस महाअभियान के परिणामस्वरूप जनभागीदारी से अब तक जिले में लगभग 110 बोरी बंधान और 915 रिचार्ज पिट/सोखता गड्ढों का निर्माण किया गया है। इन संरचनाओं के निर्माण से लोगों में अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला और अब वे आगामी दिनों में और अधिक जल संरक्षण संरचनाओं के निर्माण के लिए स्वेच्छा से आगे आने को तत्पर हैं।

जनसहभागिता से चलाए जा रहे इस जल संरक्षण अभियान का दीर्घकालिक प्रभाव जिले के जल स्तर में सकारात्मक बदलाव के रूप में परिलक्षित होगा। यह पहल आने वाले वर्षों में स्थायी जल उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। जिला प्रशासन की यह अभिनव पहल, ग्रामीणों की सहभागिता और सामूहिक प्रयास से जल संकट के स्थायी समाधान की दिशा में एक प्रेरणादायी मॉडल प्रस्तुत करती है, जो अन्य जिलों के लिए भी अनुकरणीय बन सकती है।

# जनदर्शन के दौरान प्राप्त आर्थिक सहायता के लिये लंबित आवेदनों पर कलेक्टर ने जताई नाराजगी

## विद्यार्थियों को जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र बनवाकर स्कूल में वितरण की धीमी गति पर व्यक्त किया असंतोष

**दुर्ग,** 1 जुलाई (देशबन्धु)। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय.सीमा की बैठक आयोजित कर विभागवार कार्यों की गहन समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को लंबित मामलों में शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश देते हुए जनहित से जुड़ी योजनाओं को प्राथमिकता के साथ पूर्ण करने को कहा। बैठक में कलेक्टर जनदर्शन के दौरान प्राप्त आर्थिक सहायता के लंबित आवेदनों पर नाराजगी जताई। उन्होंने अधिकारियों को लंबित आर्थिक सहायता का परीक्षण कर शीघ्र प्रतिवेदन तैयार कर भेजने को कहा।



कलेक्टर ने समय सीमा बैठक में की कामकाज की समीक्षा

बैठक के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत स्वीकृत लाभार्थी आधारित आवासों की प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने नगर निगम आयुक्तों को निर्देश दिए कि इस योजना के अंतर्गत निर्माण कार्य को प्राथमिकता देते हुए शीघ्र पूर्ण किया जाए। शासन की महत्वाकांक्षी रामलला दर्शन योजना के अंतर्गत आगामी 6 अगस्त और 3 सितम्बर को श्रद्धालुओं को अयोध्या भेजने हेतु विशेष ट्रेनें चलाई जाएंगी। इस संबंध में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले के लिए निर्धारित यात्री कोटे के अनुसार सभी नगरीय निकायों एवं जनपदों से आवेदन लिए जाएं और यात्रियों का स्वास्थ्य परीक्षण भी सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में विद्यार्थियों के स्थायी जाति प्रमाण.पत्रए निवास प्रमाण.पत्र तथा आय प्रमाण.पत्र बनवाकर विद्यालयों में वितरित किए जाने की योजना की प्रगति पर भी चर्चा की गई। कलेक्टर ने इस दिशा में धीमी गति पर असंतोष व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन विद्यार्थियों ने प्रमाण.पत्रों के लिए आवेदन किया है, उनके प्रकरणों को शीघ्रता से संबंधित तहसीलों में भेजा जाए ताकि समय पर सत्यापन की प्रक्रिया पूरी की जा सके और प्रमाण.पत्र तैयार कर विद्यार्थियों को वितरित किए जा सकें। जिले में लाईवलीहुड कॉलेज की स्थापना की दिशा में संबंधित अधिकारी को उपयुक्त स्थान चिन्हित करने को कहा गया है।

बैठक में कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग को आगामी मानसून सीजन के दौरान सतर्क रहने के निर्देश दिए। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत संदिग्ध राशन कार्डों के सत्यापन की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने जानकारी ली। खाद्य अधिकारी ने बताया कि अब तक 105 संदिग्ध कार्डों पर कार्रवाई की जा चुकी है। अटल परिसर में स्थापित की जाने वाली प्रतिमा के संबंध में विभिन्न विभागों से अब तक एनओसी प्राप्त नहीं हुई है। कलेक्टर ने इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि एनओसी शीघ्र प्राप्त कर प्रतिमा की स्थापना की कार्यवाही प्रारंभ की जाए। जून माह में 81 कार्मिक सेवानिवृत्त हुए हैं, किंतु अब तक केवल 15 के पेंशन प्राधिकृत पत्र जारी किए गए हैं। इस पर कलेक्टर ने शेष लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक के दौरान कलेक्टर अभिजीत सिंह ने भारतमाला परियोजना के अंतर्गत भूमि अधिग्रहण से संबंधित मामलों की भी समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन प्रभावित किसानों एवं भू.स्वामियों की भूमि इस परियोजना में अधिग्रहित की गई हैए उन्हें मुआवजा की राशि का शीघ्र भुगतान सुनिश्चित किया जाए।

# 41.52 लाख की ठगी का आरोपी करनाल से गिरफ्तार कर दुर्ग लाया गया, जेल दाखिल

**दुर्ग,** 1 जुलाई (देशबन्धु)। स्थानीय विद्युत नगर निवासी मयंकपुरी गोस्वामी के साथ कम्प्यूटर एवं इलेक्ट्रानिक संसाधनों का दुरूपयोग कर 41 लाख 52 हजार 5 सौ रूपये की धोखाधड़ी करने के आरोपी साहिल सिंघला को हरियाणा राज्य के करनाल से गिरफ्तार कर दुर्ग लाया गया। यहां उसे न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी के विरूद्ध दीगर राज्यों के 12 राज्यों में ऑनलाईन फ्राड की शिकायतें दर्ज है।



प्रार्थी मयंकपुरी गोस्वामी द्वारा पद्मनाभपुर थाने में दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार वह शेयर ट्रेडिंग का कार्य करता है। उसे गत 16 से 21 मई 25 के बीच आरोपी द्वारा मोबाईल पर संपर्क कर उसे शेयर मार्केट में रकम लगाकर लाभ कमाने की लालच देकर ट्रेडिंग वेबसाईट से जुड़ने के लिये लिंक भेजा और रजिस्ट्रेशन कराया। आरोपी द्वारा श्री गोस्वामी को रकम दुगुना करने का लालच देकर कम्प्यूटर व इलेक्ट्रानिक साधनों का उपयोग छदम नाम के माध्यम से 41 लाख 52 हजार 5 सौ रूपयें प्राप्त कर धोखाधड़ी की गई। श्री गोस्वामी की रिपोर्ट पर पद्मनाभपुर पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 318 (4) बीएनएस 66 डीआईडी एक्ट प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की गई।

प्रकरण की विवेचना के दौरान बैंक ट्रांजेक्शन डिटेल एवं तकनीकी साक्ष्यों से प्राप्त जानकारी के आधार पर पुलिस ने पूरे विवरण एकत्रित किये। इसके आधार पर साइबर सेल द्वारा दुर्गा इंटरप्राइजेस के खाता आईडीएफसी फस्ट बैंक के खाता धारक की जानकारी ली गई तो वह खाता आरोपी साहिल सिंघला मेन बाजार करनाल हरियाणा पाया गया।

इस जानकारी के आधार पर पद्मनाभपुर पुलिस की टीम हरियाणा गई और दुर्गा इंटरप्राइजेस के दिये गये पते पर जाकर पतासाजी करने पर ज्ञात हुआ कि मौके पर दुर्गा इंटरप्राइजेस नाम की कोई दूकान वहां नहीं है। आरोपी ने दुर्गा इंटरप्राइजेस नाम का बोर्ड गुमराह करने के लिये लगाया गया था। आरोपी साहिल सिंगला को पुलिस ने घेराबंदी कर हिरासत में लिया गया। आरोपी साहिल सिंघला को आज करनाल से दुर्ग लाकर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। इस मामले में पुलिस द्वारा अन्य आरोपी की तलाश कर उसके विरूद्ध साक्ष्य एकत्रित किये जा रहे है।

# डॉ. डीसी अग्रवाल, विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र को सेवानिवृत्ति पर सम्मानपूर्वक दी विदाई

**दुर्ग**, 1 जुलाई (देशबन्धु)। शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग के अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष एवं प्राध्यापक डॉ. डी.सी. अग्रवाल को महाविद्यालय परिवार द्वारा उनकी सेवानिृत्ति के अवसर पर सम्मान समारोह का आयोजन कर विदाई दी गई।



कार्यक्रम में डॉ. डी.सी. अग्रवाल की धर्मपत्नी, डॉ. शिखा अग्रवाल, प्राचार्य, शासकीय महाविद्यालय जामगांव (आर) आमंत्रित थीं। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य, डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने उद्बोधन में कहा कि सेवानिवृत्ति को विदाई समारोह नहीं अपितु सम्मान समारोह के रूप में आयोजित किया जाना चाहिए। उन्होनें कहा कि प्रोफेसर अग्रवाल के सानिध्य में संस्था को बहुत सहयोग प्राप्त हुआ, महाविद्यालय के चहुँमुखी विकास में डॉ. अग्रवाल ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

कार्यक्रम में डॉ. के.एल. राठी, वाणिज्य विभाग, डॉ. मुक्ता बाखला, अर्थशास्त्र विभाग एवं कार्यालय प्रमुख मनोरमा यदु ने अपनी भावाभिव्यक्ति प्रस्तुत की। डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि महाविद्यालय के सतत् विकास में मैं सदैव उपलब्ध रहूँगा, जब भी महाविद्यालय को मेरी आवश्यकता होगी मैं सहयोग हेतु तत्पर रहूँगा। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीवास्तव ने शॉल, श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह से डॉ. डी.सी. अग्रवाल को सम्मानित किया एवं महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने उन्हें जीवन की दूसरी पारी में प्रवेश की बधाई एवं शुभकामनायें दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मिलिन्द अमृतफले, विभागाध्यक्ष, संगीत विभाग ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, सहायक-प्राध्यापक, क्रीड़ाधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थी।

# रेखा गणेशानी की आंखों से होगी दो लोगों की दुनियां रोशन



**दुर्ग**, 1 जुलाई (देशबन्धु)। स्थानीय सिंधी कालोनी निवासी रेखा गणेशानी पति किशोर गणेशानी का लंबी बीमारी के बाद आज निधन हो गया। पति किशोर गणेशानी, बहू सिया पुत्र रोहित अक्षय एवं पुत्री प्रिया गणेशानी की आंखों से दो लोग दुनिया देख सकेगें। नेत्रदान कराने में नवदृष्टि फाउण्डेशन के राज आढ़तिया, कुलवंत भाटिया, राजेश पारख, हरमन ढुलाई, एवं अन्य कार्यकर्ताओं ने विशिष्ट भूमिका निभाई।

नेत्रदान की कार्रवाई श्री शंकराचार्य हास्पिटल के डॉ. विशाल ऊके एवं डॉ. संदीप बचकर, डॉ. प्रद्युमा अग्रवाल, नेत्र सहायक विवेक कसार ने कार्निया कलेक्टर किया। नेत्र सहायक अधिकारी अजय नायक ने नेत्रदान की प्रक्रिया पूरी करने में सहयोग किया।

# इंदिरा मार्केट स्थित लेदर गिफ्ट प्वाईंट दूकान में बीती रात आग लगने से भारी नुकसान

**दुर्ग**, 1 जुलाई (देशबन्धु)। दुर्ग के इंदिरा मार्केट में बीती रात एक लेदर गिफ्ट पॉइंट की दुकान में भीषण आग लग गई। आग लगते ही तेजी से फैलने लगी जिससे अफरा तफरी मच गई। मौके से ही दमकल विभाग को सूचना दी गई। कुछ ही देर में दमकल की दो गाड़ियों ने पहुंचकर आग पर काबू पाया। हादसे में भारी नुकसान का अंदेशा जताया जा रहा है।

■ **फायर ब्रिगेड की दो वाहनों ने आग पर पाया काबू**

मिली जानकारी के अनुसार इंदिरा मार्केट स्थित लेदर टच दुकान में सोमवार की रात लगभग 9.30 से 10 बजे के बीच आग लगी। बताया जा रहा है कि दुकान संचालक रोज की तरह दुकानदार दुकान बंद कर अपने घर पहुंचा ही था कि इसी बीच उसे सूचना मिली कि उसकी दुकान में भीषण आग लग गई है। आग लगने के बाद अफरा तफरी मच गई। मौके से अग्नि शमन विभाग को सूचना दिया गया। सूचना मिलते ही अग्निशमन के टीम को मौके पर तत्काल रवाना किया गयाऔर वहाँ पहुँचकर अग्निशमन कर्मियों दुकान में लगी आग को कंट्रोल किया और आग को आसपास के दुकानों तक बढ़ने से रोक लिया गया जिससे एक बड़ा हादसा होने से टला।

बताया जा रहा है कि दुकान में लेदर के महंगे सामान थे जो आग की भेंट चढ़ गए। आग के कारण भारी नुकसान होने की बात कही जा रही है। फिलहाल आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है तो वहीं सिटी कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामला दर्ज कर लिया है। जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी नागेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि इस कार्रवार में अग्निशमन दल प्रभारी शरत मेश्राम, अग्निशमन कर्मी धर्मेन्द्र बंजारे, मोहन राव, रूपेन्द्र, डी वहार, खेम राज द्वारा घटना स्थल पर समय पर पहुँच कर बड़ी घटना होने से बचा लिया।

# कलेक्टर ने किया मुंण्डाटोला प्राथमिक शाला का निरीक्षण



- **प्रयांशु ने सुनाया पहाड़ा**
- **भोजकुमारी ने भरे सही उत्तर**
- **कलेक्टर ने की सराहना**

**गंडई पंडरिया,** 1 जुलाई (देशबन्धु)। तहसील गंडई क्षेत्र के ग्राम मुंण्डाटोला स्थित शासकीय प्राथमिक शाला का आज कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति, शिक्षकों की स्थिति, गणवेश एवं पाठ्यपुस्तकों के वितरण की जानकारी ली और समय पालन की जांच की।

शाला में पदस्थ शिक्षक भिखेंद्र कुमार जंघेल ने बताया कि प्रधान पाठक की ड्यूटी पूरक परीक्षा में लगी है। विद्यालय में कुल 68 दर्ज बच्चों में से 66 विद्यार्थी उपस्थित थे, जो कि उपस्थिति के लिहाज से संतोषजनक है।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर चंद्रवाल ने कक्षा पाँचवीं के छात्र प्रयांशु मेरावी से 8 का पहाड़ा सुनाने कहा। प्रयांशु ने बिना रुके पूरे 8 का पहाड़ा सही-सही सुनाया, जिससे प्रभावित होकर कलेक्टर ने तालियां बजाकर उसकी सराहना की। वहीं, कक्षा चौथी की छात्रा भोजकुमारी धुर्वे द्वारा हिंदी अभ्यास पुस्तिका में 'स्वयं' और 'पलकों' से संबंधित भरे उत्तरों को देखकर भी उन्होंने उसकी प्रशंसा की।

कलेक्टर ने विद्यालय की दीवारों पर बनी रंग-बिरंगी चित्रकारी (वॉल पेंटिंग) को सराहते हुए कहा कि ऐसी पहल से विद्यालय का वातावरण आकर्षक और प्रेरणादायक बनता है। इसके साथ ही उन्होंने स्कूल परिसर और शौचालय में स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि साफ-सुथरा और सुव्यवस्थित स्कूल वातावरण बच्चों की पढ़ाई में सकारात्मक भूमिका निभाता है।

# सहगांव लाभ संतृप्ति शिविर में हितग्राहियों को मिली सौगात लाभान्वित होकर प्रसन्नचित हुए हितग्राही एवं ग्रामीण

**बालोद**, 1 जुलाई (देशबन्धु)। धरती आबा जनभागीदारी अभियान के अंतर्गत जिले में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर जनजातीय परिवार के लोगों एवं हितग्राहियों के लिए अनेक दृष्टि से अत्यंत लाभप्रद सिद्ध हो रहा है। अलग.अलग तिथियों में जिले में लगातार आयोजित हो रहे शिविरों में निरंतर ग्रामीणों एवं हितग्राहियों को विभिन्न सौगात मिल रहा है।

इसी कड़ी में आज जिले के डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम सहगांव में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर में सहगांव सहित आसपास के ग्राम जाटादाह, झरनटोला, मरकामटोला, भालूकोन्हा, गैंजी, सेम्हरकोन्हा, माईपारा, खड़बत्तर, झींकाटोला, पीपरखार ख, किल्लेकोड़ा, खोलझर, पिंगाल, भिमदो, लमती एवं तुमड़ीकसा के हितग्राही एवं ग्रामीणों को विभिन्न शासकीय योजनाओं का सौगात मिला। सहगांव शिविर में शासन के विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभान्वित होकर ग्रामीण एवं हितग्राही बहुत ही प्रसन्नचित नजर आ रहे थे।

केन्द्र सरकार के मंशानुरूप आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर के दौरान उनके बहुप्रतीक्षित मांगों एवं समस्याओं के निराकरण होने पर आदिवासी समाज के हितग्राहियों एवं ग्रामीणों ने लाभ संतृप्ति शिविर के आयोजन को अपने लिए अत्यंत उपयोगी एवं लाभप्रद बताया है। ग्राम सहगांव में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर में आज हितग्राहियों को आयुष्मान कार्डए आधार कार्डए जाति एवं निवास प्रमाण पत्रए मुद्रा लोन, उज्ज्वला गैस कनेक्शन, श्रम कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड आदि विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभान्वित किया गया। शिविर में आज ग्राम सहगावं निवासी जोहतरीन बाई ने आयुष्मान कार्ड बनने तथा शंभुराम ने उनका स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवाई प्राप्त होने पर शिविर आयोजन की भूरी.भूरी सराहना करते हुए लाभ संतृप्ति शिविर को अपने जैसे गरीब परिवार के अनेक जरूरतमंद लोगां के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। इसी तरह शिविर में विभिन्न शासकीय योजनाओं के लाभ मिलने से अन्य ग्रामीणों एवं हितग्राहियों ने शिविर आयोजन की सराहना की। उल्लेखनीय है कि आज शिविर में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अतिथियों ने गर्भवती माताओं को सुपोषण किट भेंटकर उनके गोदभराई रस्म को पूरा किया गया। ग्राम सहगाव में आज आयोजित शिविर में रिमझिम बारिश के फौव्वारों के बीच बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपनी उपस्थिति प्रदान कर शिविर में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की। डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम सहगांव में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर में 14 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, 25 हितग्राहियों को जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, 04 हितग्राहियों को नया राशन कार्ड, 03 हितग्राहियों को किसान क्रेडिट कार्ड, 01 हितग्राही को उज्ज्वला गैस कनेक्शन, वनाधिकार पत्राधारी 02 हितग्राहियों को मछली पालन की योजनाओं से लाभान्वित किया गया। इसके अलावा शिविर में आज 21 हितग्राहियों का सिकलसेल एवं एनीमिया जाँच की गई। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग के स्टाल में चिकित्सकों के द्वारा शिविर में उपस्थित ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवाइयां वितरित की गई।

# जिले में सड़क दुर्घटना की रोकथाम हेतु पुख्ता उपाय सुनिश्चित करें : कलेक्टर

**बालोद,** 1 जुलाई (देशबन्धु)। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय.सीमा की बैठक में जिले में सड़क दुर्घटना की रोकथाम हेतु किए जा रहे उपायों की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने राजस्व, पुलिस, नगरीय निकाय एवं अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियों को समन्वय बनाकर बालोद जिले में सड़क दुर्घटना की रोकथाम हेतु पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। इस दौरान उन्होंने संबंधित विभागों के द्वारा सड़क दुर्घटना की रोकथाम हेतु की जा रही उपायों के संबंध में भी जानकारी ली। बैठक में अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक, अजय किशोर लकरा एवं नूतन कंवर सहित राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों के अलावा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

श्रीमती मिश्रा ने जिला खाद्य अधिकारी को पेट्रोल पंपों में बिना हेलमेट पहने पेट्रोल खरीदी हेतु आने वाले दोपहिया वाहन चालकों को किसी भी स्थिति में पेट्रोल नही देने के संबंध में जिले के पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देश जारी करने के भी निर्देश दिए हैं। इसके अलावा उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियों को दोपहिया वाहनों में ट्रिपल सवारी करने वालों तथा माल वाहकों में सवारी ले जाने वाले वाहनों एवं वाहन चालकों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा उन्होंने राजस्वए पुलिस एवं नगरीय निकायों के अधिकारियों को चैक.चैराहों एवं सड़कों में विचरण करने वाले घुमन्तु मवेशियों को हटाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में कलेक्टर ने शासन के निर्देशानुसार जिले के सभी विभाग प्रमुखों को अपने अधीनस्थ अधिकारी.कर्मचारियों की सुबह 10 बजे कार्य स्थल पर अनिवार्य रूप से उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी.कर्मचारियों को शाम 05:30 बजे तक कार्यालय में उपस्थित रहना अनिवार्य है। श्रीमती मिश्रा ने कहा कि वे स्वयं संयुक्त जिला कार्यालय एवं जिले के सभी शासकीय कार्यालयों तथा संस्थाओं में लगे बायोमेट्रिक मशीन का समय.समय पर जाँच भी करेंगे। उन्होंने समय पर तथा निर्धारित समयावधि तक अपने कार्यालय में उपस्थित नही होने वाले अधिकारी.कर्मचारियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी। बैठक में कलेक्टर ने कृषि विभाग के उपसंचालक से मौजूदा खरीफसीजन के मद्देनजर जिले में खाद, बीज की समुचित उपलब्धता के संबंध में भी जानकारी ली। कलेक्टर ने कृषि एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों से किसानों को निर्धारित एवं वाजिब दाम पर ही खादए बीज की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए। इसके लिए उन्होंने कृषि, राजस्व एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों को संयुक्त टीम गठित कर जिले में खाद, बीज दुकानों का नियमित रूप से जाँच करने के निर्देश भी दिए। जिससे कि खाद, बीज की कालाबाजारी पर रोकथाम सुनिश्चित की जा सके। बैठक में कलेक्टर ने मुख्यमंत्री घोषणा कार्य के अंतर्गत जिला मुख्यालय बालोद में नालंदा परिसर एवं सेंट्रल लाईब्रेरी के निर्माण हेतु टेंडर के प्रक्रिया के संबंध में भी जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से जिला मुख्यालय बालोद से गुजरने वाली सड़क में डिवाईडर निर्माण के कार्य की प्रगति की जानकारी ली। कलेक्टर ने शाला भवनों की स्थिति के संबंध में जानकारी लेते हुए कहा कि किसी भी स्थिति में जर्जर भवनों में बच्चों की क्लास नही लगाई जाए। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को इस संबंध में दिए गए निर्देशों का शत प्रतिशत पालन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। आज आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने बालोद जिले से अन्यत्र स्थानों में स्थानांतरित होने वाले अधिकारी.कर्मचारियों की उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें नवीन पदस्थापना के लिए अपनी शुभकामनाएं दी। कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने कहा कि हमारे अधिकारी.कर्मचारियों के कर्मठता एवं कार्यकुशलता के फलस्वरूप भी हमारा बालोद जिला जल जतन अभियान में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने के अलावा शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यों को सफलतापूर्वक क्रियान्वयन सुनिश्चित करने मे सफलता हासिल की है।

# ग्रामवासियों को राजस्व रिकॉर्ड अब रेंगाखार में ही उपलब्ध होंगे: विजय शर्मा

## उप मुख्यमंत्री सुदूर वनांचल, बैगा बहुल्य रेंगाखार जंगल में आयोजित विशेष राजस्व शिविर में हुए शामिल

**कवर्धा,** 1 जुलाई (देशबन्धु)। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देश पर जिले के बोड़ला विकासखंड के सुदूर वनांचल, बैगा बहुल्य रेंगाखार जंगल तहसील क्षेत्र में राजस्व संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में विजय शर्मा स्वयं रेंगाखार के शासकीय स्कूल में आयोजित विशेष राजस्व शिविर में पहुँचे और ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनके आवेदन की स्थिति की जानकारी ली। राजस्व शिविर में उप मुख्यमंत्री ग्रामवासियों और अधिकारियों की उपस्थिति में प्राप्त आवेदनों की प्रगति की समीक्षा की। इस शिविर में कलेक्टर गोपाल वर्मा पूरे दिन शिविर में रहे और ग्रामीण, किसानों से प्राप्त आवेदनों की निराकरण की स्थिति की जानकारियां दी।

उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने शिविर में अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक आवेदन का त्वरित और पारदर्शी ढंग से निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

उल्लेखनीय है कि 20 मई 2025 को रेंगाखार में आयोजित शिविर में कुल 631 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से अब तक 314 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। शेष आवेदनों को 20 अगस्त 2025 तक निराकृत करने के निर्देश उप मुख्यमंत्री ने शिविर में ही संबंधित अधिकारियों को दिए। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि शासन की मंशा है कि अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक न्याय और सुविधा पहुंचे। विशेषकर वनांचल और आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की राजस्व संबंधी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता पर किया जा रहा है।



उप मुख्यमंत्री कबीरधाम जिले के सुदूर वनांचल रेंगाखार क्षेत्र में आयोजित विशेष राजस्व शिविर में पहुंचे। उन्होंने शिविर स्थल पर ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं, शिकायतें और मांगें संवेदनशीलता के साथ सुनी और कई महत्वपूर्ण प्रकरणों का समाधान मौके पर ही किया। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि वनांचल क्षेत्र के निवासियों की राजस्व संबंधी समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, रिकॉर्ड सुधार, वन अधिकार पट्टा, व्यवस्थापन पट्टा, नक्शा बटांकन, डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका जैसे विषयों से जुड़ी समस्याएं आम हैं, जिनके त्वरित और पारदर्शी समाधान के लिए राजस्व शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री ने यह भी घोषणा की कि अब रेंगाखार क्षेत्र के ग्रामीणों को अपने राजस्व रिकॉर्ड निकलवाने के लिए बोड़ला नहीं जाना पड़ेगा। सभी आवश्यक रिकॉर्ड अब रेंगाखार तहसील कार्यालय में उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे ग्रामीणों को समय और संसाधन की बचत होगी। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार की मंशा है कि अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को भी बिना भटके, सरल और सुलभ ढंग से शासन की सेवाएं प्राप्त हों। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि सुदूर वनांचल क्षेत्र के निवासियों की राजस्व संबंधी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित और समुचित निराकरण किया जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि आगामी राजस्व शिविर के पूर्व तक प्राप्त सभी आवेदनों का पूर्ण निराकरण कर लिया जाए। राजस्व अधिकारियों को निर्देशित करते हुए श्री शर्मा ने कहा कि हल्का वार कार्यों को व्यवस्थित ढंग से पूर्ण करें तथा इस कार्य में पूरे राजस्व अमले की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित हो। उन्होंने विशेष रूप से निर्देश दिया कि बोड़ला क्षेत्र के राजस्व अमले को भी रेंगाखार में ड्यूटी पर लगाया जाए ताकि समाधान की गति और प्रभावशीलता बढ़े। उप मुख्यमंत्री ने यह भी घोषणा की कि आगामी विशेष राजस्व शिविर 20 अगस्त को आयोजित किया जाएगा, जिसमें बचे हुए सभी आवेदनों का अंतिम रूप से निराकरण कर दिया जाना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस तिथि तक शत-प्रतिशत समाधान की स्थिति सुनिश्चित की जाए ताकि वनांचल क्षेत्र के नागरिकों को शासन की योजनाओं का वास्तविक लाभ समय पर प्राप्त हो सके। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि राजस्व संबंधी मामलों के त्वरित एवं पारदर्शी निराकरण के लिए आम नागरिकों को प्रक्रियाओं की स्पष्ट जानकारी होना आवश्यक है। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि राजस्व कार्यों से जुड़े जनप्रतिनिधियों और प्रमुख व्यक्तियों की एक विशेष कार्यशाला का आयोजन 25 जुलाई को किया जाए। इस कार्यशाला का उद्देश्य आमजन को नामांतरण, फौती, बंटवारा आदि राजस्व मामलों की प्रक्रिया की सटीक जानकारी देना है, ताकि वे सही और पूर्ण दस्तावेजों के साथ आवेदन प्रस्तुत कर सकें। उप मुख्यमंत्री ने ग्रामवासियों से भी अपील की कि वे राजस्व प्रक्रिया को समझें और जानकारी लेकर ही आवेदन करें, जिससे उनके प्रकरणों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित हो सके।

**उल्टा पुल्टा**

संता बैठा मूंगफली खा रहा था कि तभी उसकी गर्लफ्रेंड आ गई.
गर्लफ्रेंड - क्या कर रहे हो?
संता- मूंगफली खा रहा हूं..
गर्लफ्रेंड - अच्छा, अकेले-अकेले?
संता- अब 10 रुपये की मूंगफली में तेरे पूरे खानदान को खिला दूं।




## नक्सली हिंसा में शहीद पुलिसकर्मियों के परिजनों को अब अन्य विभागों में भी अनुकम्पा नियुक्ति का विकल्प

**बलौदाबाजार,** 1 जुलाई (देशबन्धु)। राज्य शासन द्वारा नक्सली हिंसा में शहीद हुए पुलिस सेवकों के परिजनों के हित में एक महत्वपूर्ण और मानवीय निर्णय लिया गया है। विगत दिनों मंत्रिपरिषद ने एकजाई पुनरीक्षित अनुकम्पा नियुक्ति निर्देश-2013 की कंडिका 13(3) में संशोधन को मंजूरी दी है। नक्सली हिंसा में शहीद पुलिसकर्मियों के परिजनों को अब अन्य विभागों में भी अनुकम्पा नियुक्ति का विकल्प होगा।

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि शहीद हमारे समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर प्रदेश और देश की रक्षा की है। उनके परिजनों को केवल विकल्पहीन नियुक्ति देना न्यायसंगत नहीं था। लंबे समय से शहीद परिवारों की इस मांग को हमने सरकार के समक्ष पूरी गंभीरता से रखा। मुझे प्रसन्नता है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद ने इस निर्णय को पारित किया है। अब शहीदों के परिजनों को विभाग चुनने का अधिकार मिलेगा जिससे



**शहीद हमारे समाज की अमूल्य धरोहर हैं : विजय शर्मा**

उनकी सुविधा और सम्मान दोनों सुनिश्चित होंगे। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि इस संशोधन के अनुसार, अब नक्सली हिंसा में शहीद हुए पुलिस सेवकों के परिजनों को अनुकम्पा नियुक्ति केवल पुलिस विभाग तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि वे राज्य शासन के किसी भी विभाग में, किसी भी जिला अथवा संभाग में अनुकम्पा नियुक्ति प्राप्त कर सकेंगे। पूर्व में यह प्रावधान था कि अनुकम्पा नियुक्ति उसी विभाग में दी जाए, जिसमें दिवंगत शासकीय सेवक सेवारत था। परंतु शहीदों के परिजनों की लगातार मांग को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने इस नीति में संशोधन कर यह विकल्प प्रदान किया है। उल्लेखनीय है कि उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा को लगातार शहीद परिवारों और उनके संगठनों से यह मांग प्राप्त हो रही थी कि उन्हें अनिवार्य रूप से पुलिस विभाग में नियुक्ति न देकर, अन्य विभागों में भी विकल्प मिलना चाहिए। उप मुख्यमंत्री की संवेदनशीलता और सक्रियता से यह विषय मंत्रिपरिषद में लाया गया और सर्वसम्मति से निर्णय पारित हुआ।

## विधायक के प्रयासों से राजिम को मिली एक और बड़ी सौगात

**राजिम,** 1 जुलाई (देशबन्धु)। विधानसभा क्षेत्र राजिम के विधायक रोहित साहू की सक्रियता से धर्मनगरी राजिम का विकास लगातार हो रहा है, विधायक रोहित साहू के निरंतर प्रयास और विकासपरक सोच का सकारात्मक परिणाम पुन: देखने को मिला है। उनके प्रयासों से छत्तीसगढ़ शासन के लोक निर्माण विभाग द्वारा दो सड़कों के लिए 44 करोड़ रूपये से अधिक की स्वीकृति प्राप्त हुई है। जिसमें एक सड़क फोरलेन चौडाई की बनेगी। पहला मार्ग नवीन मेला ग्राउंड चौबेबांधा राजिम से नदी तट लक्ष्मण झूला तक फोरलेन बनेगी जिसकी कुल लम्बाई 3.50 किमी तथा लागत राशि 34 करोड़ 19 लाख 52 हजार रूपये है। दूसरा मार्ग राजिम -चौबेबांधा -नवागांव पुल तक चौड़ीकरण कार्य जिसकी लम्बाई 3.30 किमी तथा लागत राशि 9 करोड़ 4 हजार रूपये शामिल है। विधायक रोहित साहू ने इसके लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व लोक निर्माण मंत्री



**पर्यटन को बढ़ावा देने मेला ग्राउंड तक करोड़ों की लागत से बनेगी नई सड़क**

अरुण साव, वित्त मंत्री ओपी चौधरी का आभार व्यक्त करते हुए क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह स्वीकृति क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगी। राजिम की गरिमा के अनुरूप अब विकास कार्य हो रहा है। आने वाले दिनों में इस मार्ग के बन जाने से राजिम कुंभ कल्प की दिव्यता और भव्यता और भी बढ़ेगी। इस मार्ग के बनने से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा साथ ही देश विदेश के लोग राजिम की भव्यता को निहारने आएंगे जिससे पर्यटकों की संख्या भी बढ़ेगी। विधायक रोहित साहू ने आगे कहा कि ये सड़कें राजिम की वैश्विक पहचान को और अधिक सुदृढ़ करेगी। यह मार्ग मेला ग्राउंड से मुख्य धार्मिक स्थल को जोड़ेंगी, जिससे श्रद्धालुओं, पर्यटकों, व्यापारियों और आम नागरिकों को आवागमन में सुविधा होगी। जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। इन सड़कों के बनने से कनेक्टिविटी की समस्या हल होगी। उन्होंने बताया कि स्वीकृत प्राक्कलनों के बाद जल्द ही इन मार्गों के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाएगी। उन्होंने आश्वस्त कि निर्माण कार्य समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण होगा। यह स्वीकृति धर्मनगरी राजिम के विकास की नई दिशा तय करने वाली साबित होगी। नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव, पूर्व अध्यक्ष रेखा जितेंद सोनकर, >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## खाद-बीज की किल्लत को लेकर कांग्रेस ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

**महासमुंद,** 1 जुलाई (देशबन्धु)। सहकारी समिति भुकेल में ब्लाक कांग्रेस बसना द्वारा किसानों के समर्थन में प्रदेश में खाद एवं बीज की किल्लत को दूर करने सोसायटी का घेराव कर धरना प्रदर्शन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से जिला प्रभारी राजेश जैन, दाऊलाल चन्द्राकर, मनजीत सिंह सलूजा, तौकीर दानी, इश्तियाक खौरानी, मोक्ष प्रधान, जिला पंचायत सदस्य शिव बघेल, श्रीमती मंदाकिनी साह, यासीब धनानीस रज्जू छाबड़ा, प्रकाश जैन, तनुजा साहू अध्यक्ष महिला कांग्रेस




ग्रामीण नसरीन बानो, अध्यक्ष महिला कांग्रेस शहर मनोज गहरवाल, शिव नायक, रमेश दास, कैलाश प्रधान, महेंद्र नायक, राजकुमार कालु, प्यारेलाल साहू, केशव पटेल, राधेराम नंद, सेतकुमार डड़सेना, राधेश्याम नायक, मोहित कश्यप, सी डी बघेल, उत्तर कुमार पारेशवर, मनोज प्रधान, प्रकाश दास, करुण दाऊ, रियाज भाई, गोकुल पारेशर, ननकी सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। तत्पश्चात राज्यपाल के नाम ज्ञापन तहसीलदार बसन के के साहू को ज्ञापन सौंपा गया।

## चिकित्सक दिवस पर विधायक ने किया चिकित्सकों का सम्मान

**महासमुंद,** 1 जुलाई (देशबन्धु)। मंगलवार को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने अपने निवास में चिकित्सकों का सम्मान समारोह आयोजित किया। विधायक श्री

**कहा- त्याग, समर्पण का पर्याय होते हैं चिकित्सक**

सिन्हा ने चिकित्सकों के कार्य के प्रति समर्पण एवं त्याग की सराहना की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस केवल चिकित्सकों के कार्य को याद करने का दिन नहीं है बल्कि इस दिन चिकित्सकों के त्याग, समर्पण और सभी के स्वास्थ्य को बनाए रखने के जुनून का सम्मान करने के लिए मनाते हैं।



आगे कहा कि चिकित्सकों के बिना जीवन की कल्पना करना भी मुश्किल लगता है और यही वजह है कि चिकित्सक को भगवान का दर्जा दिया जाता है। चिकित्सकों का जीवन केवल 8 या 10 घंटे की नौकरी नहीं होती। दिन के 24 घंटे में कभी भी उनकी जरूरत पड़ जाती है। मरीजों के शारीरिक के साथ मानसिक स्वास्थ्य का भी ध्यान रखना और उनका इलाज करना एक चिकित्सक का महत्वपूर्ण कर्तव्य होता है। जिनका निर्वहन एक चिकित्सक जीवन भर करता है। एक चिकित्सक कभी भी रिटायर नहीं होता है। वे हमेशा मरीज के दर्द को दूर करने के लिए तैयार रहते हैं। हमें भी चिकित्सकों का केवल एक दिन नहीं बल्कि प्रत्येक दिन सम्मान देना चाहिए। उनके लिए यह सम्मान कार्य के प्रति और उत्साह का संचार करता है। सम्मान का अर्थ केवल उन्हें उपहार देना नहीं है बल्कि उनके कार्य का सम्मान करना है। जिस त्याग और समर्पण से वे अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं उसको हमें कभी नहीं भूलना चाहिए। लोगों की उम्मीद चिकित्सकों से रहती है, भगवान के बाद लोगों को चिकित्सकों पर ही भरोसा होता है। क्योंकि लोगों के जीवन की रक्षा करने में चिकित्सकों का बहुत बड़ा योगदान है।

## नगरीय प्रशासन विभाग में बड़े पैमाने पर तबादले




**नवापारा राजिम,** 1 जुलाई (देशबन्धु)। नगरीय प्रशासन विभाग में बड़े पैमाने पर तबादला आदेश जारी हुए हैं। 30 जून को नगरीय प्रशासन एवं वितंकास विभाग के अवर सचिव अजय तिर्की ने अफसरों के तबादले आदेश जारी किए। इसमें डिप्टी डायरेक्टर, सीएमओ, इंजीनियर, अकाउंटेंट प्रभावित हुए हैं।

**गोबरानवापारा पालिका के सीएमओ गए धमतरी, आए नए सीएमओ लवकेश कुमार बेरला से**

नवापारा नगर पालिका में पदस्थ सीएमओ प्रदीप मिश्रा को धमतरी भेजा गया है। लवकेश कुमार को गोबरा नवापारा का सीएमओ बनाया गया है। इसी प्रकार गरियाबंद सीएमओ गिरीश कुमार चंद्रा को बागबाहरा की जिम्मेदारी दी गई है। छुरा सीएमओ लालसिंह मरकाम को सरिया नगर पंचायत सीएमओ बनाया गया है। गरियाबंद पालिका में पदस्थ लेखापाल दुष्यंत साहू को देवभोग नगर पंचायत के सीएमओ बनाया गया है।

## निरीक्षण टीम ने 2 कृषि केंद्रों को किया नोटिस जारी

**बलौदाबाजार,** 1 जुलाई (देशबन्धु)। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश के परिपालन में कृषि विभाग द्वारा जिले में उर्वरक, बीज एवं कीटनाशक के गुणवत्ता नियंत्रण हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। कृषि आदान विक्रय करने वाले कृषि केंद्रों की कड़ी निगरानी की जा रही है। जिले में पदस्थ निरीक्षक एक-एक कृषि केंद्रों का गहन जांच कर रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार को निरीक्षण टीम द्वारा कमी पाए जाने पर 2 कृषि सेवा केंद्रों को नोटिस जारी किया गया।



विकासखंड बलौदा बाजार के निरीक्षक लोकनाथ दीवान द्वारा अशोक कृषि केंद्र एवं साहू कृषि सेवा केंद्र धाराशिव का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विक्रय केंद्रों में संधारित कीटनाशक स्कंध एवं उसका मूल्य सूची प्रदर्शित नहीं किया गया था तथा कृषकों को निर्धारित प्रारूप में बिल भी नहीं दिया जा रहा था। इस कारण दोनों कृषि केंद्रों को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। विकासखंड भाटापारा के निरीक्षक अवधेश उपाध्याय द्वारा जैन लोहा बाडा, भाटापारा एवं प्राथमिक कृषि साख सरकारी समिति गुर्रा का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इसी तरह विकासखंड पलारी के निरीक्षक सुचिन वर्मा द्वारा ससहा कृषि केंद्र पलारी का निरीक्षण किया गया तथा शासन के निर्देशों का कड़ाई से पालन करते हुए कृषि केंद्र का संचालन करने हेतु निर्देश दिए गए। उपसंचालक कृषि दीपक नायक ने बताया कि जिले में संचालित समस्त कृषि आदान विक्रय केंद्रों को निर्देशित किया गया है कि कृषकों को विक्रय किए गए सामग्रियों का पक्के में बिल अवश्य प्रदान करें तथा किसानों का हस्ताक्षर कराकर एक प्रति विक्रय केंद्र में संधारित किया जाए।

## नवापारा में अवैध रेत उत्खनन पर बवाल ग्रामीणों ने दर्जनों हाइवा वाहनों को रोका

**नवापारा राजिम,** 1 जुलाई (देशबन्धु)। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार अवैध रेत का उत्खनन और परिवहन किया जा रहा है। प्रशासन और खनिज विभाग द्वारा समय-समय पर कार्रवाई किए जाने के बावजूद रेत माफियाओं के हौसले बुलंद हैं।

परिवहन को लेकर एक बार फिर नवापारा क्षेत्र गरमा गया है। आधी रात गोबरा नवापारा के ग्राम पारागांव कोलियारी में अवैध रूप से रेत भरकर परिवहन कर रही दर्जनों हाइवा वाहनों को ग्रामीणों ने घेर लिया। ग्रामीणों की सूझबूझ और साहसिक कदम से इलाके में अवैध कारोबार का भंडाफोड़ हुआ। सूचना मिलते ही खनिज विभाग की टीम मौके पर पहुंची। लेकिन विभाग के पहुंचने से पहले ही हाइवा वाहन चालक मौके पर वाहन छोड़कर फरार हो गए। इस दौरान क्षेत्र में काफी देर तक हड़कंप की



स्थिति बनी रही। ग्रामीणों ने मांग की है कि इस अवैध कारोबार पर स्थाई रूप से रोक लगाई जाए और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

बता दें कि गोबरा नवापारा क्षेत्र में लंबे समय से रेत माफियाओं का कब्जा रहा है और बार-बार शिकायतों के बावजूद ये गोरखधंधा थमने का नाम नहीं ले रहा।

## तुमगांव में निकली मशाल जुलूस, नपं अध्यक्ष ने ली किसान मोर्चा की सदस्यता



**महासमुंद,** 1 जुलाई (देशबन्धु)। करणी कृपा स्टील एवं पावर प्लांट के विरोध में तुमगांव में मशाल रैली निकाली गई। जिसमें छग संयुक्त किसान मोर्चा के सदस्यों ने शामिल होकर प्लांट के खिलाफ शंखनाद किया। इस दौरान राजय आंदोलनकारी किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अनिल दुबे के समक्ष नपं तुमगांव के अध्यक्ष बलरामकांत साहू ने किसान मोर्चा की सदस्यता ली और मशाल जुलुस में शामिल हुए। इस मौके पर किसान नेता वेगेंद्र सोनवेर, रधुनंदन साहू, पार्वती साहू, छन्नू साहू, नंदकुमार साहू ने बलरामकांत का स्वागत किया।

आंदोलन प्रभारी अशोक कश्यप ने बताया कि करणी कृपा स्टील प्लांट द्वारा नियमों का पालन नही किया जा रहा है इसको लेकर लगातार कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन देकर नियम पालन कराने की मांग की जा रही है। प्लांट में शत प्रतिशत छत्तीसगढ़ियों को रोजगार दिया जाना चाहिए किंतु यहां बाहरी लोगों को रोजगार दिया गया है। इन्ही मुद्दों को लेकर गांव गांव में जनजागरण अभियान के रूप में मसाल जुलुस निकाला जा रहा है।

## खाद्य विभाग की अवैध घरेलू गैस सिलेंडर पर कार्रवाई, 14 नग गैस सिलेंडर जब्त

**बलौदाबाजार,** 1 जुलाई (देशबन्धु)। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर खाद्य विभाग द्वारा जिले में अवैध रूप से घरेलू गैस सिलेण्डर भण्डारण व विक्रय पर कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में सोमवार को खाद्य विभाग की टीम ने विभिन्न प्रतिष्ठानो में दबिश देकर 14 नग घरेलु गैस सिलेंडर जब्त किया गया।



जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि घरेलु गैस सिलेंडर अधिक दाम में विक्रय करने के संबंध में शिकायते प्राप्त होने पर जिला मुख्यालय में जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान साक्षी सीएससी सेंटर से 04 नग भरे हुए एवं 03 नग खाली घरेलू गैस सिलेण्डर, सखी सेंटर रोमा नागदेव से 04 नग भरे हुए एवं 03 नग खाली घरेलू गैस सिलेण्डर कुल 08 नग भरे हुए एवं 06 नग खाली गैस सिलेण्डर जब्त कर द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदाय एवं वितरण विनियमन) आदेश 2000 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की गई।

## जंगल से भटककर मादा चीतल पहुंचा किसान के बाड़ी में



**घायल चीतल का किया जा रहा है ईलाज**

**कटगी/बलौदाबाजार,** 1 जुलाई (देशबन्धु)। उपवनमण्डल कसडोल अंतर्गत सोनाखान रेंज मे जंगल से भटककर एक मादा चीतल ग्राम बगार मे एक किसान के बाड़ी मे पहुंच गया। जंगल से भटकने के बाद आवारा कुत्तों की शिकार हुई चितल का एक पैर पूरी तरह जख्मी हो गया था जिसे ग्रामीणों के द्वारा वन विभाग के कर्मचारी को दूरभाष से जानकारी दिया गया।

इधर जानकारी के बाद वन विभाग के कर्मचारी तत्काल संज्ञान लेकर जख्मी चितल >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## शासकीय नवीन प्राथमिक शाला दीनदयाल नगर नवापारा में प्रवेश उत्सव

**नवापारा राजिम,** 1 जुलाई (देशबन्धु)। आदर्श शासकीय नवीन प्राथमिक शाला दीनदयाल नगर नवापारा में शाला प्रवेश उत्सव का भव्य आयोजन किया गया इस अवसर पर अतिथि सहित गोपाल यादव प्रधानपाठक ने मां सरस्वती का पूजन अर्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बच्चों को स्केल सीस पेन रबर कटर तथा कक्षा पहली से पांचवी के प्रथम आए बच्चों को स्कूल बैग प्रदान किया न्योता भोज गोपाल यादव द्वारा कराया गया तथा नव प्रवेशी बच्चों को खीर मिष्ठान से मुंह मीठा कर तिलक वंदन कर उनका स्वागत किया गया। विशेष अतिथि मायाराम साहू ने कहा सरकार ने प्रत्येक बच्चों के लिए गणवेश पुस्तक



एवं भोजन की निरूशुल्क व्यवस्था किया है ताकि सभी वर्ग के बच्चे पढ़ लिखकर देश की उन्नति में सहायक बने. कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका एकता शर्मा ने किया तथा गोपाल यादव प्रधान पाठक ने आभार व्यक्त किया मंचीय व्यवस्था एवं साज सज्जा त्रिपदा बांसवार योगिता साहू ईश्वर लाल साहू शिक्षकों ने किया।

# शिविरों से जनजातीय समाज के सैकड़ों हितग्राहियों को मिला योजनाओं का लाभ



**महासमुंद** 1 जुलाई (देशबंधु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में एवं छग शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में धरती आबा जनभागीदारी ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत महासमुंद जिले में सोमवार को अंतिम लाभ संतृप्ति शिविरों का आयोजन किया गया। इस अभियान का प्रमुख उद्देश्य अनुसूचित जनजाति वर्ग के पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं का शत.प्रतिशत लाभ उपलब्ध कराना है। सोमवार को जिले के चार प्रमुख विकासखंडों महासमुंद के ग्राम परसदा ख, बागबाहरा के ग्राम हाथीबाहरा, पिथौरा के ग्राम परसवानी और बसना के ग्राम नवागांव में शिविरों का आयोजन हुआ। इन शिविरों में संबंधित जनप्रतिनिधियों की सक्रिय उपस्थिति रही, जिससे न केवल पारदर्शिता सुनिश्चित हुई बल्कि समुदाय में विश्वास का वातावरण भी बना। शिविरों में प्रधानमंत्री आवास योजना, राशन कार्ड वितरण, आयुष्मान भारत कार्ड, श्रमिक पंजीयन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, निर्माण श्रमिक योजनाएं, निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, स्वरोजगार प्रोत्साहन योजनाएं एवं विभिन्न ऋण योजनाओं की जानकारी और सेवाएं मौके पर ही प्रदान की गईं। इन सेवाओं का लाभ लेने के लिए जनजातीय समाज के सैकड़ों लोग शिविरों में पहुंचे और उन्होंने अपनी आवश्यकताओं के अनुरूप योजनाओं का सीधा लाभ प्राप्त किया। शिविरों की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि हितग्राहियों को योजनाओं की जटिल प्रक्रिया से गुजरने की बजाय एक ही स्थान पर समस्त जानकारी और सहायता प्राप्त हुई। इससे न केवल सेवाओं की पहुंच में आसानी आई, बल्कि योजनाओं के प्रति समुदाय की जागरूकता भी बढ़ी। इस दौरान बच्चे, युवा, महिलाएं एवं बुजुर्ग सभी ने उत्साहपूर्वक सेल्फी प्वाइंट पर जाकर अपनी यादगार तस्वीरें भी खिंचवाईं और शिविर के इस विशेष अवसर को कैमरे में संजोया। सेल्फी प्वाइंट न केवल लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहाए बल्कि इससे ग्रामीणों में शासन की इस पहल के प्रति जागरूकता और जु ?ाव भी देखने को मिला। महासमुंद विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम परसदा ख शिविर में जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में 47 हितग्राहियों को विभिन्न संबंधित योजनाओं से लाभान्वित करने पंजीयन किया गया। जिसमें आधार कार्ड के लिए 02, राशन कार्ड के लिए 05, जाति व निवास प्रमाण पत्र के लिए 12.12, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 05 पात्र हितग्राहियों एवं बिहान योजना के तहत 10 सदस्यीय आदिवासी समूह का पंजीयन किया गया। इसी तरह पिथौरा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम परसवानी शिविर में 124 हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के तहत पंजीयन किया गया। इनमें 12 हितग्राहियों का आधार कार्ड, 06 का राशन कार्ड, 21 का आयुष्मान कार्ड, 13 का जाति प्रमाण, 19 का निवास प्रमाण पत्र, 6 कृषकों का केसीसी, 8 किसानों का पीएम किसान सम्मान के तहत एवं 2 गर्भवती महिलाओं का पीएम मातृत्व वंदन योजना अंतर्गत पंजीयन किया गया। 2 हितग्राहियों का जनधन खाता खोला गया। साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा 13 लोगों का सिकल सेल जांच किया गया। पिथौरा के ग्राम परसवानी शिविर में लाभान्वित हितग्राही दिव्या कश्यप, कनकलता कश्यप, सूर्यकांती खड़िया एवं संतोष पारेश्वर ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह शिविर शासन की योजनाओं से वंचित ग्रामीणों को लाभ दिलाने की एक सराहनीय पहल है। वहीं 71 वर्षीय सहदेव मांझी ने योजना का लाभ पाकर भावुक होकर कहा कि हम जैसे बुजुर्गों बुजुर्गों को सरकार द्वारा इस प्रकार से योजनाओं से जोड़ा जाना बहुत ही बड़ी बात है।

# शनिदेव मंदिर में मूर्ति स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल हुए अमर



**महासमुंद** 1 जुलाई (देशबंधु)। ग्राम केड़ियाडीह सिरपुर में नवनिर्मित शनिदेव मंदिर में भगवान शनिदेव की प्रतिमा स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन समस्त ग्रामवासियों द्वारा किया गया। जिसमें जिला पंचायत के पूर्व सभापति अमर अरूण चंद्राकर शामिल हुए। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में समस्त ग्रामवासियों ने अपना काम काज बंद कर उपस्थिति दी। यह मंदिर गांव के श्रद्धालुओं और ग्रामवासियों के सामूहिक प्रयास से बनाया गया है। पूजा कार्यक्रम में ग्राम के वरिष्ठजनए महिलाएंए युवा एवं बच्चों सहित समस्त जाति.धर्म के लोग शामिल हुए। पूजा पश्चात पूर्व जिपं सभापति अमर अरूण चंद्राकर ने कहा कि धर्म केवल पूजा नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने और सामूहिक चेतना को जाग्रत करने का माध्यम है। उन्होंने ग्रामीणों से यह भी आह्वान किया कि ऐसे आयोजन प्रत्येक वर्ष नियमित रूप से किए जाएं और ग्राम को एक धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाए। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दौरान मानस मंडलियों द्वारा श्रीराम चरित मानस की प्रस्तुति, विभिन्न देवताओं की झाँकी की प्रस्तुति दी गई। इन झांकियों को गांव की युवा मंडलियों और महिला समितियों ने मिलकर तैयार किया था। जिनकी कलात्मकता, भावप्रवणता और सांस्कृतिक गहराई ने सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर गांव के वरिष्ठ जनों ने पुराने परंपराओं की चर्चा करते हुए युवाओं को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ने की प्रेरणा दी। ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों, शिक्षकों, व्यापारी वर्ग और कृषकों ने मिलकर इस आयोजन को एक पूर्ण धार्मिक सम्मेलन का स्वरूप दिया।

# नारी सशक्तिकरण पर गायत्री परिवार की हुई कार्यशाला

**महासमुंद** 1 जुलाई (देशबंधु)। वंदनीया माताजी के जन्म शताब्दी वर्ष 2026 के पूर्व आयोजन की श्रृंखला में जिला स्तरीय नारी सशक्तिकरण कार्यशाला का आयोजन गायत्री शक्तिपीठ बरोडा चौक में किया गया। यह आयोजन नारी जागरण और उनके सर्वांगीण विकास हेतु एक प्रेरणास्रोत सिद्ध हुआ। कार्यशाला का उद्देश्य नारी शक्ति को जागृत कर सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक चेतना को जन.जन तक पहुँचाना तथा महिलाओं को संगठित कर उन्हें स्वावलंबी बनाना है। युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा चलाए गए नारी सशक्तिकरण अभियान को आगे बढ़ाते हुए वंदनीया माताजी के नेतृत्व में प्रारंभ किए गए नारी जागरण आंदोलन की प्रेरणा से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ नारी जागरण आंदोलन की प्रमुख प्रशिक्षिका डॉ कुंती साहू एवं उनके सहयोगी शांता साहू उपस्थित रहीं। उन्होंने कार्यशाला को संबोधित करते हुए सभी बहनों को गायत्री परिवार द्वारा चलाए जा रहे सप्त आंदोलन में भागीदारी करने कहा। यज्ञ के माध्यम से सभी संस्कार कराने में पारंगत हो, इसके लिए साप्ताहिक गोष्ठी आयोजित कर स्वाध्याय व प्रशिक्षण का क्रम बनाने का संकल्प दिलाया। पुंसवन संस्कार हमारे आने वाली पीढ़ी को संस्कारवान बनाते हैं इसकी जानकारी सरल कोसरिया द्वारा दी गई। अंत में सभी बहनों द्वारा एक वृक्ष मां के नाम के तहत वृक्षारोपण कार्य को पूरा करने का संकल्प लिया गया।



कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में सुश्री शशि प्रभा थिटे, श्रीमती हेमलता साहू ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। संचालन खेमीन साहू एवं पूर्णिमा साहू ने किया। सभी ब्लॉक प्रमुखों एवं इकाई प्रमुखों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में भारत साहू, नरेश साहू ,आशीष,ललित मेश्राम ,बोधराम, हीरालाल साहू, रिखीराम साहू, जगमोहन साहू, परस चौहान, दुलारी चंद्राकर, निशा चंद्राकर, प्रेमलता साहू, मनोरमा साहू, पिंकी सेठ, गरिमा, नीतू, उमा, प्रेमशिला एवं अन्य बहनों का विशेष सहयोग रहा।

# प्रकृति की सुरक्षा हम सबकी जिम्मेदारी



**महासमुंद** 1 जुलाई (देशबंधु)। स्थानीय एम इंग्लिश मिडियम स्कूल पुराना रावण भाठा में संचालक राकेश श्रीवास्तव, शिक्षक स्टाफ व स्कूली बच्चों ने मां के नाम पौधरोपण किया। इस दौरान संचालक श्रीवास्तव ने कहा कि एक पौधे पृथ्वी में वातावरण को अनुकुल रखते है हमें शुद्ध वायु के साथ औषधियां भी प्राप्त होती है किंतु मनुष्य अपने स्वार्थ के कारण जंगलों को नष्ट करते जा रहा है इससे वातावरण प्रदूषित हो रहा है इसका असर मानव जीवन पर पड़ रहा है। एक पेड़ लगाकर प्रकृति की सुरक्षा करना हम सभी का दायित्व है। आभार प्रदर्शन शिक्षिका नेहा कहार ने किया।

# पीएम सूर्य घर योजना से हितग्राही हो रहे लाभान्वित

## कहीं बिजली बिल शून्य या न्यूनतम, पर्यावरण को भी लाभ



**महासमुंद** 1 जुलाई (देशबंधु)। भारत सरकार द्वारा प्रारंभ की गई पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना आम नागरिकों के लिए ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक प्रभावी कदम साबित हो रही है। इस योजना का उद्देश्य देश के आवासीय परिवारों को अपनी बिजली स्वयं उत्पन्न करने के लिए प्रोत्साहित करना है। इसके अंतर्गत 5 किलोवाट तक के सोलर रूफ्टॉप सिस्टम पर केंद्र सरकार द्वारा 78000 रुपए तथा राज्य सरकार द्वारा 30000 रुपए तक की सब्सिडी प्रदान की जा रही है। इस पहल से न केवल आम जनता को आर्थिक राहत मिल रही है, बल्कि अक्षय ऊर्जा को भी बढ़ावा मिल रहा है। महासमुंद जिले के अनेक नागरिक इस योजना का लाभ उठा रहे हैं और अपने अनुभव साझा कर रहे हैं। महासमुंद के त्रिमूर्ति कॉलोनी निवासी श्री अजय कुमार श्रीवास ने बताया कि उन्होंने अपने घर की छत पर 5 किलोवाट क्षमता का सौर पैनल सिस्टम स्थापित कराया है। उन्होंने जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय में लगे सोलर पैनल को देखकर प्रेरणा ली और योजना की जानकारी जुटाकर लगभग छह माह पूर्व आवेदन किया। पंजीकृत वेंडर द्वारा सोलर सिस्टम स्थापित किए जाने के बाद उनका बिजली बिल अब शून्य हो गया है, बल्कि माइनस में जाकर उन्हें क्रेडिट यूनिट का भी लाभ मिल रहा है। श्रीवास ने कहा यह योजना वास्तव में आम जनता के लिए लाभकारी पहल है। इससे न केवल बिजली खर्च से राहत मिली है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान देने का अवसर मिल रहा है। हर परिवार को इस योजना का लाभ उठाना चाहिए। महासमुंद के गांधी चौक निवासी ऋषभ बाफना ने अपने घर की छत पर 3 किलोवाट क्षमता का सौर पैनल सिस्टम लगवाया है। उन्होंने बताया कि एक मिल में सोलर पैनल देखकर उन्हें प्रेरणा मिली और उन्होंने योजना का लाभ लेने का निर्णय लिया। मात्र दो माह में ही उन्हें सौर ऊर्जा का लाभ मिलने लगा है।पूर्व में उनके दो अलग.अलग मीटरों पर कुल 15000 रुपए तक का बिजली बिल आता था जो अब घटकर लगभग 1500 रुपए के आसपास रह गया है। उन्होंने शासन की इस योजना की सराहना करते हुए कहा सोलर पैनल लगाने से हम न केवल बिजली बिल में कमी ला रहे हैं, बल्कि पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों पर निर्भरता भी घटा रहे हैं।

# पौधरोपण कर खरपतवार को किया नष्ट




**महासमुंद** 1 जुलाई (देशबंधु)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवरी में सोमवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर किए गए पौधरोपण कार्यक्रम एक पेड़ मां के नाम के पौधें एवं ईको गार्डन में पहले से लगे हुए पौधों की कटाई छटाई कर खरपतवार को नष्ट कर अवांछित कचरे को जलाने का कार्य किया गया इसमें विद्यालय के छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। इस अवसर पर प्राचार्य डोमन सिंह टंडन ने कहा कि पौध रोपण करने के बाद पौधों की नियमित देखभाल करना आवश्यक है समय समय पर पानी की व्यवस्था कर अनावश्यक खरपतवार को नष्ट करना चाहिए। इससे पौधों का विकास अच्छे से होगा। पौधरोपण कार्यक्रम व्याख्याता परस राम सिन्हा,व्याख्याता गण नेश लाल धृतलहरे, श्रीमति नीलू सोनी, रविप्रकाश, कुलेश्वर सिंह ठाकुर, भोजराम ध्रुव, आशीष कुमार दीवान शिक्षक, पुष्कर भारती,उदेश्याम यादव, कार्यालयीन कर्मचारी हितेश साहू, कार्तिक राम यादव, मिर्जा रईस फिज्जा ठाकुर, छाया पटेल, वेदिका सेन, सीमा साहु, धनेश्वरी सेन, जान्हवी साहु, योगेश्वरी साहु, पुजा साहु, आयुषी साहु, भूमिका साहु,किरणसेन, मुदित यादव, नीलेश देवांगन सहित समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# डीएपी के विकल्प के रूप में सिंगल सुपर फास्फेट एवं एनपीके उर्वरक बेहतर जिले में उर्वरक का पर्याप्त भण्डारण फसल उत्पादन को बढ़ाने हेतु संतुलित मात्रा में उर्वरक का करें उपयोग

**गरियाबंद,** 1 जुलाई (देशबन्धु)। जिले में बारिश शुरू होते ही खेती का काम तेज हो गया है। मौसम अनुकूल है। इस बार अच्छी फसल की उम्मीद है। किसानों को सहकारी समितियों से बिना ब्याज के कृषि ऋण, बीज और उर्वरक मिल रहे हैं। जिले की डबल लॉक और सहकारी समितियों में 20960 मीट्रिक टन उर्वरक का भंडारण किया गया है।

अब तक 15769 मीट्रिक टन उर्वरक किसानों को बांटा जा चुका है। इसमें यूरिया 9538, सुपर फास्फेट 2972, डीएपी 3005, पोटाश 1562 और एनपीके 3883 मीट्रिक टन शामिल हैं। वैश्विक स्तर पर डीएपी की कमी को देखते हुए जिले में सिंगल सुपर फास्फेट और एनपीके जैसे विकल्पों का भंडारण किया गया है। एनपीके 20रू20रू0रू13 अमोनियम फास्फेट सल्फेट उर्वरक है। इसमें 20 प्रतिशत नाइट्रोजन, 20 प्रतिशत फास्फोरस और 13 प्रतिशत सल्फर होता है। सल्फर की मौजूदगी से फसलों में क्लोरोफिल और प्रोटीन बनता है। रोगों से लड़ने की ताकत बढ़ती है। संतुलित पोषक तत्व मिलने से उत्पादन भी बढ़ता है। सिंगल सुपर फास्फेट में 16 प्रतिशत स्फूर, 11 प्रतिशत सल्फर और 19 से 21 प्रतिशत कैल्शियम होता है। यह मिट्टी की अम्लीयता को कम करता है। जड़ों का विकास बेहतर होता है। पोषक तत्वों की उपलब्धता बढ़ती है। कृषि वैज्ञानिकों ने धान की पकने की अवधि के अनुसार डीएपी के स्थान पर अन्य उर्वरकों के साथ संतुलित मात्रा तय की है। इससे उत्पादन बढ़ाया जा सकता है। शासन ने निर्देश दिए हैं कि उर्वरक की बिक्री पीओएस मशीन से ही हो।

तय दर पर ही बिक्री हो। किसानों से अपील की गई है कि नाइट्रोजन और स्फूर वाले उर्वरकों के साथ म्यूरेट ऑफ पोटाश का भी उपयोग करें। इससे कीट और बीमारियों की समस्या कम होती है। जिंक ईडीटीए और बोरॉन का छिड़काव भी तय मात्रा में करें। इससे फसल की गुणवत्ता और उपज बढ़ेगी। किसान ज्यादा लाभ कमा सकेंगे।

# सोलर पावर से बदली जिंदगी

## बिजली बिल में हुई कमी से उपभोक्ता हो रहे खुशहाल



**गरियाबंद,** 1 जुलाई (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से लोगों की जिंदगी में बड़ा बदलाव आया है। योजना से उपभोक्ताओं के बिजली बिल शून्य हो गए हैं। साथ ही पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान मिल रहा है। गरियाबंद जिले में अब तक 18 सोलर कनेक्शन लगाए जा चुके हैं। कलेक्टर भगवान सिंह उइके हर सप्ताह योजना की प्रगति की समीक्षा करते हैं। उन्होंने विभाग को प्रचार-प्रसार बढ़ाने और अधिक कनेक्शन जोड़ने के निर्देश दिए हैं।

गरियाबंद की सरला तारक का बिजली बिल पहले हर माह 4310 से 6430 रुपये तक आता था। रुफटॉप सोलर कनेक्शन लगवाने के बाद मार्च से मई 2025 तक उनका बिल शून्य आ रहा है। ग्राम आमदी की उंती ठाकुर का बिल पहले 3240 रुपये तक आता था। अब उनका भी बिल शून्य हो गया है। राजेन्द्र सिंह परिहार का बिल पहले 2500 से 3140 रुपये तक आता था। दिसंबर 2024 से मई 2025 तक उनका भी बिल शून्य है। योजना इन उपभोक्ताओं के लिए वरदान बन गई है। अब ये लोग बिजली बिल की चिंता से मुक्त हो गए हैं।

प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत केंद्र सरकार 1 किलोवाट कनेक्शन पर 30000 रुपये, 2 किलोवाट पर 60000 रुपये और 3 किलोवाट या अधिक पर 78000 रुपये की सब्सिडी दे रही है। यह राशि कुछ दिनों में उपभोक्ताओं के खाते में पहुंच जाती है। राज्य सरकार भी 1 से 2 किलोवाट पर 15000 रुपये और 3 किलोवाट तक 30000 रुपये तक अतिरिक्त अनुदान दे रही है। इससे कनेक्शन की लागत घट रही है और लोग आसानी से सौर ऊर्जा अपना रहे हैं।

सब्सिडी के बाद पहले शहरी क्षेत्रों में ही योजना का लाभ लिया जा रहा था। अब राज्य सरकार की सब्सिडी से गांव और कस्बों में भी रूचि बढ़ी है। ग्रामीण इलाकों में भी रुफटॉप सोलर संयंत्र लगने लगे हैं। योजना से हर वर्ग के लोगों को फायदा मिल रहा है। अक्षय ऊर्जा को बढ़ावा देने और उपभोक्ताओं को राहत देने में यह योजना अहम भूमिका निभा रही है।

# शास.प्राथ. विद्यालय बांसउरकुली में मनाया शाला प्रवेशोत्सव

**बिलाईगढ** 1 जुलाई (देशबंधु)। विकासखंड मुख्यालय बिलाईगढ़ के समीपस्थ शासकीय प्राथमिक शाला बाँसउरकुली में आज 30 जून 2025 दिन सोमवार को शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन पारंपरिक रीति रिवाज और उल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर विद्यालय में बच्चों का स्वागत किसी पर्व से कम नहीं था। मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत बाँसउरकुली की सरपंच हेमिन बाई सूर्यवंशी ने दीप प्रज्वलन कर मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ कार्यक्रम की शुरुवात की।



स्कूल को रंग बिरंगे गुब्बारे शैक्षिक पोस्टर से सजाया गया था। जैसे ही नन्हे बच्चे स्कूल परिसर में आए तिलक लगाकर और फूलों की वर्षा से उनका स्वागत किया गया। नव प्रवेशी छात्रों को तिलक लगाकर पुस्तक वितरण कर सभी विद्यार्थियों को मुंह मीठा कराया गया। *साथ ही एक पेड़ माँ के नाम* तहत स्कूल प्रांगण में पौध रोपण कर पर्यावरण सुरक्षा का संदेश दिए। पहली बार स्कूल आ रहे बच्चों के चेहरे पर खुशी और उत्सुकता साफ नजर आ रही थी ।कुछ घबराए ,कुछ मुस्कुराते हुए लेकिन हर चेहरा उम्मीद से भरा था। मुख्य अतिथि हेमीन बाई सूर्यवंशी ने अपने उद्बोधन में कहा कि नन्हे बच्चे देश के भविष्य होते हैं, बच्चे रोज स्कूल आकर अच्छी शिक्षा प्राप्त कर अच्छे नागरिक बनें। कार्यक्रम का संचालन स्कूल के शिक्षक शिव कुमार बंजारे ने किया। एवं इस अवसर पर स्कूल के प्रधान पाठक विनोद डडसेना ने कहा कि शिक्षा ही जीवन का आधार है स्कूल बच्चों की भविष्य की नींव रखता है।हमें मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि हर बच्चा अच्छी शिक्षा पाए।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि सरपंच हेमिन बाई सूर्यवंशी,पत्रकार धनेश यादव, पंचायत प्रतिनिधि रामकिशन, सुनील यादव,वीरेन्द श्रीवास्तव, महेंद्र पटेल, गोपाल, सोहन सिंह ,प्रज्ञा प्रमिला, शिव कुमारी ,बिसाहिन यादव, उषा बिंदाबाई ,गीता हरीश यादव एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक सहित स्कूल के शिक्षक गौतम गिरी गोस्वामी, शिव कुमार बंजारे,सरिता कहार,ज्योति खड़िया कार्यक्रम के साक्षी बने।

कार्यक्रम के अंत में स्कूल के प्रधान पाठक विनोद डडसेना ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त कर नव प्रवेशी सहित सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित किये।

# शासकीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय पाटसेन्द्री में पुस्तक वितरण

**सरायपाली** 1 जुलाई (देशबन्धु)। शासकीय प्राथमिक उच्च प्राथमिक शाला पाटसेंद्री में सरपंच तरुण कुमार पटेल, प्रधान पाठक चन्द्रभानु पटेल,प्रधान पाठक चंद्रशेखर पटेल,शिक्षक संदीप कुमार भोई,सविता पटेल,राजेंद्र कुमार निर्मलकर, अनुसूया पटेल की उपस्थिति में पाठ्य पुस्तक वितरण किया गया ।कक्षा 6वीं में समाज का अध्ययन, कृति,गणित प्रकाश कक्षा 7वीं में हिंदी अँग्रेजी कक्षा 8वीं हिंदी, अँग्रेजी, सहायक वाचन,कक्षा 1ली में हिंदी, आनंदमय गणित, मृदंग कक्षा 2 री में आनंदमय गणित,हिंदी कक्षा 3री संतूर, बांसुरी,वीणा,गणित मेला अद्भुत संसार, खेल योग कक्षा 4थी में हिंदी ,गणित ,अँग्रेजी कक्षा 5 वीं में अँग्रेजी और हिंदी का वितरण किया गया। बच्चे पुस्तक पाकर आनंदित हो उठे।




# पंडरीपानी में शराब कोचिया गिरफ्तार

**बिलाईगढ** 1 जुलाई (देशबंधु)। पुलिस अधीक्षक अंजनेय वार्ष्णेय के निर्देशन पर तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निमिषा पांडे,अनुभागीय अधिकारी पुलिस विजय ठाकुर के मार्गदर्शन में तथा थाना प्रभारी बिलाईगढ़ शिवकुमार धारी के कुशल नेतृत्व में थाना बिलाईगढ़ पुलिस द्वारा शराब कोचियों पर लगातार कार्रवाई कर दिनांक 29,06,25 को मुखबिर से सूचना मिला कि थाना बिलाईगढ़ के ग्राम पंडरीपानी के अजय टंडन के नाम का व्यक्ति अपने चकना दुकान के सामने भारी मात्रा में अवैध महुआ शराब रखकर बिक्री करने रखा है की सूचना पर रेड कार्यवाही कर रंगे हाथ पकड़ा गया। आरोपी अजय टंडन पिता धनीराम टंडन उम्र 25 वर्ष ग्राम पंडरीपानी थाना बिलाईगढ़ जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के कब्जे से कुल 10 लीटर 800द्व्य महुआ शराब कीमती 1080 रू को जप्त कर आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2)आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया ,जिसे मा,न्यायालय द्वारा न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।



प्रकरण की सम्पूर्ण कार्यवाही में स्ढ्ढ शिव कुमार धारी प्र.आर हीराधार नाग आर राजेश सायतोड़े आर भानुप्रताप सिंह समस्त थाना स्टाफ विशेष योगदान।

## बड़ाईपाली में खाद बीज को लेकर सोसाइटी घेराव / विधायक द्वारिकाधीश होंगे शामिल

पिथौरा / समीपस्थ बड़ाईपाली में आज किसानों के हित मे खाद बीज की कमी ।को लेकर सोसाइटी में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष करण सिंह दीवान के नेतृत्त्व में घेराव किया जायेगा इस घेराव में खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे साथ ही ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी सदस्य उपस्थित रहेंगे । इस अवसर पर अधिक से अधिक किसानों



# एसडीएम उमेश साहू ने किया सुपर 40 के चयनित बच्चों का सम्मान



**बागबाहरा,** 1 जुलाई (देशबन्धु)। सुपर 40 निःशुल्क कोचिंग संस्था बागबाहरा के प्रयास और नवोदय विद्यालय में चयनित विद्यार्थियों के पालकों द्वारा आयोजित सम्मान एवं विदाई समारोह पुराना विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय बागबाहरा में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनुविभागीय दंडाधिकारी (राजस्व) उमेश कुमार साहू थे। अध्यक्षता विकासखंड शिक्षा अधिकारी के.के. वर्मा ने की। विशेष अतिथि के रूप में सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामता मन्नाडे, श्रीमती संतोषी साहू (प्रधानपाठक, प्राथमिक शाला बागबाहरा), श्रीमती वीणा साहू (प्रधानपाठक, पूर्व माध्यमिक शाला बागबाहरा) सहित शिक्षकों एवं पालकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

इस कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्जवलन एवं स्वागत उद्बोधन के साथ हुई। मंच संचालन अनिल चक्रधारी एवं केदार साहू द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीएम उमेश साहू ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में कहा कि मैं एक साधारण छात्र रहा हूँ। एसडीएम बनने से पहले अनेक विभागीय चुनौतियाँ आईं। कई बार असफलता भी मिली। लेकिन वहीं असफलता मेरे लिए पहली सीढ़ी बनी। आज यदि कोई विद्यार्थी कुछ अंकों से चयन से चूक गया है। तो उसे निराश होने की जरूरत नहीं है। बल्कि और अधिक मेहनत करके आगे बढ़ने की आवश्यकता है। मेहनत लगातार करनी होगी और एक दिन वे जरूर सफल होंगे। उन्होंने प्रयास में चयनित 36 विद्यार्थियों को छत्तीसगढ़ के 36 सपूत और नवोदय चयनित 11 विद्यार्थियों को क्रिकेट टीम की संज्ञा देते हुए कहा कि ये सभी बच्चे छत्तीसगढ़ के भविष्य हैं। इन बच्चों की मेहनत, आत्मविश्वास और सीमित संसाधनों में किया गया संघर्ष आने वाले समय में समाज को नई दिशा देगा। ये सपूत राज्य और देश का नाम रोशन करेंगे। सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामता मन्नाडे ने छात्रों को छ्वश्वश्व और ह्श्वश्वञ्ज जैसे आगामी लक्ष्यों के लिए अभी से समर्पण और अनुशासन के साथ तैयारी करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि सुपर 40 संस्था ने न केवल विद्यार्थियों को दिशा दी है। बल्कि बागबाहरा विकासखंड को राज्य स्तर पर एक नई पहचान दिलाई है। अब संकुलों और अन्य ब्लॉकों में भी इसी तरह के नवाचार शुरू होने लगे हैं।

विकासखंड शिक्षा अधिकारी कौशल कुमार वर्मा ने बच्चों की सफलता को संघर्ष, मार्गदर्शन और सामूहिक प्रयास का परिणाम बताया। और बच्चों को ईमानदारी, अनुशासन और संस्कार के साथ आगे बढ़ने की सीख दी। पालकों द्वारा सुपर 40 की शिक्षकीय टीम संयोजक हीरासिंग नायक (प्राचार्य, सेजेस कोमाखान) सहित कुलदीप साहू, अनिल कुमार चक्रधारी, केदारनाथ साहू, धीरज तिवारी, रश्मि शर्मा, जगदेव साहू, धनेश्वर साहू, सुभाष चंद्राकर, योगेंद्र चंद्राकर, महादेव देवांगन, छोटू निषाद, अश्वनी, लोकनाथ रैदास, राजेंद्र साहू एवं अन्य सहयोगी मनोज पटनायक ङ्क को मंच पर मोमेंटो एवं पेन भेंट कर सम्मानित किया गया। पालकों ने इन शिक्षकों के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त की और कहा कि इनके मार्गदर्शन ने बच्चों के जीवन को नई दिशा दी है। समारोह के अंत में बच्चों को प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह व बधाई पत्र प्रदान किए गए। सभी ने भावनात्मक शब्दों में शिक्षकों के प्रति आभार जताया। आभार प्रदर्शन कुलदीप साहू द्वारा किया गया। जिन्होंने सभी अतिथियों, पालकों, विद्यार्थियों एवं आयोजन से जुड़े सभी सहयोगियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## भूसरेंगा शासकीय हाई स्कूल में शाला प्रवेशोत्सव



*कुरूद, 1 जुलाई (देशबंधु)। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी कुरूद विधानसभा के ग्राम भूसरेंगा के शासकीय हाई स्कूल में शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होकर माँ सरस्वती की पूजा अर्चना कर नवप्रवेशी छात्र छात्राओं का तिलक वंदन, गुलदस्ता भेंट कर व मुँह मीठा कराकर विद्यालय मे नवप्रवेश कराया गया। विद्यालय स्तर पर आयोजित इस भव्य कार्यक्रम के सभी सम्मानीय अतिथिगणो के करकमलो से नवप्रवेशी बच्चों को पुस्तक वितरण एवं वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर शिक्षा और शिक्षक के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यालय मे मिल रही उत्तम शिक्षा सुविधा के उदेश्य को बताते हुए इसके लिए सबको बधाई भी दी ।*

# गोपालपुर में बारात के दौरान फटाका फोड़ने को लेकर खूनी संघर्ष, 4 युवक , पुलिस जांच शुरू

**पिथौरा,** 1 जुलाई (देशबंधु)। पिथौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गोपालपुर में एक बारात के दौरान पताका फोड़ने को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जिसमें चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल है, और पुलिस ने मामले की गहन जांच शुरू कर दी है ।प्राप्त जानकारी के अनुसार, देवगांव (चांदन) से आई एक बारात के दौरान गोपालपुर गांव में पताका फोड़ने को लेकर बारातियों और गांव के कुछ युवकों के बीच कहासुनी शुरू हुई। विवाद इतना बढ़ गया कि गांव के युवकों ने बारातियों पर कैंची और कड़े जैसे हथियारों से हमला कर दिया। इस हमले में देवगांव के तीन युवकों—मुकेश यादव, खिरोज बरिहा, और अशोक बारिहा—गंभीर रूप से घायल हो गए। एक अन्य युवक को भी चोटें आईं। घायलों ने किसी तरह मौके से भागकर अपनी जान बचाई और तत्काल पिथौरा थाने में घटना की सूचना दी ।सूचना मिलते ही पिथौरा थाने के उपनिरीक्षक




(एसआई) दिलीप ठाकुर ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घायल युवकों को प्राथमिक उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा। अस्पताल में स्वास्थ्य परीक्षण और प्राथमिक चिकित्सा के बाद सभी घायलों को छुट्टी दे दी गई। एसआई ठाकुर ने बताया कि एक युवक के सिर पर गंभीर चोट आई है, जबकि अन्य को मामूली चोटें आई हैं ।पुलिस के अनुसार, प्रार्थी मुकेश यादव के आवेदन के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि पताका फोड़ने को लेकर शुरू हुए विवाद ने हिंसक रूप लिया, जिसके बाद गांव के कुछ युवकों ने बारातियों पर हमला किया। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है और दोषियों की पहचान के लिए गांव में छानबीन की जा रही है ।एसआई दिलीप ठाकुर ने बताया, च्घटना की सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई की गई। घायलों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया है, और प्रार्थी के बयान के आधार पर मामला दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी ।ज्ञ पुलिस ने गांव में शांति बनाए रखने के लिए अतिरिक्त बल तैनात किया है और स्थिति पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

# धीमी गति से कार्य करने वाले 18 ठेकेदारों को कलेक्टर ने पेनाल्टी के साथ दिया नोटिस

◆ **कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के सभी ठेकेदारों के कार्यों का समीक्षा किया**




**बिलाईगढ़,** 1 जुलाई (देशबंधु)। कलेक्टर सह अध्यक्ष जिला जल एवं स्वच्छता मिशन डॉ संजय कन्नौजे ने जिले के जल जीवन मिशन के कार्यों की विस्तृत समीक्षा किया। कलेक्टर ने जिले के 35 गांव में नल जल कनेक्शन में धीमी गति से काम करने वाले 18 ठेकेदारों को पेनाल्टी के साथ कारण बताओ नोटिस जारी किया है और सीईओ इंद्रजीत बर्मन तथा एसडीएम प्रखर चंद्राकर को फील्ड में जाकर कार्यों के प्रगति का अवलोकन करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर डॉ कन्नौजे ने सभी ठेकेदारों और अधिकारियों की उपस्थिति में जल जीवन मिशन की योजनाओं का एक के बाद ग्रामवार बारीकी से समीक्षा करते हुए जल्द से जल्द गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय पर कार्यो को पूर्ण करने हेतु निर्देशित किए। कलेक्टर ने हर-घर जल के पूर्ण कार्य को हस्तांतरण किये जाने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में अनुपस्थित ठेकेदारों के कार्यों के प्रति उदासीनता के कारण कलेक्टर ने अनुपस्थित ठेकेदारो को कारण बताओ नोटिस जारी किया। इसी प्रकार समूह जल प्रदाय योजना के ठेकेदारो के कार्य की गति पर असंतोष जाहिर करते हुए कार्य में तेजी लाने के सख्त निर्देश दिए। कलेक्टर ने कार्यो को पूर्ण नहीं करने एवं निविदानुसार कार्यो मे प्रगति नही लाने वाले ठेकेदारों को अर्थदण्ड देने विभागीय अधिकारी रमाशंकर कश्यप कार्यपालन अभियंता को सख्त निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही डॉ कन्नौजे ने अंतिम चेतावनी देते हुए आबंटित समस्त कार्यो को निर्धारित समय में पूर्ण करने हेतु संबंधित ठेकेदारो को निर्देश दिए।

**बैठक में शामिल अधिकारीगण**

कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने ठेकेदारों को आने वाले समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारियों को बैठक में शामिल किए थे। इस बैठक में वन विभाग से क्षेत्रीय अधिकारी सारंगढ, पी एल पैकरा कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग से कार्यपालन अधिकारी पी सी महानंदा, प्रभारी अधिकारी क्रेडा शिवेंद्र सिंह, पीएचई विभाग से सहायक अभियंता बी एल खरे, एसडीओ जल संसाधन विभाग आराधना पटेल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सारंगढ राधेश्याम नायक, बरमकेला अजय पटेल, बिलाईगढ़ प्रतीक प्रधान, के.आर. सूर्यवंशी उप-अभियंता पीएचई, जिला जल एवं स्वच्छता मिशन समिति के सदस्य के साथ साथ जिले के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अनुबंधित ठेकेदारगण उपस्थित थे।

# फरसिया में गोंडवाना समाज का एकदिवसीय कार्यशाला

**नगरी,** 1 जुलाई (देशबंधु)। गोंडवाना समाज सेवा समिति तहसील नगरी के तत्वाधान में महामाई फरसिया क्षेत्र में एक दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न हुवा द्य कार्यशाला के मुख्य अतिथि गोंडवाना समाज के संरक्षक डा.लक्ष्मी ध्रुव पूर्व विधायक, अध्यक्षता श्री जवाहर मरकाम अध्यक्ष गोंडवाना उपक्षेत्र महामाया फरसिया विशिष्ट अतिथि मया राम नागवंशी अध्यक्ष उपक्षेत्र दुगली विशिष्ट अतिथि श्री जोहन नेताम उपाध्यक्ष कर्मचारी प्रभाग तहसील नगरी, द्वारका नेताम कर्मचारी सदस्य कर्मचारी प्रभात तहसील नगरी बंसीलाल सोरी पूर्व ज.प. सदस्य सभापति, रामसिंह पूर्व सरपंच ,बालाराम मांडवी,विमल मरकाम,दिनेश मांडवी,सुभाष सॉरी एवं सामाजिक जनो के आतिथ्य में कार्यशाला का शुभारंभ किया गया सर्व प्रथम बुढ़ा देव की पूजा अर्चना एवं अतिथियों के स्वागत के पश्चात प्रारंभ हुआ एकदिवसीय कार्यशाला की रूपरेखा कर्मचारी प्रभाग के उपाध्यक्ष जोहन नेताम द्वारा बताया गया तत्पश्चात अंतर जाति एवं सजाति विवाह पर बंसीलाल सोरी द्वारा सजातीय विवाह पर अपना विचार रखा और अंतर जाति विवाह के दुष्परिणामों को समाज के बीच अपना विचार रखा,डॉ लक्ष्मी ध्रुव पूर्व विधायक द्वारा नशा के दुष्परिणाम एवं नशा मुक्त समाज का परिवार और समाज की आर्थिक, सामाजिक और नैतिक गुणों के विकास पर प्रभाव तथा सामाजिक व्यवस्था टांडा मुंडा कुंडा एवं धर्मांतरण का समाज और राष्ट्र पर होने वाले प्रभाव पर का सारगर्भित उद्बोधन दिया द्य



मय रम नागवंशी द्वारा गोत्र ज्ञान,स्थानीय संगठन संचालन पर एवं मातृशक्ति और युवा यूतियों को समाज एवं अपनी आर्थिक उन्नति के लिए संबोधित किया द्य शिक्षा के क्षेत्र में जोहन नेताम व्याख्याता डाइट नगरी द्वारा वर्तमान परिवेश में शिक्षा संस्कार एवं स्वरोजगार पर कदम से कदम मिलाकर चलने का आह्वान समाज के लोगो से किया द्य बाला राम मंडावी द्वारा भी समाज को सम्बोधित किया गया दिनेश मंडावी एवं सुभाष सोरी द्वारा पेसा एक्ट कानून का विस्तार में बताया गया कार्यशाला को सफल बनाने के लिए गोंडवाना समाज उप क्षेत्र महामाई फरसिया के

संरक्षक राजाराम मांडवी परदेसी राम कुंजम दिलीप मरकाम भगवान नेताम अध्यक्ष जवाहरलाल मरकाम उपाध्यक्ष डिगेश नेताम रासेश्वर मरकाम मुड़ादार धनेश मरकाम जयकुमार नेताम महामंत्री प्रभु नेताम तहसील सदस्य नरेंद्र मरकाम श्यामाचरण मंडावी सचिव प्रकाश नेताम भूपेंद्र कुंजाम कोषाध्यक्ष हेमंत ठाकुर राजाराम राजकुमार मरकाम सलाहकार सोहन मरकाम कोमल नेताम, सीताराम मरकाम राम रतन ध्रुव धनेश नेताम कर्मचारी प्रभाग अध्यक्ष गांधीराम मरकाम वित सचिव केशव टेकाम युवा प्रभाग अध्यक्ष ॠषि ओटी युवती प्रभाग अध्यक्ष जगबती कोर्राम महिला प्रभाग अध्यक्ष जगबती नेताम तहसील सदस्य गोमती नेताम कार्यशाला में महामाई फरसिया उप क्षेत्र में सैकड़ो की संख्या में गोंडवाना समाज के युवा -युवीतियाँ समाज के महिला -पुरुष उपस्थिति थे कार्यशाला का आभार गोंडवाना उप क्षेत्र महामाई फरसिया के अध्यक्ष जवाहर मरकाम द्वारा किया गया ।

## कविता यादव के यहां मोदी की मन की बात का 123 वां संस्करण सुना



**मगरलोड ,** 1 जुलाई (देशबंधु)। प्रधानमंत्री मोदी जी के 123 वां संस्करण महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीमती कविता यादव के निवास मे सुना गया। मन की बात की 123 वां संस्करण में प्रधानमंत्री ने कहा कि इमरजेंसी के दौर को भुलाया नहीं जा सकता उस समय लोगों को प्रताड़ित किया गया जनता ने लोकतंत्र से समझौता नहीं किया इमरजेंसी के 50 साल पूरे हुए और लोगों का अधिकार छीना गया 3 जुलाई से मानसरोवर यात्रा की शुरुआत इमरजेंसी लगाकर संविधान की हत्या आपरेशन सिंदुर और जवानों की याद में पौधे लगाए जा रहे है । अंतरिक्ष यात्री सुभाशु शुक्ला और सीए डाक्टर का जिक्र देश के लिए आपातकाल बुरा दिन देश ने संविधान हत्या दिवस मनाया आपातकाल थोपने वाले हार गये जैसे प्रमुख बिंदु पर मन की बात में जिक्र किया गया। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय यदु, महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कविता यादव,पूर्व सरपंच रोहित यादव, ओमप्रकाश निषाद, हेमप्रकाश साहू, भवानी यादव उपस्थित रहे ।

## आपदा पीड़ित परिवार को 4 लाख रू. की आर्थिक सहायता

बलौदाबाजार, 1 जुलाई (देशबनधु)। कलेक्टर दीपक सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा पीड़ित परिवार के लिए 4 लाख रुपये आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया है। उन्होंने मृतक के वैध वारिसान के बैंक खाते में उक्त राशि जमा कराने के निर्देश सम्बंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारी को दिए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बलौदाबाजार तहसील अंतर्गत ग्राम कोलियारी निवासी गैंदुराम ध्रुव पिता बलभद्दर ध्रुव की तालाब में डूबने से मृत्यु हो गई थी। राजस्व पुस्तक परिपत्र खंड 6-4 के प्रावधान के अनुसार मृतक के निकटतम वैध वारिसान पुत्र द्वारिका ध्रुव पिता गैंदुराम ध्रुव को 4 लाख रुपये आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया गया है।

# शिक्षकों ने रैली निकाल 4 सूत्रीय मांगों का सौंपा ज्ञापन



गरियाबंद, 1 जुलाई (देशबंधु)। शिक्षक साझा मंच ने अपनी 4 सूत्रीय मांगों को लेकर मंगलवार को गांधी मैदान में प्रदर्शन किया। फिर रैली निकाल मुख्यमंत्री, शिक्षा सचिव, संचालक लोक शिक्षण और जिलाधीश के नाम ब्लॉक शिक्षा अधिकारी और नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। रैली में सैकड़ों शिक्षक-शिक्षिकाएं एकदिवसीय सामूहिक अवकाश लेकर शामिल हुए। जिला अध्यक्ष परमेश्वर निर्मलकर और ब्लॉक अध्यक्ष जितेन्द्र सोनवानी ने रैली प्रदर्शन का नेतृत्व किया। इस दौरान जमकर नारेबाजी भी की। इस दौरान शिक्षक प्रतिनिधियों ने चेतावनी दी कि यदि शासन ने जल्द निर्णय नहीं लिया तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शिक्षक वर्ग की उपेक्षा अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिला अध्यक्ष परमेश्वर निर्मलकर ने कहा कि हमारी चार प्रमुख मांगो में 2 अगस्त 2024 को जारी युक्तियुक्तकरण नियम के तहत हुए समायोजन को रद्द किया जाए। 31 मार्च 2008 के सेटअप के आधार पर ही युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया हो। युक्तियुक्तकरण की क्रमोनीति का जनरल ऑर्डर जल्द जारी किया जाए। पूर्व सेवा अवधि के आधार पर पेंशन सहित अन्य सेवा लाभ शामिल है। धरना प्रदर्शन में गिरीश शर्मा, दिनेश निर्मलकर, संजय यादव, लोकेश सोनवानी, सुरेश केला, ईदरीश खान, ज्ञानेश्वर साहू, सलीम मेमन, सरस सोम, राजेश यदु, कृष्ण कुमार बया, दानवीर साहू, कोमल देवांगन, लोकेश ध्रुव, तिलक यादव, भाग सिंह ठाकुर, अजय सेन, यादवेंदर गजेंद्र, मनोज साहू, राधे लाल ध्रुव, मुन्ना लाल, कमलेश त्रिवेन्द्र, सुनील मेहर, सदानन्द सर्वांकर, रोम लाल निषाद, अविनाश राजपूत, नोहर सोनी, ओमप्रकाश साहू, टेक राम साहू, योगेश ध्रुव, इंद्रप्रीत कुकरेजा, अंजना गनविर, ईश्वरी सिन्हा, प्रतिभा सकरिया, नीता सर्वा, नन्दिनी यादव, सरिता माथुर, संगीता सोनवानी, मृदुला निर्मलकर, संगीता केला, सीमा वयदे, शतरूपा विप्रे, भानू कुटारे सहित सैकड़ों शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल हुए।

# शाला प्रवेशउत्सव में शामिल हुए विधायक अनुज

**विद्यालयों में प्रवेश लेने वाले नन्हे मुन्ने बच्चे आने वाले कल का भविष्य हैं-अनुज**

**खरोरा,** 1 जुलाई (देशबंधु)। धरसींवा विधानसभा के ग्राम मांढर व ग्राम सांकरा के शास. उच्च. माध्य. शाला में आयोजित शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में धरसींवा विधायक पद्मश्री अनुज शर्मा शामिल हुए।




इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को शिक्षा सामग्री वितरित कर शुभकामनाएं दी गई व बच्चों के साथ मिल कर वृक्षारोपण भी किया गया और विधायक श्री शर्मा ने एक छात्र को अपने प्रतिनिधि के रूप में उस वृक्ष कि देखभाल कि ज़िम्मेदारी दी। विधायक पद्मश्री अनुज शर्मा ने कहा कि आज ऐसे गुरुजन और शिक्षक उपस्थित है जो अपनी मेहनत के बल पर बच्चो के भविष्य को बनाते हैं, ताकि आने वाले समय में यही बच्चे देश के नवनिर्माण में हिस्सेदारी दें।

शिक्षा को जनअभियान बनाने की दिशा में राज्य सरकार की नई पहल है. इसका उद्देश्य शासकीय विद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता को सुधारना है और शत-प्रतिशत बच्चों का विद्यालयों में नामांकन करना है शिक्षा न केवल व्यक्तिगत विकास का माध्यम है, बल्कि एक समृद्ध, सशक्त और संस्कारित समाज की नींव भी है। हर व्यक्ति को ज्ञान अर्जन की दिशा में बढ़ना चाहिए, क्योंकि यह उसका मौलिक अधिकार है ।शाला प्रवेश उत्सव का उद्देश्य भी यही है—हर बच्चे को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना और उन्हें बेहतर भविष्य की ओर अग्रसर करना। हमारी सरकार छत्तीसगढ़ में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर सुविधाओं के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है और ठोस प्रयास कर रही है ताकि प्रदेश की शिक्षा के स्तर को और बढ़ाया जा सके। मैं सभी बच्चों को उनके उज्वल कि शुभकामनाएँ देता हूँ आप सभी खूब पढ़ो लिखो और अपने गांव का नाम पूरे प्रदेश में रोशन करो। इस कार्यक्रम में विधायक पद्मश्री अनुज शर्मा , श्रीमती सविता चंद्राकर, श्रीमती शकुंतला ढिलेन्द्र सेन,सहित शिक्षकगण व अभिभावकगण, ग्राम के जनप्रतिनिधि, कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## प्रादेशिकी का शेष...

### विधायक के प्रयासों से...

मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू,पूर्व मंडल अध्यक्ष कमल सिन्हा, नगर पंचायत उपाध्यक्षा पूर्णिमा चन्द्राकर,पार्षद टंकु सोनकर,आकाश राजपूत,भारत यादव,मंशा कुर्रे,कुलेश्वर साहू,सुरेश पटेल,सोमनाथ पटेल,अजय पटेल व्यापारी संग से अजय साहू,विक्रम मेघवानी राधेश्याम बंजारे, ओम प्रकाश आडिलु,सहित स्थानीय लोगों ने विधायक के अथक प्रयासों की सराहना करते हुए खुशी जताई।

### जंगल से भटककर...

को कोसमसारा बैरियर के निवास मे लाया गया। साथ ही पशु चिकिसक को उसके उपचार के लिये बुलाया गया। इधर उपचार के बाद डॉक्टरों ने बचाव केंद्र में चीतल को रखने की वन विभाग को सलाह दिया गया। पशु चिकित्सकों ने बताया कि चीतल का आगे का बाया पैर की हड्डी तीन स्थानों से टूट गया है और उसे पूरी तरह से ठीक होने मे समय लगेगा। बचाव केंद्र में रखने पर लगातार चीतल की मॉनिटरिंग कर ड्रेसिंग किया जायेगा। जिससे चीतल जल्द स्वास्थ्य हो जायेगा।

# एल एल कोशले प्रदेश अध्यक्ष एवं मोहन बंजारे महासचिव निर्वाचित

**पलारी** 1 जुलाई (देशबन्धु) प्रगति छत्तीसगढ़ सतनामी समाज पंजीयन क्रमांक 3933 2012 के केंद्रीय पदाधिकारी का निर्वाचन राजधानी रायपुर में 29 जून को संपन्न हुआ जिसमें एल एल कोसले प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित हुए वही मोहन बंजारे प्रदेश महासचिव के पद पर भारी मतों से विजय दर्ज किए कोसले पैनल की सभी प्रत्याशियों ने भारी मतों से विजय दर्ज किए । छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से कुल 1442 मतदाताओं में 11 56 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग कर प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के प्रदेश पदाधिकारियों के चुनाव में भारी उत्साह दिखा प्रदेश के कोने कोने से मतदान करने पहुँचे मतदाता , लगभग 80 प्रतिशत मतदाताओं ने किया मताधिकार का उपयोग नवनिर्वाचित पदाधिकारियों में एल.एल. कोशले (रायपुर) दयानंद कोसले (बलौदा बाजार)एवं विनोद भारती



(रायपुर) मैदान में थे ।एल एल कोशले को 833 मत दयानंद कोशले को 8 मत तथा विनोद भारती को 268 मत प्राप्त हुए। तीनों प्रत्याशियों में से एल.एल. कोशले ने सर्वाधिक मत प्राप्त कर विजय हासिल की और उन्हें समाज का नवीन प्रदेश अध्यक्ष घोषित किया गया ।प्रदेश उपाध्यक्ष के तीन पदों के लिए हुएं चुनाव में चार उम्मीदवार थे । इस तरह चुनाव परिणाम के अनुसार डॉ. दिनेश लाल जांगड़े, रेशम घृतलहरे एवं सूरज प्रसाद घृतलहरे उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए। महासचिव और प्रवक्ता के एक एक पद के लिए हुआ सीधा मुकाबला महासचिव पद पर मोहन बंजारे (हरिनभट्ठा पलारी) निर्वाचित हुए उन्हें 853 मत एवं रघुनाथ भारद्वाज को 247 मत प्राप्त हुए ।इसी प्रकार प्रवक्ता पद पर पी.एल. कोसरिया (पिथौरा, महासमुंद) राकेश नारायण बंजारे (खरसिया, रायगढ़) हराकर जीत दर्ज किया। निम्नांकित पदों पर कोशले पैनल के पदाधिकारियों निर्विरोध निर्वाचित हुए जिसमें महिला प्रदेश उपाध्यक्ष पद हेतु श्रीमती सुशीला सोनवानी, कोषाध्यक्ष पद हेतु श्यामजी टांडे,सहसचिव पद हेतु दिनेश बंजारे तथा मीडिया प्रभारी पद हेतु लक्ष्मीकांत कोसरिया निर्विरोध निर्वाचित हुए ।कार्यकारिणी के 15 सदस्य भी निर्विरोध निर्वाचित

प्रदेश प्रबंध कार्यकारिणी के 15 सदस्य भी निर्विरोध चुने गए। जिसमें गणेश प्रसाद बघेल (बलौदा बाजार), गुलाब दास टंडन (सेरीखेड़ी रायपुर), डमरु मनहर (भुईगांव पामगढ़), नोहर सिंह धिरही (भिलाई), एस.आर. बंजारे (महासमुंद), भुवन दास जांगड़े (बेमेतरा), यादराम हिरवानी (बिलाईगढ़), विजय टंडन (कांपा रायपुर), विरेन्द्र अजगल्ले (मालखरौदा), श्याम लाल सितारे (आमगांव सक्ती), सत्येंद्र खुंटे (बिलासपुर), संतु बांधे (बस्तर) तथा महिला वर्ग से द्रौपदी जोशी, निशा ओग्रे और रजनी डांडे (रायपुर)शामिल हैं। नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष एल एल कोशले ने प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप सहयोग प्रदान करने वाले देवतुल्य मतदाताओं एवं समाज के पदाधिकारियों सहित मुख्य निर्वाचन अधिकारी के एल रवि सहायक निर्वाचन अधिकारी एस आर बंजारे एवं कोसरिया के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सबको साथ लेकर समाज हित में बेहतर काम करने की बात कही।

# विकासखंड के शिक्षकों ने जनपद पंचायत मैदान में शिक्षक साझा मंच आरंग के बैनरतले किया धरना-प्रदर्शन



**आरंग,** 1 जुलाई (देशबन्धु)। युक्तियुक्तकरण में हुई अनियमितता तथा क्रमोन्नत वेतनमान सहित अन्य मांगों को लेकर शिक्षक साझा मंच आरंग द्वारा आज एक जुलाई को आरंग ब्लॉक मुख्यालय में एक दिवसीय जोरदार धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया। जिसके तहत आरंग विकासखंड इकाई के द्वारा तहसील कार्यालय जनपद पंचायत आरंग के पास एक दिवसी धरना प्रदर्शन किया गया धरना प्रदर्शन पश्चात रैली निकालकर अपनी चार सूत्रीय मांगों का ज्ञापन मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन, शिक्षा सचिव स्कूल शिक्षा विभाग एवं संचालक लोक शिक्षण संचालनालय के नाम एसडीएम पुष्पेन्द्र शर्मा एवं विकास खंड शिक्षा अधिकारी आरंग दिनेश शर्मा के माध्यम से सौंपा गया।

मंच के ब्लॉक संचालक हरीश दीवान, छोटूराम साहू, एवन बंजारे,, छत्रधर दीवान इंद्रजीत वर्मा ने बताया कि राज्य में सरकार द्वारा युक्तियुक्तकरण के नाम भारी भर्राशाही की गई है। जिसमें उम्रदराज शिक्षकों तथा महिलाओं को जबरिया अन्यंत्र भेज दिया गया है। जिसके कारण कई शाला शिक्षकविहीन हो गए हैं। राज्य में प्राचार्यों एवं व्याख्याताओं का पदोन्नति नहीं हो पाई है। जिसके कारण शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्य प्रभावित हो रहा है।

मंच के द्वारा चार सूत्रीय मांग दोषपूर्ण युक्तियुक्तकरण को दुरुस्त कर 2008 के सेटअप के अनुसार शिक्षकों की व्यवस्था किया जाना, सोना साहू प्रकरण को आधार मानते हुए समयमान वेतनमान क्रमोन्नति वेतनमान देने हेतु विभाग से जनरल आदेश जारी करने, नियुक्ति तिथि से सेवा गणना करते हुए पुरानी पेंशन सहित सम्पूर्ण लाभप्रदान करना व डीएड योग्यता धारी को भी व्याख्याता पदोन्नति में शामिल किया जाना शामिल है।

बताया गया कि छत्तीसगढ़ के सभी 146 विकास खण्डों सहित आरंग में शासन के शिक्षक विरोधी नीतियों के खिलाफ जमकर हल्ला बोला गया। ब्लॉक संचालको ने बताया कि राज्य सरकार शिक्षकों के आंदोलन को हल्के में लेने की भूल न करे, और शिक्षकों को परेशान करना बंद करे, अन्यथा पूरे प्रदेशभर के शिक्षक स्कूलों में तालाबंदी कर अनिश्चितकालीन हड़ताल में चले जायेंगे, जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी शासन-प्रशासन की होगी। आज के धरना प्रदर्शन एवं रैली में प्रमुख रूप से शिक्षक साझा मंच के जिला ब्लाक के पदाधिकारी गण एवं शिक्षक गण जिसमें प्रमुख रूप से हरीश दीवान छोटू राम साहू, एवन बंजारे प्रफुल्ल मांझी छत्रधर दीवान, इन्द्र जीत वर्मा ,मनोज मुंछावड,संतोष सोनी सुरेंद्र चंद्रसेन जितेंद्र देवांगन ,चंद्रकांत पटेल,सुशील बेलगहे, सोमचंद धृतलहरे आनंद सोनी,अरविंद वैष्णव नोहर यादव, सुंदर साहू, विनोद यादव तारकेश्वर डडसेना, भूषण जलक्षत्री लक्ष्मीनारायण बारले ,शेष नारायण साहू पन्नालाल खूंटे, विनय पटेल,शिवकुमार खांडे, विमल सोनवानी, टीका राम साहू,गेंद राम पटेल,नीलू देवांगन संध्या चंद्राकर,कनक लता गहलोत, सूर्य भानु बांधे,मनोज जनार्दन, ओमप्रकाश साहू शरद अग्रवाल विष्णु ब्रह्मदेव सहित बड़ी संख्या में शिक्षक संवर्ग शामिल थे।

# पितईबंद से अवैध रेत ढो रहे एक ट्रैक्टर को थाना राजिम ने जब्त किया



**वहीं, दूसरी कार्रवाई में बुड़ेनी (धमतरी) से अवैध रेत लोड कर ला रहे हाइवा वाहन को जप्त किया**

**राजिम,** 1 जुलाई (देशबन्धु)। अवैध रेत परिवहन के खिलाफजिला प्रशासन और खनिज विभाग ने एक बार फिर बड़ी कार्रवाई की है। प्रशासन के निर्देश पर चलाए जा रहे सघन जांच अभियान के तहत दो भारी वाहनों – एक ट्रैक्टर और एक हाइवा को जब्त किया गया है।

जानकारी के अनुसार, ग्राम पितईबंद से अवैध रेत ढो रहे एक ट्रैक्टर को थाना राजिम द्वारा जब्त किया गया है। वहीं, दूसरी कार्रवाई में बुड़ेनी (धमतरी) से अवैध रेत लोड कर ला रहे एक हाइवा वाहन को थाना फिंगेश्वर क्षेत्र में राजिम चौबेबांधा चौक के पास पकड़ा गया। जांच में अभीवाहन पास नहीं मिला, जिसके बाद उसे भी जब्त कर लिया गया।

माइनिंग विभाग द्वारा दोनों वाहन जब्त किए गए हैं, लेकिन राजिम थाना परिसर में पहले से ही लगभग 15 हाइवा और ट्रैक्टर खड़े होने के कारण जगह की कमी हो गई है। यही वजह रही कि हाइवा वाहन को फिंगेश्वर थाने के सामने अस्थायी रूप से सुरक्षा के लिहाज़ से खड़ा किया गया है। प्रशासन की इस कार्रवाई ने अवैध रेत कारोबार में लिप्त माफियाओं में हड़कंप मचा दिया है। खनिज विभाग ने साफकर दिया है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों को अब किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। राजिम थाना परिसर में अब वाहन खड़ा करने की जगह नहीं बची है, लगातार कार्रवाई से जब्त वाहनों की संख्या बढ़ती जा रही है।

# शिवरतन की पहल पर सेमरिया मार्ग के लिए 13 करोड़ रुपए से अधिक की स्वीकृति



**बहुप्रतिक्षित सेमरिया मार्ग कर होगा जीर्णोधार**

**भाटापारा,** 1 जुलाई (देशबन्धु)। प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा के अथक प्रयास से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भाटापारा विधान सभा क्षेत्र के बहुप्रतिक्षित मांग को स्वीकृति देते हुए भाटापारा शहर में सेमरिया घाट होते हुए नारायपुर चंदखुरी मार्ग के मजबूती करण कार्य को मंजूरी दी है जिसके तहत चंदखुरी मार्ग तक की सड़क को 13 करोड 8 लाख रूपये की राशि से मजबूत सडक निर्माण कार्य कराया जायेगा उक्त सडक निर्माण की मांग शिवरतन शर्मा के द्वारा लंबे समय से की जा रही थी उपरोक्त सडक निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने के बाद चंदखुरी नारायणपुर अमलडिहा ठेलकी बासीन मद्कू दुधिया नवागांव सेमरियाघाट देवरी खोलवा गांव सहित सूमा केची गांव वालो की भी बेहतर यातायात का साधन सुलभ सड़क के रूप में मिल सकेगा मुख्यमंत्री द्वारा शिवरतन की मांग को स्वीकृति दिये जाने पर शिवरतन शर्मा ने प्रदेश के मुख्य मंत्री विष्णुदेव माय उप मुख्यमंत्री अरूण साव तथा केबिनेट मंत्री ओपी चौधरी सांसद बृजमोहन अग्रवाल के प्रति आभार प्रकट किया है वही भाटापारा चंदखुरी नारायणपुर लगभग 13.15 किलो मीटर में डामर मजबूती करण सडक निर्माण कार्य की स्वीकृति पर क्षेत्र के भाजपा कार्यकती ने हर्ष व्यक्त करते हुए मुख्य मंत्री व शिवरतन शर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया है आभार व्यक्त करने वालों में राकेश तिवारी सुनील परस राम देवागन पवन वर्मा राजा कामनानी आशीष जायसवाल डबलू सिंग ठाकर प्रदीप अनंत मनेन्दर सिंग सतीश तलोजा गोविंद पटेल मनीष मिश्रा देवेन्द्र साहु सहित अन्य लोग शामिल है।

# पुटपुरा के जंगल से जुआ खेलते 9 जुआरियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**आरोपियों से नगदी, चारपहिया वाहन सहित अन्य सामग्री जप्त**

**कसडोल/बलौदाबाजार,** 1 जुलाई (देशबन्धु)। जिले की संवेदनशील पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के निर्देशन में आमजनों की शिकायत एवं समस्याओं को त्वरित निराकरण करने हेतु जिले में महत्वाकांक्षी योजना समाधान सेल प्रारंभ किया गया है, जिसकी सहायता से किसी प्रकार की सूचना, शिकायत या अपराधिक गतिविधि की जानकारी समाधान सेल हेल्पलाइन नंबर 94792 20392 में व्हाट्सएप अथवा कॉल के जरिए किया जा सकता है। जिसपर लगातार शिकायत पर कार्रवाई हो रहा है।

इसी के तहत समाधान सेल में शिकायत मिला कि पुटपुरा के जंगल मे ताश पत्ती का खेल खेला जा रहा है, इस शिकायत पर सायबर और कसडोल पुलिस द्वारा रविवार को कसडोल थानांतर्गत ग्राम पुटपुरा जंगल में जुआ खेलते हुए 9 जुआरियो को रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। आरोपी जुआरियों से नगदी रकम 26,210 एवं 52 पत्ती ताश, 02 चार पहिया वाहन, 05 मोटरसाइकिल एवं 08 नग मोबाइल जप्त किया गया है। आरोपी जुआरियों के विरूद्ध थाना कसडोल में धारा 13 जुआ एक्ट, छ.ग. जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया है। प्रकरण में आरोपियों एवं गवाह से पूछताछ तथा प्रकरण की जांच में यह तथ्य सामने आया कि ग्राम पुटपुरा जंगल में जुआ अशोक जायसवाल एवं जगदीश बांधे द्वारा अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर खिलाया जा रहा था हालांकि पुलिस द्वारा इस मामले में विवेचना जारी है।

पुलिस ने जुआ खेल रहें आरोपियों में मुख्यरूप से आरोपी छतराम साहू उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम अहिल्दा थाना लवन, पिलेश्वर साहू उम्र 36 वर्ष निवासी ग्राम अमेरा थाना पलारी, मिथलेश कटारे उम्र 34 वर्ष निवासी ग्राम सोनपुरी थाना सिटी कोतवाली, हेतराम साहू उम्र 36 वर्ष निवासी ग्राम अहिल्दा थाना लवन, अशोक जायसवाल उम्र 52 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 4 बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली, जगदीश बांधे उम्र 34 वर्ष निवासी ग्राम रसौटा थाना पलारी, विनोद सोनवानी उम्र 37 वर्ष निवासी ग्राम अमेरा थाना पलारी, विनीत धृतलहरे उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम अमेरा थाना पलारी, पिंटू कसेर निवासी बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली सहित अन्य शामिल है।

# श्री सीमेंट ने हुकमचंद गुप्ता को नियुक्त किया श्री रायपुर प्लांट का यूनिट हैड



**बलौदाबाजार,** 1 जुलाई (देशबन्धु)। श्री सीमेंट ने श्री हुकमचंद गुप्ता को छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार स्थित अपने श्री रायपुर इंटीग्रेटेड सीमेंट प्लांट का युनिट हैड नियुक्त किया है। श्री गुप्ता नवलगढ़ युनिट से श्री रायपुर प्लांट में एचआर रहे हैं। तकरीबन 30 सालों के शानदार करियर के साथ श्री गुप्ता सीमेंट मैनुफैक्चरिंग एवं ऑपरेशनल लीडरशिप में अनुभवी विशेषज्ञ हैं। अपने स्ट्रैटेजिक एवं समग्र दृष्टिकोण के चलते उन्होंने कई युनिट्स मे क्षमता विस्तार और टेक्नोलॉजी अपग्रेड्स में मुख्य भूमिका निभाई है। श्री सीमेंट के साथ अपने करियर की शुरूआत करने वाले श्री गुप्ता के पास प्लांट ऑपरेशन्स, कॉस्ट ऑप्टिमाइजेशन एवं ग्रीनफ्यूलइंटीग्रेशन में अच्छा अनुभव है। वे ऑपरेशन्स, मैनुफैक्चरिंग एवं स्ट्रैटेजिक टीम मैनेजमेन्ट में विशेषज्ञ हैं, तथा अल्ट्राटेक, डालमिया भारत और जेएसडब्ल्यू सीमेंट में वरिष्ठ लीडरशिप रोल्स में अपनी सेवाएं प्रदान कर चुके हैं।

श्री सीमेंट के साथ अपनी पिछली भूमिकाओं में श्री गुप्ता ने संचालन का पैमाना, दक्षता तथा स्थायित्व को बढ़ावा देने में उल्लेखनीय योगदान दिया है। श्री रायपुर में वेपरफोर्मेन्स, इनोवेशन एवं लोगों के विकास पर फोकस करते हुए विकास के अगले चरण का नेतृत्व करेंगे। अपनी नई भूमिका पर बात करते हुए श्री गुप्ता ने कहा कि "बलौदाबाजार रायपुर श्री सीमेंट की मैनुफैक्चरिंग उत्कृष्टता का आधार है। मेरे लिए गर्व की बात है कि मुझे इस स्ट्रैटेजिक युनिट कार्यभार संभालने का अवसर मिला है। मुझे विश्वास है कि इस प्लांट को अपनी सेवाएं प्रदान करते हुए मैं संचालन नेतृत्व एवं स्थायी प्रगति के साझा दृष्टिकोण में योगदान दे सकूंगा। 2015 में शुरू हुआ श्री रायपुर प्लांट पूर्वी भारत के मुख्य मैनुफैक्चरिंग हब के रूप में उभरा है। इसमें 4 एमटीपीए क्षमता से युक्त आधुनिक क्लिंकराइजेशन लाईन है, जहां मार्च 2022 में कमर्शियल उत्पादन शुरू किया गया था। प्लांट में आधुनिक वेस्ट हीट रिकवरी (डब्ल्यूएचआर) सिस्टम है, जो ऊर्जा दक्षता एवं स्थायी निर्माण के लिए श्री सीमेंट की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इसके अलावा 57 मेगावॉट का फोटो वोल्टिकसोलर प्लांट आधुनिक मोनोपीईआरएस और पॉलीक्रिस्टलाईन मॉड्यूल्स के माध्यम से स्वच्छ उर्जा का उपयोग कर आधुनिक टेक्नोलॉजी के जरिए कैप्टि व उपयोग हेतु भरोसेमंद विद्युत का निर्माण करता है। श्री सीमेंट एक मजबूत लीडरशिप टीम के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है जो दक्षता, स्थायित्व एवं समुदायिक प्रभाव के मूल्यों को बनाए रखते हुए संगठन के विकास के दृष्टिकोण को बढ़ावा देंगे।

# बाबा साहब अंबेडकर प्रतिमा के कलर उखड़े



**नवापारा राजिम,** 1 जुलाई (देशबन्धु)। शहर के चंपारण चौक में भव्य आकार में प्रतिष्ठित बाबा साहेब भीमरावअंबेडकर के प्रतिमा से पेंट अलग हो रहे हैं जिसके चलते प्रतिमा की सुंदरता खराब होती जा रही है। सन 2019 में रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद सुनील सोनी, विधायक धनेंद्र साहू तथा पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू के साथ ही अनेक अतिथियों ने प्रतिमा का लोकार्पण किया था जो महज 5 से 6 साल के अंतराल में ही पेट उखड़ने लगे हैं। चेहरे पर दाएं माथे की तरफतथा गले के पास जहां पर टाई लगा हुआ है वहां पर से पेंट पूरी तरह से छोड़ दिए हैं जिससे सफेद कलर उभर आए हैं। बताना होगा कि यह वही मार्ग है जो सीधे नई राजधानी अटल नगर रायपुर को जोड़ती है। इसके अलावा प्रॉपर रायपुर शहर के लोग भी इसी मार्ग से धर्म नगरी राजिम आवागमन करते हैं। यह व्यस्तम मार्ग है। जो आरंग के लिए भी लोग आगे बढ़ते हैं। पिछले कई महीने से यह स्थिति बनी हुई है पेंट प्रतिमा से अलग होते जा रहे हैं और अभी तक किसी का ध्यान नहीं है। इससे लोगों में चर्चा है कि शासन प्रशासन प्रतिमा तो लगा दिए हैं लेकिन इनकी रखरखाव नहीं कर पा रहे हैं।

# चुरकी में शाला प्रवेशोत्सव मनाकर पौधरोपण किया गया



**बागबाहरा,** 1 जुलाई (देशबन्धु)। बागबाहरा विकासखंड के अंतर्गत शासकीय हाईस्कूल चुरकी में आज मंगलवार को शाला प्रवेशोत्सव का कार्यक्रम धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ऐतराम साहू भाजपा जिलाध्यक्ष महासमुंद रहे। वहीं प्राचार्य झाड़ूराम दीवान ने अध्यक्षता की। विशेष अतिथि के रूप में

हृदय राम ध्रुव अध्यक्ष शाला विकाश प्रबंध समिति चुरकी, लोकेश पनुरिया भाजपा मण्डल अध्यक्ष खल्लारी, आनंद साहू भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष महासमुंद, ताराचंद देवांगन मण्डल महामंत्री खल्लारी, संजय साहू मण्डल उपाध्यक्ष, कुबेर यदु भाजपा युवा नेता, समस्त स्टॉफ एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की महती योजना सरस्वती सायकल योजना के तहत छात्र-छात्राओं को निःशुल्क सायकल वितरण किया गया। तथा पर्यावरण सुरक्षा के लिए एक पेड़ माँ के नाम के तहत पौधारोपण भी शाला परिसर मे किया गया। उक्त जानकारी खिलेश साहू मीडिया प्रभारी भाजपा मंडल खल्लारी ने दी।

# नियमित कोर्ट लेकर प्रकरणों के निराकरण में लाएं तेजी : कलेक्टर



**कलेक्टर ने की विभागीय कार्यो की समीक्षा**

**बलौदाबाजार,** 1 जुलाई (देशबन्धु)। कलेक्टर दीपक सोनी ने मंगलवार को समय-सीमा की बैठक में विभागीय कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने राजस्व विभाग अंतर्गत लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए नियमित रूप से कोर्ट लेकर निराकरण में प्रगति लाने के निर्देश दिये। कलेक्टर श्री सोनी ने कहा कि एसडीएम व तहसीलदार मैदानी कार्यो के साथ-साथ कोर्ट में भी नियमित रूप से बैठें और सुनवाई कर प्रकणो का निराकरण कराएं। 1 से लेकर 5 वर्ष तक के लंबित प्रकरणों का निराकरण के समयबद्ध कार्ययोजना बनाएं। उन्होंने सीमांकन सभी प्रकरणों को 15 जुलाई तक पूर्ण करने के निर्देश दिये। इसीतरह आरबीसी 6-4 एवं भू अर्जन के प्रकरणो के निराकरण में भी तेजी लाने कहा। कलेक्टर ने कहा कि आगामी 15 अक्टूबर तक रेत उत्खनन प्रतिबंधित है। प्रतिबंधित अवधि में रेत उत्खनन व अवैध परिवहन पर निरंतर निगरानी बनाये रखें। केवल 11 भण्डारण क्षेत्रों से ही रेत का परिवहन हो सकता है।

कलेक्टर ने बारिश में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए उद्यान एवं वन विभाग के अधिकारियो को मांग अनुसार पौधे उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। इसके साथ ही तहसील कार्यालय परिसर, स्कूल एवं आंगनबाड़ी परिसर में भी वृक्षारोपण कराने कहा। अतिवर्षा के कारण सड़क कटाव तथा पुलिया क्षतिग्रस्त होने पर शीघ्र मरम्मत कराने के निर्देश लोक निर्माण विभाग के अधिकारियो को दिये। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में उल्टी -दस्त की शिकयत पर रोकथाम हेतु स्वास्थ्य विभाग के साथ ही लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिये। उन्होंने प्रभावित गांव में पानी परीक्षण के साथ ही पाइप लाईन को दुरुस्त कराने के निर्देश दिये। पीएचई के अधिकारी को सभी अनुभागीय अधिकारी राजस्व के कार्यालय में राजस्व व पंचायत विभाग के अमलो को जल परीक्षण किट के बारे में प्रशिक्षण देने कहा। बैठक में स्वामित्व योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, आधार सिडिंग, आयुष्मान कार्ड, जॉब कार्ड, धरती आबा अभियान, समय-सीमा के तहत दर्ज आवेदनों के निराकरण की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में डीएफओ गणवीर धम्मशील, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर सुश्री दीप्ति गोते, मिथलेश डोंडे सहित, एसडीएम, जनपद सीईओ एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# डॉक्टर्स डे पर नवापारा राजिम के डॉक्टरों ने कुछ नया कर दिखाया



**नवापारा राजिम** 01 जुलाई देशबंधु। 1 जुलाई 2025 मंगलवार को डॉक्टर बिधान चंद्र राय, के जन्मदिवस एवं निर्माण दिवस के रूप में नवापारा राजिम के डॉक्टरों ने मिलकर के डॉक्टर्स डे पर कुछ नया कर गुजरने की जज्बा दिखाया जो की सभी के लिए प्रेरणा स्रोत हो सकता है डॉक्टरों ने, गोपाल गौशाला में गौ माता को गुड और चना खिलाया साथ ही पिछले महीना में गौशाला में भयंकर आग लग गई थी जिसके कारण गायों की चारा जलकर नष्ट हो गया था इस आपदा को देखते हुए डॉक्टरों की समिति ने गौशाला समिति को 11हजार एवं नगर की सेवाभावी संस्था श्री सालासर सुंदरकांड जनकल्याण समिति को उनके कार्यों को देखते हुए 11 हजार देने की घोषणा की गई जिस पर समिति ने आभार प्रगट कर धन्यवाद ज्ञापित किया

डॉक्टर्स डे पर गोबरा नवापारा नगर पालिका अध्यक्ष, एवं भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष की संयुक्त तत्वाधान में सभी डॉक्टरों का मुंह मीठा कर माल्यार्पण कर साल भेंट कर सम्मान किया गया जिसमें राजिम बीएमओ डॉक्टर वीरेंद्र हीरोन्दिया नवापारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर तेजेंद्र साहू डॉ प्रकाश गुप्ता डॉ राजेंद्र गदिया, डॉ उमेश भोई, डॉक्टर फुलजी साहू डॉ रमेश कुमार सोनसायटी, डॉक्टर लीलाराम साहू डॉक्टर जीवन ज्योत सिंह डॉक्टर समर्पण गदिया डॉ शिव तारक डॉक्टर मुन्ना खान एवं अन्य चिकित्सकों का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में गोबरा नवापारा नगर पालिका अध्यक्ष ओम कुमारी संजय साहू भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा पालिका उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी पार्षद पूजा कंसारी पार्षद लोमेश्वरी साहू पार्षद भरत सोनकर पूर्व पार्षद रूपेंद्र चंद्राकार राजू रजक पूर्व पार्षद मायाराम साहू कैलाश तिवारी एवं अन्य गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही गौशाला समिति के अध्यक्ष गिरधारी अग्रवाल सचिव राजू काबरा संतोष अग्रवाल सालासर सुंदर कांड जन कल्याण समिति के अध्यक्ष धर्म साहू की उपस्थिति रही, कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर रमेश कुमार सोनसायटी ने किया, गौशाला समिति के सचिव राजू काबरा के द्वारा आभार व्यक्त कर कार्यक्रम की समापन की घोषणा की।

# स्वच्छता कर्मचारियों को रेनकोट वितरित किए गए



**भाटापारा,** 1 जुलाई (देशबन्धु)। आज भाटापारा नगर पालिका परिषद् द्वारा बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए स्वच्छता कर्मचारियों को रेनकोट वितरित किए गए। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्री अश्वनी शर्मा ने कहा कि स्वच्छता कर्मचारी वर्षभर हर परिस्थिति में नगर की सफाई व्यवस्था को बनाए रखने का कार्य करते हैं। ऐसे में बरसात के मौसम में उन्हें सुरक्षित रखने एवं उनकी सुविधा हेतु रेनकोट वितरण एक आवश्यक कदम है।

नगर पालिका प्रशासन की इस पहल से कर्मचारियों में हर्ष देखा गया। उन्होंने रेनकोट प्रदान करने हेतु प्रशासन का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान सभापति सतीश तलरेजा, पार्षद चंद्रशेखर चक्रधरी, देवेंद्र साहू गोवर्धन डहरिया, शुभम राजपूत, मनीष पंजवानी, स्वास्थ निरीक्षक आनंद राठौर, पार्षद प्रतेश राठौर उपस्थित रहे।

अश्वनी शर्मा ने कहा कि स्वच्छता कर्मचारी वर्षभर हर परिस्थिति में नगर की सफाई व्यवस्था को बनाए रखने का कार्य करते हैं। ऐसे में बरसात के मौसम में उन्हें सुरक्षित रखने एवं उनकी सुविधा हेतु रेनकोट वितरण एक आवश्यक कदम है। साथ ही उन्हें निर्देश दिए की नगर में बरसात के दौरान साफ़ सफाई एवं जल भराव के समस्यों को ध्यान देते हुए तत्पर कार्य करे।

इस अवसर पर सभापति श्री सतीश तलरेजा जी ने कहा कि स्वच्छता कर्मचारी नगर की सफाई व्यवस्था की रीढ़ हैं। उनकी सुरक्षा और सुविधा के लिए रेनकोट वितरण एक महत्वपूर्ण पहल है। साथ ही उन्होंने नगर पालिका के अधिकारियों को निर्देशित किया कि बरसात के दौरान जलभराव एवं स्वच्छता संबंधी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए।